

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

वक्त से लड़कर जो अपनी तकदीर बदल दे, इन्सान वही जो हाथों की लकीर बदल दे, कल क्या होगा कभी न सोचें, क्या पता कल वक्त खुद अपनी तस्वीर बदल दे।

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



तन को शुद्ध करने की मेहनत मत करो, मन को शुद्ध करो, अपने आप सब शुद्ध हो जायेगा।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष: षष्ठी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 238 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### 40 बच्चों से भरी स्कूल की बस खाई में गिरी, 12 छात्र घायल



**देहरादून (अप्रस)।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में वीरवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ है जहां सुबह करीब 40 बच्चों को ले जा रही एक स्कूल बस चालक के नियंत्रण खो देने के कारण खाई में गिर गई, जिससे एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। बता दें कि यह हादसा लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के बरेली रोड स्थित जयपुर बीसा गांव में उस समय हुआ जब चालक एक अन्य स्कूल बस को रास्ता देने की कोशिश कर रहा था, जिससे बस फिसलकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। जैसे ही बस पलटी, बच्चों में दहशत फैल गई और क्षेत्र में मदद के लिए चीख-पुकार मच गई। स्कूल बस के खाई में गिरने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, बस के शीशे तोड़े और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हादसे में एक दर्जन से ज़्यादा बच्चे घायल हो गए, जिन्हें तुरंत हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है और बस चालक और कंडक्टर को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही चिंतित अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में पूछताछ करने के लिए स्कूल पहुंचे। बता दें कि घटनास्थल स्कूल के नजदीक था, इसलिए घायल बच्चों और कर्मचारियों को निजी वाहनों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

# पंजाब

## बाढ़ का कहर, डूबते को सेना के एटीओआर का सहारा

### मान पहुंचे बाढ़ प्रभावित इलाकों में, सैनी का मान को मदद का पत्र

सात जिले बाढ़ की चपेट में

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब में बाढ़ का कहर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। बारिश के कारण 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में आ गए है। रावी-ब्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं। राज्य के अजनाला में रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। इस दौरान एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। पंजाब में डैमों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण 7 जिले बाढ़ की मार झेल रहे हैं। गुरुवार को दोपहर ढाई बजे पौंग डैम के फ्लड गेट खोल दिए गए। सुबह पौंग डैम में पानी डेंजर लेवल 1390 फीट को क्रॉस कर 1396 फीट तक पहुंच गया था। प्रशासन ने लोगों को दरिया से दूर रहने के लिए कहा है। इस बीच सीएम भगवंत मान ने ब्यास में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित एरिया का जायजा लिया। वहीं, बाढ़ में मदद के हाथ आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सीएम नायब सैनी ने पंजाब सीएम भगवंत मान को मदद के लिए लेटर लिखा है। वहीं, हिमाचल भी बारिश से भारी नुकसान झेल रहा है। गुरुवार को कुल्लू के डोभी में अचानक आई बाढ़ के कारण फंसे लगभग 130 लोगों को पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। कुल्लू, चंबा और लाहौल स्पीति के ज्यादातर भागों में 3 दिन से मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं है।





### मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और सभी 'आप' विधायक बाढ़ राहत के लिए एक महीने का वेतन देंगे

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पूरी कैबिनेट और आम आदमी पार्टी (आप) के सभी विधायकों के साथ मिलकर प्रदेश में बाढ़ राहत कार्यों के लिए अपना एक महीने का वेतन देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के कहर के कारण पंजाब को काफी नुकसान हुआ है और यह ऐसा समय है, जब सभी पंजाबियों को एक-दूसरे का हाथ थामने के लिए आगे आना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे अपने मंत्रियों और 'आप' विधायकों के साथ मिलकर बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक महीने के वेतन का योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन इस संकट की घड़ी में लोगों को बचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पंजाब सरकार इस संकट की घड़ी से लोगों को बाहर निकालने के लिए वचनबद्ध: सीएम मान

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों में और तेजी लाएं अधिकारी: सीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

ब्यास (अमृतसर), 28 अगस्त। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बाढ़ प्रभावित जिलों के डिप्टी कमिश्नरों को राहत और बचाव कार्यों में और तेजी लाने के साथ-साथ बाढ़ के कारण डूबे हुए गांवों में फंसे परिवारों को सभी जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने वीरवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का आकस्मिक दौरा किया, जिसके दौरान स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें बाढ़ के कारण खड़ी फसलों, मकानों, सार्वजनिक इमारतों और पशुधन को हुए नुकसान की जानकारी दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अपनी सरकार की ओर से लोगों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि राज्य सरकार पहले ही बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर चुकी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में लोगों को बाहर निकालने के लिए वचनबद्ध है और इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिप्टी कमिश्नरों को पंजाब के बाढ़ प्रभावित जिलों



में राहत और निकासी कार्य युद्धस्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बाढ़ प्रभावित जिलों में लोगों की निकासी के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि डिप्टी कमिश्नरों को प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को निकालने और उन्हें तुरंत राहत प्रदान करने के लिए अपने सभी संसाधन जुटाने के लिए कहा गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जिलों के सभी विभागों को इस संकट की घड़ी में लोगों को अधिकतम राहत देने के लिए मिल-जुलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी डिप्टी कमिश्नरों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल, दवाइयां और अन्य सामान की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारा और आवश्यक दवाइयां प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित जिलों को राहत के लिए पहले ही फंड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि जरूरत पड़ने पर जिलों को और फंड भी आवंटित किए जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस नेक कार्य के लिए राज्य सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है क्योंकि सरकार लोगों को राहत प्रदान करने के लिए पूरे जोश से काम कर रही है।

राज्य में बाढ़ के कारण पैदा हुई स्थिति से निपटने के लिए परिवारों को हरसंभव सहायता देने की अपनी वचनबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राहत, बचाव और निकासी कार्यों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तटबंधों की दरारों को दुरुस्त करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए जा रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों से पानी की निकासी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा रही है ताकि लोगों को राहत मिल सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ प्रभावित जिलों में पानी से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### हरियाणा कैबिनेट का महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा

## पात्र महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2,100 रुपए

25 सितंबर से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का होगा शुभारम्भ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में गुरुवार यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा सरकार ने अपने संकल्प पत्र के एक ओर वादे को पूरा करते हुए महिलाओं के सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की आगामी जयंती अर्थात 25 सितंबर, 2025 से इस योजना का शुभारम्भ होगा। इस योजना के तहत पात्र सभी महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत 25 सितंबर 2025 को 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं (विवाहित और अविवाहित) को लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत पहले चरण में, उन परिवारों को शामिल किया गया है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। आने वाले समय में, चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूहों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।




### पहले चरण में लगभग 20 लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ

मंत्रिमंडल में निर्णय लिया गया कि स्टेज 3 और 4 कैंसर पीड़ित मरीजों, सूचीबद्ध 54 दुर्लभ बीमारियों और हीमोफिलिया, थैलेसिमिया और सिकल सेल से पीड़ित जिन आवेदिकाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्हें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा। जिस दिन कोई आविवाहित लाभार्थी 45 वर्ष की आयु पूरी करेगी उस दिन वे ऑटोमैटिक विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता योजना के लिए पात्र हो जाएंगी। इसी प्रकार, लाभार्थी महिला जैसे ही 60 वर्ष आयु की होगी, वे ऑटोमैटिक वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन योजना के लिए पात्र हो जाएगी। इस योजना के पहले चरण में लगभग 20 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। आगामी दिनों में योजना की गजट नोटिफिकेशन करने के साथ-साथ एक ऐप भी लॉन्च किया जाएगा, जिस पर पात्र महिला अपना पंजीकरण करेगी। हर संभावित पात्र महिला को एसएमएस भी जाएगा कि इस योजना के लिए आप पात्र हैं, ऐप पर आवेदन करें। सभी पात्र महिलाओं की सूची सभी पंचायत और वार्डों में प्रकाशित की जाएगी।

योजना का लाभ लेने के लिए अविवाहित आवेदिका का या विवाहित आवेदिका के पति का हरियाणा में पिछले 15 साल से निवासी होना आवश्यक होगा। योजना के तहत एक परिवार में महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। यदि एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं, तो उन तीनों महिलाओं को लाभ मिलेगा। सरकार द्वारा पहले से चलाई जा रही ऐसी 9 योजनाओं वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता, हरियाणा दिव्यांग पेंशन योजना, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, कश्मीरी विस्थापित परिवारों को वित्तीय सहायता, बौने के लिए भत्ता योजना, एसिड अटैक पीड़ित महिला और लड़कियों के लिए वित्तीय सहायता, विधवा और अविवाहित महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता, पदम पुरस्कार सम्मानित के लिए हरियाणा गौरव सम्मान सहायता, जिनमें आवेदिकाओं को पहले से ही अधिक राशि की पेंशन का लाभ मिल रहा है, उन्हें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

## दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने छात्रों के लिए शुरू की यू स्पेशल बसें




अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्षों से बंद पड़ीं छात्रों के लिए यू-स्पेशल बसों को गुरुवार से शुरू किया। रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने डीयू कैंपस से हरी झंडी दिखाकर इस बस सेवा को शुरू किया। उन्होंने कहा, 'आज दिल्ली विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से यू -स्पेशल ईवी बस सेवा का लोकार्पण किया। सालों से बंद पड़ी यह सेवा अब फिर से दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैंने विश्विद्यालय छोड़ी थी, तब यह यू -स्पेशल मेरे कॉलेज दिनों की सबसे मीठी यादें अपने साथ ले गई थी। आज, आपके बीच वापस लौटी हूँ तो आपके लिए एसी, एफएम रेडियो,



पैनिक बटन और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यू -स्पेशल भी साथ ले आई हूँ। सिर्फ़ छह महीने में सरकार ने आपके एक-एक वोट की ताक़त को आपके लिए सुविधा और बदलाव में बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक बस नहीं, बल्कि दोस्ती, गपशप और हंसी-ठिठोली का चलता-फिरता संसार है। जहाँ हम कभी सीढ़ियों पर बैठकर अंताक्षरी खेला करते थे, आप आज एफएम सुनेंगे पर भावनाएँ वही रहेंगी। उन्होंने कहा कि अब यह यू -स्पेशल आपको कॉलेज गेट से सुरक्षित और सुविधाजनक ढंग से आपके घर तक पहुँचाएगी। छात्र-छात्राओं के लिए मेट्रो पास पर भी हमारी सरकार काम कर रही है, ताकि शिक्षा और यात्रा दोनों ही सहज बनें।




▲ अधिकतम 29 डिग्री से.
डिग्री से. 25 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.58 बजे
सूर्यास्त 6.50 बजे
सोना 24 कैरेट : 102,750.00
सेंसेक्स : 80,080.57
अमेरिका : 87.57
कैनेडियन : 63.67
आस्ट्रेलिन : 57.18

# चंडीगढ़ वाहन स्क्रैपिंग में आगे, कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ा

- पिछले ढाई वर्षों में यहां 8,646 पुराने वाहन स्क्रैप किए गए
- उत्तर प्रदेश इस सूची में सबसे ऊपर, यहां अब तक 1,21,206 वाहन स्क्रैप किए गए
- चंडीगढ़ ने मध्य प्रदेश (6,892), पंजाब (4,553) और ओडिशा (2,737) जैसे राज्यों को भी पछाड़ा



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** केंद्र सरकार की स्वैच्छिक वाहन बेड़ा आधुनिकीकरण नीति (वी-वीएमपी) के तहत चंडीगढ़ ने वाहन स्क्रैपिंग के मामले में कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। पिछले ढाई वर्षों में यहां 8,646 पुराने वाहन स्क्रैप किए गए हैं। इस मामले में चंडीगढ़ ने मध्य प्रदेश (6,892), पंजाब (4,553) और ओडिशा (2,737) जैसे राज्यों को भी पछाड़ दिया है। हालांकि देशभर में उत्तर प्रदेश इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां अब तक 1,21,206 वाहन स्क्रैप किए जा चुके हैं। इसके बाद हरियाणा (38,993), महाराष्ट्र (19,310), गुजरात (15,448) और राजस्थान (15,420) का स्थान है।

विशेषज्ञों का मानना है कि चंडीगढ़ के आंकड़े अधिक होने का एक कारण यह भी हो सकता है कि पंजाब के कई वाहन भी यहां के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में स्थित स्क्रैपिंग केंद्रों में लाए जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चंडीगढ़ में कुल 14.27 लाख वाहन पंजीकृत हैं, जबकि यहां की अनुमानित जनसंख्या केवल 13 लाख है। यह दर्शाता है कि यहां प्रति व्यक्ति वाहनों की संख्या बहुत अधिक है।

### इंसेंटिव और सख्त नियम स्क्रैपिंग में बढ़त का कारण

अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़ में वाहन स्क्रैपिंग की उच्च दर का एक बड़ा कारण केंद्र की नीति के तहत मिलने वाले लाभ हैं। वाहन मालिकों को स्क्रैपिंग सेंटर में वाहन जमा करने पर सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) मिलता है, जिसके आधार पर नई गाड़ी खरीदते समय नॉन-ट्रांसपोर्ट वाहनों पर 25त्न और ट्रांसपोर्ट वाहनों पर 15 फीसदी तक मोटर वाहन कर में छूट दी जाती है। सरकारी विभागों पर भी सख्त निर्देश लागू किए गए हैं।। जब तक पुराने वाहन का स्क्रैपिंग सर्टिफिकेट जमा नहीं किया जाएगा, तब तक नया वाहन खरीदने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे सरकारी फ्लीट में पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाने में मदद मिल रही है।

### नई कारों की बिक्री में गिरावट

जहां एक ओर स्क्रैपिंग में चंडीगढ़ आगे बढ़ रहा है, वहीं नई कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में 31,416 चार पहिया वाहन बेचे गए थे, लेकिन 2024 में यह संख्या घटकर 24,753 रह गई। वर्ष 2025 में अब तक (25 अगस्त तक) केवल 14,453 नई गाड़ियां ही बिकी हैं। यह गिरावट स्थानीय ऑटोमोबाइल बाजार में बदलते रुझान की ओर संकेत करती है।

### पुराने वाहन बनेंगे नए वाहनों की सामग्री

संसद में हाल ही में सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि स्क्रैप किए गए वाहनों से निकली धातुएं जैसे स्टील, एल्युमीनियम और कॉपर को फिर से ऑटोमोबाइल उद्योग में उपयोग किया जाता है। इससे नई सामग्री की आवश्यकता और खनन पर निर्भरता कम होती है। वहीं प्रशासन के अधिकारियों की दलील है कि चंडीगढ़ एक ओर जहां देश में सबसे अधिक वाहनों वाले शहरों में से एक बन चुका है, वहीं स्क्रैपिंग नीति को प्रभावी रूप से लागू कर पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के पुन-उपयोग की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। यदि यही रफ्तार बनी रही, तो यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है।

## पार्षदों ने महापौर हरप्रीत कौर बबला को बधाई दी; शहर के विकास परियोजनाओं पर संयुक्त रूप से चर्चा की



अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** नगर निगम में आज आयोजित एक बैठक में, निर्वाचित और मनोनीत पार्षदों ने महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्राप्त करने और चंडीगढ़ के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने में उनके सक्रिय नेतृत्व के लिए बधाई दी। पार्षदों ने शहर भर में चल रही और आगामी नागरिक परियोजनाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक भी बुलाई। चर्चा के दौरान, पार्षदों ने नगर निगम की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विभिन्न कार्यों की समय पर प्रगति सुनिश्चित करने में महापौर के समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में, चंडीगढ़ स्वच्छता, जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, सड़क रखरखाव, स्ट्रीट लाइटिंग और पार्कों एवं सामुदायिक सुविधाओं के विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से विकास देखेगा। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों से संबंधित विस्तृत जानकारी भी साझा की, जिसमें प्रमुख मुद्दों और आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला गया। महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया कि उठाई गई सभी चिंताओं को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा और अधिकारियों को परियोजनाओं के सुचारू और समय पर कार्यान्वयन के लिए वार्ड-वार कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बोलते हुए, महापौर हरप्रीत कौर बबला ने कहा- 'मैं सभी निर्वाचित और मनोनीत पार्षदों के विश्वास और सहयोग के लिए उनकी आभारी हूँ। सामूहिक प्रयास के बिना विकास संभव नहीं है, और हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि चंडीगढ़ एक स्वच्छ, हरित और जन-हितैषी शहर के रूप में निरंतर प्रगति करता रहे।' बैठक का समापन पार्षदों द्वारा चंडीगढ़ के लिए पारदर्शी शासन, प्रभावी सेवाएँ और सतत विकास प्रदान करने के महापौर के मिशन में उनके पूर्ण समर्थन की पुष्टि के साथ हुआ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### घर से ज्वैलरी का कीमती सामान चोरी, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक घर को महिला ने अपना निशाना बनाते हुए घर से ज्वैलरी का कीमती सामान चोरी कर फरार हो गई। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 15 निवासी पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि उन्होंने घर पर मेड रखी हुई है। पहले भी उनके साथ हेराफेरी की। लेकिन मामले को अपने तौर पर सुलझा लिया था। लेकिन वही महिला आरोपी मेड ने घर को अपना निशाना बनाते हुए घर से एक डायमंड रिंग,एक ब्लैक डायमंड रिंग,एक ग्रीन डायमंड रिंग, डायमंड टॉप्स,एक कीमती घड़ी, डायमंड ब्रेसलेट चोरी कर ले गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### व्यक्ति को बुरी तरह से जख्मी किया, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 34 पुलिस ने पुलिस ने एक व्यक्ति को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पीसीआर की गाड़ी जख्मी को इलाज के लिए सेक्टर 32 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां उसका इलाज चल रहा है। वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस को बुधवार सूचना मिली थी कि सेक्टर 46 में एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा है। जिसकी पहचान दिनेश के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।और पुलिस अज्ञात की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है।

## आवारा कुत्तों ने 25 भेड़ों को मार डाला, करीब तीन दर्जन घायल

पीड़ित ने प्रशासन से लगाई उचित मुआवजा देने की मांग



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 28 अगस्त।** निकटवर्ती गांव नग्गल सलेमपुर में आवारा कुत्तों ने भेड़ों के बाड़े में घुसकर करीब 25 भेड़ों को मार डाला और करीब तीन दर्जन भेड़ें घायल हो गई।

नग्गल सलेमपुर निवासी पीड़ित निर्मल सिंह ने बताया कि वह भेड़ पालकर अपने परिवार का गुजारा करता है। हर दिन की तरह बीती रात भी वह अपने भेड़ों के बाड़े के पास सोया था और अचानक करीब 12 बजे आवारा कुत्ते दीवार फांदकर भेड़ों के बाड़े में घुस आए और उन पर हमला कर दिया। पीड़ित निर्मल सिंह ने भारी मन से बताया कि इस हमले में आवारा कुत्तों ने करीब 25 भेड़ों को मार डाला और करीब तीन दर्जन भेड़ें घायल हो गईं। भेड़ों के चीखने की आवाज सुनकर उसकी नींद खुली। उसने शोर मचाया, तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बाड़े में घुसे आवारा कुत्तों को भगाया। पीड़ित परिवार ने बताया कि उन्होंने करीब 80 भेड़ें पाल रखी हैं, लेकिन आवारा कुत्तों ने करीब 25 भेड़ों को नोच-नोच कर मार डाला, जिसमें उन्हें करीब 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है और घायल भेड़ों का डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है।

पीड़ित परिवार ने राज्य सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से उचित मुआवजे की मांग की और क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड को खत्म करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को आए दिन होने वाले हादसों और आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## अमरीकी टैरिफ को बनाएंगे वैश्विक बाज़ारों की खोज का नया अवसर: कैट

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा





**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि अमेरिका द्वारा हाल ही में लगाए गए शुल्क अवरोध भारतीय व्यापार के लिए किसी झटके की तरह बिल्कुल भी नहीं हैं, बल्कि यह भारत की वैश्विक बाज़ारों में मौजूदगी को और मज़बूत करने तथा नए अवसर तलाशने का सुनहरा मौका है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर कदम के समर्थन में भारत का व्यापार एवं उद्योग मजबूती से खड़ा है

कैट के चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष हरीश गर्ग ने कहा की , ÷व्यापार करने के लिए अमेरिका ही एकमात्र गंतव्य नहीं है। वैश्विक व्यापार परिदृश्य बहुत व्यापक है और यूके, यूरोपीय बाज़ार, दक्षिण अफ्रीका, आसियान देश, लैटिन अमेरिका, यूएई आदि में भारत के लिए अपार संभावनाएं मौजूद हैं। भारतीय व्यापारी चुनौतियों से डरते नहीं हैं–हर नई परिस्थिति एक नया अवसर लेकर आती है। हम इसे एक ऐसे मोड़ के रूप में देख रहे हैं, जो हमारे व्यापारिक दायरे को और विस्तृत करेगा।'

हरीश गर्ग ने कहा, 'इतिहास गवाह है कि व्यापार भारत की रगों में है। सिंधु घाटी सभ्यता के युग से ही भारत वैश्विक वाणिज्य का केंद्र रहा है। कोई भी अवरोध भारतीय व्यापारियों को व्यापार करने से रोक नहीं सकता। यह कोई संकट नहीं बल्कि अपने क्षितिज को फैलाने का अवसर है। यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका, मध्य पूर्व और अन्य क्षेत्र विशाल संभावनाएं रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय व्यापारी हर बार मज़बूत होकर लौटे हैं–चाहे वह कोविड-19 हो, आर्थिक मंदी हो या प्राकृतिक आपदाएँ। यह भी सिर्फ़ एक सीढ़ी है।' कैट के चंडीगढ़ चैप्टर के महासचिव भीम सैन उपाध्यक्ष प्रेम कौशिक, हरिशंकर मिश्रा , पवन गर्ग कोषाध्यक्ष रमेश सिंगला, संगठन सचिव अजय सिंगला,सचिव नरेश गर्ग ने संयुक्त रूप से आगे कहा कि भारत के 9 करोड़ व्यापारियों की दृढ़ता और उद्यमशीलता की भावना ने हमेशा देश की घरेलू अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाए रखा है और जीडीपी व रोज़गार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 'आज भारतीय व्यापारी अपनी रणनीतियों को नया रूप देने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत करने और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को अपनाकर नए बाज़ारों में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं।' कैट ने रेखांकित किया कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों के तहत भारत एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में उभर रहा है और दुनिया भारत से भरोसेमंद व्यापारिक रिश्तों की अपेक्षा रखती है। संगठन ने भारत सरकार से भी आग्रह किया कि यूरोप, अफ्रीका और एशिया-प्रशांत देशों के साथ व्यापारिक संवादों को तेज़ किया जाए ताकि व्यापारियों को व्यापक बाज़ार तक पहुँच मिल सके।

'हम इसे एक वरदान के रूप में देखते हैं, 'उपरोक्त सभी व्यापारी नेताओं ने निष्कर्ष में कहा। 'भारतीय व्यापारी इस चुनौती को ऐतिहासिक अवसर में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भारत की भूमिका को वैश्विक व्यापार शक्ति के रूप में और अधिक मज़बूत करेंगे।'

## भारत सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने मॉडल जेल का दौरा किया

### मंत्री जेल में कैदियों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी/कौशल गतिविधियों को देखकर हुए प्रभावित

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** भारत सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा राज्य मंत्री शिक्षा मंत्रालय जयंत चौधरी ने वीरवार को बुडैल स्थित मॉडल जेल का दौरा किया।मंत्री ने जेल में कैदियों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी/कौशल गतिविधियों को देखकर बहुत प्रभावित हुए।तकनीकी शिक्षा विभाग ने बुड़ैल जेल सेक्टर 51 चंडीगढ़ के परिसर में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की स्थापना की है।यह पहल पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ की समिति की 5 फरवरी, 2025 को आयोजित ÷जेल/जेजे अधिनियम के अंतर्गत सभी संस्थानों और जिला न्यायालयों में वी.सी. प्रणाली के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण÷ पर आयोजित बैठक के कार्यवृत्त में उल्लिखित कार्य-बिंदुओं के अनुरूप है।

यह एक दूरदर्शी सुधार है।जो जेल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।आरंभ में वुडवर्क टेक्नीशियन और सिलाई तकनीक जैसे व्यवसायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने का उद्देश्य कैदियों को व्यावहारिक,रोज़गार-उन्मुख कौशल से लैस करना है।जिससे रिहाई के बाद उनकी रोज़गार क्षमता बढ़े।आरंभ में वुडवर्क टेक्नीशियन की एक इकाई (24 उम्मीदवार) और सिलाई तकनीक की दो इकाइयाँ (प्रत्येक में 24 उम्मीदवार) शुरू की जाएँगी।और बाद में और व्यवसाय जोड़े जाएँगे।आईटीआई विभाग द्वारा जेल परिसर में आईटीआई शुरू करने के लिए आवश्यक छूट की माँग प्रशिक्षण महानिदेशक, एमएसडीई से की गई है।इससे न केवल कैदियों का समाज में पुनः एकीकरण होगा।बल्कि पुनरावृत्ति की संभावना भी कम होगी।जिससे सार्वजनिक सुरक्षा में योगदान मिलेगा।ऑन जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) और डिजिटल साक्षरता घटकों का समावेश यह सुनिश्चित करता है कि कैदी आज की तकनीक-संचालित दुनिया में पीछे न छूटें। कौशल विकास के माध्यम से उत्पादक जुड़ाव जेल के भीतर अनुशासन और सकारात्मक वातावरण बनाए रखने में भी मदद करता है। इसके अलावा, इस तरह की पहल कैदियों में आत्म-मूल्य और उद्देश्य की भावना को बढ़ावा देती है। जिससे मनोवैज्ञानिक कल्याण और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा मिलता है। संक्षेप में यह।आईटीआई जेल सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करेगा।जो केवल कारावास से पुनर्वास और सार्थक परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करेगा।यह राज्य निदेशालय और जीवन धारा आईटीआई उम्मीदवारों को एक विशेष छूट प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश देने की प्रक्रिया में है।क्योंकि कैदियों/उम्मीदवारों के पास आवश्यक ओटीपी के लिए मोबाइल फोन नहीं हैं। आईटीआई का उद्घाटन 25 सितंबर 2025 को सेवा पखवाड़ा के दौरान पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती की पूर्व संध्या पर किया जाएगा।

इस मौके पर यूटी गृह सचिव मनदीप बराड़, शिक्षा सचिव प्रेरणा पुरी,आईजी जेल पुष्पेंद्र कुमार,एडिशनल आईजी जेल डॉ. पालिका अरोड़ा और अन्य अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी की तरफ से ऐसे खुशी मनाई जा रही जैसे भाजपा ने अपने पार्टी के खजाने से 125 करोड़ दिया हो: कैंथ

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी की तरफ से ऐसे खुशी मनाई जा रही जैसे भाजपा ने अपने पार्टी के खंजाने से 125 करोड़ दिया हो!

कांग्रेस नेता सतीश कुमार ने आरोप लगाया कि इस समय जो नगर निगम के हालात बने हुए हैं उसके लिए भी भाजपा ही जिम्मेवार है। साल 2016 से पहले नगर निगम की स्थिति काफी बेहतर थी। 500 करोड़ रुपये की एफडी थी लेकिन उसके बाद नगर निगम की एफडी खत्म हो गई। दो माह पहले तो यह स्थिति थी कि नगर निगम अपने कर्मचारियों को वेतन भी नहीं दे पा रहा था । नगर निगम तो ऐसे लगने लगा हैं जैसे कोई थोड़े दिन कोई आदमी मज़दूरी करता हैं और उसको उसकी दिहाड़ी मिल गयी हो ! केंद्र की सरकार कोई चंडीगढ़ पर एहसान नहीं कर रही हैं! यह सारा पैसा यहाँ के गरीब लोगों, इंडसस्ट्रलिस्ट, कर्मचारियों, कॉलोनी वासियों का टैक्स का पैसे का दिया हुआ हैं! फिर भी जनता से बेइन्साफी हो रही हैं!

जब तक शहर के सांसद (पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल) रहे कभी भी नगर निगम में वित्तीय संकट नहीं आया। उस समय फंड ही इतना था कि पूरे शहर के हर वार्ड में काम होता था लेकिन अब तो सड़क की रिकारपेटिग के साथ साथ पार्को से घास तक भी नहीं काटी जा रही है !लगातार एक के बाद एक भ्रष्टाचार के मामले आ रहे हैं। डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड में कचरे को प्रोसेस के नाम पर नगर निगम का खंजाना खाली हो रहा है।

प्रशासक को पिछले दस साल में किए गए खर्चो की जांच करवानी चाहिए और पूर्व के मेयरों के नाम भी सामने लाने चाहिए कि किस के कार्यकाल में कितना और कहां पर खर्चा हुआ ताकि पता चल सके कि नगर निगम की वित्तीय संकट के लिए कौन जिम्मेवार है।

## 125 करोड़ की राशि से खफा कांग्रेस, विकास से क्यों चिढ़ रहे हैं मनीष तिवारी?

सिर्फ चिट्ठियां लिखने तक सीमित मनीष तिवारी, चंडीगढ़ के लिए एक भी वादा पूरा नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के मीडिया प्रभारी रवि रावत ने कहा कि हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा एवं मेयर के प्रयासों से केंद्र सरकार से 125 करोड़ रुपये चंडीगढ़ के विकास के लिए आए हैं। यह राशि शहर की जनता के बुनियादी ढांचे और सड़कों के निर्माण हेतु इस्तेमाल होगी।

उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि कांग्रेस वही पार्टी है जो कल तक धरने और प्रदर्शन करती थी कि नगर निगम के पास पैसा नहीं है, रोड नहीं बन रही, विकास कार्य ठप पड़े हैं। लेकिन जैसे ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और मेयर के प्रयासों से 125 करोड़ रुपये का फंड आया, अब कांग्रेस और उनके सांसद मनीष तिवारी इस पर भी राजनीति करने लगे हैं। जनता जानना चाहती है कि आखिर कांग्रेस को चंडीगढ़ के विकास से तकलीफ़ क्यों है?

रवी रावत ने कहा कि कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी को सांसद बने हुए एक साल से अधिक हो चुका है, लेकिन आज तक उन्होंने अपने घोषणापत्र और चुनावी वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं किया।

उन्होंने याद दिलाया कि मनीष तिवारी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता को गुमराह करने के लिए कई झूठे और लुभावने वादे किए थे, जैसे कि–प्रत्येक महिला को 1,00,000 रुपये की आर्थिक सहायता देना, हर परिवार को सालाना 20,000 लीटर मुफ्त पानी देना, जिन परिवारों की मासिक आय 20,000 से कम है, उन्हें 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देना, किसानों के लिए ऋण माफी, युवाओं को सरकारी नौकरियां, लेकिन इनमें से आज तक एक भी वादा पूरा नहीं किया गया। रवी रावत ने कहा कि चंडीगढ़ जैसे स्मार्ट सिटी को एक ऐसा सांसद मिला है जो केवल चिट्ठियां लिखने और बयानबाज़ी तक सीमित है। जनता ने एक प्रतिनिधि चुना था, कोई बाबू नहीं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मनीष तिवारी का पूरा राजनीतिक ट्रैक रिकॉर्ड ही निराशाजनक है। 2009 से 2014 तक लुधियाना के सांसद रहे, वहां के लोग आज भी विकास की बाट जोह रहे हैं। 2019 से 2024 तक आनंदपुर साहिब के सांसद रहे, वहां भी जनता ठगा हुआ महसूस करती है। अब चंडीगढ़ में एक साल से अधिक हो गया है, लेकिन यहां भी कोई ठोस काम नहीं हुआ। रवी रावत ने कहा कि कांग्रेस और मनीष तिवारी को चंडीगढ़ की जनता के सामने श्वेत पत्र जारी करना चाहिए, जिसमें यह बताया जाए कि उन्होंने सांसद बनने के बाद अब तक शहर के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक साधारण पार्षद भी जितना विकास करवा देता है, उतना कांग्रेस का सांसद पांच साल में नहीं कर पाता। यही वजह है कि आज जनता पूरी तरह समझ चुकी है कि भाजपा ही वह पार्टी है जो जनता की भलाई और विकास के लिए ईमानदारी से काम करती है। अंत में रवी रावत ने कहा कि कांग्रेस और उनके नेता केवल जनता को गुमराह करने और राजनीति करने तक सीमित रह गए हैं। लेकिन अब जनता कांग्रेस की असलियत जान चुकी है और उन्हें एक-एक कर नकार रही है।

## डायबीटिज़ करता है प्रजनन क्षमता को प्रभावित: डॉ वंदना नरूला

- अनियंत्रित डायबीटिज़ हार्मोनल असंतुलन, अनियमित माहवारी, गर्भधारण में कठिनाई और गर्भपात का कारण
- पुरुषों में डायबीटिज़ टेस्टोस्टेरोन का स्तर घटाकर यौन इच्छा और शुक्राणुओं की गुणवत्ता को प्रभावित करती है



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग डायबीटिज़ से प्रभावित हैं और देश डायबीटिज़ कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड कहलाता है। यह बीमारी जहाँ हृदय, किडनी और नसों को नुकसान पहुँचाती है, वहीं प्रजनन क्षमता पर भी गहरा असर डालती है, जिसे अक्सर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। अनियंत्रित डायबीटिज़ हार्मोनल असंतुलन, अनियमित माहवारी, गर्भधारण में कठिनाई और गर्भपात का कारण बन सकती है। यह पीसीओएस, गर्भकालीन डायबीटिज़ और समय से पहले मेनोपॉज़ जैसी समस्याएँ भी बढ़ा सकती है। पुरुषों में डायबीटिज़ टेस्टोस्टेरोन का स्तर घटाकर यौन इच्छा और शुक्राणुओं की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। लंबे समय तक बीमारी रहने पर इरेक्टाइल डिसफंक्शन और प्रजनन क्षमता में कमी देखी जाती है।

### क्या करें

- –लो–ग्लाइसेमिक डाइट अपनाएँ (साबुत फल, हरी सब्जियाँ, साबुत अनाज, दालें, मेवे, मछली आदि)
- –नियमित व्यायाम व पर्याप्त नींद लें
- –तनाव को नियंत्रित रखें
- –शुगर स्तर की नियमित जाँच करवाएँ व विशेषज्ञों के अनुसार शुरुआती मामलों में इंट्रायूटेरिन इन्सेमिनेशन और जटिल परिस्थितियों मेंआईवीएफ–आईसीएसआई जैसे उन्नत उपचार उपलब्ध हैं। समय पर जागरूकता और जीवनशैली में बदलाव से दंपति मातृत्व–पितृत्व की खुशी पा सकते हैं।

### डायबीटिज में 20 से 30 वर्ष उम्र के युवाओं की संख्या बढ़ी

डॉ. वंदना नरूला, फर्टीलिटी एक्सपर्ट, फोगसी (फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनीकॉलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया): मेरे पास अब 20 से 30 वर्ष की उम्र के युवाओं में भी डायबीटिज़ से जुड़ी प्रजनन समस्याएँ सामने आ रही हैं। बैठकर काम करना, अनियमित खानपान, तनाव और मोटापा इसके मुख्य कारण हैं। यदि ब्लड शुगर को नियंत्रित रखा जाए तो यह न केवल स्वास्थ्य बल्कि प्रजनन क्षमता के लिए भी लाभकारी है। गर्भधारण की योजना बनाने वाले दंपति को हमेशा प्री–कंसेप्शन काउंसलिंग की जरूरत होती है।

# पंजाब की बहनों को आप पर नहीं भरोसा, हरियाणा मॉडल की ओर देख रही जनता : नायब सैनी

## दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना से सरकार ने महिलाओं को दिया सम्मान व सुरक्षा

पंजाब में आप के चुनावी वादे आज तक अधूरे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की बहनों को अब आम आदमी पार्टी की सरकार पर विश्वास नहीं रहा और वहां की जनता कल्याणकारी योजनाओं के लिए हरियाणा की ओर उम्मीद से देख रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पहले कांग्रेस पार्टी ने पंजाब को खोखला किया, उसी राह पर अब आम आदमी पार्टी भी चल रही है और चुनावों में महिलाओं से किए गए वादों को पूरा नहीं कर रही।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में 'दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना' लागू करने के निर्णय उपरान्त पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस योजना के तहत सभी पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने संकल्प पत्र के एक और वादे को पूरा करने का काम किया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता ने अब मन बना लिया है और यह भलीभांति समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही ऐसे नेता हैं जिनके नेतृत्व में देशभर में जनकल्याण के ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। इसके विपरीत, पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार इच्छाशक्ति, नियत और नीति, तीनों ही स्तर पर विफल साबित हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार अपने संकल्प पत्र के प्रत्येक वादे को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी घोषणा पत्र लाकर चुनावों में जनता को गुमराह करती है, लेकिन सत्ता में आते ही उसे भूल जाती है, कूड़ेदान में डाल देती है। कांग्रेस के नेता कहते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। यही स्थिति पंजाब में आम आदमी पार्टी की भी है। वहां पर भी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने का वादा किया था, लेकिन आज तक उसे लागू नहीं किया गया। इसके विपरीत हरियाणा में, जहां चुनाव बहुत दूर हैं, सरकार संकल्प पत्र के वादों को निरंतर पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है–जो कहा, वह किया। जबकि कांग्रेस की गारंटी 'चीनी सामान' की तरह है–जिसकी कोई गारंटी नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार जहां-जहां है, चाहे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान हो या हरियाणा हो, वहां जनता से किया गया हर वादा पूरा किया गया है।

एक प्रश्न के उत्तर में नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुछ दल चुनावों में वोट तो ले लेते हैं, लेकिन बाद में जनता को उसके हालात पर छोड़ देते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस ने मानसून सत्र से पहले के सत्र में लाडो लक्ष्मी योजना का मुद्दा खूब उठाया था, प्रश्न भी लगाए, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकारों द्वारा बहनों से किए गए वादों को अब तक क्यों पूरा नहीं किया गया, तो उनके पास कोई जवाब नहीं था।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी वास्तव में ÷एक ही थाली में खाते हैं और इसलिए जनता को उन पर कोई विश्वास नहीं रहा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीद रही है, जबकि पंजाब में इस दिशा में कुछ भी नहीं हो रहा।

## विपक्ष के पास मुद्दा नहीं, दशकों तक राज किया, दुष्परिणाम जनता को भुगतना पड़ा : सीएम

मुख्यमंत्री ने श्री नाडा साहिब गुरुद्वारा में शीश नवाया

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 28 अगस्त।** विधान सभा के मानसून सत्र में विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गुरुवार को पंचकूला पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि सच तो यह है कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। कांग्रेस पार्टी हरियाणा में दशकों तक सत्ता में रही, उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार, घोटाले और अव्यवस्था का आलम रहा जिसका दुष्परिणाम प्रदेश की पूरी जनता को भुगतना पड़ा। मुख्यमंत्री गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब में शीश नवाने के बाद मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने विधानसभा सत्र से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष ने विधानसभा में जो भी मुद्दे उठाए उनका उचित जवाब दिया गया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान ही गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस दिव्य एवं भव्य तरीके से मनाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया है जिसके तहत आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

**तत्कालीन सरकार ने दंगों की फाइलों को दबा दिया:** नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गुरुओं द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल रही है। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 1984 में हुए दंगों के दौरान हरियाणा में जिन सिख परिवारों ने अपने मुखिया को खोया है , उनके पीड़ित परिवार के एक सदस्य को यथोचित नौकरी दी जाएगी। नौकरी के इच्छुक परिवार अपने जिला के उपायुक्त के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन दंगों में बड़ी संख्या में सिख परिवारों पर हमले हुए, जिनमें जान माल की भारी क्षति हुई। तत्कालीन सरकार ने इन दंगों की फाइलों को दबा दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन फाइलों को निकलवा कर दोषियों को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है।

**सिख समुदाय की सालों पुरानी इच्छा पूरी:** मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि ष्एक भारत, श्रेष्ठ भारतष् अभियान के तहत उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक देश के कोने दूकोने में समान विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सिख गुरुओं के प्रकाश पर्व को धूमधाम और भव्य तरीके से मना रही है। मोदी जी ने ही सिख समुदाय की सालों पुरानी इच्छा पूरी की थी। वर्ष 2019 में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक करतारपुर कॉरिडोर देश को समर्पित किया था। अब सिख संगत श्री गुरु नानक देव जी के पाकिस्तान के गांव करतारपुर स्थित गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के दर्शन करने जाने लगे हैं। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, बीजेपी के जिला प्रधान अजय मित्तल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झिंडा, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गुरमीत सिंह, मित प्रधान स्र्वण सिंह बुंगा टिब्बी, सदस्य बीबी करतार कौर, नाडा साहिब गुरुद्वारा के हैड ग्रंथी जगदीश सिंह, मैनेजर परमजीत सिंह, हैड रागी जनजिंद्र सिंह, गुरमीत सिंह मित्ता कालका सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल शिक्षक पर लगे छेड़छाड़ के आरोप

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** हलके के गांव कराह साहिब में एक स्कूली छात्रा को शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला उजागर हुआ है। मामले को लेकर ग्रामीण स्कूल मे एकत्रित हो गए तथा पुलिस को भी बुला लिया। पुलिस द्वारा कार्यवाही का आश्वासन देने पर ग्रामीण शांत हो गए। कराह साहब के एक व्यक्ति ने थाना सदर में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी राजकीय माध्यमिक विद्यालय कराह साहब में आठवीं कक्षा की छात्रा है। आज उसकी बेटी ने उसे बताया कि स्कूल का एक शिक्षक उसे परेशान करता है। पढ़ाने के बहाने वह उसके शरीर के अंगों को छूता है ।बार–बार प्रतिदिन वह उसे परेशान कर रहा है ।उसकी बेटी ने यह भी बताया कि उक्त शिक्षक स्कूल की ही अन्य लगभग 8/ 9 अन्य छात्राओं को भी परेशान कर रहा है। स्कूली छात्राओं को परेशान करना उक्त शिक्षक का प्रतिदिन का कार्य है। इसको लेकर उसने अपनी शिकायत में पुलिस को कहा कि उक्त शिक्षक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### रोटरी क्लब रोहतक साल में 5000 पौधे लगाने का रखा लक्ष्य



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** रोटरी क्लब रोहतक सेंट्रल ने आज पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर में कई जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब सदस्यों ने पौधों की देखभाल की शपथ लेते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए हरे–भरे वातावरण का निर्माण करने का संकल्प लिया। क्लब चेयरमैन डॉ. मारकंडेय आहूजा ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेड़ कुदरत का एक अनमोल और बहुमूल्य तोहफ़ा है। पे? धरती पर जीवन का प्रतीक है और पेड़ो के बिना हमारा धरती पर जीवन असंभव है। कोरोना काल में लोग ऑक्सीजन खरीदने के लिए लाखों रुपये खर्च कर रहे थे, जबकि हरे–भरे वृक्ष प्रकृति से हमें मुफ्त ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। प्रधान सुमित परुथी ने बताया कि क्लब इस वर्ष 5000 पेड़ लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन अमित कादयान ने कहा कि रोटरी क्लब के सदस्य पेड़–पौधों की देखरेख करेंगे। क्लब फैसिलिटेटर रोटेरियन मुकेश टक्कर ने कहा कि चतुर्मास शुरू हो चुका है, जो पेड़ लगाने के लिए एक आदर्श समय है। इस मौके पर डा.अंजु आहुजा, डा. दीपांशी गर्ग, गीत परुथी,प्रीति चुघ,रूचि कादयान, सुरेश भूटानी, दीपित भूटानी, राधाकिशन मिगलानी, डा.तरुण गुलाटी के अलावा कार्यक्रम में सेक्टर 34 के मोर्निंग वाक कमेटी के सदस्य रामनिवास सिवाच, नरेश दहिया, अवतार दहिया भी मौजूद रहे ।

### स्वच्छता समाज और राष्ट्र की प्रगति का है आधार: सुरेश राविश



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश व भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न प्रतिनिधियों, समाजसेवियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के तहत साफ–सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत ड्रेन व अन्य मुख्य केंद्रों पर सफाई की गई। दोनों ने स्वयं इस सफाई अभियान में विभिन्न जगह की सफाई में योगदान दिया। सीईओ सुरेश राविश ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें स्वच्छता की इस मुहिम में शामिल होना है और अपने घर, गली, चौराहों को साफ–सुथरा बनाना है। सफाई का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य की रक्षा करती है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की प्रगति का आधार भी है। स्वच्छ वातावरण में स्वच्छ मस्तिष्क और स्वस्थ शरीर का विकास होता है। उन्होंने दुकानदारों को अपनी–अपनी दुकानों में डस्टबीन रखने के लिए भी कहा, ताकि कूड़े कचरे का प्रबंधन सही से हो। भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा हर क्षेत्र में विकास की राह पर है। सीएम द्वारा जहां प्रदेश के विकास को लेकर हर रोज नई–नई योजनाएं लागू करवाई जा रही हैं। अधिकारी स्वयं इस अभियान में शामिल होकर मुख्यमंत्री की मुहीम को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी क्षेत्र में ढांड क्षेत्र में यह सफाई अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि सफाई केवल सरकार व प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, यह जिम्मेदारी हम सबकी है। हमारा लक्ष्य है कि हर गांव और शहर साफ–सुथरा और सुंदर हो। हमें सभी सड़कें, गलियां, सार्वजनिक स्थल, स्कूल, अस्पताल और शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान देना है। गंदगी होने पर हमें गीला व सूखा कचरा को अलग–अलग डस्टबीन में डालें। इस मौके पर नगर पालिका चीका चेयरपर्सन रेखा रानी, महेंद्र सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य, ग्राम सचिव व ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीएम ने महिलाओं को हरियाणा में दिया बड़ा तोहफा : ज्योति सैनी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 28 अगस्त।** बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि सीएम नायब सैनी ने हरियाणा में महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। हरियाणा सरकार महिलाओं पर मेहरबान हुई है। सरकार ने जो वादे आमजन को किए थे उन्हें पूरा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश व प्रदेश को 2047 तक विकसित भारत-विकसित हरियाणा के सपने का साकार करने की दिशा में अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। आज कैबिनेट ने जिस तरह का फैसला लिया है यह ऐतिहासिक है, जहां महिलाओं को लाभ दिया जाएगा। यहां जारी प्रेस बयान में ज्योति सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आमजन से जुड़ी हुई सरकार है। वह धरातल पर आमजन की समस्याओं को भली भांति समझती है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुरू होने से लाखों महिलाएं लाभान्वित होंगी। सरकार महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाने में काफी अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रही है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यही नहीं आमजन को शहरों के चक्कर काटने की आवश्यकता ही नहीं, वे पोर्टल और घर पर बैठे मोबाईल के माध्यम से योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के उठा सकते हैं। इसमें महिलाओ को 2100 रूपये हर माह दिए जाएंगे। सारे हरियाणा में इस चुनावी घोषणा के पूरा होने से खुशी की लहर है और महिलाए सीएम नायब सिंह सैनी का आभार जता रही है। यह भाजपा की सरकार है जो अपने चुनावी वादे पूरे कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने किया शैक्षिक महासंघ के संकल्प पत्र का विमोचन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को चंडीगढ़ में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संकल्प पत्र का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महासंघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक दीपक की भांति पूरे समाज को प्रकाशमान करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शैक्षिक महासंघ द्वारा एक सितम्बर से आरम्भ होने वाला यह संकल्प शिक्षा जगत के लिए न केवल प्रेरणादायी सिद्ध होगा, बल्कि एक मील का पत्थर भी बनेगा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर शर्मा ने बताया कि महासंघ एक सितम्बर 2025, सोमवार को प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश भर के लगभग पाँच लाख विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान शीर्षक से संकल्प दिवस का आयोजन करेगा। इस कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी तथा विद्यालय का पूरा स्टाफ सामूहिक रूप से संकल्प लेकर अपने विद्यालयों को सजाने-संवारने का कार्य करेंगे। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम का उद्देश्य है कि शिक्षक एवं शिक्षार्थी स्वावलंबी, सु-संस्कृत, संस्कारवान और सामर्थ्यवान बनें। संकल्प के तहत शिक्षक व विद्यार्थी प्रण लेंगे कि वे विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित और प्रेरणादायी बनाएंगे। संकल्प पत्र में यह भी कहा गया है कि शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर विद्यालय को संस्कार, सेवा और समर्पण का तीर्थ बनाएंगे तथा इसके गौरव को निरंतर बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर शैक्षिक महासंघ के प्रदेश सचिव विनोद चौहान और प्रदेश कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम भारद्वाज उपस्थित रहे।

## प्रत्येक बूथ पर सुना जाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम : रणवीर ढाका

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 28 अगस्त।** भाजपा ज़िला रोहतक इकाई द्वारा शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, ज़िला पदाधिकारी, मंडलों के आई टी प्रमुख, मंडलों के सोशल मीडिया प्रमुख व मंडलों के मीडिया प्रमुख की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय मंगल कमल में जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम 'मन की बात' की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका ने विस्तृत जानकारी ली । बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा पिछले माह की तरह सभी कार्यकर्ता बंधुओं द्वारा ना सिर्फ इस कार्यक्रम को सुनना है बल्कि सरल पर अपलोड भी करना है ताकि कार्यक्रम अपलोडिंग के मामले में ज़िला रोहतक अग्रणी ज़िलों में बना रहे । उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपने-अपने बूथों पर 'मन की बात' सुनने का आह्वान किया।

बैठक में नरेंद्र भारती मन की बात के प्रदेश सह संयोजक मुख्य वक्ता रहे। बैठक में बोलते हुए उन्होंने कहा प्रदेश में कई ज़िलि कार्यक्रम अपलोड करने में त्वरित कार्यवाही करते हैं अगर रोहतक ज़िला को अपना अग्रणी स्थान बनाए रखना है तो कार्यक्रम उपरांत कार्यक्रम की अपलोडिंग शीघ्र अति शीघ्र करनी होगी तभी ज़िला रोहतक अपना स्थान सुनिश्चित कर पाएगा । जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया इस अवसर पर अजय खुंडिया मन की बात के लोकसभा संयोजक, राज कमल सहगल मन की बात के ज़िला संयोजक, ज़िला महामंत्री नितिन जैन, कुलबीर सिंह नरवाल, अमित मग्गू,अमित ढल, मनीष शर्मा, रोशन मायना,भूप सिंह, उर्मिला सरपंच व पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में उद्यमिता पर संगोष्ठी हुई

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** राजकीय महिला महाविद्यालय, बसताड़ा में प्राचार्या डॉ. कमलेश के कुशल मार्गदर्शन में 21 अगस्त से 04 सितंबर तक मनाए जा रहे विश्व उद्यमिता दिवस के अंतर्गत दिनांक 27 अगस्त 2025 को महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन प्लेसमेंट सेल प्रभारी श्रीमती ममता रानी और विभागाध्यक्ष सुश्री दीपा ढुल द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को स्वरोजगार, नवाचार और आर्थिक आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विकास अत्री, सेवानिवृत्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि आज हम स्वरोजगार अपना कर स्वयं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं इसके साथ ही देश को भी उन्नति के मार्ग पर आगे ले जा सकते हैं। डॉ मुकेश अग्रवाल जो कि एक सफल उद्यमी है उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन के लक्ष्य और उद्देश्य को निर्धारित करते हुए अपनी ऊर्जा उसमें लगानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश की जनता के सच्चे सेवक : हिमांशु गोयल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 28 अगस्त।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने केवल सत्ता की राजनीति नहीं की, बल्कि समाज के हर वर्ग के कल्याण को अपना संकल्प बनाया है। हरियाणा की नायब सरकार की पारदर्शी, ईमानदार और जनसेवी नीतियों ने किसानों, कर्मचारियों, व्यापारियों, खिलाड़ियों और वीर जवानों तक सबको लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की जनता के सच्चे सेवक है, जो दिन रात जनता की सेवा कर रहे है। नायब सरकार में हरियाणा विकास व रोजगार की बुलंदियों को छू रहा है। सीवन में मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। हिमांशु गोयल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत के परिणाम स्वरूप केंद्र और प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनी। सभी कार्यकर्ता सरकार के कार्य व योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। भाजपा संगठन प्रदेश, जिला, मंडल व बूथ स्तर तक सबसे मजबूत है। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो खर्ची-पर्ची रहित नौकरियों से लेकर समाज सेवा तक हर क्षेत्र में ईमानदारी की मिसाल है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल ने कहा कि आज विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कोई ठोस मुद्दा न होने के कारण अनापशनाप बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने में लगा हुआ है, लेकिन प्रदेश की जनता विपक्ष को बुरी तरह से नकार चुकी है।

## चार दशक बाद हरियाणा सरकार ने सिखों के जख्मों पर मरहम लगाया : दादूवाल

हरियाणा की तर्ज पर पूरे देश में हो 84 के दंगों में मारे गए परिवारों को नौकरी का निर्णय

नशा करने वालों को गुरुघरों की सेवा का अधिकार नहीं

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 28 अगस्त।** सिख धर्म के अंतर्राष्ट्रीय प्रचारक तथा शिरोमणि अकाली दल आजाद के प्रमुख एचएसजीपीसी धर्म प्रचार के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा है कि हरियाणा की नायाब सिह सैनी सरकार ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में मारे गए परिवारों के लोगों को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लेकर सिखों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया हैं। इसके लिए प्रदेश की सिख संगत द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया जाएगा। इसके लिए जल्द कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 41 साल बार किसी को आखिर दंगों में मारे गए सिख परिवारों की याद तो आई। इससे पहले पूर्व सीएम मनोहर लाल ने दंगों में मारे गए सिख परिवारों तथा प्रभावित हुए परिवारों को मुआबजा देने का काम किया था। वह आज तरावड़ी से करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान वरिंदर सिंह के निवास पत्रकारों से बात की। इस अवसर पर महासचिव इंद्रपाल सिंह, गुलाब सिंह मूनक, तेजेंद्र पाल सिंह डिम्पी मौजूद थे। जत्थेदार दादूवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने जो निर्णय लिया है। उसका अनुसरण देश की और भी राज्य सरकारों को भी करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से पूरे देश में हरियाणा की तर्ज पर सिख दंगों में मारे गए परिवारों को नौकरी देने की मांग की। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा सिख गुरुद्वारा एक्ट में संशोधन करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जो अधिकार ज्यूडीशियल आयोग को दिए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, डबल इंजन सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के हित में लगातार चला रही है कल्याणकारी योजनाएं

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 28 अगस्त।** हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर विकासात्मक कदम बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक उपरांत सरकार द्वारा लिए गए जनहितकारी निर्णयों की जानकारी विस्तार से देते हुए लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के चार स्तम्भ बताए हैं जिनमें महिलाओं की अहम भागीदारी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए केंद्र सरकार नित्य नई योजनाएं लागू कर रही है। प्रदेश सरकार ने भी महिलाओं को सशक्त और आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान जो संकल्प पत्र जनता के सामने रखा उसे हम गीता के समान मानते हैं। संकल्प पत्र में विभिन्न वर्गों से किए गए वादे प्रदेश सरकार लगातार पूरे कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती पर 25 सितंबर 2025 से इस योजना का शुभारम्भ होगा। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। 25 सितंबर 2025 को हरियाणा की 23 वर्ष आयु या उससे अधिक आयु की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। इसमें विवाहित और अविवाहित दोनों ही तरह की महिलाओं को लाभ मिलेगा। पहले चरण में, उन परिवारों को शामिल किया गया है, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में, चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूह को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए अविवाहित महिला का या विवाहित महिला के पति हरियाणा में पिछले 15 साल से मूल निवासी होंने चाहिए। इस योजना के तहत एक परिवार में महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। यदि एक परिवार में 3 महिलाएं हैं, तो उन तीनों महिलाओं को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा पहले से चलाई जा रही ऐसी 9 योजनाओं, जिनमें आवेदिका को पहले से ही अधिक राशि की पेंशन का लाभ मिल रहा है, उन्हें लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्टेज 3 और 4 कैंसर, पीड़ित, मरीजों (महिलाओ), सूचीबद्ध 54 दुर्लभ बीमारियों, हीमोफिलिया, थैलेसिलमिया और सिकल सेल से पीड़ित मरीज़ों को पहले से मिल रही है पेंशन। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस दिन कोई अविवाहित लाभार्थी 45 वर्ष की आयु पूरी करेगी उस दिन वे ऑटोमैटिक विधवा और निराश्रित महिला को वित्तीय सहायता योजना के लिए पात्र हों जाएंगी। जिस दिन लाभार्थी महिला 60 वर्ष की आयु की होगी, उस दिन वे ऑटोमैटिक वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन योजना के लिए पात्र हो जाएगी। हमारा अनुमान है कि पहले चरण में लगभग 19-20 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। आज की कैबिनेट के बाद आने वाले 6 या 7 दिनों में हम न केवल योजना की गजट नोटिफिकेशन कर देंगे, वरन एक ऐप भी लॉन्च करेंगे। इस ऐप के जरिए पात्र लाभार्थी महिलाएँ घर बैठे ही इस योजना के लिए आवेदन कर सकती हैं। हर संभावित पात्र महिला को हम एसएमएस करेंगे कि आप उस ऐप पर आवेदन कर दें। सभी पात्र महिलाओं की सूची सभी पंचायत और वार्डों में प्रकाशित की जाएगी। सभी ग्राम सभाओं और वार्ड सभाओं को सूची पर कोई भी आपत्ति दर्ज करने का अधिकार होगा।

# स्वास्थ्य विभाग का हाई अलर्ट जारी, बाढ़ से संबंधित बीमारियों से निपटने के लिए टीमें और एम्बुलेंसें तैनात

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने सिविल सर्जनों के साथ राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, निर्देश जारी किए

लोगों से अपील की कि वे बाढ़ के दौरान पानी, भोजन और वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी का पालन करें



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** बाढ़ की मौजूदा स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया, जल जनित और वेक्टर बोर्न बीमारियों की रोकथाम संबंधी विस्तृत समीक्षा के लिए सिविल सर्जनों, मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), रेड क्रॉस और केमिस्ट एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपातकाल से निपटने को लेकर राज्य सरकार की वचनबद्धता दोहराते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को तुरंत देखभाल और राहत प्रदान करने के लिए बड़े पैमाने पर मेडिकल टीमें भेजी जा रही हैं और संसाधन जुटाए जा रहे हैं। बैठक के दौरान बोलते हुये डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, ÷हमारे नागरिकों का स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पंजाब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।÷

उन्होंने सिविल सर्जनों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इस कठिन समय में कोई भी व्यक्ति चिकित्सा सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने हिदायत की कि सभी स्वास्थ्य संस्थान मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह सुसज्जित हों और पर्याप्त दवाइयों का स्टॉक रखा जाए।

मंत्री ने बताया कि उनके निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को खोजने और सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेष मिशन शुरू किया गया है। इस लक्षित पहल से जीवनरक्षक नतीजे सामने आए हैं क्योंकि फरीदकोट और फाजिल्का में टीमों ने ऐसी छह महिलाओं को सुरक्षित बचाया है और सभी ने सरकारी सुविधाओं में स्वस्थ बच्चों को जन्म दिया है।

उन्होंने इस संकट से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य संसाधन जुटाने का ऐलान किया। विभाग ने 360 मोबाइल मेडिकल टीमें और 458 रैपिड रिस्पॉन्स टीमें गठित की हैं, जो प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

### बाढ़ के दौरान पानी, भोजन से होने वाली और वेक्टर बोर्न बीमारियों की रोकथाम के लिए पंजाब स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी

**आम सावधानियां:** बाढ़ के पानी से सीधे संपर्क से बचें और पानी भरे इलाकों में चलते समय सुरक्षित जूते पहनें। साबुन और पानी से बार-बार हाथ धोएं, खासकर खाने से पहले।

**जल जनित बीमारियों की रोकथाम:** केवल उबला या क्लोरीन मिला पानी ही पिएं। यदि पानी उबालना संभव न हो तो क्लोरीन की गोलियों का प्रयोग करें। पानी को साफ, ढके हुए बर्तनों में रखें। ऐसा कोई भोजन न खाएं जो बाढ़ के पानी के संपर्क में आया हो।

**वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम:** मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए डिब्बों, टायरों और छतों से जमा पानी हटाएँ। बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरे बाजू वाले कपड़े पहनें।

**साँप के काटने से बचाव:** अंधेरा होने के बाद पानी से भरे या झाड़ियों वाले क्षेत्रों में चलने से बचें। गड्ढों या घनी झाड़ियों में हाथ-पैर न डालें।

**त्वचा संक्रमण:** बाढ़ के पानी से लंबे समय तक संपर्क से बचें और गीले कपड़े तुरंत बदलकर सूखे कपड़े पहनें। खुजली या चकत्ते/दाने होने पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की सलाह से पाउडर या मरहम लगाएँ। दस्त होने पर तुरंत ओ.आर.एस. पीना शुरू करें और नज़दीकी स्वास्थ्य कैंप या संस्थान में जाँच के लिए जाएँ।

# पंजाब में 2500 करोड़ रुपये की लागत से ग्रीनफील्ड स्टील प्लांट की स्थापना: कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** पंजाब को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने घोषणा की कि वर्धमान स्पेशल स्टील्स लिमिटेड और जापान की आइची स्टील कॉरपोरेशन के संयुक्त उद्यम से लुधियाना जिले में 2500 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड स्पेशल एवं अलॉय स्टील प्लांट स्थापित किया जाएगा।

यह प्लांट प्रति वर्ष 5 लाख टन अलॉय और स्पेशल स्टील के उत्पादन की क्षमता के साथ घरेलू और वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें ऊर्जा दक्ष 'इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ)' तकनीक का उपयोग कर शुद्ध स्टील का उत्पादन किया जाएगा, जो कार्बन उत्सर्जन में कमी और टिकाऊ उत्पादन को सुनिश्चित करेगा।

इस परियोजना के अंतर्गत 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत से एक सोलर पावर प्लांट भी स्थापित किया जाएगा, जो संयंत्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को अक्षय स्रोतों से पूरा करेगा। यह निवेश 2000 करोड़ रुपये की मुख्य परियोजना लागत से अलग होगा।

संजीव अरोड़ा ने बताया कि यह परियोजना 1500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करेगी, जबकि राज्य भर में एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए अप्रत्यक्ष रूप से नए व्यावसायिक अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने इसे पंजाब के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर करार दिया। वीएसएसएल के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सचित जैन ने कहा कि यह संयंत्र 'टोयोटा वे लेआउट' पर आधारित होगा और ऊर्जा दक्ष तकनीकों के माध्यम से स्टील स्क्रैप और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर 'ग्रीन स्टील' का उत्पादन करेगा। यह भारत की 'नेट-जीरो' दृष्टि के अनुरूप है और वैश्विक ओईएम मानकों पर भी खरा उतरेगा। उन्होंने आगे बताया कि यह परियोजना सहयोगी उद्योगों, फोर्जिंग यूनिटों, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्रों को भी लाभ पहुंचाएगी, जिससे पंजाब में एक मजबूत औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का विकास होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव कमल किशोर यादव भी उपस्थित रहे।

# रजिस्ट्रार सहकारी सभाओं द्वारा सहकारी संस्थाओं की सभी बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कवर करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** सहकारी संस्थाओं की कार्यवाहियों में भागीदारी बढ़ाने, लागत घटाने और इनके समयबद्ध संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रजिस्ट्रार सहकारी सभाएं गिरीश दयालन ने राज्यभर की सहकारी संस्थाओं की सभी बैठकों और कार्यवाहियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के ज़रिए कवर करने के निर्देश दिए हैं।

यह कदम केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ संवैधानिक अदालतों द्वारा वीसी मोड के प्रयोग के उपरांत उठाया गया है, जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 से कानूनी समर्थन प्राप्त करते हुए इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और हस्ताक्षरों को मान्यता देता है। नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक सभी बैठकों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का विकल्प उपलब्ध होगा। बोर्डों, समितियों, आम सभाओं/एजीएम और निजी सुनवाईयों की बैठकों के नोटिस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग तक पहुंच के विवरण भी शामिल होंगे।

अधिक विवरण देते हुए श्री दयालन ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा एक वैकल्पिक माध्यम है और यह कोरम, नोटिस या मतदान संबंधी कानूनी आवश्यकताओं में कोई बदलाव नहीं करती। इसके साथ ही यह रोल-कॉल, वीसी लॉग और सत्यापित प्रतिभागियों की पारदर्शिता सुनिश्चित करती है।

इस कदम से एजेंडे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्रसारित किए जा सकेंगे और मतदान व फैसले वीसी के माध्यम से रिकॉर्ड किए जा सकेंगे तथा इसके बाद मिनट्स में पुष्टि भी की जा सकेगी।

श्री दयालन ने आगे बताया कि संस्थाएं आंतरिक रिकॉर्ड रखने के लिए वीसी कार्यवाहियों (पूरी तरह या आंशिक रूप से) रिकॉर्ड कर सकती हैं। साथ ही यह व्यवस्था उपलब्ध होने की स्थिति में निजी सुनवाई भी वीसी के माध्यम से की जा सकती है और यह संबंधित न्यायिक मंच के नियमों का पालन करेगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंजाब सहकारी सभाएं अधिनियम, 1961 के प्रावधान, नियम और संस्थागत उपनियम पूरी तरह लागू रहेंगे।

यह पहल बड़े आयोजनों के वित्तीय और लॉजिस्टिक बोझ को हल करती है, यात्रा करने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है और कानूनी आवश्यकताओं के पालन को सुनिश्चित करती है।

रजिस्ट्रार ने सभी शीर्ष सहकारी संस्थाओं, सहकारी बैंकों/सोसायटियों (राज्य, जिला और प्राथमिक स्तर), प्राधिकरणों और फील्ड फार्मेशनों को इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए कहा है।

# पंजाब सरकार ने धान की निर्विघ्न खरीद यकीनी बनाने के लिए किए पुख्ता प्रबंध

## गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कृषि, ख़ाद्य स्पलाई और मंडी बोर्ड के अधिकारियों के साथ खरीद सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा की

कृषि मंत्री ने मुख्य कृषि अफ़सरों के साथ वीडियो कान्फ़्रेंस के द्वारा बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति का भी लिया जायज़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा खरीफ ख़रीद सीजन की तैयारियों में तेज़ी लाते हुये राज्य भर की अनाज मंडियों में से धान के एक-एक दाने की खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध किये जा रहे हैं।

स. खुड्डियां ने पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन स. हरचन्द सिंह बरसट के साथ आज किसान भवन में कृषि, ख़ाद्य और सिवल स्पलाई और पंजाब मंडी बोर्ड के सीनियर अधिकारियों के साथ खरीफ की फ़सल की निर्विघ्न खरीद के लिए की जा रही तैयारियों का जायज़ा लिया।

स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा राज्य की सभी अनाज मंडियों में पंजाब कृषि यूनिवर्सिटी की तरफ से कैलीबरेटिड नमी मीटर लगाए जाएंगे जिससे नमी की माप एकसमान की जा सके। उन्होंने कहा कि मंडियों और खरीद केन्द्रों में सफ़ाई, पीने वाले पानी, शैड और बिजली जैसे ज़रूरी बुनियादी ढांचे के लिए पुख़्ता प्रबंध किये जा रहे हैं जिससे धान की निर्विघ्न खरीद को यकीनी बनाया जा सके।

इसी मीटिंग के दौरान कृषि मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने भी मुख्य कृषि अधिकारियों (सी.ए.ओ.) के साथ वीडियो कान्फ़्रेंस के द्वारा बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति का जायज़ा लिया। कृषि विभाग के प्रशासनिक सचिव डा. बसंत गर्ग ने सी.ए.ओज़ को इस मुश्किल समय में किसानों की सहायता के लिए ज़रुरी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को मंडी में सूखी फ़सल लाने के लिए जागरूक करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया जिससे उनको अपनी फ़सल बेचने के लिए किसी भी तरह की मुश्किल का सामना न करना पड़े।

पंजाब मंडी बोर्ड के सचिव श्री रामवीर ने बताया कि खरीद सीजन के दौरान किसानों की सहायता के लिए अनाज मंडियों में बिजली, शैड, शौचालय और पीने वाले साफ़ पानी सहित अन्य ज़रूरी सहूलतों को यकीनी बनाने के लिए बोर्ड के फील्ड स्टाफ को तैनात किया गया है।

ख़ाद्य, सिवल स्पलाई और उपभोक्ता मामले विभाग के डायरैक्टर श्री वरिन्दर कुमार शर्मा ने बताया कि बारदाने की ज़रूरी 5.40 लाख गांठों में से लगभग 3.50 लाख गांठें प्राप्त हो चुकी हैं और बाकी रहती गांठे सितम्बर महीने के मध्य तक पहुँचने की उम्मीद है।

### पुलिस ने प्रदेशभर के 138 रेलवे स्टेशनों पर चलाई तलाशी मुहिम

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 180वें दिन 84 नशा तस्कर काबू; 1.8 किलो हेरोइन बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** प्रदेश से नशों के पूरी तरह खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए गए ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ को 180वें दिन जारी रखते हुए पंजाब पुलिस ने आज प्रदेशभर के 138 रेलवे स्टेशनों पर घेराबंदी और तलाशी अभियान (कासो) चलाया। यह ऑपरेशन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर प्रदेश के सभी 28 जिलों में एक ही समय पर चलाया गया। इस राज्य-स्तरीय कार्रवाई की निजी तौर पर निगरानी कर रहे विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजीपी) कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि सभी सीपीज़/एसएसपीज़ को इस कार्रवाई को सफल बनाने के लिए गज़टेड रैंक के अधिकारियों की निगरानी में भारी पुलिस बल तैनात करने को यकीनी बनाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के लगभग 138 रेलवे स्टेशनों पर चलाए गए इस ऑपरेशन के दौरान करीब 1189 लोगों की जांच की गई। उन्होंने आगे बताया कि इस दौरान 7 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए काबू भी किया गया। इसके अलावा, पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखते हुए आज 84 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 1.8 किलो हेरोइन, 24 किलो भूक्की और 5400 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। इस तरह केवल 180 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 27,508 हो गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिये कहा है।

# जब पानी छीनना था तो सारे कानून ताक पर रख दिए, अब कोई मदद के लिए आगे नहीं आ रहा, बरिंदर गोयल ने केंद्र और पड़ोसी राज्यों को आड़े हाथों लिया

कहा, देश का पेट भरने वाले पंजाब को राहत पैकेज दे केंद्र सरकार

फाज़िल्का में बाढ़ राहत प्रबंधों का लिया जायज़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फाज़िल्का, 28 अगस्त।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज केंद्र सरकार और पड़ोसी राज्यों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कुछ महीने पहले जब पंजाब से पानी छीनना था तो केंद्र सरकार सारे नियम-कानून ताक पर रखकर पंजाब का पानी लूटने पर उतारू था, लेकिन अब जब पंजाब को मदद की ज़रूरत है तो कोई भी आगे नहीं आ रहा। आज यहाँ कावांवाली पत्तन पर बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा करते समय पत्रकारों से बातचीत करते हुये कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि देश के लिए अनाज पैदा करने वाले पंजाब में आई बाढ़ की स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार का फ़र्ज़ बनता है कि वह बिना माँगे पंजाब को राहत पैकेज दें। उन्होंने कहा कि जो लोग पंजाब का पानी इस्तेमाल करते हैं, उन्हें भी इस मुश्किल घड़ी में पंजाब की मदद के लिए आगे आना चाहिए था। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पहाड़ों और पंजाब में हुई बारिश के कारण इस बार बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है, लेकिन फिर भी पंजाब सरकार लोगों को तुरंत हर संभव मदद पहुँचा रही है और सभी विभागों की टीमें फील्ड में हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान और उनकी कैबिनेट के सभी मंत्री व विधायक लगातार जनता के बीच पहुँच रहे हैं और राहत कार्यों को लोगों तक पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने तो अपना हेलीकॉप्टर भी राहत कार्यों के लिए लगा दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान पहले ही विशेष गिरदावरी के आदेश दे चुके हैं और हुए नुकसान की भरपाई मुआवज़ा देकर की जाएगी। उन्होंने कहा कि राहत केंद्र स्थापित किए गए हैं और प्रभावित लोगों को पानी वाले इलाकों से निकालकर राहत शिविरों में भेजा जा रहा है, जहाँ लोगों को खाने-पीने और रहने की सारी सुविधा पंजाब सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित गाँवों में हरे चारे और भूसे की कमी को देखते हुए पूरे पंजाब के लोग एक-दूसरे की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इस अवसर पर फाज़िल्का के विधायक नरिंदर पाल सिंह सवना, डिप्टी कमिश्नर अमरप्रीत कौर संधू और एसएसपी गुरमीत सिंह ने उन्हें स्थानीय हालातों से अवगत कराया और ज़िले में चलाए जा रहे राहत कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम वीरपाल कौर, सहायक आयुक्त जनरल अमनदीप सिंह मावी और जल संसाधन विभाग के कार्यकारी इंजीनियर आलोक चौधरी भी मौजूद थे।

# जालंधर स्थित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के लिए निदेशक लैंड रिकॉर्ड नोडल अधिकारी तैनात

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तालमेल को और मज़बूत बनाने तथा राहत कार्यों में तेज़ी लाने के उद्देश्य से पंजाब के राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा निदेशक लैंड रिकॉर्ड स. गुलप्रीत सिंह औलख को जालंधर स्थित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इस संबंधी जानकारी देते हुए राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि यह नियंत्रण कक्ष डिप्टी कमिश्नरों, सेना के अधिकारियों, एन.डी.आर.एफ, एस.डी.आर.एफ और अन्य संबंधित विभागों के साथ निरंतर तालमेल करके आपदा प्रबंधन और राहत उपायों को निर्बाध ढंग से संचालित कर रहा है। उन्होंने कहा कि समर्पित नोडल अधिकारी की तैनाती से बेहतर समन्वय, निगरानी, त्वरित निर्णय लेने और फील्ड अधिकारियों के साथ प्रभावी संपर्क स्थापित करना संभव होगा। निदेशक लैंड रिकॉर्ड इस नियंत्रण कक्ष की अहम कड़ी होंगे, जो फील्ड स्टाफ और संबंधित अधिकारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखेंगे तथा समयबद्ध तरीके से कार्रवाई को अमल में लाने के लिए राज्य सरकार को नियमित अपडेट देंगे।

राजस्व मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे राहत कार्यों को सुचारु और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।

# बलटाना पुलिस ने लूटपाट करने वाले ऑटो गैंग का किया खुलासा

## नकली सवारी बिठाकर, सुनसान जगह पर ले जाकर लूट की वारदात को देते थे अंजाम

आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने लिया एक दिन का रिमांड

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 28 अगस्त।** बलटाना पुलिस ने लूटपाट करने वाले ऑटो गैंग का खुलासा किया है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद जीरकपुर थाने में परशांत, रमेश कुमार पाल, अनिल कुमार और उनकी साथी प्रियांका के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि यह सभी लोग एक ऑटो (नंबर सीएच-01-टीई-2803) में सवार होकर नकली सवारी बिठाते और आगे सुनसान जगह पर ले जाकर लूट की वारदात को अंजाम देते थे।

मामला बुधवार शाम का है। एएसआई सुलखन सिंह अपनी टीम के साथ हाईवे पर बलटाना मोड़ के पास नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान एक खास मुखबिर ने सूचना दी कि उपरोक्त आरोपी ऑटो बैटरी रिक्शा पर सवार होकर ट्रिब्यून चौंक से सवारियां उठाते हैं और फिर उन्हें जीरकपुर होते हुए अंबाला हाईवे पर सुनसान जगह पर ले जाकर लूट लेते हैं। मुखबिर ने यह भी बताया कि 27 अगस्त की सुबह ही इन लोगों ने एक व्यक्ति से 5000 रुपये की नकदी लूटी थी।

एएसआई सुलखन सिंह ने इस सूचना को भरोसेमंद मानते हुए तुरंत रुक्का तैयार कर पीएचजी मनजीत सिंह को थाने भेजा। पुलिस ने परशांत पुत्र सतिंदर कुमार (निवासी मोल्ली गांव, चंडीगढ़), रमेश कुमार पाल पुत्र शिवनाथ पाल (निवासी सुंदर नगर विकास फेस-1, चंडीगढ़), अनिल कुमार पुत्र कंवर पाल (निवासी मोल्ली गांव, चंडीगढ़) और प्रियांका पत्नी दीपक (निवासी मोल्ली जागरा, चंडीगढ़) के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4) के तहत दर्ज किया है। विशेष रिपोर्ट इलाका मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। कंट्रोल रूम को भी सूचना दे दी गई है।

जांच में सामने आया है कि यह गिरोह ऑटो रिक्शा में नकली सवारी बनकर घूमता था और राहगीरों को अंबाला के लिए बिठा लेता था। सुनसान जगह पहुँचते ही यह लोग यात्रियों से पैसे और सामान लूट लेते थे। सुबह लूट की वारदात करने के बाद आरोपी शाम को फिर से शिकार की तलाश में निकले थे लेकिन इससे पहले ही पुलिस को पुख्ता सूचना मिल गई। यह गिरोह लंबे समय से यात्रियों को शिकार बना रहा था और स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय अमृतसर द्वारा टाउन हॉल मीटिंग का सफल आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अमृतसर, 27 अगस्त।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय अमृतसर द्वारा आज होटल ताज स्वर्ण में एक भव्य टाउन हॉल मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बैंक की प्रगति की समीक्षा करना, ग्राहकों से सीधे संवाद स्थापित करना एवं उन्हें बैंक की योजनाओं तथा सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।

इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय मुंबई से कार्यपालक निदेशक माननीय श्री विवेक वाही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके साथ चंडीगढ़ अंचल प्रमुख माननीय श्री अरविन्द कुमार, जालंधर क्षेत्रीय प्रमुख श्री राहुल सक्सेना तथा अमृतसर क्षेत्रीय प्रमुख श्री साकिब अहमद खान भी उपस्थित रहे। बैठक में बैंक के सम्माननीय ग्राहकगण, विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति तथा सेंट्रल बैंक परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अपने प्रेरक संबोधन में कार्यपालक निदेशक महोदय ने अमृतसर क्षेत्र के जून तिमाही के व्यवसायिक आँकड़ों की समीक्षा करते हुए कहा कि क्षेत्र ने बैंक के लक्ष्यों की प्राप्ति में सराहनीय प्रगति की है। उन्होंने ग्राहकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा बैंक की सेवाओं को और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं ग्राहक-मुखी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राहक ही बैंक की असली पूंजी हैं और बैंक का प्रत्येक प्रयास उनके जीवन को वित्तीय रूप से सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में है।

बैठक के दौरान बैंक के प्रमुख ग्राहकों को उनके सहयोग और विश्वास के लिए सम्मानित किया गया।

इन परिणामों ने बैंक की निरंतर प्रगति, मजबूत वित्तीय स्थिति एवं ग्राहकों के अटूट विश्वास को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है।

### इस अवसर पर बैंक के जून 2025 तिमाही वित्तीय परिणाम भी प्रस्तुत किए गए

कुल व्यवसाय: 7.04 लाख करोड़

कुल जमा: 4,28,890 करोड़ रुपये

कुल अग्रिम: 2,75,595 करोड़ रुपये

शुद्ध लाभ (1, जून 2025): 1,169 करोड़ रुपये

सम्पादकीय

# बाढ़, बादल फटने से पंजाब समेत तमामराज्यों के हालात बदतर

पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-श्रीनगर और उत्तराखंड आज जैसी प्राकृतिक आपदा झेल रहे हैं, वह हालिया समय में पहली बार है। पहाड़ों पर हो रही निरंतर बारिश का कहर कुछ ऐसा है कि उससे पंजाब में फ्लड गेट्स ही बह जा रहे हैं। इससे भाखड़ा का पानी सीधे रोपड़, नवांशहर, लुधियाना, फिरोजपुर और दूसरे जिलों में फैल गया है। संगरूर में घग्गर का जलस्तर बढ़ चुका है। हालात ऐसे हैं कि पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब भी जलमग्न हो गया है। इस बाढ़ से पाकिस्तान में भी हालात बेकाबू हैं और यहां भारी तबाही हो रही है। भारत की ओर से बांधों के गेट खोले जाने के बाद तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई है। मालूम हो, प्राकृतिक आपदा ने जम्मू-कश्मीर में भी कोहराम मचाया हुआ है और यहां अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है। इन लोगों में करीब 34 माता वैष्णो देवी के दर्शनों को जा रहे थे। यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन की वजह से इनकी जानें चली गईं।

**यह मौसम विज्ञानियों और पर्यावरणविदों के लिए चिंता और जिज्ञासा का विषय है कि आखिर पहाड़ों पर इतने बड़े पैमाने पर बादल क्यों फट रहे हैं। बीते दिनों में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से भारी हानि हुई थी। बादल फटने की घटना के वक्त आसमान से इतना पानी एक साथ बरसता है, जिसका अनुमान कोई नहीं लगा सकता। आसमान से बरसने वाली यह आफत अपने रास्ते में कुछ नहीं छोड़ती। अब बेशक नदियों के किनारों पर आबादी बढ़ रही है, और यह भी कहा जाएगा कि जमीन का अतिक्रमण हो रहा है। हालांकि बादल फटने के बाद नदियों में जो उफान आता है, वह दूर-दूर के किनारों तक की जमीन बहा ले जाता है। इन्हीं किनारों पर जो घर-मकान बने होते हैं, सड़कें, रोड और दुकानें आदि होती हैं, वे सब भी चपेट में आ जाती है।**

अगर पंजाब के हाल पर गौर करें तो राज्य में बाढ़ का संकट पैदा हो चुका है। यहां जम्मू-कश्मीर से लगते इलाकों में बाढ़ का पानी भर चुका है। गुरदासपुर में पानी के तेज बहाव में सीआरपीएफ के कैंप का प्रवेशद्वार और उसके साथ लगती बिल्डिंग ध्वस्त हो गए। यहां 22 जवानों समेत 25 लोगों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। पंजाब में सेना को राहत और बचाव के कार्य के लिए बुलाया गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर में बारिश से अनंतनाग और श्रीनगर में झेलम का जलस्तर चेतावनी के निशान को पार कर गया। यहां रिहायशी इलाकों में पानी भर चुका है। किश्तवाड़ में तो बाढ़ में एक पहाड़ी ही बह गई। इस प्रकार से प्राकृतिक आपदा जहां जनहानि का सबब बन रही है, वहीं भौगोलिक हालात भी बदल रही है। गौरतलब है कि इससे पहले उत्तराखंड के धराली में नदी में बहकर आए कीचड़ और पानी की वजह से एक पूरा गांव ही उसमें समा गया था। यहां अभी तक इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है कि आखिर कितने लोग हताहत हुए हैं। इसके बाद 15 अगस्त को श्रीनगर में भी ऐसा ही कुछ हुआ था। वह मंजर बेहद भयानक था, जिसमें गाड़ियां बह कर सैकड़ों टन रेत और पत्थरों के नीचे दब गई। जम्मू में इस समय नदियों में उफान है और भूस्खलन जारी है।

यह मौसम विज्ञानियों और पर्यावरणविदों के लिए चिंता और जिज्ञासा का विषय है कि आखिर पहाड़ों पर इतने बड़े पैमाने पर बादल क्यों फट रहे हैं। बीते दिनों में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से भारी हानि हुई थी। बादल फटने की घटना के वक्त आसमान से इतना पानी एक साथ बरसता है, जिसका अनुमान कोई नहीं लगा सकता। आसमान से बरसने वाली यह आफत अपने रास्ते में कुछ नहीं छोड़ती। अब बेशक नदियों के किनारों पर आबादी बढ़ रही है, और यह भी कहा जाएगा कि जमीन का अतिक्रमण हो रहा है। हालांकि बादल फटने के बाद नदियों में जो उफान आता है, वह दूर-दूर के किनारों तक की जमीन बहा ले जाता है। इन्हीं किनारों पर जो घर-मकान बने होते हैं, सड़कें, रोड और दुकानें आदि होती हैं, वे सब भी चपेट में आ जाती है। इस बार मानसून सीजन में बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से 20 जून से 1 जुलाई तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी हैं।

पहाड़ों के हालत यह हैं, वहीं मैदानी इलाकों के हाल भी सही नहीं हैं। पंजाब के 14 जिलों में भारी बारिश हुई है, हरियाणा के विभिन्न जिलों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य में अनेक स्थानों पर बिजली के खंभे गिर गए हैं, सड़कों पर कटाव हुआ है। यहां नदी-नालों में डूबने से भी जानें जा रही हैं। दरअसल, हर बार मौसम की यह मार झेलना अब सामान्य हो गया है। हालांकि जलवायु परिवर्तन का असर हमारे पहाड़ों, नदियों-नालों पर बखूबी पड़ रहा है। पहाड़ों में भारी कटाव हो रहा है, वे कमजोर होते जा रहे हैं। आबादी लगातार बढ़ रही है, जबकि संसाधन उतने ही हैं। ऐसे में प्रकृति की नाराजगी सामने आ रही है। आजकल पश्चिमी देशों में भारी गर्मी पड़ रही है, जबकि भारत जैसे देशों में बाढ़ के हालात हैं। मौसम चक्र बिगड़ चुका है और हम दुश्वारियां झेलने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। यह यकीनी बात है कि भविष्य में यह सभी समस्याएं और ज्यादा बढने् वाली हैं। हैरान इसकी होती है कि रेगिस्तान में अब बाढ़ आने लगी है। क्या यह किसी बड़े बदलाव की आहट नहीं है। हमें प्रकृति के प्रति सचेत होना चाहिए, उसकी आवाज सुननी चाहिए।

# संसद संवाद और बहस का मंच है, हंगामे का नहीं



लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान उसकी संसद होती है। संसद वह संस्था है जहां जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि राष्ट्र की नीतियों, योजनाओं और कानूनों पर विचार-विमर्श करते हैं। यह वह सर्वोच्च मंच है जहां विभिन्न विचारधाराएं और दृष्टिकोण टकराते हैं और देशहित में समाधान निकलता है। लेकिन दुर्भाग्यवश आज भारतीय संसद की छवि हंगामे, तोड़फोड़, शोर-शराबे और गतिरोध का पर्याय बनती जा रही है। हाल ही में संपन्न मानसून सत्र इसकी बानगी था, जो आरंभ से अंत तक त्रासद हंगामे की भेंट चढ़ गया। यह सत्र बेहद निराशा एवं अफसोसजनक रहा, क्योंकि सरकार और विपक्ष में टकराव उग्र से उग्रत्तर हुआ। राज्यसभा में केवल 41.15 घंटे और लोकसभा में 37 घंटे काम हुआ। संवाद एवं सौहाई की कमी दिखी, कई सवाल अधूरे रहे, जिनका जवाब देश जानना चाहता था। यहां दोनों पक्षों से ज्यादा समझदारी, सौहार्द और संतुलित नजरिये की अपेक्षा थी, लेकिन देशहित को दोनों पक्षों ने नेस्तनाबूद किया। यह स्थिति केवल दुखद ही नहीं बल्कि लोकतंत्र के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है।

लोकसभा के मानसून सत्र के लिए कुल 120 घंटे चर्चा के लिये निर्धारित थे, लेकिन कार्यवाही मात्र 37 घंटे ही चल पाई। यानी 70 प्रतिशत से अधिक समय लोकसभा में और 61 प्रतिशत से ज्यादा समय राज्यसभा में हंगामे और शोर-शराबे की भेंट चढ़ गया। संसद में बिताया गया प्रत्येक घंटा जनता के करोड़ों रुपये की कमाई से संचालित होता है। जब वही समय व्यर्थ हो जाए तो यह सीधे-सीधे जनता के साथ अन्याय है। गुजरात के एक निर्दलीय सांसद ने यह प्रश्न उठाया भी कि जो सांसद हंगामा कर सदन को ठप कर देते हैं, क्या वे जनता के धन की बरबादी की भरपाई करेंगे? यह प्रश्न केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी गंभीरता की कसौटी भी है। काम कम, हंगामा अधिक-आखिर हमारे राजनीतिक दल एवं जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की मर्यादा एवं आदर्श को तार-तार करने पर क्यों तुले हैं? कैसी विडम्बना है कि लोकसभा की कार्यवाही के लिए 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे और इनमें से महज 55 का मौखिक उत्तर मिल सका।

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है और आवश्यक भी। विपक्ष का काम ही है सवाल उठाना, सत्ता को जवाबदेह बनाना। लेकिन यह काम हंगामे, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करने से नहीं हो सकता। संसद संवाद का मंच है, न कि संघर्ष का अखाड़ा। दुर्भाग्य यह है कि आज बहस और तर्क की जगह हंगामे और टकराव ने ले ली है। इससे न तो जनता की समस्याओं पर गंभीर विमर्श हो पाता है और न ही संसद की गरिमा सुरक्षित रह पाती है। सत्र शुरू होने के पहले कार्य मंत्रणा समिति में सरकार और विपक्ष के बीच कुछ मुद्दों पर चर्चा की सहमति बनी थी। लेकिन, सत्र शुरू होने के साथ ही उसे भुला दिया गया। संसदीय परंपरा में विरोध भी अधिकार है, लेकिन इसकी वजह से सदन की गरिमा और उसके कामकाज पर असर पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिन्ताजनक है।

भारत का हर नागरिक संसद से अपेक्षा करता है कि वहां उसकी समस्याओं पर चर्चा होगी-बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे मुद्दे प्राथमिकता पाएंगे। लेकिन जब टीवी स्क्रीन पर वह अपने प्रतिनिधियों को मेज थपथपाते, नारे लगाते और वेल में जाकर हंगामा करते देखता है तो उसका विश्वास टूटता है और मन आहत होता है। उसे लगता है कि जिन नेताओं को उसने वोट देकर भेजा था, वे उसके हितों की बजाय केवल राजनीति का खेल खेल रहे हैं। यही कारण है कि आज लोकतंत्र के प्रति आम नागरिक का मोहभंग बढ़ रहा है। वैसे भी यह मानसून सत्र ऐसे वक्त हो रहा था, जब भारत नई चुनौतियों से गुजर रहा है। विदेश और आर्थिक, दोनों मोर्चों पर हालात तेजी से करवट ले रहे हैं। ऐसे में और भी अहम हो जाता है कि संसद में इस पर सार्थक चर्चा होती और वाद-विवाद से रास्ता निकाला जाता। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन-एसआईआर और ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल बचे रह गए। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के सजा की स्थिति-यानी जेल में होने पर पद से हटाने वाले संविधान संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखी।

संसद में हंगामे की प्रवृत्ति में केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि सत्ता पक्ष भी अक्सर इसमें बराबर का भागीदार होता है। जब कोई दल विपक्ष में होता है तो वह विरोध के लिए हरसंभव कदम उठाता है, और जब वही दल सत्ता में आता है तो संसद की गरिमा की दुहाई देने लगता है। यह दोहरा रवैया लोकतंत्र को कमजोर करता है। संसद को सुचारुरूप से चलाना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि विपक्ष की भी जिम्मेदारी है। दोनों पक्षों को यह समझना होगा कि वे जनता के सेवक हैं, और जनता उनके कामकाज पर पैनी नजर रखती है। संसद में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए कठोर नियमों की आवश्यकता है। यदि कोई सांसद बार-बार हंगामा करता है, सदन की कार्यवाही बाधित करता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। आर्थिक दंड एक प्रभावी उपाय हो सकता है। जिस प्रकार एक कर्मचारी को कार्यालय में अनुशासन भंग करने पर वेतन काटा जाता है, उसी प्रकार सांसद का भत्ता और सुविधाएं भी रोकी जानी चाहिए। तभी उन्हें यह समझ आएगा कि संसद खेल का मैदान नहीं बल्कि देशहित का पवित्र मंच है।

कई बार सांसद यह तर्क देते हैं कि यदि उनकी आवाज संसद में नहीं सुनी जाती तो वे मजबूर होकर हंगामा करते हैं। लेकिन यह तर्क स्वीकार्य नहीं है। संसद में बोलने के लिए पर्याप्त अवसर मिलते हैं, शून्यकाल, प्रश्नकाल, विशेष उल्लेख, स्थायी समितियाँ-ये सभी मंच सांसदों को मुद्दे उठाने का अवसर देते हैं। यदि इन मंचों का सही उपयोग हो तो हंगामे की कोई आवश्यकता नहीं रहती। स?क की राजनीति और संसद की राजनीति में अंतर होना चाहिए। यदि संसद भी सड़क जैसी दिखने लगे तो लोकतंत्र की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। अब समय आ गया है कि जनता अपने सांसदों से सवाल पूछे। मतदाता केवल जाति, धर्म या दल देखकर वोट न दें, बल्कि यह भी देखें कि उनका प्रतिनिधि संसद में कितना समय उपस्थित रहता है, कितनी बार बोलता है, कितने प्रश्न पूछता है और कितनी गंभीरता से बहस में भाग लेता है। चुनाव आयोग और मीडिया को भी यह आँकड़े मतदाताओं तक पहुंचाने चाहिए। जब मतदाता यह तय करने लगेंगे कि उनका वोट केवल उन नेताओं को जाएगा जो संसद में गंभीरता से काम करते हैं, तभी यह प्रवृत्ति बदलेगी।

लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान या संस्थाओं से नहीं, बल्कि उन लोगों से होती है जो उन्हें संचालित करते हैं। यदि सांसद ही अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे तो लोकतंत्र खोखला हो जाएगा। आज आवश्यकता है कि सभी राजनीतिक दल एक साथ बैठकर यह संकल्प लें कि चाहे सत्ता में हों या विपक्ष में, वे संसद की गरिमा को आंच नहीं आने देंगे। असहमति और संघर्ष लोकतंत्र का हिस्सा हैं, परंतु वह असहमति तर्क और संवाद से होनी चाहिए, हंगामे और अव्यवस्था से नहीं। संसद में हंगामे की प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है।

यह जनता की गाढ़ी कमाई की बरबादी है और उनकी उम्मीदों का अपमान भी। यह संसाधनों की बर्बादी एवं जनविश्वास का हनन है। चिंताजनक बात यह है कि संसदीय कार्यवाही का ऐसा अंजाम अब आम हो चुका है। पिछले शीत सत्र में ही लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हुए थे। संसद सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन जब काम नहीं करता, तो जनता की गाढ़ी कमाई के इन रुपयों के साथ देश का बेहद कीमती समय भी जाया हो जाता है। संसद में केवल वही बहसें होनी चाहिए जो देश के भविष्य को दिशा दें, समस्याओं का समाधान निकालें और नीतियों को प्रभावी बनाएँ। यदि संसद ही शोरगुल और हंगामे का अखाड़ा बन जाए तो लोकतंत्र का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। विरोध भी जरूरी है, पर मुद्दों पर और सकारात्मक उद्देश्य के साथ।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### अजित गुट ने अलग संसदीय पार्टी के रूप में मान्यता मांगी

नई दिल्ली। अजित सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल के अलग हुए 20 असंतुष्ट सांसदों के गुट ने लोकसभा अध्यक्ष से मांग की है कि उन्हें अलग संसदीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जाए। अजित गुट ने यह मांग लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल को कल शाम लिखे पत्र में की। जिसकी पत्रकारों को सरकारी तौर पर आज जानकारी दी गई। असंतुष्टों ने यह पत्र लोकसभा अध्यक्ष के पत्र के जवाब में लिखा है। पत्र में तर्क है कि जद संसदीय पार्टी में इस माह 7 तारीख को उस समय विभाजन हुआ, जब अध्यक्ष को पार्टी के 14 सांसदों से नोटिस प्राप्त हुआ। गुट का दावा है कि उसे लोकसभा में जद की संसदीय पार्टी के एक तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त है।

### आत्महत्या की दो घटनाओं में युवक मरा, महिला गंभीर

चंडीगढ़। दो विभिन्न घटनाओं में एक युवक व एक प्रौढ़ महिला द्वारा जहर खाने का समाचार ज्ञात हुआ है। युवक तो दम तोड़ गया जबकि प्रौढ़ा की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रामदरबार फेज-एक निवासी हरिओम नामक युवक ने गत रात जहर खा लिया। सूत्रों के मुताबिक घर के सदस्यों को इस बात का उस समय पता चला, जब रात 12 बजे के करीब उसकी तबियत बिगड़ने लगी। उसे तुरन्त स्थानीय अस्पताल में ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां आज सुबह उसकी मृत्यु हो गई। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1833 - ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया।
1842 - ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये।
1914 - न्यूजीलैंड सैनिकों ने जर्मन समोआ पर कब्जा किया।
1916 - अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की-फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता।
1932 - नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन।
1941 - रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की।
1945 - ब्रिटिश ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया।
1957 - कांग्रेस ने नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया।
1974 - चौधरी चरण सिंह की अध्यक्षता में लोकदल पार्टी स्थापना।
1987 - कर्नल राबुका ने फिजी को गणराज्य घोषित किया।
1996 - आर्कटिक द्वीप के स्पिट्सबर्गेन की पहाड़ी में वनुकोवो एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 141 लोगों की मौत।
1998 - पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित।
1999 - बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान टाइगर सिद्दीकी के नाम से मशहूर सांसद कादिर सिद्दीकी ने संसद की सदस्यता से इस्तीफ़ा दिया।
2000 - न्यूयार्क में चार दिवसीय विश्व शांति शिखर सम्मेलन शुरू।
2001 - पश्चिम एशिया में पुन- हिंसा भड़की, तीन फिलिस्तीनी मरे; जापान के 'एच-2 ए' रॉकेट का सफल प्रक्षेपण।
2002 - पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ का नामांकन पत्र स्वीकार किया।
2003 - कोलंबिया अंतरिक्ष यान हादसे के लिए नासा की त्रुटिपूर्ण कार्य-संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया गया।
2004 - एथेंस ओलम्पिक का समापन।
2008 - तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बवाल से क्षुब्ध होकर टाटा मोटर्स ने सिंगुर में नैनो परियोजना स्थल से अपने कर्मचारी हटाए।
2012 - चीन में सिचुआन प्रांत के शियाओजियावान कोयला खदान में हुए विस्फोट से कम से कम 26 चीनी श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि 21 लापता हो गये।

## बोल ब्यूटीफुल



**पल्लवी घोष:** किसी से अपका कड़ा राजनीतिक विरोध हो सकता है, लेकिन तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए व्यक्ति को गुब्बारा कहते हुए खारिज करने से कांग्रेस का कोई भला नहीं होने वाला।

**यशवंत देखमुख:** बिहार में 20 लाख मतदाताओं को मौत हो गई, जबकि 30 लाख लोग स्थायी रूप से कही और जाकर बस गए। इसमें अगर उन लोगों को भी जोड़ लिया जाए, जिनका नाम एक से अधिक स्थान पर मतदाता के रूप में दर्ज है तो इस तरह समग्र मतदाता सूची में करीब 10 प्रतिशत की कमी दर्ज हो सकती है।

**अशोक श्रीवास्तव:** जिन अटल जी ने झारखंड राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाई, उसी राज्य में अटल मोहल्ला क्लीनिक का नामकरण मदर टेरेसा के नाम कर दिया।

# मोदी सरकार की जनहित की शानदार पहल ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर सख्त कानून

देश में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मैट्रो रेल स्टेशन, एयरपोर्ट, हाइवे, सड़क, हवाई जहाज, रेल, मैट्रो रेल, बस आदि में 'पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं' जैसी टैग लाइन के साथ भ्रमित करने वाले ऑनलाइन गेमिंग ऐप का प्रचार चर्चित चहरों के साथ बड़े पैमाने पर होता नज़र आता है। इन चर्चित चेहरों के प्रमोशन करने के चलते देश में करोड़ों लोग ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही सट्टेबाजी, ठगी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर के अपने जीवन भर की कमाई गंवाकर मानसिक तनाव में आकर के अनमोल जीवन तक को समाप्त करने का कार्य कर रहे थे, लेकिन मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की नकेल कसने का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि ऑनलाइन गेम की मुख्य रूप से दो कैटेगरी मानी जाती है, पहली कैटेगरी में ई-स्पोर्ट्स जिसमें गेम खेलने के लिए किसी भी प्रकार से पैसों का आदान-प्रदान नहीं किया जाता है व दूसरी कैटेगरी में रियल मनी गेम्स में पैसों का लेन-देन होता है, दूसरी कैटेगरी पर ही मोदी सरकार ने अंकुश लगाया है। देश में इंटरनेट की सुलभता से पहुंच होने के चलते ऑनलाइन गेमिंग ऐप का आलम यह हो गया था कि देश के दूरदराज के गांवों से लेकर कस्बों शहरों तक में भी यह लोगों को घर बैठे-बैठे हुए ही सट्टेबाजी करने के लिए प्रेरित करने लगा है, घर की चौपाल से लेकर के गली, मोहल्ले, नुक्कड़ हर तरफ ऑनलाइन गेमिंग ऐप की चर्चा सुनना अब आम बात हो गयी थी।

लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की इस गंभीर चुनौती को समय रहते समझने का कार्य करते हुए, 19 अगस्त 2025 को देश के घर-घर में छोटे व बड़े-बूढ़े तक के बीच में भी अपनी पैठ बना चुके ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर नियंत्रण लगाने के लिए एक कानून 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025' को कैबिनेट में पारित करवाने का कार्य करते हुए, 20 अगस्त 2025 को चंद मिनटों में ही ध्वनि मत से देश दोनों सर्वोच्च सदनों से पास करवाया। हालांकि देश के कुछ लोगों को इस कानून से कोई भी फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन जिन लोगों के घर ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही पैसों की सट्टेबाजी के चलते बर्बादी के कगार पर आकर खड़े हो गये हैं, इस सख्त कानून से उन लोगों के बिखरते घर-बार व कारोबार बच जायेंगे। साथ ही जो परिवार इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के नाम पर चल रही सट्टेबाजी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर धन-दौलत यहां तक की परिजनों को भी खो चुकें हैं, उन परिजनों को भी संतोष मिलेगा की अब भविष्य में उनकी तरह किसी का घर-परिवार तबाह नहीं होगा।



वैसे तो देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप का बहुत बड़ा कारोबार है, देश में इसके ग्राहक छोटे-छोटे बच्चों से लेकर के बड़े-बुजुर्ग तक भी हैं, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले अपने मोबाइल फोन में इन ऑनलाइन गेमिंग के विभिन्न ऐप डाउनलोड करके ऑनलाइन गेम खेलते हुए इनकी भयंकर लत व मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे हैं। वहीं इन गेम के प्लेटफार्मों पर खुल्लमखुल्ला 'पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं' जैसी आकृषित करने वाली टैग लाइन के साथ सट्टेबाजी चल रही है, इन प्लेटफार्मों पर लोग कमाई के झांसें में आकर के जीवन भर की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवाने का काम कर रहे थे। साथ ही देश में जिस तरह से साइबर फ्राड की घटनाएं ऑनलाइन गेमिंग ऐप के सहारे आये-दिन घटित हो रही हैं, वह चिंतित करने वाली स्थिति है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी सरकार की ऑनलाइन गेमिंग के इस कारोबार पर पैनी नज़र बनी हुई थी। उसी कड़ी में वर्षों पहले ही मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों की किसी भी प्रकार की ट्रांजेक्शन पर 1 अक्टूबर 2023 में 28 प्रतिशत और वर्ष 2024-2025 में जीती गयी धनराशि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लागू कर दिया था, जिससे सरकार को लगभग 20 हज़ार करोड़ रुपए सालाना की भारी-भरकम धनराशि जीएसटी के रूप में मिल रही थी। ऑनलाइन गेमिंग के पिछले कुछ वर्षों में लगभग 400 स्टार्टअप भारत में शुरू हुए हैं, वहीं लगभग 25 हजार करोड़ निवेश हुए हैं। लेकिन मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने खुलासा किया था कि भारतीय हर वर्ष लगभग 1 लाख 20 हज़ार करोड़ रुपए भारी-भरकम धनराशि इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के चक्कर में खर्च कर रहे हैं, जो बेहद ही चौंकाने वाली व चिंताजनक स्थिति है। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया था कि ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में हर वर्ष 45 करोड़ भारतीय 20 हज़ार करोड़ रुपए गंवा देते हैं। वहीं देश में साइबर सुरक्षा पर पैनी नज़र रखने वाली एजेंसियों ने भी इन ऑनलाइन गेमिंग के प्लेटफॉर्मों पर सख्ती कर रखी थी, इन एजेंसियों ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप की आड़ में साइबर फ्राड करने वाले हजारों ऐप को बैन तक करके लोगों को ठगी से बचाने का कार्य किया है, अकेले वर्ष 2022 में ही सरकार ने 1400 से ज्यादा वेबसाइट को ब्लॉक किया था। लेकिन सरकार की लाख सख्ती के बावजूद भी ऑनलाइन गेमिंग ऐप वाले लोगों की जेब से पैसा निकालने की कुछ ना कुछ नयी तिकड़म बैठाकर के लोगों को चूना लगाने में कामयाब हो ही जाते थे।

जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लोगों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले ऑनलाइन मनी गेमिंग ऐप की लूट-खसोट पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाने की शुरुआत की, नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 19 अगस्त 2025 को 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025' को मंजूरी देते हुए अगले दिन ही 20 अगस्त 2025 को लोकसभा व राज्यसभा में पास करवा कर के, इस विधेयक को महामहिम राष्ट्रपति से हरी झंडी मिलने की मंजूरी के लिए भेज दिया, जहां पर इस विधेयक को 22 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी की मोहर लगने का बाद यह कानून देश में लागू हो गया है। इस नये कानून के अनुसार ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों के लेन-देन वाली ट्रांजैक्शन देश में पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अब देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप में रुपए-पैसों का लेन-देन उपलब्ध करने वाले लोगों को तीन वर्ष तक की कड़ी सजा और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना भुगतान होगा। वहीं जिस तरह से ऑनलाइन गेमिंग ऐप भोले-भाले लोगों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए आये-दिन खेल जगत के चर्चित चहरों व विभिन्न सेलिब्रिटी का सहारा लेने का कार्य करते थे, उस पर भी दो वर्ष की सजा और 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान होने से ऑनलाइन गेमिंग के प्रोमोशन पर अंकुश लगेगा। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर बनाये प्रावधानों में यह साफ कर दिया है कि यह एक सामाजिक बुराई है, जिस पर केंद्र सरकार पूरी तरह से अंकुश लगाना चाहती है। वैसे ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मुद्दे पर पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी यह मानता था कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई बन चुकी है, तब ही यह विधेयक लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों में महज 26 मिनट में पास हो गया।

हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विधेयक का समर्थन करते हुए कहा था कि यह कानून देश में ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देगा, लेकिन उन ऑनलाइन गेमिंग ऐप को रोक देगा, जिनका सीधा असर लोगों की आर्थिक स्थिति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कानून को समाज को हानिकारक प्रवृत्तियों से बचाने की दिशा में बड़ा कदम बताया।

हालांकि नये कानून के बाद देश में ऑनलाइन गेमिंग का कार्य करने वाले बहुत सारे प्लेटफार्मों ने रुपए-पैसे के लेन-देन बंद करने की घोषणा कर दी है, जो ऑनलाइन गेमिंग ऐप की दुनिया में व आम जनमानस के हित में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

# सामूहिक प्रयासों से ही सड़क हादसों पर लगाम संभव : डीसी

घायलों की मदद करने वालों को मिलेगी 25 हजार प्रोत्साहन राशि

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 28 अगस्त।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक वीरवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सड़क हादसों की रोकथाम व सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी विभागों, संस्थाओं व नागरिकों को मिलकर इसे प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### जागरूकता और सुरक्षा पर विशेष जोर

उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित बैठकें आयोजित करें और एक समग्र सड़क सुरक्षा योजना तैयार करें। इस योजना में वर्तमान स्थिति, मुख्य समस्याएं, अब तक हुए सुधार और भविष्य की कार्ययोजना स्पष्ट रूप से अंकित हो। उन्होंने स्कूल बसों की नियमित जांच और स्कूलों में सड़क सुरक्षा शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि जिले में दुर्घटना संभावित स्थानों (ब्लैक स्पॉट्स) की पहचान कर उन्हें सुधारना जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं के कारणों की तहकीकात कर यदि सड़क की खामियां सामने आती हैं, तो उन्हें त्वरित रूप से ठीक किया जाए और आवश्यक साइनेज लगाए जाएं।

जिला प्रशासन ने सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल की है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को जिला प्रशासन 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से तत्काल उपलब्ध कराएगा। उन्होंने एसडीएम को ऐसे मामलों में तुरंत अनुशंसा भेजने को कहा। इस पहल का उद्देश्य लोगों को मानवता की भावना से आगे आकर घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए प्रेरित करना है।

### नेशनल हाईवे से मिलने वाले सम्पर्क मार्गों पर लगाएं चेतावनी बोर्ड

डीसी ने जिले में प्रमुख स्थलों पर साइनेज, स्पीड ब्रेकर, उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे तथा चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगाने के लिए व्यापक सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही, नेशनल हाईवे से मिलने वाले सम्पर्क मार्गों पर भी चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने ओवर स्पीड वाले स्थलों पर ट्रैफिक बल की तैनाती व सीसीटीवी लगाने पर भी बल दिया।

### बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में एसपी ऊना अमित यादव, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, संयुक्त आयुक्त नगर परिषद ऊना मनोज कुमार, जिला कल्याण अधिकारी आवास पंडित, उप निदेशक कृषि कुलभूषण धीमान, आरटीओ ऊना अशोक कुमार, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी कुलदीप सिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक आयोजित, नशे की रोकथाम को लेकर लिए ठोस निर्णय

स्कूल एवं कॉलेजों का नियमित दौरा करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना, 28 अगस्त।** जिले में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के मकसद से जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति (एनकॉर्ड) की बैठक गुरुवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव, उपमंडलाधिकारी, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान नशा नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए केवल आपूर्ति को रोकना ही नहीं, बल्कि मांग को भी कम करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए बहुआयामी प्रयास किए जाने होंगे जिसमें जन-जागरूकता और पुनर्वास को एक साथ जोड़ा जाए।

उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें आबंटित किए गए स्कूलों और कॉलेजों का हर माह कम से कम दो बार दौरा करें। इन दौरों के दौरान वे छात्रों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों, एनडीपीएस अधिनियम के कानूनी प्रावधानों तथा स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करेंगे।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को युवाओं में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। इससे नशे की ओर झुकाव को रोका जा सकेगा। साथ ही जिला में संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि इन केंद्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा पुनर्वास सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त ने जिले में कार्यरत दवा विक्रेताओं की नियमित जांच करने को कहा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी नशीली दवा अवैध रूप से न बेची जा रही हो। उपायुक्त जतिन लाल ने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ इस लड़ाई को केवल प्रशासनिक दायरे तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग विशेष रूप से युवाओं, शिक्षकों, अभिभावकों और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करें।

पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने कहा कि पुलिस विभाग और जिला प्रशासन ऊना जिला को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सभी आवश्यक कदम सख्ती से उठाए जाएंगे और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### डिग्री कॉलेज सोलन में निर्वाचन साक्षरता क्लब की बैठक सम्पन्न



**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में आज निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) की बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 90 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने की। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को लोकतंत्र की मजबूती हेतु मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'युवा वर्ग ही लोकतंत्र की असली ताकत है, इसलिए हर छात्र को मतदान के अधिकार का सही उपयोग करना चाहिए।' इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. बी.एन. कमल, डॉ. प्रियंका मुल्तानी तथा डॉ. भारती गुप्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें सक्रिय नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। बैठक में निर्वाचन साक्षरता क्लब के महाविद्यालय एम्बेसडर भी चुने गए। इसमें बालकों की ओर से बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र हिमांशु गेजटा तथा बालिकाओं की ओर से बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा दामिनी को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मतदान के महत्व पर विचार व्यक्त किए और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### एल आर में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** जिला विधिक सेवाएँ प्राधिकरण (डीएलएसए) सोलन के सहयोग से एल.आर. इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़, सोलन में आज एक एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्याम लाल कश्यप, उप मुख्य विधिक सहायता रक्षा वकील, सोलन ने विशिष्ट वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को विधिक जागरूकता, निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता तथा समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने में डीएलएसए की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। संस्थान की छात्रा चंचल ने सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए विधिक सहायता के सामान्य पहलुओं पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया। वहीं छात्रा खुशी ने प्रश्न पूछकर सत्र को और अधिक संवादात्मक बनाया। डॉ. आर.पी. नैन्टा, प्राचार्य, एल.आर. इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़, ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विधि छात्रों को समाज में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन जानवी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विधिक संस्थानों और छात्रों के बीच निरंतर संवाद को न्याय और समानता की दिशा में अत्यंत आवश्यक बताया गया।

### अंब में 29 अगस्त को लगेगा वित्तीय समावेशन शिविर

**ऊना (अप्रस/रोहित शर्मा)।** ऊना जिले के अंब में 29 अगस्त को एक दिवसीय वित्तीय समावेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 2 बजे बीडीओ कार्यालय हाल, अंब में होगा, जिसमें अंब ब्लॉक की निकटवर्ती ग्राम पंचायतों के लोग भाग लेंगे। मुख्य जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक एस. के. सक्सेना ने बताया कि शिविर में वित्तीय समावेशन, पुनः-केवाईसी तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय के निर्देशों और उपायुक्त ऊना के आदेशों के तहत जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसीक्रम में अंब में यह मेगा शिविर लगाया जा रहा है। शिविर की अध्यक्षता भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक करेंगे, साथ ही इसमें विभिन्न बैंकों व विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। श्री सक्सेना ने सभी संबंधित विभागों, हितधारकों और आम जनता से शिविर में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है।

### बैंक उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता शिविर आज

**सोलन (अप्रस/यशपाल कपूर)।** सोलन ज़िला के विभिन्न बैंक के उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 29 अगस्त, 2025 को जन सुरक्षा योजना तथा पुनः केवाईसी के विषय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सोलन ज़िला के लीड बैंक यूको बैंक की ज़िला प्रबंधक तमन्ना मोदगिल ने दी। तमन्ना मोदगिल ने कहा कि यह शिविर 29 अगस्त, 2025 को दोपहर 12.00 बजे ज़िला परिषद के सभागार सोलन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में केन्द्रीय वित्तीय सेवाएं विभाग के निदेशक विवेक गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए नामांकन भेजें संबंधित विभाग

ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाएंगे

पुरस्कार योजना से संबंधित अधिसूचना सभी विभागों को प्रेषित कर दी गई हैं : एडीसी



अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर 28 अगस्त।** एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने वर्ष 2025 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों हेतु सभी आवश्यक औपचारिकताओं के साथ ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

एडीसी ने बताया कि लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकारों के जिलों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पुरस्कारों की पहली श्रेणी में 11 प्राथमिकता क्षेत्र कार्यक्रमों के अंतर्गत जिलों के समग्र विकास का आकलन किया जाएगा और इसके अंतर्गत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके आकलन की अवधि 1 अप्रैल 2022 से 30 सितंबर 2025 तक होगी।

दूसरी श्रेणी में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत 5 पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें 01 अप्रैल 2023 से 30 सितंबर 2025 तक की उपलब्धियों का आकलन किया जाएगा।

तीसरी श्रेणी में केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों, राज्यों और जिलों को नवाचार के लिए 6 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके आकलन की अवधि भी 01 अप्रैल 2023 से 30 सितंबर 2025 तक की रहेगी।

अभिषेक गर्ग ने बताया कि पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और नामांकन प्रस्तुत करने हेतु वेब पोर्टल औपचारिक रूप से 2 अक्टूबर से शुरू किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग श्रेणियों में प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए आवेदन हेतु सभी औपचारिकताएं पूरी करने और फील्ड से डाटा एकत्रित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के कई मानकों में जिला हमीरपुर को देश के अग्रणी जिलों में जाना जाता है। इसलिए, विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार के लिए आवेदन हेतु सभी संबंधित अधिकारी तत्परता के साथ कार्य करें।

एडीसी ने बताया कि पुरस्कार योजना से संबंधित अधिसूचना सभी विभागों को प्रेषित कर दी गई हैं।

# 'नेत्रदान कीजिए, ताकि आपकी आंखों से कोई देख

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 28 अगस्त।** नेत्रदान पखवाड़े के उपलक्ष्य पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी के निर्देशानुसार वीरवार को यहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने की।

इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आंखों के बारे में विशेष सावधानियां बरतने की अपील की तथा नेत्रदान करने की शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम के दौरान जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने नेत्रदान पखवाड़े के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कॉर्निया संबंधी अंधता को कॉर्निया प्रत्यारोपण से ठीक किया जा सकता है। इसलिए, हम सबको नेत्रदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत में लाखों लोग नेत्रहीन हैं। इसके अलावा विभिन्न कारणों से हर वर्ष 25 से 30 हजार लोग अपनी आंखों की रोशनी गवा देते हैं। हमारे द्वारा किया गया नेत्रदान किसी नेत्रहीन व्यक्ति के जीवन में रोशनी ला सकता है। बीरबल वर्मा ने बताया कि किसी भी उम्र का व्यक्ति चाहे नजर का चश्मा लगा हो या आंखों का आपरेशन करवाया हो या दैहिक रोग से पीड़ित हो, सभी अपनी आंखें दान कर सकते हैं। इसमें कोई खर्चा नहीं आता है। यह एक निशुल्क सेवा है।

# बिलासपुर में पहला नशा मुक्ति केंद्र जल्द होगा शुरू, 90 प्रतिशत कार्य पूरा

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 28 अगस्त।** जिला मुख्यालय के बचत भवन में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने की। उपायुक्त ने बताया कि जिले में पहले नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की दिशा में लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। भवन की मरम्मत, स्टाफ की उपलब्धता, बजट प्रावधान और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि इस केंद्र के लिए स्वारघाट में वन विभाग के अंतर्गत मिड हिमाइलन वॉटर शेड प्रोजेक्ट के तहत निर्मित भवन का चयन किया गया है। यह भवन प्रोजेक्ट समाप्त होने के बाद कई वर्षों से उपयोग में नहीं था, जिसे अब नये स्वरूप में नशा मुक्ति केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

नशा मुक्ति केंद्र 15 बेड का होगा और इसे केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सभी मानकों के अनुरूप संचालित किया जाएगा। इसमें मरीजों के लिए आठ कमरे, डॉक्टर रूम और अटेंडेंट रूम सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। भवन का कुल क्षेत्रफल 2304.56 वर्ग फुट है, जबकि न्यूनतम शर्त 2000 वर्ग फुट की है।

केंद्र के संचालन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ रेडक्रॉस और अदानी फाउंडेशन के प्रतिनिधि सदस्य होंगे। यह केंद्र पीपीपी मॉडल पर चलेगा और अदानी फाउंडेशन इसमें सहयोग करेगा।

उपायुक्त ने कहा कि यह नशा मुक्ति केंद्र नशे की लत से जूझ रहे लोगों को उपचार, परामर्श और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध करवाएगा। इसके माध्यम से प्रभावित लोग आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में लौट सकेंगे और एक स्वस्थ व संतुलित जीवन जी पाएंगे।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बिलासपुर जिला सीमावर्ती क्षेत्र है और यहां से होकर गुजरने वाला फोरलेन सीधे कुल्लू-मनाली की ओर जाता है। इस वजह से नशीले पदार्थों की तस्करी में वृद्धि देखी गई है। इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना को अत्यंत आवश्यक कदम माना गया है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिली प्रदेश पदाधिकारी

संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला, 28 अगस्त।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल, सचिव सुमित शर्मा, डॉ संजय ठाकुर, तिलकराज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष से दिल्ली कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान संगठन और संगठनात्मक कार्य को लेकर चर्चा भी हुई।

संजीव कटवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले महीने 17 सितंबर को 75वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी हर साल की तरह इस बार भी सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी।

भाजपा ने इसके लिए खासी तैयारी भी की है, हमारी पार्टी देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा कार्य चलाएगी। साथ ही पार्टी देशभर के 70 से अधिक शहरों में मोदी विकास मैराथन का आयोजन करेगी, इसके अलावा ग्रामीण अंचल में सांसद खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन करेगी।

उन्होंने बताया कि भाजपा हर साल पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती रही है, इस दौरान पार्टी प्रदेश भर के अलग-अलग हिस्सों में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान, 1000 जगहों पर ब्लड डोनेशन कैंप, एक पेड़ मां के नाम, वोकल फॉर लोकल, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करेगी। इन सभी कार्यक्रमों को जिला, मंडल स्तर और बूथ स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश का संगठन मजबूत और सुदृढ़ है। पहले हिमाचल प्रदेश में 8 लाख प्राथमिक सदस्य हुआ करते थे आज 18 लाख है, हम विकसित भारत का संकल्प लेते हुए मेरा बूथ सबसे मजबूत के लक्ष्य को लेकर काम करेंगे और बूथपर अधिकतम समय देने का काम करेंगे।

# राजकीय महाविद्यालय सोलन में उद्यमिता विकास कार्यक्रम एवं कार्यशाला का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 28 अगस्त।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल तथा राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, जो भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत है, के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक उद्यमिता विकास कार्यक्रम एवं कार्यशाला का शुभारंभ आज किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने किया। प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान युग कौशल विकास का युग है और विद्यार्थियों को अधिक से अधिक स्किल बेस्ड शिक्षा अर्जित करनी चाहिए, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़े और वे भविष्य में उसका समुचित प्रयोग कर सकें। करियर काउंसलिंग सेल के संयोजक डॉ. चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नौ दिवसीय कार्यशाला राजकीय महाविद्यालय सोलन में आयोजित की जा रही है, जिसमें महाविद्यालय के 60 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विद्यार्थी प्रतिदिन सौर ऊर्जा निर्माण, उसके लाभों तथा विभिन्न अन्य उद्यमशील गतिविधियों के बारे में सीखेंगे। इस अवसर पर करियर काउंसलिंग सेल के सदस्य डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. अनिल ठाकुर, डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, प्रो. अंकुर सूद, प्रो. वीरेंद्र गर्ग सहित अन्य शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग भी उपस्थित रहे।

# बिलासपुर में तीन दिवसीय वॉटर स्पोर्ट्स महोत्सव का होगा : डीसी

आयोजन, गोविंद सागर झील और कोल डैम में गूंजेंगी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की धूम

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 28 अगस्त।** जिला बिलासपुर में पर्यटन को नई पहचान देने और जलक्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष तीन दिवसीय वॉटर स्पोर्ट्स महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव आगामी 10 से 12 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित होगा, जिसमें देशभर से प्रसिद्ध खिलाड़ी और पर्यटक भाग लेंगे।

इस संबंध में जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयोजन को सफल बनाने के लिए महोत्सव के स्वरूप, आयोजन स्थलों, बजट और विभिन्न समितियों के गठन पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बताया कि यह आयोजन पर्यटन, खेल, व्यापार और रोज़गार सृजन सोसाइटी के तत्वावधान में किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर की ड्रैगन नाव दौड़, कायकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताएँ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगी। साथ ही अन्य रोचक जलक्रीड़ा गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे यह महोत्सव पर्यटकों के लिए अविस्मरणीय अनुभव बने और भविष्य में बिलासपुर को जलक्रीड़ाओं के स्थायी केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि कायकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताएँ कोल डैम में तथा ड्रैगन बोट रेसिंग गोविंद सागर झील में लुहनू मैदान से मंडी भराड़ी पुल के बीच आयोजित की जाएँगी। इन प्रतियोगिताओं से प्रतिभागियों और दर्शकों को रोमांचक अनुभव मिलेगा और जिला जलक्रीड़ा गतिविधियों का नया केंद्र बनकर उभरेगा।

उपायुक्त ने कहा कि गोविंद सागर झील का प्राकृतिक सौंदर्य और कोल डैम का विशाल जलक्षेत्र इस आयोजन को विशेष पहचान देंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोज़गार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ऐसे आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित कर रहा है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महोत्सव को आकर्षक नाम और प्रतीक चिन्ह (लोगो) दिया जाएगा। आयोजन की सफलता के लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा तथा विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा। साथ ही सिविल सोसाइटी, व्यापार मंडल और अन्य स्वैच्छिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह महोत्सव सामूहिक उत्सव का रूप ले सके।

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, विभिन्न विभागों के अधिकारी, गोविंद सागर जलक्रीड़ा संघ के अध्यक्ष हेमराज ठाकुर तथा हिमाचल जलक्रीड़ा सोसाइटी के राज्य महासचिव इशान अख्तर सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# भगवान शिव और मां पार्वती के संवाद की साक्षी है अमरनाथ गुफा

अमरनाथ यात्रा का नाम सुनते ही हमारे मन में बर्फ के बीच स्थित भगवान शिव की पवित्र गुफा उभर आती है। वहीं इस यात्रा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। कहा जाता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से इस यात्रा पर जाते हैं, उनकी हर मुराद पूरी होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। अमरनाथ यात्रा की यह गुफा जम्मू-कश्मीर के हिमालय में करीब 12,756 फीट की ऊंचाई पर मौजूद हैं।

बता दें कि हर साल सावन के महीने भगवान शिव के स्वयंभू हिमलिंग के दर्शन होते हैं। भक्त कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करके इस पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने जीवन को धन्य मानते हैं। बताया जाता है कि भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। तब यही गुफा भगवान शिव और मां पार्वती की संवाद की साक्षी बनी थी। इसलिए इस स्थान को अमरनाथ कहा जाता है। भगवान शिव में आस्था रखने वाले लोग जीवन में एक बार इस यात्रा को जरूर करना चाहते हैं,



जिससे उनके पाप मिट जाएं और मोक्ष मिल सके।

अमरनाथ गुफा की खोज को लेकर कई मत हैं। इतिहास के मुताबिक 1850 में बूटा मलिक नामक गड़रिए ने इस गुफा की खोज की थी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जब कश्मीर घाटी पानी में डूब गई थी और झील बन गई थी। तब ऋषि कश्यप ने प्राणियों की रक्षा के लिए इस जल को कई नदियों और छोटे-छोटे जल स्त्रोतों से आगे प्रवाहित करने का काम किया। इस दौरान ऋषि भृगु हिमालय यात्रा पर थे, इस दौरान उनको अमरनाथ गुफा और शिवलिंग दिखाई दिया। तब से ही अमरनाथ में भगवान शिव की पूजा की जाने लगी।

**महत्व:** धार्मिक पुराणों के मुताबिक अमरनाथ गुफा वह जगह है, जहां भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरकथा सुनाई थी। अमर कथा सुनने के बाद भी जो जीव जीवित रह जाता है, वह अमर हो जाता है। इसलिए भगवान शिव ने यहां आकर सब कुछ त्याग दिया था और फिर मां पार्वती को कथा सुनाई थी। बताया जाता है कि भगवान शिव ने अपना वाहन नंदी, नागों और गणों को भी दूर भेज दिया। जिससे कोई इस रहस्य को सुन न सके। लेकिन इस दौरान कबूतर के एक जोड़े ने इस कथा को सुन लिया और तभी से माना जाता है कि वह आज भी अमर हैं। इस कथा के कारण इस गुफा को अमरनाथ गुफा कहा जाता है।

**अमरनाथ यात्रा की इतिहास:** बता दें कि इस साल अमरनाथ यात्रा की शुरुआत 03 जुलाई से हो रही है और यह 31 अगस्त तक चलेगी। वहीं देशभर से हजारों की संख्या में भक्त इस पवित्र यात्रा में शामिल होते हैं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिससे कि यात्रा निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

# चंडीगढ़ में दशलक्षण पर्व का शुभारंभ, श्रद्धा व उत्साह के साथ हुआ प्रथम दिवस का आयोजन

**चंडीगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज, सेक्टर 27 बी, चंडीगढ़ द्वारा दशलक्षण पर्व का शुभारंभ आज प्रातः बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे सीनियर एडवोकेट शैलेन्द्र जैन द्वारा प्रथम अभिषेक के साथ किया गया। तत्पश्चात प्रथम शांति धारा अनिल जैन (सेक्टर 38) ने संपन्न की। द्वितीय शांति धारा रजनीश जैन (ढकोली) द्वारा सम्पन्न हुई।

समाज की महिलाओं द्वारा भव्य घट यात्रा एवं श्री जी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धर्मबहादुर जैन के सर पर विराजे भगवान् की छवि देखते ही बन रही थी।

इस अवसर पर दस दिवसीय दशलक्षण विधान का शुभारंभ हुआ, जो प्रतिदिन धार्मिक गरिमा एवं आस्था के साथ संपन्न होगा। विधान की विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारिणी लाब्धी दीदी (हिमानी दीदी) हैं, जिनके मार्गदर्शन में सभी धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। विधान का आरम्भ राजीव जैन सेक्टर 27, द्वारा झंडारोहण करके किया गया। आज के विधान में विशेष रूप से निम्न श्रद्धालुओं ने पात्र की भूमिका निभाई-सोधर्मेन्द्र-धर्मबहादुर जैन, शची इन्द्राणी- मेम लता जैन,यज्ञ नायक, अशोक जैन, कुबेर इन्द्र,






सुभाष जैन, आज का पूरा कार्यक्रम प्रातः 12.30 बजे सम्पन्न हुआ, जिसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक सात्विक भोजन ग्रहण किया।

चंडीगढ़ पंचकूला मोहाली व् जीरकपुर से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर समाज पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्ष, धर्मबहादुर जैन, उपाध्यक्ष, एडवोकेट आदर्श जैन, महामंत्री, संत कुमार जैन, कोषाध्यक्ष, राजा बहादुर सिंह जैन, सदस्यगण, करुण जैन, रमेश जैन, नीरज जैन, शरद जैन, विजय जैन, डॉक्टर सर्वेश जैन , इन्दरमल जैन , नितिन जैन। सांय काल में 6.30 बजे सामूहिक आरती की गयी , उसके बाद कौन बनेगा धर्मपति नाम की प्रतियोगिता हुई। इसके अतिरिक्त कई धार्मिक व मनोरंजक कार्यक्रम किये गए जोकि 9.30 बजे तक चले।

# जीवन निरंतर रहता है प्रक्रिया में : मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** अगर आपने व्यवहार पर ध्यान नही दिया तो यह भी हो सकता है की आप जीवन भर ठगे जाय । एक छोटा आदमी भी आपका अपमान कर सकता है या फिर आपको उचित मान नही देगा अगर आपकी यह धरना है की सब चलता है तो फिर आपने अपनी बुद्धि से नही सोचा आपका कोई विचार स्तर नही है जब अपना कोई विचार ही नही है तो विकास कैसे होगा सब चलता है इस सोच वाले कभी इधर कभी उधर होते रहते है ,हम अपने खिलाफ आवाज भी नही उठा सकते क्यों की आत्मबल होगा ही नही अच्छा और बुरा दोनों चलने में हम कही के नही रहते । हमारे वसूल ,विचार ,नियम ,सिद्धांत सब ख़तम हो जाते हैं । अगर हम कुछ करना चाहते है तो सब ठीक हो इसके लिए सब कुछ नही चला सकते कुछ अच्छा चलाना पड़ेगा तभी अच्छा होगा । अच्छा हो इसके लिए एक अच्छा रास्ता ,सफलता का रास्ता चुनना होगा सब चलता है इससे बहार आना होगा ,उदासीन सोच को बदलना होगा। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जीआलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा हम और अधिक सीखते जाते हैं, हमारे अनुभव बढ़ते हैं। आपने अनुभव किया होगा जब शुरू में एक छोटी से चोट बहुत तकलीफ दे जाती थी कुछ समय बाद वही चोट मामूली लगने लगती है क्योंकि तब तक हमारे पास और शक्ति आ जाती है । ईश्वर हमें रोज मौका देता है जीवन को उन्नत करने का बस यह हमारी बुद्धि पर निर्भर करता है की हम क्या चुनते हैं और कितना लाभ ले पाते हैं । जीवन निरंतर एक चुनाव की प्रक्रिया में रहता है यह सुनने में कुछ अजीब लगता है पर आप , पल -पल सोच कर देखे हमेशा हम एक चुनाव की प्रक्रिया से गुजरते हैं । बच्चो के निर्मल



स्वभाव सबको प्रिय लगते है कुछ बड़े होने पर उनको विशेष देख रेख की जरुरत होती है उनको तराशना पड़ता है प्रकार से ताकि एक कामयाब इंसान बन सके । गलती जान बूझ कर हो या अनजाने में उसकी सजा भोगनी पड़ती है ठीक उसी प्रकार जैसे अनजाने में पिया गया जहर भी अपना काम करता ही है । इसलिए कहा है कर्म फल पीछा नही छोड़ता हमारे मनीषियों ने श्रेष्ठ कर्म की बात कही है ताकि जीवन उन्नत हो । मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया मनुष्य के अन्दर एक ही अवगुण कभी -कभी उसके पतन का कारण बन जाता है । आज कल एक लफ्ज बहुत सुनने को मिलता है की -सब चलता है ,सब चलता है की धारणा कई समस्या को अनायास जन्म देती है और ग़लत करने में मददगार भी होती है, गलती के प्रति संकोच ख़तम कर देती है ,लोगों के प्रति आदर और अदब ख़तम कर देती है इस लिए यह सोचना बिल्कुल ग़लत है की सब चलता है ।

# महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे

इन्सान का यह भ्रम है कि मैं यदि जंगलों वीरानों में जाकर डेरे लगा लूं, परिवार से नाता तोड़ लूं, तो सबसे छुटकारा प्राप्त करके, मैं शान्त हो जाऊंगा। यहां तो मुझे क्रोध भी आता है, यहां तो लालच भी आ जाता है, चहां तो और कई विकार भी हावी हो जाती हैं, तो वहां सभी से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन यह ठीक नहीं। क्योंकि किसी महात्मा ने गृह त्याग का मार्ग नहीं बतलाया। हां गृहस्थ में रहते हुए भी आसक्ति का त्याग जरुर होना चाहिए।

गुरु साहिब अपने प्रचार यात्रा करते हुए जंगलों से गुजर रहे थे। वहां एक इंसान आंखे बन्द करके समाधि लगाए बैठा हुआ था। महात्मा उसके पास गये। जब वह समाधि से बाहर आया, आंखें खोली तो उससे पूछा कि 'आप यहां पर क्या कर रहे हैं?' वह कहने लगा कि 'मैं यहां प्रभु प्राप्ति के लिए सभी बंधनों को छोड़कर आया हूँ। जब मैं परिवार में था, तो सब विकार मुझे सताते थे। अब न मुझे लालच है, न क्रोध है। कुछ भी तो नहीं, अब मैं बहुत शांत हूँ'। महापुरुष ने समझया कि 'यह कोई महानता नहीं। महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे। यह तो कोई भक्ति नहीं, बहादुरी नहीं।' वह



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

कहने लगा कि नहीं, मैंने अपना सही अनुभव बतलाया है। इतनी देर से उसने फिर आँखें बन्द कर लीं, समाधि में चला गया। जो महात्मा उसे समझा रहे थे, उन्होंने उसके आगे से लोटा उठाकर थोड़ी दूर पेड़ के नीचे रख दिया। जब वह समाधि से बाहर आया, आँखें खोली तो क्या देखा कि सामने जो लोटा था, वह नहीं। उसी वक्त गाली-गलोच शुरु हो गई। कहने लगा कि जिसने मेरा लोटा चुराया है, उसका सर्वनाश हो जाए, उसका कुछ न रहे। जितना कह सकता था, कह दिया। तब महात्मा ने मुस्कुरा कर कहा कि अभी थोड़ी देर पहले तू कह रहा थाकि मेरा क्रोध समाप्त हो गया है, लेकिन एक लोटा ही आंखों से ओझल होने पर तुझे इतना क्रोध आ गया है। तू निरलेप कहां हुआ है?

## पंचांग

शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025, सूर्योदय: 05:58 ए एम, सूर्यास्त: 06:46 पी एम, चन्द्रोदय: 11:18 ए एम, चन्द्रास्त: 10:00 पी एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2081 नल, अमान्त महीना: भाद्रपद, पूर्णिमान्त महीना: भाद्रपद, वार: शुक्रवार, पक्ष: शुक्ल पक्ष, तिथि: षष्ठी - 08:21 पी एम तक, नक्षत्र: स्वाती - 11:38 ए एम तक योग: ब्रह्म - 02:13 पी एम तक, करण: कौलव - 07:08 ए एम तक, द्वितीय करण: तैतिल - 08:21 पी एम तक, सूर्य राशि: सिंह, चन्द्र राशि: तुला, राहुकाल: 10:46 ए एम से 12:22 पी एम, गुलिक काल: 07:34 ए एम से 09:10 ए एम, यमगण्ड: 03:34 पी एम से 05:10 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 11:56 ए एम से 12:47 पी एम, दुर्मुहूर्त: 08:31 ए एम से 09:22 ए एम, दुर्मुहूर्त: 12:47 पी एम से 01:39 पी एम, अमृत काल: 04:44 ए एम, अगस्त 30 से 06:31 ए एम, अगस्त 30, वर्ज्य: 05:56 पी एम से 07:44 पी एम।

## भविष्य फल



**मेष:** आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे।साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी।

**वृष:** आज आपकी कार्य और साहित्य में रुचि जागृत होगी। मन में किसी भी प्रकार की नकारात्मक भावना को प्रवेश न करने दें।

**मिथुन:** आज भविष्य में होने वाले मांगलिक कार्यों का योग बन सकता है।आपको जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** बिजनेस में रुका हुआ पैसा आपको मिल सकता है। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है।

**सिंह :** आज आपको व्यापार में लाभ कमाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्या:** परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे।आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

**तुला:** आज सभी कार्यो में आपके लिये प्रवेश द्वार खुले नजर आएंगे।नए कामकाज की योजना भी बना सकते हैं।

**वृश्चिक:** आर्थिक स्थिति में प्रगति हो सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे।ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है।

**धनु:** आज नौकरी में प्रमोशन भी संभव है। व्यवसाय में विस्तार व लाभ भी हो सकता है।आप की बातों से लोग प्रभावित होंगे।

**मकर:** आज व्यापार में थोड़े से उतार-चढ़ाव रहेंगे लेकिन आप इसकी ज्यादा चिंता ना करें।

**कुंभ:** करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

मीन: आज जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर आपके रिश्ते मधुर होंगे।

# अमेजन फ्रेश के लोकल डिलाइट्स स्टोर के साथ भारत के स्वादिष्ट स्थानीय स्वाद का लुत्फ उठाएं

**शिमला।** ओणम से लेकर गणेश चतुर्थी और नवरात्रि से लेकर दिवाली तक भारत के हर त्योहारी जश्न में खास व्यजनों का स्वाद बहुत ही जरूरी होता है। त्योहारों का यह मौसम पारंपरिक स्वादों का आनंद लेने,पुराने व्यंजनों की याद फिर से ताजा करने और परिवार और दोस्तों के साथ अपने इलाके के खास पकवान बांटने तक हर बात का अपना अलग ही मजा है।चाहे आंध्र के अचार का तीखा खट्टा स्वाद हो, मुरुक्कू की कुरकुराहट, पंजाबी लस्सी का स्वाद या फिर ताज़ा बनी फिल्टर कॉफी की खुशबू अमेजन फ्रेश का लोकल डिलाइट्स स्टोर घर जैसी असली महक और स्वाद आपकी रसोई तक पहुंचाता है!भारत में खानपान की परंपरा सदियों पुरानी है। इसी खानपान का आनंद उठाने के लिए ही लोकल डिलाइट्स स्टोर का खासतौर पर तैयार किया गया है 170 से भी ज़्यादा शहरों में उपलब्ध इस स्टोर पर त्योहारों से जुड़ी सभी जरूरी चीज़ें,हर राज्य के खास व्यंजन और रोजमर्रा के सामान बेहतरीन कीमतों पर और सिर्फ2 घंटे में आपके घर पर उपलब्ध होगी। अमेजन पे के साथ और भी ज़्यादा बचत करें। इसके साथ ही तेज डिलीवरी का फायदा उठा सकते हैं जिससे उनके लिए त्योहारी खरीदारी और भी आसान और फायदेमंद बन जाती है।

# बरनाला ने मेरिल के मीसो के साथ मेडटेक क्षेत्र में हासिल की बड़ी उपलब्धिं एक ही दिन में 3 बायलेटरल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी संपन्न

संगरूर। क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में, बरनाला स्थित भीम नर्सिंग होम के डॉ. अंशुल गर्ग ने भारत में विकसित पहले स्वदेशी रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सिस्टम मीसो की सहायता से एक ही दिन में तीन बायलेटरल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की। डॉ. गर्ग के नेतृत्व में किए गए ये ऑपरेशन छोटे शहरों में भी मेट्रो-स्तरीय स्वास्थ्य तकनीक को उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।इस उपलब्धि से रोगियों को कई लाभ प्राप्त हुए हैं ङ्क जैसे अत्यधिक सटीक सर्जरी, शीघ्र रिकवरी, सर्जरी के बाद कम पीड़ा और दीर्घकालिक गतिशीलता में सुधार। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है और विशेष रूप से इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह टियर-3 शहर बरनाला में हासिल किया गया, जहाँ अब तक ऐसी अत्याधुनिक तकनीकों की पहुँच सीमित रही है।इस विषय में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. अंशुल गर्ग ने कहा मीसो रोबोटिक तकनीक के चलते हमें घुटना प्रत्यारोपण के सटीकसर्जरी मेंअभूतपूर्वसफलता मिलती है। हमारे मरीजों को कम दर्द का सामना करना पड़ता है, तेज़ रिकवरी होती है और जीवन की बेहतर गुणवत्ता का लाभ मिलता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब उन्हें मेट्रो शहरों की यात्रा किए बिना ही विश्वस्तरीय सर्जिकल देखभाल बरनाला में ही प्राप्त हो रही है। इन सफल सर्जरी से यह स्पष्ट होता है कि भारत के क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्रों में मीसो को तेजी से अपनाया जा रहा है।

## उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सभी मेडिकल स्टोर की करें नियमित चैकिंग, नशे की दवाईयां बेचने वालों पर करें सख्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी





सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के युवाओं को नशे से बचाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ मिशन मोड में कार्य करें ताकि जिला को नशा मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करते हुए सघन जागरूकता गतिविधियों को तेज करें और ग्राम पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

उपायुक्त सुशील सारवान ने गुरूवार को लघु सचिवालय में एनकोर्ड कमेटी व चिन्हित अपराधों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है। जिला प्रशासन का दायित्व बनता है कि समाज की मुख्यधारा से भटक कर नशा के एडिक्ट हुए युवाओं को फिर से समाज की मुख्य धारा में शामिल करें।डीसीपी नरेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कार्रवाई करने के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चला रही है। ग्रामीण स्तर पर पंचायतों के साथ मिलकर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन हर गांव को नशा मुक्त बनाना है। नशे के आदी लोगों की पहचान हो रही है और नशा बेचने वालों की भी पहचान हो रही है। पुलिस नशा बेचने वालों को सलाखों के पीछे भेजने पर फोकस कर रही है।इस मौके पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, डीईओ नवीन गुलिया, जिला न्यायवादी सुरेश खत्री सहित अन्य संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### कौशल सीखने के लिए युवाओं को आईटीआई में दाखिला लेने के लिए गांव-गांव जाकर करें जागरूक

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि वर्तमान के प्रतिस्पर्धी दौर में युवाओं के लिए कौशल जरूरी है, क्योंकि सही कौशल न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाता है, बल्कि आत्मनिर्भर और सफल करियर का आधार भी बनता है। केवल डिग्री या प्रमाण पत्र पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल ही उन्हें प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढने में मदद करते हैं। उद्योगों और रोजगार के बाजार की मांग लगातार बदल रही है, इसलिए युवाओं को नई तकनीकों, डिजिटल टूल्स और व्यावसायिक प्रशिक्षण से खुद को अपडेट रखना जरूरी है। उपायुक्त सुशील सारवान ने युवाओं को कौशल युक्त बनाने की दिशा में आगे बढने के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा करने के लिए जिला में स्थित आईटीआई प्रिंसिपलों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल का निर्माण करने में आईटीआई अहम भूमिका निभा रही है और अगर प्रयास किया जाए तो आगे भी और अधिक अच्छ परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी आईटीआई अध्यापक सरपंचों के साथ गांवों में जाकर युवाओं को आईटीआई में दाखिला लेने के लिए जागरूक करें। उन्हें आईटीआई की सभी ट्रेड्स के बारे में बताएं और उन्हें जागरूक करें कि वे इन ट्रेड्स में कौशल सीखकर कैसे अच्छा रोजगार प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

# स्टाम्प शुल्क छूट मुख्यमंत्री का नायब फैसला: झरोठी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी एक कहा की माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी ने स्टाम्प शुल्क पर छूट देकर अपना हरियाणा के आम लोगों को अपना नायब तोफा देने का काम आम लोगों के लिए किया पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी जी ने कहा की जब से हरियाणा मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से हरियाणा मे अनेकों फसले आम जनो के हित मे लिए गये है चाहे बिना पर्ची खर्ची नौकरी हो या पारदर्शिता के साथ तबादला नीति हो या परिवार पहचान पत्र इस प्रकार की अनेकों प्रकार की योजना बना कर हरियाणा को विकास के पथ पर माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के नेतत्त्व मे आगे बढ़ रहा है पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी ने कहा की इस फैसला से आम लोगों को बहुत फायदा होगा स्टाम्प शुल्क फैसला से आम लोगो मे माननीय मुख्यमंत्री के प्रति लोगों मे विश्वास के साथ भरोसा बढ़ा है।

# आयुष विभाग द्वारा गांवों में स्वास्थ्य शिविर व पौधा वितरण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। उपायुक्त महोदय सुशील सारवान के कुशल मार्गदर्शन में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह के निरीक्षण में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य शिविरों व जनकल्याण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव झरोठ चौपाल में डॉ. हिमांशी (ए.एम.ओ., जी.ए.डी. आनंदपुर झरोठ) एवं डॉ. अंकित डबास (ए.एम.ओ., पी.एच.सी. हलालपुर) द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में कुल 40 मरीजों की जांच की गई। शिविर में रोग के अनुसार आयुष योग सहायकों द्वारा योग कराया गया व योग जागरूकता फैलाई गई। लोगों को यह बताया गया कि हम अपने जीवन में योग अपनाकर किस प्रकार शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। गांव पुघथला की शयद चौपाल में जी.ए.डी. बजाना खुर्द द्वारा आयोजित औषधि वितरण शिविर में 50 मरीजों को लाभ प्रदान किया गया।इन सभी कार्यक्रमों का संचालन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।आमजन से पौधारोपण कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की गई।

# भगवान शिव और मां पार्वती के संवाद की साक्षी है अमरनाथ गुफा

अमरनाथ यात्रा का नाम सुनते ही हमारे मन में बर्फ के बीच स्थित भगवान शिव की पवित्र गुफा उभर आती है। वहीं इस यात्रा में हर साल लाखों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। कहा जाता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से इस यात्रा पर जाते हैं, उनकी हर मुराद पूरी होती है और जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। अमरनाथ यात्रा की यह गुफा जम्मू-कश्मीर के हिमालय में करीब 12,756 फीट की ऊंचाई पर मौजूद हैं।

बता दें कि हर साल सावन के महीने भगवान शिव के स्वयंभू हिमलिंग के दर्शन होते हैं। भक्त कई किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा करके इस पवित्र गुफा तक पहुंचते हैं। वहीं बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने जीवन को धन्य मानते हैं। बताया जाता है कि भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताया था। तब यही गुफा भगवान शिव और मां पार्वती की संवाद की साक्षी बनी थी। इसलिए इस स्थान को अमरनाथ कहा जाता है। भगवान शिव में आस्था रखने वाले लोग जीवन में एक बार इस यात्रा को जरूर करना चाहते हैं,



जिससे उनके पाप मिट जाएं और मोक्ष मिल सके।

अमरनाथ गुफा की खोज को लेकर कई मत हैं। इतिहास के मुताबिक 1850 में बूटा मलिक नामक गड़रिए ने इस गुफा की खोज की थी। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जब कश्मीर घाटी पानी में डूब गई थी और झील बन गई थी। तब ऋषि कश्यप ने प्राणियों की रक्षा के लिए इस जल को कई नदियों और छोटे-छोटे जल स्त्रोतों से आगे प्रवाहित करने का काम किया। इस दौरान ऋषि भृगु हिमालय यात्रा पर थे, इस दौरान उनको अमरनाथ गुफा और शिवलिंग दिखाई दिया। तब से ही अमरनाथ में भगवान शिव की पूजा की जाने लगी।

**महत्वः** धार्मिक पुराणों के मुताबिक अमरनाथ गुफा वह जगह है, जहां भगवान शिव ने मां पार्वती को अमरकथा सुनाई थी। अमर कथा सुनने के बाद भी जो जीव जीवित रह जाता है, वह अमर हो जाता है। इसलिए भगवान शिव ने यहां आकर सब कुछ त्याग दिया था और फिर मां पार्वती को कथा सुनाई थी। बताया जाता है कि भगवान शिव ने अपना वाहन नंदी, नागों और गणों को भी दूर भेज दिया। जिससे कोई इस रहस्य को सुन न सके। लेकिन इस दौरान कबूतर के एक जोड़े ने इस कथा को सुन लिया और तभी से माना जाता है कि वह आज भी अमर हैं। इस कथा के कारण इस गुफा को अमरनाथ गुफा कहा जाता है।

**अमरनाथ यात्रा की इतिहासः** बता दें कि इस साल अमरनाथ यात्रा की शुरुआत 03 जुलाई से हो रही है और यह 31 अगस्त तक चलेगी। वहीं देशभर से हजारों की संख्या में भक्त इस पवित्र यात्रा में शामिल होते हैं। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिससे कि यात्रा निर्बाध रूप से संपन्न हो सके।

# चंडीगढ़ में दशलक्षण पर्व का शुभारंभ, श्रद्धा व उत्साह के साथ हुआ प्रथम दिवस का आयोजन





**चंडीगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज, सेक्टर 27 बी, चंडीगढ़ द्वारा दशलक्षण पर्व का शुभारंभ आज प्रातः बड़े श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे सीनियर एडवोकेट शैलेन्द्र जैन द्वारा प्रथम अभिषेक के साथ किया गया। तत्पश्चात प्रथम शांति धारा अनिल जैन (सेक्टर 38) ने संपन्न की। द्वितीय शांति धारा रजनीश जैन (ढकोली) द्वारा सम्पन्न हुई।

समाज की महिलाओं द्वारा भव्य घट यात्रा एवं श्री जी यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धर्मबहादुर जैन के सर पर विराजे भगवान् की छवि देखते ही बन रही थी।

इस अवसर पर दस दिवसीय दशलक्षण विधान का शुभारंभ हुआ, जो प्रतिदिन धार्मिक गरिमा एवं आस्था के साथ संपन्न होगा। विधान की विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारिणी लाब्धी दीदी (हिमानी दीदी) हैं, जिनके मार्गदर्शन में सभी धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। विधान का आरम्भ राजीव जैन सेक्टर 27, द्वारा झंडारोहण करके किया गया। आज के विधान में विशेष रूप से निम्न श्रद्धालुओं ने पात्र की भूमिका निभाई-सोधर्मेन्द्र-धर्मबहादुर जैन, शची इन्द्राणी- मेम लता जैन,यज्ञ नायक, अशोक जैन, कुबेर इन्द्र, सुभाष जैन, आज का पूरा कार्यक्रम प्रातः 12.30 बजे सम्पन्न हुआ, जिसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक सात्विक भोजन ग्रहण किया।

चंडीगढ़ पंचकूला मोहाली व् जीरकपुर से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर समाज पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्ष, धर्मबहादुर जैन, उपाध्यक्ष, एडवोकेट आदर्श जैन, महामंत्री, संत कुमार जैन, कोषाध्यक्ष, राजा बहादुर सिंह जैन, सदस्यगण, करुण जैन, रमेश जैन, नीरज जैन, शरद जैन, विजय जैन, डॉक्टर सर्वेश जैन , इन्दरमल जैन , नितिन जैन। सांय काल में 6.30 बजे सामूहिक आरती की गयी , उसके बाद कौन बनेगा धर्मपति नाम की प्रतियोगिता हुई। इसके अतिरिक्त कई धार्मिक व मनोरंजक कार्यक्रम किये गए जोकि 9.30 बजे तक चले।

# जीवन निरंतर रहता है प्रक्रिया में: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** अगर आपने व्यवहार पर ध्यान नही दिया तो यह भी हो सकता है की आप जीवन भर ठगे जाय । एक छोटा आदमी भी आपका अपमान कर सकता है या फिर आपको उचित मान नही देगा अगर आपकी यह धरना है की सब चलता है तो फिर आपने अपनी बुद्धि से नही सोचा आपका कोई विचार स्तर नही है जब अपना कोई विचार ही नही है तो विकास कैसे होगा सब चलता है इस सोच वाले कभी इधर कभी उधर होते रहते है ,हम अपने खिलाफ आवाज भी नही उठा सकते क्यों की आत्मबल होगा ही नही अच्छा और बुरा दोनों चलने में हम कही के नही रहते । हमारे वसूल ,विचार ,नियम ,सिद्धांत सब ख़तम हो जाते हैं । अगर हम कुछ करना चाहते है तो सब ठीक हो इसके लिए सब कुछ नही चला सकते कुछ अच्छा चलाना पड़ेगा तभी अच्छा होगा । अच्छा हो इसके लिए एक अच्छा रास्ता ,सफलता का रास्ता चुनना होगा सब चलता है इससे बहार आना होगा ,उदासीन सोच को बदलना होगा। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जीआलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा हम और अधिक सीखते जाते हैं, हमारे अनुभव बढ़ते हैं। आपने अनुभव किया होगा जब शुरू में एक छोटी से चोट बहुत तकलीफ दे जाती थी कुछ समय बाद वही चोट मामूली लगने लगती है क्योंकि तब तक हमारे पास और शक्ति आ जाती है । ईश्वर हमें रोज मौका देता है जीवन को उन्नत करने का बस यह हमारी बुद्धि पर निर्भर करता है की हम क्या चुनते हैं और कितना लाभ ले पाते हैं । जीवन निरंतर एक चुनाव की प्रक्रिया में रहता है यह सुनने में कुछ अजीब लगता है पर आप , पल -पल सोच कर देखे हमेशा हम एक चुनाव की प्रक्रिया से गुजरते हैं । बच्चो के निर्मल



स्वभाव सबको प्रिय लगते है कुछ बड़े होने पर उनको विशेष देख रेख की जरुरत होती है उनको तराशना पड़ता है प्रकार से ताकि एक कामयाब इंसान बन सके । गलती जान बूझ कर हो या अनजाने में उसकी सजा भोगनी पड़ती है ठीक उसी प्रकार जैसे अनजाने में पिया गया जहर भी अपना काम करता ही है । इसलिए कहा है कर्म फल पीछा नही छोड़ता हमारे मनीषियों ने श्रेष्ठ कर्म की बात कही है ताकि जीवन उन्नत हो । मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया मनुष्य के अन्दर एक ही अवगुण कभी -कभी उसके पतन का कारण बन जाता है । आज कल एक लफ्ज बहुत सुनने को मिलता है की -सब चलता है ,सब चलता है की धारणा कई समस्या को अनायास जन्म देती है और ग़लत करने में मददगार भी होती है, गलती के प्रति संकोच ख़तम कर देती है ,लोगों के प्रति आदर और अदब ख़तम कर देती है इस लिए यह सोचना बिल्कुल ग़लत है की सब चलता है ।

# महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे

इन्सान का यह भ्रम है कि मैं यदि जंगलों वीरानों में जाकर डेरे लगा लूं, परिवार से नाता तोड़ लूं, तो सबसे छुटकारा प्राप्त करके, मैं शान्त हो जाऊंगा। यहां तो मुझे क्रोध भी आता है, यहां तो लालच भी आ जाता है, चहां तो और कई विकार भी हावी हो जाती हैं, तो वहां सभी से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन यह ठीक नहीं। क्योंकि किसी महात्मा ने गृह त्याग का मार्ग नहीं बतलाया। हां गृहस्थ में रहते हुए भी आसक्ति का त्याग जरुर होना चाहिए।

गुरु साहिब अपने प्रचार यात्रा करते हुए जंगलों से गुजर रहे थे। वहां एक इंसान आंखे बन्द करके समाधि लगाए बैठा हुआ था। महात्मा उसके पास गये। जब वह समाधि से बाहर आया, आंखें खोली तो उससे पूछा कि 'आप यहां पर क्या कर रहे हैं?' वह कहने लगा कि 'मैं यहां प्रभु प्राप्ति के लिए सभी बंधनों को छोड़कर आया हूँ। जब मैं परिवार में था, तो सब विकार मुझे सताते थे। अब न मुझे लालच है, न क्रोध है। कुछ भी तो नहीं, अब मैं बहुत शांत हूँ'। महापुरुष ने समझया कि 'यह कोई महानता नहीं। महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे। यह तो कोई भक्ति नहीं, बहादुरी नहीं।' वह



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

कहने लगा कि नहीं, मैंने अपना सही अनुभव बतलाया है। इतनी देर से उसने फिर आँखें बन्द कर लीं, समाधि में चला गया। जो महात्मा उसे समझा रहे थे, उन्होंने उसके आगे से लोटा उठाकर थोड़ी दूर पेड़ के नीचे रख दिया। जब वह समाधि से बाहर आया, आँखें खोली तो क्या देखा कि सामने जो लोटा था, वह नहीं। उसी वक्त गाली-गलोच शुरु हो गई। कहने लगा कि जिसने मेरा लोटा चुराया है, उसका सर्वनाश हो जाए, उसका कुछ न रहे। जितना कह सकता था, कह दिया। तब महात्मा ने मुस्कुरा कर कहा कि अभी थोड़ी देर पहले तू कह रहा थाकि मेरा क्रोध समाप्त हो गया है, लेकिन एक लोटा ही आंखों से ओझल होने पर तुझे इतना क्रोध आ गया है। तू निरलेप कहां हुआ है?

## पंचांग

शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025, सूर्योदयः 05:58 ए एम, सूर्यास्तः 06:46 पी एम, चन्द्रोदयः 11:18 ए एम, चन्द्रास्तः 10:00 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः भाद्रपद, पूर्णिमान्त महीनाः भाद्रपद, वारः शुक्रवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः षष्ठी - 08:21 पी एम तक, नक्षत्रः स्वाती - 11:38 ए एम तक योगः ब्रह्म - 02:13 पी एम तक, करणः कौलव - 07:08 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 08:21 पी एम तक, सूर्य राशिः सिंह, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 10:46 ए एम से 12:22 पी एम, गुलिक कालः 07:34 ए एम से 09:10 ए एम, यमगण्डः 03:34 पी एम से 05:10 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:56 ए एम से 12:47 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:31 ए एम से 09:22 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:47 पी एम से 01:39 पी एम, अमृत कालः 04:44 ए एम, अगस्त 30 से 06:31 ए एम, अगस्त 30, वर्ज्यः 05:56 पी एम से 07:44 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे।साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी।

**वृषः** आज आपकी कार्य और साहित्य में रुचि जागृत होगी। मन में किसी भी प्रकार की नकारात्मक भावना को प्रवेश न करने दें।

**मिथुनः** आज भविष्य में होने वाले मांगलिक कार्यों का योग बन सकता है।आपको जीवनसाथी का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** बिजनेस में रुका हुआ पैसा आपको मिल सकता है। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है।

**सिंह :** आज आपको व्यापार में लाभ कमाने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कन्याः** परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे।आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

**तुलाः** आज सभी कार्यो में आपके लिये प्रवेश द्वार खुले नजर आएंगे।नए कामकाज की योजना भी बना सकते हैं।

**वृश्चिकः** आर्थिक स्थिति में प्रगति हो सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे।ऑफिस में आपके काम की तारीफ हो सकती है।

**धनुः** आज नौकरी में प्रमोशन भी संभव है। व्यवसाय में विस्तार व लाभ भी हो सकता है।आप की बातों से लोग प्रभावित होंगे।

**मकरः** आज व्यापार में थोड़े से उतार-चढ़ाव रहेंगे लेकिन आप इसकी ज्यादा चिंता ना करें।

**कुंभः** करियर के मामले में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

मीनः आज जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर आपके रिश्ते मधुर होंगे।

# अमेजन फ्रेश के लोकल डिलाइट्स स्टोर के साथ भारत के स्वादिष्ट स्थानीय स्वाद का लुत्फ उठाएं

**शिमला।** ओणम से लेकर गणेश चतुर्थी और नवरात्रि से लेकर दिवाली तक भारत के हर त्योहारी जश्न में खास व्यजनों का स्वाद बहुत ही जरूरी होता है। त्योहारों का यह मौसम पारंपरिक स्वादों का आनंद लेने,पुराने व्यंजनों की याद फिर से ताजा करने और परिवार और दोस्तों के साथ अपने इलाके के खास पकवान बांटने तक हर बात का अपना अलग ही मजा है।चाहे आंध्र के अचार का तीखा खट्टा स्वाद हो, मुरुक्कू की कुरकुराहट, पंजाबी लस्सी का स्वाद या फिर ताज़ा बनी फिल्टर कॉफी की खुशबू अमेजन फ्रेश का लोकल डिलाइट्स स्टोर घर जैसी असली महक और स्वाद आपकी रसोई तक पहुंचाता है!भारत में खानपान की परंपरा सदियों पुरानी है। इसी खानपान का आनंद उठाने के लिए ही लोकल डिलाइट्स स्टोर का खासतौर पर तैयार किया गया है 170 से भी ज़्यादा शहरों में उपलब्ध इस स्टोर पर त्योहारों से जुड़ी सभी जरूरी चीज़ें,हर राज्य के खास व्यंजन और रोजमर्रा के सामान बेहतरीन कीमतों पर और सिर्फ2 घंटे में आपके घर पर उपलब्ध होगी। अमेजन पे के साथ और भी ज़्यादा बचत करें। इसके साथ ही तेज डिलीवरी का फायदा उठा सकते हैं जिससे उनके लिए त्योहारी खरीदारी और भी आसान और फायदेमंद बन जाती है।

# बरनाला ने मेरिल के मीसो के साथ मेडटेक क्षेत्र में हासिल की बड़ी उपलब्धिं एक ही दिन में 3 बायलेटरल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी संपन्न

संगरूर। क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में, बरनाला स्थित भीम नर्सिंग होम के डॉ. अंशुल गर्ग ने भारत में विकसित पहले स्वदेशी रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सिस्टम मीसो की सहायता से एक ही दिन में तीन बायलेटरल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की। डॉ. गर्ग के नेतृत्व में किए गए ये ऑपरेशन छोटे शहरों में भी मेट्रो-स्तरीय स्वास्थ्य तकनीक को उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।इस उपलब्धि से रोगियों को कई लाभ प्राप्त हुए हैं ङ्क जैसे अत्यधिक सटीक सर्जरी, शीघ्र रिकवरी, सर्जरी के बाद कम पीड़ा और दीर्घकालिक गतिशीलता में सुधार। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है और विशेष रूप से इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह टियर-3 शहर बरनाला में हासिल किया गया, जहाँ अब तक ऐसी अत्याधुनिक तकनीकों की पहुँच सीमित रही है।इस विषय में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. अंशुल गर्ग ने कहा मीसो रोबोटिक तकनीक के चलते हमें घुटना प्रत्यारोपण के सटीकसर्जरी मेंअभूतपूर्वसफलता मिलती है। हमारे मरीजों को कम दर्द का सामना करना पड़ता है, तेज़ रिकवरी होती है और जीवन की बेहतर गुणवत्ता का लाभ मिलता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब उन्हें मेट्रो शहरों की यात्रा किए बिना ही विश्वस्तरीय सर्जिकल देखभाल बरनाला में ही प्राप्त हो रही है। इन सफल सर्जरी से यह स्पष्ट होता है कि भारत के क्षेत्रीय चिकित्सा केंद्रों में मीसो को तेजी से अपनाया जा रहा है।

## उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सभी मेडिकल स्टोर की करें नियमित चैकिंग, नशे की दवाईयां बेचने वालों पर करें सख्त कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के युवाओं को नशे से बचाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ मिशन मोड में कार्य करें ताकि जिला को नशा मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करते हुए सघन जागरूकता गतिविधियों को तेज करें और ग्राम पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

उपायुक्त सुशील सारवान ने गुरूवार को लघु सचिवालय में एनकोर्ड कमेटी व चिन्हित अपराधों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए उन्हें उचित दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज ही देश की प्रगति का आधार होता है। जिला प्रशासन का दायित्व बनता है कि समाज की मुख्यधारा से भटक कर नशा के एडिक्ट हुए युवाओं को फिर से समाज की मुख्य धारा में शामिल करें।डीसीपी नरेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा नशे खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कार्रवाई करने के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चला रही है। ग्रामीण स्तर पर पंचायतों के साथ मिलकर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मिशन हर गांव को नशा मुक्त बनाना है। नशे के आदी लोगों की पहचान हो रही है और नशा बेचने वालों की भी पहचान हो रही है। पुलिस नशा बेचने वालों को सलाखों के पीछे भेजने पर फोकस कर रही है।इस मौके पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, डीईओ नवीन गुलिया, जिला न्यायवादी सुरेश खत्री सहित अन्य संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।




### कौशल सीखने के लिए युवाओं को आईटीआई में दाखिला लेने के लिए गांव-गांव जाकर करें जागरूक

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि वर्तमान के प्रतिस्पर्धी दौर में युवाओं के लिए कौशल जरूरी है, क्योंकि सही कौशल न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाता है, बल्कि आत्मनिर्भर और सफल करियर का आधार भी बनता है। केवल डिग्री या प्रमाण पत्र पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी कौशल ही उन्हें प्रतिस्पर्धी दुनिया में आगे बढने़ में मदद करते हैं। उद्योगों और रोजगार के बाजार की मांग लगातार बदल रही है, इसलिए युवाओं को नई तकनीकों, डिजिटल टूल्स और व्यावसायिक प्रशिक्षण से खुद को अपडेट रखना जरूरी है। उपायुक्त सुशील सारवान ने युवाओं को कौशल युक्त बनाने की दिशा में आगे बढने़ के लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा करने के लिए जिला में स्थित आईटीआई प्रिंसिपलों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि युवाओं में कौशल का निर्माण करने में आईटीआई अहम भूमिका निभा रही है और अगर प्रयास किया जाए तो आगे भी और अधिक अच्छ परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी आईटीआई अध्यापक सरपंचों के साथ गांवों में जाकर युवाओं को आईटीआई में दाखिला लेने के लिए जागरूक करें। उन्हें आईटीआई की सभी ट्रेड्स के बारे में बताएं और उन्हें जागरूक करें कि वे इन ट्रेड्स में कौशल सीखकर कैसे अच्छा रोजगार प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

# स्टाम्प शुल्क छूट मुख्यमंत्री का नायब फैसला: झरोठी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी एक कहा की माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी ने स्टाम्प शुल्क पर छूट देकर अपना हरियाणा के आम लोगों को अपना नायब तोफा देने का काम आम लोगों के लिए किया पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी जी ने कहा की जब से हरियाणा मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से हरियाणा मे अनेकों फसले आम जनो के हित मे लिए गये है चाहे बिना पर्ची खर्ची नौकरी हो या पारदर्शिता के साथ तबादला नीति हो या परिवार पहचान पत्र इस प्रकार की अनेकों प्रकार की योजना बना कर हरियाणा को विकास के पथ पर माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के नेतत्व मे आगे बढ़ रहा है पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता अनिल झरोठी ने कहा की इस फैसला से आम लोगों को बहुत फायदा होगा स्टाम्प शुल्क फैसला से आम लोगो मे माननीय मुख्यमंत्री के प्रति लोगों मे विश्वास के साथ भरोसा बढ़ा है।

# आयुष विभाग द्वारा गांवों में स्वास्थ्य शिविर व पौधा वितरण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। उपायुक्त महोदय सुशील सारवान के कुशल मार्गदर्शन में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार सिंह के निरीक्षण में आयुष विभाग द्वारा विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य शिविरों व जनकल्याण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गांव झरोठ चौपाल में डॉ. हिमांशी (ए.एम.ओ., जी.ए.डी. आनंदपुर झरोठ) एवं डॉ. अंकित डबास (ए.एम.ओ., पी.एच.सी. हलालपुर) द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में कुल 40 मरीजों की जांच की गई। शिविर में रोग के अनुसार आयुष योग सहायकों द्वारा योग कराया गया व योग जागरूकता फैलाई गई। लोगों को यह बताया गया कि हम अपने जीवन में योग अपनाकर किस प्रकार शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। गांव पुघथला की शयद चौपाल में जी.ए.डी. बजाना खुर्द द्वारा आयोजित औषधि वितरण शिविर में 50 मरीजों को लाभ प्रदान किया गया।इन सभी कार्यक्रमों का संचालन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।आमजन से पौधारोपण कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की गई।

# ट्रांसफार्मर खराब, बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में गहराया बिजली संकट, दर्जनों फैक्ट्रियों में तीन दिन से उत्पादन ठप

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र इन दिनों बिजली संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में लगे 630 केवीए के ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने से पिछले तीन दिनों से आपूर्ति बंद है। इससे करीब 20 फैक्ट्रियों में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई है और उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। अचानक आई इस दिक्कत से उद्योगपति लाखों रुपये का नुकसान झेलने को मजबूर हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि मंगलवार की शाम ट्रांसफार्मर में आई खराबी के बाद से ही निगम के अधिकारी लापरवाह रवैया अपनाए हुए हैं। बुधवार को ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन तीन दिन गुजर जाने के बावजूद अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। फैक्ट्री संचालकों का कहना है उनके पास पास केवल डिजीसेट का सहारा है, लेकिन लगातार डीजल पर उत्पादन चलाना संभव नहीं है।



**कम संसाधन से कैसे चलेंगे उद्योग**

एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि तीन दिन से लगातार अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेताया कि यदि शुक्रवार तक आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो बिजली मंत्री को शिकायत देंगे।

लागत बढ़ने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं, कई छोटे उद्योग पूरी तरह से बंद पड़े हैं। मजदूर भी खाली बैठे हैं। उद्योगपतियों के अनुसार लगातार बिजली बंद रहने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। बाजार में आर्डर समय पर नहीं जा पा रहे हैं। हमें रोजाना लाखों का घाटा उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली निगम से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है।

# अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण(एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को एसएमडीए की टीम ने गांव सोहटी की राजस्व संपदा पर 12.50 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान कच्चे रास्तों और निशानदेही के लिए लगाए गए पिलरों को उखाड़ा गया। एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।

# धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरें समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं: बड़ौली



**दीपलपुर गाँव में दादी सती मंदिर का उद्घाटन**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** गांव दीपलपुर स्थित दादी सती मंदिर का भव्य उद्घाटन आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पंचायत प्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मोहन लाल बड़ौली ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरें समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। दादी सती मंदिर श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, जहाँ से समाज में एकता, सेवा और संस्कारों का संदेश प्रसारित होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।मंदिर उद्घाटन समारोह के दौरान ग्रामीणों उत्साहपूर्वक स्वागत किया और मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना भी की गई।

# भाविप वीर सावरकर शाखा द्वारा विभिन्न स्कूलों के बीच राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा बी आर ग्लोबल स्कूल, में विभिन्न स्कूलों के बीच राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें विभिन्न स्कूल से आये 35 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल संचालक राकेश यादव एवं संगीता यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता दो वर्गो में सम्पन्न हुई । बच्चों ने हिंदी एवम संस्कृत में गीत गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा ने मंच संचालन किया। डॉ शशिकांता शर्मा एवम विपिन कुमार ने निर्णायक के रूप में भूमिका निभाई। वाद्य सहित गायन वर्ग में चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी आर ग्लोबल स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही जबकि देवकुल शिक्षा सदन की टीम को तृतीय स्थान मिला। वाद्य के बिना गायन में प्रथम स्थान चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल खिजरपुर अहीर की टीम को मिला। गीता विद्या मंदिर पुरखास की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रीतम आहूजा, पूनम सिंघल, अजय यादव, भारत भूषण भूटानी, न्यूविश, मंजू, रचना व अन्य सदस्य उपस्थित थे। शाखा सचिव प्रीतम आहूजा ने सभी बच्चों, अध्यापिकाओं, स्कूल संचालकों व स्कूल स्टाफ

# वार्ड नंबर 8 में चल रहे विकास कार्यों का पार्षद पुनीत ने किया निरीक्षण

**सड़क पर हुए गड्ढों को तुरंत प्रभाव से भरवाने के ठेकेदार को दिए निर्देश**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** नगर निगम पार्षद पुनीत राई ने आज वार्ड नंबर 8 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और बरसात के बाद की स्थिति का मुआयना किया। इस दौरान, उन्होंने ठेकेदारों को यह निर्देश दिए कि जहां बरसात के कारण रॉड का काम नहीं हो सकता है, वहां पर जो गड्ढे हो गए हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से भरवाने का कार्य शुरू किया जाए।

पार्षद पुनीत राई ने कहा कि इलाके की सड़कें नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुगम होनी चाहिए। उन्होंने ठेकेदारों से सुनिश्चित करने को कहा कि गड्ढों को जल्द से जल्द भरकर सड़क की स्थिति को बेहतर बनाया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पार्षद ने यह भी कहा कि नगर निगम की तरफ से लगातार विकास कार्यों की निगरानी की जाएगी और जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।इस अवसर पर ठेकेदार मनीष, राकेश कौशिक, प्रतीक त्यागी, सुरेश त्यागी, राकेश कुकू, कृष्ण कौशिक, छोटे लाल, भारत, मास्टर परमिंदर समेत गणमान्य जन भी उपस्थित रहे।



## घर में घुसकर महिला व नाबालिग से छेड़खानी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

गन्नौर (सुरेन्द्र कुमार)। थाना गन्नौर पुलिस ने महिला व उसकी नाबालिग लड़की से छेड़खानी और मारपीट करने की घटना में संलिप्त तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सौरभ निवासी जिला पलवल हाल शेखपुरा, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल 2025 को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपित सौरभ व उसके दो साथी घर में घुस आए और उसके साथ व उसकी मां से छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपितों ने पीड़िता के पिता पर डंडों से हमला कर दिया। इस मामले में पोक्सो अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच में पहले ही दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया था। अब तीसरे आरोपित सौरभ को गिरफ्तार कर अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# हमारी सनातन संस्कृतिक में गाय का विशेष महत्व, सभी मिलकर करें गौ माता की सेवा: माईराम कौशिक

**विधायक ने गांव सिसाना स्थित गौशाला को सौंपा 59 लाख 99 हजार अनुदान राशि का चैक**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



खरखौदा। विधायक पवन खरखौदा व भाजपा नेता माईराम कौशिक ने गुरूवार को गांव सिसाना में स्थित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर खरखौदा क्षेत्र की चार गौशाला संचालकों को 90 लाख 69 हजार रूपये की अनुदान राशि के चैक सौंपे। इस दौरान उन्होंने सिसाना गौशाला को 59 लाख 99 हजार अनुदान राशि का चैक सौंपा। इस दौरान सभी गौशाला संचालकों ने मुख्यमंत्री व विधायक का आभार जताया और कहा कि इस राशि से गौशालाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और गायों को समय पर उचित चारा मिल सकेगा। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष प्रदेश की 605 गौशालाओं के लिए कुल 88 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की जा रही है।भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में डबल इंजन सरकार गाय, गीता और गंगा के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं को चारे के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मांग अनुसार मशीनरी खरीद के लिए मदद दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि साढ़े 10 वर्षो में भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की गौशालाओं को चारे के लिए 358 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि अनुदान के रूप में दी जा चुकी है। प्रदेश की 330 गौशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देसी नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक प्रदेश में केवल 215 पंजीकृत गौशालाओं में एक लाख 75 हजार गौवंश था। प्रदेश सरकार ने पिछले दस वर्षों में इसमें ईजाफा किया है और इस समय प्रदेश में 686 पंजीकृत गौशालाएं हैं। इनमें 4 लाख बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। वर्ष 2014-15 में गौ सेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपये का बजट था, जिसे वर्तमान सरकार ने बढ़ाकर 595 करोड़ रुपये किया है।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज,चेयरमैन राजबीर दहिया, खरखौदा ब्लॉक समिति के चेयरमैन सितेन्द्र दहिया, दहिया खाप के प्रधान कृष्ण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS | आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** नेहा शर्मा पत्नी वरुण संदल निवासी मकान नंबर 3471, साईं एन्वलेव, सेक्टर 49-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम नेहा शर्मा से बदलकर नित्या संदल रख लिया है।
एपी-4374

**मैं,** अंजु अरोड़ा, पत्नी श्री ईश कुमार अरोड़ा, निवासी सरला भवन, ओल्ड बस स्टैंड के समीप, द मॉल रोड, सोलन, हिमाचल प्रदेश- 173212, यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम अंजु रानी अरोड़ा से बदलकर अंजु अरोड़ा कर लिया है। संबंधित सभी व्यक्तियों से निवेदन है कि कृपया इसे नोट करें।

**मैं,** ईश कुमार अरोड़ा, पुत्र स्वर्गीय श्री फकीर चंद, निवासी सरला भवन, ओल्ड बस स्टैंड के समीप, द मॉल रोड, सोलन, हिमाचल प्रदेश- 173212, यह घोषित करता हूँ कि मैंने अपना नाम ईश अरोड़ा से बदलकर ईश कुमार अरोड़ा कर लिया है। संबंधित सभी व्यक्तियों से निवेदन है कि कृपया इसे नोट करें।
एपी-4375

**मैं,** वीना भारद्वाज पुत्री श्री दूनी चंद, निवासी मकान संख्या C-139, पी.यू. कैंपस, सेक्टर-14, चंडीगढ़ (यू.टी.), यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम वीना से बदलकर वीना भारद्वाज कर लिया है। कृपया नोट करें।
एपी-4376

**मैं,** रीता सहगल पत्नी विनोद कुमार सहगल, निवासी मकान नंबर 3138, सेक्टर 27-डी, चंडीगढ़ घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रीता सहगल से बदलकर रीता कुमारी सहगल कर लिया है।
एपी-4377

**मैं,** विवेक पुत्र वेद प्रकाश गगनेजा वासी 1592 सैक्टर 20 पार्ट-2 हुडा सिरसा ने अपना नाम बदलकर विवेक गगनेजा रखा है।

**मैं,** अंजलि दहिया पुत्री देवेंदर वासी गांव व् डाक गढ़ी सांपला, रोहतक, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अंजलि रखा है।

**मैं,** Barmati पत्नी दलीप सिंह वासी गांव अग्रोहा जिला हिसार ने अपना नाम बदलकर Birmati देवी रखा है।

**मैं,** Gushan कुमार पुत्र हेम राज वासी मकान नं.1245, सैक्टर-4, तहसील पंचकूला ने अपना नाम बदलकर Gulshan कुमार रखा है।

**मैं,** Rajender सिंह पुत्र जय सिंह वासी गांव सबरी सरांवा जिला यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Rajinder रखा है।

**मैं,** गौरव पुत्र ओम प्रकाश मित्तल निवासी मकान न0. 37-A, राजिन्द्रा कॉलोनी, करनाल -132001 हरियाणा ने अपना नाम गौरव से बदलकर गौरव मित्तल रख लिया है।

**मैं,** ओम प्रकाश पुत्र साधू राम मित्तल निवासी मकान न0.37-A, राजिन्द्रा कॉलोनी, करनाल -132001 हरियाणा ने अपना नाम ओम प्रकाश से बदलकर ओम प्रकाश मित्तल रख लिया है।
एपी-7378

**मैं,** मननदीप सिंह पुत्र राम भगत मलिक, निवासी मकान नंबर 2069, सेक्टर 21-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम मननदीप सिंह से बदलकर मननदीप सिंह मलिक रख लिया है।

**मैं,** आरती भूमक, पत्नी श्री हरदीप सिंह, निवासी मकान नंबर 3358/1, सेक्टर-40-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम आरती भूमक से बदलकर आरती रख लिया है।

**मैं,** श्वेता उप्पल पत्नी उदय नारंग निवासी मकान नंबर 167, सेक्टर 33-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम श्वेता उप्पल से बदलकर श्वेता नारंग रख लिया है।

**मैं,** Tarun Sareen पुत्र अशोक कुमार निवासी एफ-103, जलवायु टावर सेक्टर 125, सनी एनक्लेव तहसील खरड़, जिला मोहाली पंजाब ने अपना नाम Tarun Sareen से बदलकर Tarun Kumar Sarien रख लिया है।
एपी-4374

**मैं,** पायला पापाराव, सेना क्रमांक 15183268P, रैंक - नायक, नाम- पायला मोहनराव, निवासी ग्राम- लक्कमडिड्डी, डाकखाना- गंगराम, तहसील - कोटबोम्मली, जिला- श्रीकाकुलम, राज्य - आंध्र प्रदेश, पिन कोड - 532195 बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के इंडियन आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम पैला पापा राव जो कि गलत दर्ज है, उसे बदलकर मेरा सही नाम पायला पापाराव दर्ज की जाए। कृपया सभी संबंधित नोट करें। 871 तोपखाना रेजीमेंट C/O 56 एपीओ
एपी-7379

**मैं,** संदीप शर्मा पुत्र श्री पूर्ण चंद, हाउस नंबर 152, गांव चंदलाना जिला कैथल ने अपना नाम संदीप कुमार से बदलकर संदीप शर्मा रख लिया हैं। कृपया सभी सम्बन्धित नोट करें।
एपी-7380

I, Ritu Guglani W/o Anuj Guglani, R/o #4, BBMB, Colony, Sector 36-A, Chandigarh have changed my name to Ritu Guglani to Ritu Diwan.
एपी-4381

**मैं,** प्रेम चंद पुत्र शिव लाल निवासी 156 वीपीओ बहलाना चंडीगढ़ ने अपना नाम प्रेमचंद्र से बदलकर प्रेम चंद रख लिया है।

**मैं** अमरजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी गांव भट्ट माजरा, सरस्वती खेड़ा (34), उरनाय, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपनी नाबालिक बेटी का नाम लवलीन से बदलकर लवलीन कौर रख दिया है।

**मैं,** अमरजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी गांव भट्ट माजरा, सरस्वती खेड़ा (34), उरनाय, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपनी नाबालिक बेटी का नाम जसलीन से बदलकर जसलीन कौर रख दिया है।

**मैं,** दीपक कुमार दहिया पुत्र श्री करण सिंह दहिया निवासी विकास नगर, जिला सोनीपत मैंने अपनी पुत्री का नाम यशस्वी से यशस्वी दहिया संशोधित करवा लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना जाए।

**मैं,** पंकज मोर पुत्र श्री राजेंद्र सिंह मोर निवासी आदर्श नगर, गोहाना जिला सोनीपत मैंने अपने पुत्र का नाम रक्षित से रक्षित मोर संशोधित करवा लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना जाए।

**मैं,** पंकज मोर पुत्र श्री राजेंद्र सिंह मोर निवासी आदर्श नगर, गोहाना जिला सोनीपत मैंने अपनी पुत्री का नाम नंदनी से नंदनी मोर संशोधित करवा लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना जाए।

**मैं,** मनोज पुत्र दरिया सिंह, गांव देवीगढ तहसील व जिला कैथल का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम मनोज से बदलकर मनोज कुमार रख लिया है।

**मैं,** खुशी पुत्री मनोज कुमार, गांव देवीगढ तहसील व जिला कैथल की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम खुशी से बदलकर खुशी ढुल रख लिया है।
एपी-4383

**मैं,** एम सीता सैन्य संख्या- 15677070एच रैंक सीएचएम, नाम- एम स्टालिन बाबू की मां हूं, जो वर्तमान में गांव, पेथुपराई, विलपट्टी, जिला डिंडीगुल, कोडईकनाल, तमिलनाडु 624101 में रहती हूं, घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम और जन्मतिथि एम सीता और जन्मतिथि 01-जुलाई-1957 के रूप में गलत दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार, मेरा वास्तविक नाम और जन्मतिथि सीता एम और जन्मतिथि 15/11/1960 है। शपथ पत्र संख्या- एफबी 793430, एफबी 793429, दिनांक- 30/07/2025

**मैं,** एम मणि संख्या- 15677070एच रैंक- सीएचएम नाम- एम स्टालिन बाबू का पिता हूं, जो वर्तमान में गांव- पेथुपराई, विलपट्टी, जिला डिंडीगुल, तह- कोडईकनाल, तमिलनाडु, पिन- 624101 घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से एम मणि और जन्म तिथि 01-जुलाई-1953 के रूप में उल्लेखित है, जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार, मेरा वास्तविक नाम और जन्मतिथि मणि एम है और जन्मतिथि 16/08/1954 है। शपथ पत्र संख्या- FB 793428, FB 793427, Dated: 30/07/25

**मैं,** सैन्य संख्या- 15581651एच, रैंक- लास/नायक नाम- जाधव जगन्नाथ पांडुरंग वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हू स्थायी पता- गांव- नादरपुर, पोस्ट- पिंपरखेड़ा, तहसील- कन्नड़, जिला- छत्रपति संभाजीनगर, महाराष्ट्र पिन 431104 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम संचिता से बदलकर संचिता जगन्नाथ जाधव कर दिया है।

I, PS CHANDRA SEKARAN is Father of Service No: 15327660M Rank: Hav Name: C R ANISH presently residing at 161 Bridge Company, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from PS CHANDRA SEKARAN to POOBALACHANDRASEKARAN SREETHARANNADAR and Also Correct my Date of birth from 01/07/1954 to 20/10/1950.

**मैं,** जिंदर कौर पत्नी श्री हरदीप सिंह, निवासी मकान नंबर 49/11, कमांड अस्पताल, कॉम्प्लेक्स चंडीमंदिर कैंट, जिला- पंचकूला घोषणा करती हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम खुशप्रीत से बदलकर खुशप्रीत सिंह रख लिया है।

**मैं,** नारायणा सैन्य संख्या- 16122730एच रैंक- नायक नाम- पी रामू का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येलकिचार्ला, पोस्ट- येलकिचेरला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम नारायणा से बदलकर पित्तला चिन्ना नारायणा रख लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 216803, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** पित्तला चिन्ना नारायणा सैन्य संख्या- 16122730H रैंक- नायक नाम- पी रामू का पिता हूँ वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येल्किचर्ला, पोस्ट- येल्किचर्ला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 23/01/1974 से 06/09/1965 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA216703, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** लक्ष्माम्मा सैन्य संख्या- 16122730एच रैंक- नायक नाम- पी रामू की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र- 411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येलकिचार्ला, पोस्ट- येलकिचेरला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लक्ष्मम्मा से बदलकर पित्तला लक्ष्मम्मा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए216705, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** पित्तला लक्ष्मम्मा सैन्य संख्या- 16122730॥ रैंक- नायक नाम- पी रामू की माँ हूँ वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येल्किचेरला, डाकघर- येल्किचेरला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/01/1976 से 21/10/1971 में सही कर ली है। शपथ पत्र क्रमांक- 11AA 216704, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री कर्ण सिंह निवासी, गाँव मनाना, तहसील समालखा, जिला पानीपत, वर्तमान में मकान नंबर- 54/2, सुभाष नगर, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में रहता हूँ घोषणा करता हूँ कि कुछ दस्तावेजों में मेरे भाई का नाम जितेंद्र (Jitander) और कुछ दस्तावेजों में जितेंद्र सिंह ( Jitander Singh ) लिखा है तथा हरियाणा पुलिस होमगार्ड पहचान पत्र में जितेंद्र ( Jitender) लिखा है। जितेंद्र, जितेंद्र सिंह और जितेंद्र एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-4382

I, Kamal Juneja S/o Bhim Sain R/o H. No. 686 Near Ekta Park, Sector 15A Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Kamal Juneja to Kamal for all future purpose.
एपी-4384

It is for general information that I, NAVRATAN SINGH S/O BIR SINGH Residence House No 63, Village Kirmich, Kirmach (6), Kirmuch, Thanesar, Kurukshetra , Haryana - 136119 declare that name of mine has been wrongly written as NAVRATAN in my minor daughter namely VANDANA aged 17 years in his 10th class CBSE mark sheet . My actual name is NAVRATAN SINGH respectively. Which may be amended accordingly.
एपी-4385

I, Balwan S/o Ude Singh R/o Kharal, Tehsil Narwana Distt Jind 126116 Haryana, have change my name Balwan to Balwan Singh.

I, Indro W/o Balwan R/o Kharal Tehsil Narwana Distt Jind 126116, Haryana have change my name Indro to Indira.

I, Vishavjeet Singh Khera S/o Harjeet Singh Khehra R/o VPO Nathwan (161) Distt Fatehabad 125051 Hry, have change my name Vishavjeet Singh Khera to Vishavjeet Singh Khehra.

I, Rupinder Kaur W/o Harjeet Singh Khehra R/o VPO Nathwan (161) Distt Fatehabad 125051 Hry, have change my name Rupinder Kaur to Rupinder Kaur Khehra.

I, Harjeet Singh Khera S/o Niranjan Singh R/o 78/B VPO Nathwan (161) Distt Fatehabad 125051 Hry have change my name Harjeet Singh Khera to Harjeet Singh Khehra
एपी-4386

**मैं,** जुही उर्फ अलिशा पुत्री सन्तोष सिंह निवासी फेकू बिगहा, पिपरा, बगाही, औरंगाबाद बिहार ब्यान करती हूं कि मैं हिन्दू धर्म में जन्मी हूं। जबकि मुस्लिम धर्म में मेरी गहरी आस्था है और मुझे मुस्लिम रीति रिवाज व मुस्लिम धर्म बहुत पसंद हैं। इसलिए मैने बिना किसी के बहकाव व दबाव, और अपनी पूर्ण स्वतंत्रमती से अपना हिन्दू धर्म को छोड़कर मुस्लिम धर्म को स्वीकार कर लिया है। और साथ ही मैने अपना नाम जूही से बदलकर अलीशा रख लिया है। अब भविष्य में मुझे अलीशा के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एपी-4387

**मैं,** नीरज सैनी पुत्र सुभाष चंद गाँव जलबहरा ,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर नीरज कुमार रख लिया है।
एपी-4389

## बेदखली सूचना

**मैं,** रमेश मुंजाल पुत्र स्व. लच्छम दास निवासी # 279 MIG, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कालका (पंचकूला) ने अपने पुत्र समीर मुंजाल को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, क्योंकि वह मेरे कहने से बाहर है। भविष्य में समीर मुंजाल के साथ किसी प्रकार का लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4373

**मैं,** बलदेव प्रकाश पुत्र श्री रंगी राम, निवासी मकान नंबर 3358/1, सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र अमृत पाल और उसकी पत्नी ईशा पाल और उनके बच्चे जय आदित्या पाल, लक्ष पाल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-4374

## खोया-पाया

**मैं,** सरोज बाला पत्नी सोम प्रकाश गुप्ता निवासी 618//10, स्टेट बैंक क्लोनी पीछे कोयल काम्प्लेक्स कैथल, सूचित करती हूं कि मेरी असल Conveyance डीड नं. - 9394/1 दिनाँक 16.7.2013 एंड सोसाइटी मेम्बरशिप सर्टिफिकेट of Flat B-406, The Tarun Cooperative Group Housing Society Ltd., GH-2, Sector 47, Gurugram, कैथल में दिनाँक 24.5.2025 को गुम हो गए हैं। इस संदर्भ. में DDR NO. 132280252500897 दिनाँक 24.5.2025 पुलिस स्टेशन सिटी, कैथल में दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को मिले तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें। या मोबाइल न. 8950068570, पर सम्पर्क करें।

**मैं,** सुरेश कुमारी पत्नी सत्यवान, निवासी चंदाना सूचित करती हूं कि मेरी असल पुरानी सेल डीड नं. - 4303/1 दिनाँक 25.10.2013 नजदीक नया बस अड्डा, कैथल पर दिनाँक 6.7.2025 को गुम हो गई हैं। इस संदर्भ. में DDR NO. 132280272500998 दिनाँक 28.8.2005 पुलिस स्टेशन सदर , कैथल में दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को मिले तो बैंक ऑफ इंडिया, कैथल या वकील कबीर ढल, कैथल में 7 दिन के अंदर संपर्क करे। या मोबाइल न. 9992456666, पर सम्पर्क करें।
एपी-4372

It is hereby notified that the Severage connection of plot no 946 Phase 4, Mohali vide No. 5361 dt 31.12.1996 in favour of Simranjeet Kaur and Sewerage connection of Plot no 947 Phase 4 Mohali vide No. 5468 dt 2.4.1997 in favour of Simranjeet Kaur and Re Allotment Letter of Plot no 946-947 measuring 1000 sq. yds in phase 4 mohali bearing no 20227 dt 18.4.2000 in favour of Kulwant Singh and Gurpreet Singh has been lost at Phase 4 Mohali on dated 25.07.2025. DDR No. 622146/2025 dated 26.08.2025 has been registered at PS Sadar Rupnagar. If any found please inform Gurpreet Singh s/o Avtar Singh vill Thali Khurd Ghanauli, Rupnagar 92165-26022
एपी-4388

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभावित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# बाढ़ व बादल फटने से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए सभी सरकारें सचेत : अनिल विज

## कांग्रेस व आप पार्टी ने हमेशा से ही तानाशाही की है और ये चाहते हैं कि देश में तानाशाही होनी चाहिए

- पीडितों को मदद पहुंचाने के लिए सरकार तैयार - अनिल विज
- बादल फटने के कारणों के संबंध में पर्यावरणविदों को अध्ययन व विचार करना चाहिए - विज
- हमारे देश में उच्च चरित्रवान लोगों का गुणगान हुआ है, और उच्च चरित्रवान लोगों की बात की जाती है - विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि बाढ व बादल फटने से होने वाले नुकसान से निपटने के लिए सभी सरकारें सचेत हैं और पीडितों को मदद पहुंचाने के लिए सरकार तैयार है। उन्होंने कहा कि बादल फटने के कारणों के संबंध में पर्यावरणविदों को अध्ययन व विचार करना चाहिए।

श्री विज आज यहां चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गत दिनों वैष्णों देवी में पहाड खिसकने से 30 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, उसके लिए प्रधानमंत्री जी ने भी शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि उनके जीवन में पहली बार इतने बादल फटने की घटनाएं सुनी है, जितने इस बार हो रहे है और जिससे गांव के गांव तबाह हो रहे हैं। इस बारे में पर्यावरणविदों को विचार करना चाहिए, कि इस बार इतने बादल क्यों फट रहे हैं जबकि पहले इतने नहीं होते थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इन्फ्रास्ट्रक्चर को पुनः स्थापित करने के लिए सरकार लगी हुई है।

मीडिया द्वारा अपराधियों को महिमामंडन के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ये सभ्यता के अनुकूल बात कही गई है, क्योंकि हमें उन्हीं का महिमामंडन करना चाहिए, जिनको आगे लोग अपनाएं। यदि बदमाशों/ गैंगस्टरों इत्यादि का महिमामंडन किया जाता है तो लोग प्रभावित होते हैं। हमारे देश में उच्च चरित्रवान लोगों का गुणगान हुआ है, और उच्च चरित्रवान लोगों की बात की जाती है, और बुरे काम करने वालों का कभी भी इस देश में महिमामंडन नहीं किया जा सकता है।

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का एक एजेंडा है कि देश की जितनी भी प्रजातांत्रिक संस्थाएं/स्वायत संस्थाएं हैं, उनको नुकसान पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि चाहे सीबीआई, ईडी, ईसीआई या अन्य कोई ओर भी प्रजातांत्रिक संस्थाएं हों। क्योंकि कांग्रेस व आप पार्टी ने हमेशा से ही तानाशाही की है और ये चाहते हैं कि देश में तानाशाही होनी चाहिए।

### ''मैं समझता हूं कि विधानसभा में मुख्यमंत्री जी ने आकंडों सहित जवाब दे दिया है और विपक्ष इसको सहन नहीं कर सका और विपक्ष मैदान छोडकर भाग गया''

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने विपक्ष द्वारा कानून व्यवस्था के संबंध में उठाए जाने के सवालों के संबंध में कहा कि ''मैं समझता हूं कि विधानसभा में मुख्यमंत्री जी ने आकंडों सहित जवाब दे दिया है और विपक्ष इसको सहन नहीं कर सका और विपक्ष मैदान छोडकर भाग गया''। श्री विज आज मीडिया कर्मियों पिछले चार दिनों तक हरियाणा विधानसभा का सत्र संचालित गया और विपक्ष सत्र के दौरान सदन तथा सदन के बाहर लगातार कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहा है, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि श्री विज ने विपक्ष के समक्ष सवाल खडा करते हुए कहा कि यदि विपक्ष के पास कानून व्यवस्था के जवाब के संदर्भ में कुछ था तो विपक्ष सदन में ही जवाब देता। कब-कब किस राज में कितना अपराध हुआ, का तुलनात्मक सदन में बताया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम अपनी आवाज उठाना है लेकिन सरकार ने आंकडों सहित विपक्ष को जवाब दिया है। भूपेन्द्र सिंह हुडा द्वारा विधानसभा में सही आंकडे सरकार द्वारा न दिए जाने के संबंध में लगाए गए आरोप के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि दैट इज कंटेप्ट आफ हाउस, यदि गलत आंकडे दिए थे तो इन्हें हाउस में बताना चाहिए था, बाहर आकर कहने का कोई अधिकार नहीं है। विपक्ष को हाउस के अंदर ही कहना चाहिए था, बाहर आकर नहीं कहना चाहिए था। विधानसभा में सभी को मौका मिलता है और पक्ष व विपक्ष अपनी-अपनी बात कहता है, जबकि विपक्ष मैदान छोड भाग जाता है और ये भगौडे है।

### कांग्रेस की घोटालों की सूची काफी लंबी है - विज

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि आजकल देश की दो पार्टियां (कांग्रेस एवं आरजेडी), जिनके अपने दामन पर भ्रष्टचार, चोरी, घोटालों के अनेकों आरोप हैं, ये वोट चोरी का मुददा बनाकर यात्राएं निकाल रहे हैं। ये ऐसे हो गया जैसे कि चोर मचाए शोर। उन्होंने कहा कि बिहार से सारे विश्व को ज्ञान का संदेश दिया गया है। वहां के लोग काफी ज्ञाता है, बिहार के लोग जानते हैं कि ये (क्रांग्रेस एवं आरजेडी) किस लिए शोर मचा रहे हैं। लेकिन बिहार की जनता चुनाव में इनको सबक सिखाएगी। श्री विज आज यहां चण्डीगढ में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ था। कांग्रेस ने सत्ता संभाल ली और अभी लोग आजादी के जश्न में झूम ही रहे थे कि 1948 में कांग्रेस ने जीप घोटाला कर दिया। उस समय 2000 जीपें खरीदी गई थी उसका घोटाला हुआ था। उसके बाद बोफोर्स घोटाला हुआ, 2जी स्पैक्ट्रम घोटाला हुआ, अगस्टा हैलीकाप्टर डील का घोटाला भी हुआ। यही नहीं कारगिल की विधवाओं के लिए महाराष्ट्र में बनाई गई सोसायटी में भी घोटाला हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की घोटालों की सूची काफी लंबी है। उसी प्रकार से आरजेडी का चारा घोटाला, जॉब फॉर लैण्ड घोटाला, आईआरसीटीसी घोटाला इत्यादि है। कांग्रेस और आरजेडी को अपने दामन को भी देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है, यदि प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में कोई त्रुटि रह जाती है तो चुनाव आयोग उसके लिए समय देता है। अब ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है और सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर संज्ञान भी ले लिया है। केवल लोगों को गुमराह करने के लिए और सुबह उठकर सबको गाली देने के लिए कांग्रेस और आरजेडी के नेता, जिनके खुद के दामन पर भ्रष्टाचार के इतने दाग हैं, कि हिन्दूस्तान की डेमोक्रेसी भी इनके सामने शर्माती है और आने वाले चुनावों में इन दोनों पार्टियों को यह चीज बहुत ही महंगी पडेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सेंट थॉमस स्कूल में गणेश चतुर्थी का भव्य आयोजन



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** सेंट थॉमस स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति बप्पा की प्रतिमा की स्थापना एवं पूजन से हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें गणेश वंदना, भक्ति गीत और नृत्य मुख्य आकर्षण रहे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित स्कूल प्रबंधन का दिल जीत लिया और वातावरण 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन संदीप मारवाह, अंजलि मारवाह, पंकज अरोड़ा कार्तिकेय मारवाह, साक्षी मारवाह, रजनी एवं स्कूल प्रधानाचार्य एवं अध्यापकगण ने भी भाग लिया। सभी ने मिलकर भगवान गणेश की आरती उतारी और सुख-समृद्धि तथा विघ्नहर्ता का आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन प्रमुख अंजलि मारवाह ने अपने संबोधन में कहा कि 'गणेश चतुर्थी जैसे पर्व बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सामूहिकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।' वहीं स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन ने कहा कि 'गणेश भगवान विघ्नहर्ता और बुद्धि के देवता हैं। हमें चाहिए कि हम अपने जीवन में सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा की भावना को अपनाएँ।' पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### सड़कों पर घूम रहे नंदी बना रहे हैं बच्चों व बुजुर्गों के लिए खतरा

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** शहर के प्रमुख बाजारों व गलियों में नंदी महाराज झुंड के झुंड बनाकर घूमते दिखाई दे रहे हैं शहर के प्रमुख मार्गो चंडीगढ़ रोड, जमालपुर रोड, अग्रसेन चौक व अनाज मंडी, नेहरू मार्केट में यह नंदी महाराज सभी इकट्ठे होकर जैसे सरकार के प्रति कोई धरने प्रदर्शन पर रोष व्यक्त कर रहे हो वैसे बैठे दिखाई देते हैं दूसरी तरफ उनके मुख्य मार्ग पर बैठने से यातायात भी प्रभावित होता है इन मार्गों पर चलने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और जो नंदी महाराज गलियों में सरेआम सिंघ से सिंग मिलाकर अपनी अत्यंत शक्ति की जोर आजमाइश कर रहे होते हैं उनसे गलियों में रहने वाले सभी बच्चे बुजुर्ग व राहगीर अत्यधिक परेशान होते है ।नगर परिषद ने कुछ दिन पहले को वंश को पकड़ने के लिए एक टेंडर भी रिवाड़ी की पार्टी को दिया था लगता है वह भी ठंडा बसते में पढ़ गया है या फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है ।

### शिवानी बनी इनैलो की शहरी प्रधान



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** इनैला की महिला कार्यकर्ताओं की एक विशेष बैठक वीरवार को लाडवा मंडी में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान सुरेंद्र कौर द्वारा की गई। बैठक में पार्टी के महिला संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सहित पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने व 25 सितम्बर को रोहतक में होने वाली ताऊ देवी लाल जयंती समारोह को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई कि किस प्रकार समारोह में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक बढ़ाई जा सके। इसके लिए महिला कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां भी लगाई गई। बैठक में जिला प्रधान सुरेंद्र कौर ने इनैलो के शहरी प्रधान एवं व्यापार सैल के जिलाध्यक्ष स्वीटी भुल्लर की अध्यक्षता में हरियाणा इनैलो महिला प्रभारी सुनैना चौटाला, महिला प्रदेशाध्यक्ष तनूजा कश्यप एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक शेर ड्क्षसह बड़शामी से विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से शिवानी लाडवा को लाडवा महिला शहरी प्रधान नियुक्त किया गया। बैठक में हलका लाडवा प्रधान सुदेश रानी, सीमा, रेणु शर्मा, गीता, कैलाशो देवी, राधा देवी, सरोज बाला, मीनू सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।

### स्कूल में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया

**लाड्वा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के संत निश्चल ड्क्षसह प्ले स्कूल में में वीरवार को एक दिवसीय नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया गया। शिविर में करीब 200 बच्चों के दांतों की जांच कर उपचार किया तथा बच्चों को दांतों से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया व दांतों की सफाई रखने के लिए प्रेरित भी किया। यह जानकारी स्कूल की हेडमिस्ट्रेस निधि त्रिपाठी ने दी। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना ही नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उनका स्वास्थ्य इसका एक अभिन्न अंग है। बचपन में डाला गया स्वास्थ्य के प्रति यह ध्यान आगे चलकर उन्हें एक स्वस्थ और बेहतर जीवन देता है। आज के इस शिविर का मकसद बच्चों को यह समझाना है कि मुस्कान का असली सौंदर्य स्वच्छ और स्वस्थ दांतों में ही छुपा होता है। उन्होंने कहा कि अक्सर माता-पिता बच्चों के दूध के दांतों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते, लेकिन यह धारणा पूरी तरह से गलत है। दूध के दांतों का स्वस्थ होना भविष्य में आने वाले स्थायी दांतों के लिए बहुत जरूरी है। इस शिविर में मौजूद दंत चिकित्सकों की टीम ने बच्चों का ध्यान आकर्षित करने वाले तरीके से उन्हें दांतों की सही सफाई के तरीके, मंजन करने का सही तरीका और मीठा खाने के बाद कुल्ला करने के महत्व के बारे में बताया।

## शहर के सभी बाजार सोमवार को रहेंगे बंद, व्यावसायिक ट्रैक्टरों का शहर में प्रवेश निषेध : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 28 अगस्त।** औद्योगिक नगरी को चंडीगढ़ और पंचकूला की तर्ज पर साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने कमर कस ली है। जिला सचिवालय सभागार में वीरवार को शहरी विधायक प्रमोद विज और उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने जिला रोड सेफ्टी कमेटी व सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक में कई अहम फैसले लिए। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि शहर में सुरक्षा और सफाई पर जोर दिया जा रहा है। सुरक्षा के दृष्टिगत अलग-अलग पॉइंट्स पर 20 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। यही नहीं सड़क हॉटस्पॉट्स पर ग्रिल लगाई जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि अंडरपास निर्माण और सर्विस लेन चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा होगा। सड़कों पर हरे रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं ताकि सड? दुर्घटना में कमी लाई जा सके। प्रशासन द्वारा साइन बोर्ड भी शीघ्र लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों और व्यावसायिक ट्रैक्टरों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उनकी शहर में पूरी तरह से एंट्री निषेध कर दी गई है। उपायुक्त ने बताया कि सभी रेहड़ी धारकों को अपनी रेहड़ी का पंजीकरण कराना होगा। जो रेहड़ी धारक पंजीकरण नहीं कराएगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

शहरी विधायक प्रमोद विज ने कहा कि यातायात व बाजार व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। देवी मंदिर चौराहा, शिव चौक, एलएनटी फ्लाईओवर के नीचे और सुखदेव नगर में ई-रिक्शा स्टैंड बनाए जाएंगे। बाजार क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश रात 8 बजे से सुबह 10 बजे तक ही संभव होगा। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की।

विधायक ने कहा की बाजारों में लोहे के बैरियर और कैमरे से स्वचालित चालान की व्यवस्था होगी। उपायुक्त ने इस पर गंभीरता से कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक में तिपहिया वाहनों की संख्या नियंत्रित करने और उन पर ऑड-ईवन सिस्टम लागू करने पर सहमति बनी। विधायक ने कानून व्यवस्था और प्रदूषण पर सख्ती से कार्य करने को लेकर प्रशासन से अवैध रेहड़ियों और मांसाहारी भोजन बेचने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही। लाल बत्ती स्थित संविधान चौक के साथ वाले रास्ते को भी खोलने को लेकर हुई चर्चा।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग के तीन छात्रों का राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टीम में चयन

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पुंडरी, 28 अगस्त।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग के लिए गर्व का क्षण रहा जब विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल टीम में हुआ। विद्यालय की छात्रा अन्नू (अंडर-19), प्राची (अंडर-17) और अंशु (अंडर-14) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इन बच्चों को विद्यालय प्रांगण में आयोजित एक सम्मान समारोह में मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही खेलों में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इस अवसर पर हुसन देवी और पीटीआई मनोज कुमार ने बच्चों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे। समारोह में विद्यालय के स्टाफ सदस्य नीरज नैन, अनिल, राजकुमार, संदीप, बलजीत, नविता, मीना और रजनी भी उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। स्टाफ सदस्यों ने कहा कि यह चयन न केवल बच्चों की मेहनत और कोचिंग का परिणाम है, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के सहयोग और प्रेरणा का प्रमाण है।

## भारतीय किसान यूनियन ने की अनाजमंडी में किसान पंचायत

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 28 अगस्त।** धान सीजन के दौरान मंडी में नमी के नाम पर लगाए जाने वाले कट एवं अन्य समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन की किसान पंचायत अनाज मंडी में हुई। इसमें पूरे हलके से सैकडो किसानों ने भाग लिया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि इस बार किसान नमी के नाम पर कोई कट नहीं लगने देंगे। यदि ऐसा हुआ तो धरने प्रदर्शन और घेराव से पीछे नहीं हटा जाएगा। इसके बाद तहसीलदार पूनम सोलंकी को मौके पर बुलाकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन के प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने कहा सरकार की नीतियों के कारण किसान लगातार समस्याओं से जूझ रहा है। खाद की सरेआम कालाबाजारी हो रही है। लेकिन अभी तक किसी विक्रेता के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही खरी खरी सुनाते हुए कहा कि खाद विक्रेताओं की दुकान पर स्टॉक बोर्ड लगवाए जाएं ताकि किसानों को पुख्ता जानकारी मिल सके। इसके अलावा मंडी में धान की फसल पहुंचते ही नमी के नाम पर कट लगाकर किसानों को लूटने का धंधा पिछले कई सालों से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे राइस मिलर्स पर अपना सब कुछ लुटा दे। लेकिन किसान के हिस्से का पैसा इस बार किसी दूसरे की जेब में नहीं जाने देंगे। इसके साथ-साथ फिजी वायरस से हुए नुकसान की गिरदावरी करवारकर किसानों को जल्द मुआवजा दिया जाए। धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से रखी गई। किसानों ने कहा कि मंडी में नमी मापने की मशीन चाइनीस मॉडल है। जो सही स्थिति नहीं बता पाती। इसलिए इस बार एफसीआई द्वारा प्रमाणित मशीन से ही नमी की मात्रा चेक करवाई जाएगी। यदि कोई अधिकारी या खरीददार चाइनीज मशीन लेकर नमी जांचने मंडी में आया तो मशीन तोड़कर उसे वापस भगाया जाएगा। बैठक में कृषि विभाग एवं मार्केट कमेटी के अधिकारियों से भी किसानों ने जवाब तलबी की। किसानों की समस्याएं सुनने के बाद तहसीलदार पूनम सोलंकी ने कहा कि किसान अपनी समस्याएं उन्हें लिखित में दें। एसडीएम अभिवन सिवाच की अध्यक्षता में कमेटी गठित करके जल्द ही सभी समस्याओं को दूर करवाने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद किसानों ने अपना ज्ञापन उन्हें सौंपा। किसान पंचायत में अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान नवीन गर्ग, उप प्रधान चंद्रगुप्त मंगला, सुखबीर सैनी, प्रेम सिंह आदि में भी किसानों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रभारी विनोद बाखली, हल्का प्रधान कंवलजीत, ब्लॉक प्रधान बलविंदर भटेडी, युवा प्रधान मनीष मलिक, वरिष्ठ उपप्रधान गुरलाल असमानपुर, युवा उपप्रधान मालक विर्क, डॉ. गुलजार सिंह, मिल्लू मलिक, रणजीत कंबोज, मलकीत बाजवा, नरेंद्र मलिक, ऋषि अधोया, गोल्डी कराह साहिब, बिट्टू सुरमी, जगदीश गुर्जर, पिंटू संधोला, बलिंदर इशाक, गुरमेल स्नेटा फ़ार्म, काकू चीमा व जशन उप्पल आदि मौजूद रहे।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाखली में किया युवा संसद का आयोजन



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 28 अगस्त।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाखली में युवा संसद का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य रमेश सांगवान ने की उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं से संप्रेषण कौशल का विकास होता है विद्यार्थियों में तर्क वितर्क क्षमता विकसित होती है प्रतियोगिता में 50 छात्रों ने भाग लिया तथा युवा संसद में संसद की कार्यवाही का 1 घंटे का नाटक रूपांतरण प्रस्तुत किया प्रतियोगिता में राजेश कुमार प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान व श्री गुरमेल सिंह प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान निर्णायक मंडल के रूप में अवलोकन करने हेतु विद्यालय में पधारे! निर्णायक मंडल ने बच्चों की प्रस्तुति की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा तथा कुछ टिप्स भी दिए युवा संसद में शपथ ग्रहण, शोक प्रस्ताव, प्रश्न काल, विशेष अधिकार हनन ,ध्यान आकर्षण प्रस्ताव ,काम रोको प्रस्ताव, कानून बनाने की पूरी प्रक्रिया को नाट्य रूपांतरण के तरीके से प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर विद्यालय से प्रवक्ता नरेश शर्मा, सुखपाल ,अभिषेक व दर्शन सिंह ,अनिल कुमार शर्मा, संध्या , प्रवीण कुमार चौहान, वीरेंद्र सिंह, विपुल शर्मा ,शकुंतला रानी ,मीनाक्षी, संजीव कुमार ,शिव प्रसाद, कुलबीर कौर, शीतल शर्मा आरती, गुरुदत्त, राजकुमार, मनीष शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## नगरपालिका पार्षद डोर टू डोर स्वच्छता अभियान के बारे में लोगों को करेंगे जागरूक

अर्थ प्रकाश/कृष्ण

**निसिंग, 28 अगस्त।** स्वच्छता के प्रति लोगो में जागरूकता फैलाने को लेकर स्थानीय नगरपालिका कार्यालय ने बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सचिव शैलेंद्र शर्मा ने की। उन्होंने नपा पार्षदों को अपने अपने वार्डो में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करने की बात कही। ताकि कस्बे को स्वच्छ बनाया जा सके। इससे सुंदरता कायम होने के साथ ही अस्वच्छता के अभाव में होने वाले रोगों से बचाव रहेगा। जब तक जनता जागरूक नही होगी, तब तक सही मायने में स्वच्छता कायम नही हो सकती। उन्होंने लोगो से स्वच्छता में सहयोग मांगने की बात करते हुआ कहा कि लोग अपने घर में सूखे व गीले कचरे के लिए डस्टबिन लगाए और नगरपालिका की गाड़ी में डाले। ताकि कचरे का उचित निष्पादन किया जा सके। अपने घरों के सामने स्वयं सफाई करने की आदत डाले। नाले में पानी डालकर स्वच्छ रखे। ताकि मच्छर न पनपे। अकेले नपा कर्मी स्वच्छता कायम नही कर सकते। उन्होंने बताया कि इस मुहिम ने सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगो का भी सहयोग ले। प्रयास करे कि आपका वार्ड सबसे सुंदर बने। नपा प्रशासन स्कूलों और कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं और छोटे बच्चो को जागरूक करते हुए स्वच्छता का महत्व बताएंगे। उनकी और से डेरा सच्चा सौदा को भी लेटर लिखा है। ताकि अभियान को सिरे चढ़ने में सहयोग मिल सके। बाजार के दुकानदारों से भी सहयोग की अपील की जाएगी। उन्होंने बताया कि 13 वार्डो में कुल 22 सफाई कर्मी है जबकि 44 पद स्वीकृत है। कचरा निष्पादन के लिए पांच फोर व्हीलर, एक ट्रैक्टर ट्रॉली व छह रिक्शा रेहड़ी है। जो वार्डो की प्रत्येक गली से कचरा कलेक्शन करती है। मौके पर नपा पार्षद हरप्रीत सिंह, ओंकार सिंह, राजपाल भोला, लब्बू जांगड़ा, पार्वतीश शर्मा, कृष्ण सेन,रविंद्र शर्मा, विनोद कुमार, प्रतिनिधि जसवीर सिंह, चंद्र मोहन शर्मा, सुशील कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंचा खेतों में जलभराव का मामला

## कई गांवों के किसान मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मिले

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा, 28 अगस्त।** पहाड़ों से आ रहा पानी जहां बराड़ा रिहायशी क्षेत्र में अपना प्रकोप दिखा रहा है, वहीं यह बराड़ा से होकर आगे गांवों में फसलों को तबाह कर रहा है। खेतों में जलभराव का यह मामला अब मुख्यमंत्री के दरबार में पहुंच गया है। बृहस्पतिवार को कई गांवों के दर्जनों किसान अपना दुखड़ा सुनाने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के पास पहुंचे। गांव राजोखेड़ी निवासी करमजीत सिंह सैनी ने बताया कि बराड़ा में बाहर से आने वाला पानी मौजगढ़ के रास्ते रेलवे लाइन के नीचे से होता हुआ सज्जन माजरी में जा रहा है। यहां से सड? पर बनी दो पुलियों के नीचे से पानी तेजगति से दादुपुर होता हुआ राजोखेड़ी, सुभरी और उगाला में जा रहा है। पानी का बहाव इतना तेज है कि इन गांवों के खेतों में पानी पूरी तरह भर चुका है। जिससे फसलें जलमग्न हो गई हैं। जो धान पहले लगाई गई थी, उसकी जड़ें गलनी शुरू हो चुकी है जबकि बाद में लगाई गई धान पूरी तरह से पानी में डूब गई है। इसके अलावा गन्ने की फसल भी खराब होने के कगार पर है। धान की फसल तो दो बार लगा चुके हैं, लेकिन सारी फसल जलमग्न है। कई दिनों से पानी से खेत लबालब हैं। उन्होंने इस संबंध में प्रशासन से कई बार गुहार लगाई। सभी गांवों के किसान मिलकर बराड़ा एसडीएम से मिले थे और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र भी दिया था। जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो वह मुख्यमंत्री नायब सैनी और कृष्ण बेदी से मिले, जहां मुख्यमंत्री व कैबिनेट मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि नहरी विभाग के उच्चाधिकारियों से उनकी मीटिंग कराई जाएगी और नाले को दोबारा खुलवाने के आदेश दिए जाएंगे। इस अवसर पर करमबीर सिंह राजाखेड़ी, जयमल सिंह, जरनैल सिंह, करनैल सिंह, जसविंदर सिंह, जसवंत सिंह सुभरी, सुशील सैनी, बलदेव सिंह, सुरजन सिंह राजोखेड़ी, गुरचरण सिंह, गुलाब सिंह रामदत्त, सुरेश पाल सुभरी आदि किसान मौजूद थे।

**नक्शे में भी मौजूद है बैतन नाला:** किसान कर्मजीत सैनी ने बताया कि क्षेत्र की पानी निकासी के लिए नदीनुमा एक बड़ा नाथा था जो साढौरा की तरफ से आता था और बराड़ा शहर, मौजगढ़, राजोखेड़ी, सुभरी, उगाला, अब्दुल्लागढ़ होते हुए कुरूक्षेत्र जिले के गांवों में चला जाता था। इस नाले से बराड़ा का सारा बरसाती पानी आगे चला जाता था और बाढ़ इत्यादि की स्थिति नहीं बनती थी। लेकिन वर्ष 1965-66 में इस नाले को बंद कर दिया गया। जिसके कारण आज इन गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इस नाले की दिशा उत्तर से दक्षिण की ओर है। बराड़ा के जिन गांवों में यह नाला अभी बचा है, उन गांवों का रिकॉर्ड तहसील में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गांव सिंबला के लोगों ने उन्हें अपने गांव से गुजर रहे इस नाले का नक्श मुहैया करवाया है। वहीं बराड़ा शहर और अन्य क्षेत्र का नक्शा उनके पास है। बाकि नक्शा भी विभाग को मिल सकता है।

# सिविल अस्पताल में रोजाना आ रहे पांच हजार मरीज, मल्टी लेवल पार्किंग जरूरी, डीएचएस को भेजा प्रस्ताव

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

पंचकूला। रोजाना सिविल अस्पताल सेक्टर 6 में बढ़ रही मरीजों की संख्या की वजह से पार्किंग स्थल कम पड़ते जा रह हैं। मदर एंड चाइल्ड केयर अस्पताल बनने के बाद परिसर में आने वाहनों को पार्क करना किसी सिरदर्दी से कम नहीं है। यह समस्या देखते हुए अस्पताल में पार्किंग की समस्या को कम करने के लिए यहां एक मल्टी-लेवल पार्किंग स्थल प्रस्तावित किया गया है। अगर यह बन जाता है, तो यह शहर का तीसरा मल्टी-लेवल पार्किंग स्थल बन जाएगा। वर्तमान में, माता मनसा देवी मंदिर और सेक्टर 1 स्थित लघु सचिवालय में ऐसे पार्किंग स्थल मौजूद हैं।



अकेले ओपीडी में ही रोजाना करीब 4 से 5 हजार मरीज आते हैं, जिनमें से करीब 50 से 60 फीसदी मरीज बाहर से आते हैं। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में भारी भीड़ के कारण पार्किंग की समस्याएं काफी हैं। अस्पताल के अंदर ही नहीं, बल्कि बाहर भी अव्यवस्था का आलम देखा जा सकता है। वाहनों की पार्किंग के लिए जगह की कमी है। इस वजह से, मरीज़ों और आगंतुकों को भुगतान करने के बाद भी वाहन पार्क करने की जगह नहीं मिलती। अस्पताल के बाहर वाहनों की लंबी कतारें देखी जा सकती हैं।

**चीफ आर्किटेक्ट ने आपत्तियां जताई, फिर भेजेंगे पत्र:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मुक्ता कुमार द्वारा सिविल अस्पताल में मल्टी-लेवल पार्किंग स्थापित करने का प्रस्ताव महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं के कार्यालय को भेजा गया था। महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इसे हरियाणा के चीफ आर्किटेक्ट को प्रस्ताव की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए भेजा गया था। सिविल सर्जन के मुताबिक बताया मुख्य वास्तुकार ने हाल ही में हमें कुछ छोटी-मोटी आपत्तियों के साथ पत्र लिखा था। हम उन्हें इस मामले को उठाने के लिए फिर से पत्र लिखेंगे क्योंकि यह समय की मांग है। और इस समस्या को कम करने का यही एकमात्र समाधान है।

### सड़कों पर पार्क होते हैं वाहन, रेजिडेंट्स को दिक्कत

हाल के वर्षों में, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के कारण सिविल अस्पताल में आने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। परिणामस्वरूप, सीमित स्थान के कारण पार्किंग की समस्या उत्पन्न हो गई थी। अस्पताल में आने वाले चालक सड़क किनारे वाहन पार्क करते हैं, जिससे यातायात जाम हो जाता है। सेक्टर 6 के निवासी अपने घरों के बाहर पार्किंग की शिकायत करते रहे हैं। वे भी एक मल्टीलेवल पार्किंग स्थल के पक्ष में हैं जिससे यह परेशानी कम हो जाएगी। अन्य सरकारी विभागों के वाहन भी यहां पार्क होते हैं, जिससे उनके घरों के बाहर यातायात जाम हो जाता है।




**एनआईएसीएन में एडमिन. ऑफिसर के**
कुल पद: 550
आवेदन की अंतिम तिथि: 30 अगस्त, 2025
योग्यता: यूजी ,पीजी
आयु सीमा: 21 साल
करें आवेदन:
**new india.co.in**

**बीजे मेडिकल कॉलेज पुणे में ग्रुप 'डी' के**
कुल पद: 354
आवेदन की अंतिम तिथि: 31 अगस्त, 2025
योग्यता: दसवीं, आईटीआई व अन्य
आयु सीमा: 18 से 38 साल
करें आवेदन:
**bjgmepune.com**

**बिहार स्वास्थ्य विभाग में लैब टेक्नीशियन के**
कुल पद: 1075
आवेदन की अंतिम तिथि: 15 सितंबर, 2025
योग्यता: 12वीं, एमएससी व अन्य
आयु सीमा 21 से 37 साल
करें आवेदन:
**shs.bihar.gov.in**

**नेवल डॉकयार्ड में अप्रेंटिस के**
कुल पद: 286
आवेदन की अंतिम तिथि: 21 सितंबर ,2025
योग्यता: आठवीं व दसवीं पास
आयु सीमा: न्यूनतम 14 साल करें
आवेदन जॉइन:
**joinindian navi.gov.in**

**राजस्थान लोक सेवा आयोग में वरिष्ठ शिक्षक के**
कुल पद: 6500
आवेदन की अंतिम तिथि: 17 सितंबर , 2021
आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष
करें आवेदन:
करें आवेदन:
**rpsc.rajasthan.gov.in**

**बीएसएफ में हैड कांस्टेबल के**
कुल पद: 1121
आवेदन की अंतिम तिथि: 23 सितंबर, 2025
आयु सीमा न्यूनतम: 18 वर्ष वह अधिकतम 25 से30 वर्ष (वर्ग अनुसार)
करें आवेदन:
**bsf.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

## राजीव गुप्ता हत्याकांड सुलझा: प्रेम प्रसंग से आहत युवती के दो मामा और भाई ने की हत्या



9 अगस्त से लापता राजीव गुप्ता का शव पुलिस ने पिंजौर से जमीन खोदकर निकाला

प्रेम प्रसंग के चलते युवती के मामा और भाई ने दी थी राजीव को मारने की धमकी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पंचकूला पुलिस ने पिंजौर हत्या मामले की गुत्थी सुलझाते हुए वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन व डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने यह बड़ी सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों को 27 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया गया और आज अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 22 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि पिंजौर-नालागढ़ बाईपास के पास गांव सुखोमाजरी के सामने सड़क किनारे खाई की तरफ करीब दो सप्ताह पुराना एक शव दबा हुआ है। सूचना मिलते ही डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर मनदीप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव बरामद किया। 23 अगस्त को एसएचओ पिंजौर इंस्पेक्टर बच्चू सिंह भी अपनी टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर सीन ऑफ क्राइम टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए और शव को सेक्टर-6 सामान्य नागरिक अस्पताल पंचकूला में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

जांच के दौरान मृतक की पहचान राजीव गुप्ता पुत्र रामू गुप्ता उर्फ सुरेश कुमार निवासी हरदोही (उत्तर प्रदेश) हाल न्यू इंदिरा कॉलोनी, सेक्टर-13 चंडीगढ़ के रूप में हुई। मृतक के पिता ने बताया कि उनका बेटा एक कंपनी में सुपरवाइज़र था और 2 अप्रैल को प्रेम विवाह किया था। इसके बाद उसका एक अन्य युवती से प्रेम प्रसंग भी चल रहा था। इस कारण युवती के भाई और मामा ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी जिसकी शिकायत चंडीगढ़ पुलिस को पहले भी दी गई थी। 9 अगस्त को राजीव गुप्ता घर से एक्टिवा पर सवार होकर बिना बताए निकला था, जिसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और आखिरी लोकेशन पिंजौर की मिली। उसी दौरान पिंजौर क्षेत्र से शव मिलने की खबर मीडिया में आई, जिसके बाद परिजनों ने शव की पहचान की। मृतक के पिता की शिकायत पर पिंजौर थाना पुलिस ने युवती के भाई और मामा सहित अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238(1), 61(2) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर छापेमारी शुरू की। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार द्वारा की जा रही है।

### मनीमाजरा से दबोचे आरोपी

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने 27 अगस्त को मनीमाजरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के सामने से तीन वांछित आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमलदीप उर्फ कुंदन निवासी पिपलीवाला, मनीमाजरा (युवती का भाई), सत्यनारायण उर्फ सत्ता निवासी गांव रिसालू, जिला पानीपत और विनोद उर्फ बोडा पुत्र विजय सिंह निवासी नग्गल खेड़ी, जिला पानीपत (दोनों युवती के मामा) के रूप में हुई है। सत्यनारायण और विनोद पर पहले से ही पानीपत में हत्या का मामला दर्ज है।

### योजनाबद्ध हत्या, गर्दन तोड़ी, शव दफनाया

डीसीपी क्राइम ने आगे बताया कि हमारी जांच में सामने आया कि तीनों आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से राजीव गुप्ता को पहले फोन कर बुलाया, फिर उस पर हमला कर सुएं से वार किए, चुन्नी से गला घोंटा और गर्दन तोड़कर उसकी हत्या कर दी और बाद में शव को गड्ढा में दबा दिया था। तीनों पुलिस से बचने के लिए लगातार अपना स्थान बदल रहे थे लेकिन हमारी टीम से मुस्तैदी से तीनों पर पैनी नजर रखी और काबू कर लिया। पुलिस तीनों से गहन पूछताछ कर रही है और वारदात में इस्तेमाल किए गए सामान की बरामदगी भी रिमांड के दौरान की जाएगी।

## झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड का कचरा हाईवे पर बिखरा, निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर

### वार्ड पार्षद ने बताए मौजूदा हालात, बोले दिनभर दुर्गंध-बदहाली का माहौल

सेनेटरी इंस्पेक्टर को सफाई करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

पंचकूला। गांव झूरीवाला की जमीन पर पड़ा टनों कचरा बरसात के चलते हाईवे पर लाकर गाड़ियों में भरा जा रहा है, जिससे लिगेसी वेस्ट सड़यों पर बिखरा पड़ा हुआ है और दिनभर मवेशी इसमें मुंह मारते हैं। बदहाली के इस मंजर और यहां से उठती तीखी दुर्गंध से आसपास रह रहे लोग काफी परेशान हैं। गुरुवार को वार्ड पार्षद अक्षयदीप चौधरी के साथ नगर निगम के कमिश्नर आरके सिंह ने झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। यहां रोजाना पूरे शहर का कचरा गिराया जाता है और यहां से कचरा गांव पटवी भेजा जाता है। पिछले एक महीने से रूक रूक हो रही बरसात की वजह से कचरा बह कर सड़क पर पहुंच रहा है। इससे दुर्गंध और बदहाली के



माहौल से ना सिर्फ हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालक परेशान हैं बल्कि डंपिंग ग्राउंड के सामने बसे सेक्टरों के लोग भी तंग आ चुके हैं।

नगर निगम के आयुक्त आरके सिंह ने मौके पर मौजूद सेनेटरी इंस्पेक्टर और सुपरवाइजर को सड़क किनारे पड़े कचरे को तुरंत हटाने और रोजाना सफाई व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। अक्षय चौधरी ने बताया कि झूरीवाला डंपिंग ग्राउंड का कचरा बाहर तक आ चुका है। जिस पर सुपरवाइजर का कहना था कि बरसात में कचरा लोड करने वाली गाड़ियां अंदर जाने पर कचरे में फंस जाती हैं, जिस वजह से वहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बरसात के चलते ग्राउंड के बाहर गाड़ियों को भरा जाता है।

### पीने के पानी से आती है दुर्गंध

पार्षद अक्षयदीप चौधरी ने बताया कि घग्गरपार सेक्टरों के नजदीक दो डंपिंग ग्राउंड हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (पूर्व में हूडा) द्वारा बसाए गए सेक्टरों के लिए 7 ट्यूबवेल लगाए थे, जिनकी पाइप लाइन पुरानी होने के कारण इसमें लिगेसी वेस्ट का दूषित पानी भी मिल चुका है। यही वजह है कि सेक्टरवासियों ने समय समय पर दिन और रात के समय वाटर सप्लाई के वक्त पानी में से दुर्गंध आने की शिकायत की।

**अलिपुर गांव में शिफ्ट होगा गारबेज:** झूरीवाला से अंबाला के नजदीक गांव पटवी में भेजा जा रहा है कचरे को बरवाला के नजदीक अलिपुर में शिफ्ट करने पर नगर निगम जल्द कार्यवाही कर सकता है। पार्षद ने कहा कि नगर निगम आयुक्त जल्द अलिपुर में निगम की डंपिंग ग्राउंड के लिए ली गई जमीन का दौरा करेंगे। उन्होंने कचरे को शीघ्र शिफ्ट करने की बात कही है।

## भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के बड़े भाई राम प्रसाद शर्मा का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**खरड़/न्यू चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी पंजाब इकाई के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के बड़े भाई राम प्रसाद शर्मा (आयु 63 वर्ष) का पी.जी.आई. चंडीगढ़ में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और पिछले 15 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। तीन दिन से आई.सी.यू. में उपचाराधीन रहने के बाद आज उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। अंतिम संस्कार 29 अगस्त को प्रातः 11 बजे पठानकोट स्थित सिविल अस्पताल के पास वाले शमशान घाट में किया जाएगा।

## आप नेताओं की ईमानदारी पर लगी मुहर भाजपा को मिला ठेंगा: सुरेंद्र राठी

जबरदस्ती और षड्यंत्र की राजनीति के द्वारा दबाने की जोरदार साजिश

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



पंचकूला। आम आदमी पार्टी के लगभग सभी बड़े नेताओं पर ईडी की छापेमारी को लेकर पंचकूला से अंबाला लोकसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह साबित हो गया है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर राजनीतिक बदला लिया जा रहा है।

सुरेंद्र राठी ने कहा कि बीते दिनों ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह, मंत्री सतेंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज समेत कई नेताओं के घर पर घंटों तक रेड डाली। यहां तक कि सौरभ भारद्वाज के घर पर 18 घंटे तक छानबीन चली, लेकिन ईडी को कुछ नहीं मिला। हर जगह से 'ठेंगा' ही हाथ लगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज़ दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। 'ईडी की रेड ने साबित कर दिया कि आप नेताओं की छवि बेदाग है और वे ईमानदारी की राजनीति करते हैं। जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आप हमेशा से सच्चाई और ईमानदारी के साथ स्वच्छ राजनीति और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रही है। ईडी की नाकामी भाजपा के लिए करारा जवाब है और आप कार्यकर्ता इस पर गर्व महसूस कर रहे हैं। और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा की लहर दौड़ रही है कि आम आदमी पूरी पार्टी इमानदारो की पार्टी है।

## ग्रामीण भारत में रोजगार और मनोरंजन को बढ़ावा देगा मिनीप्लेक्स प्रोजेक्ट: रंजीत उप्पल

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** कालका से रंजीत उप्पल ने आज नई दिल्ली में भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री माननीय संजय सेठ जी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पंजाब भाजपा के प्रवक्ता एवं हिंदी राजभाषा (नवीन एवं नवीनतम ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार) के राष्ट्रीय सलाहकार चेतन मोहन जोशी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान भारत के ग्रामीण एवं छोटे शहरों तथा देहात बहुल्य कस्बों में विकसित भारत की विभिन्न योजनाओं एवं स्टार्टअप्स पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जा रहे मिनीप्लेक्स प्रोजेक्ट पर गहन विचार-विमर्श हुआ। यह मिनीप्लेक्स न केवल स्थानीय युवाओं के लिए मनोरंजन के साथ रोजगार उपलब्ध करवाएंगे, बल्कि भारत सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम भी बनेंगे। इन मिनीप्लेक्सों के जरिए आमजन को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि वे लाभार्थी बनकर उन योजनाओं से सीधे जुड़ सकें।

## पर्यावरण भवन में इंटर स्कूल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित



सीपीसीसी के सदस्य सचिव सौरभ कुमार ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए सामूहिक कार्रवाई का किया आह्वान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति (सीपीसीसी) ने युवसत्ता-एनजीओ के सहयोग से वीरवार को सेक्टर 19 स्थित पर्यावरण भवन में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना विषय पर आयोजित इंटर स्कूल आर्ट एंड क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली के 23 प्रमुख स्कूलों के 150 से अधिक स्टूडेंट्स ने घर पर आर्टवर्क तैयार कर और उन्हें सीपीसीसी कार्यालय में जमा करके इसमें भाग लिया। सीपीसीसी के सदस्य सचिव सौरभ कुमार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह पहल समुदायों, व्यवसायों और सरकारों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ ग्रह के लिए स्थायी विकल्पों को अपनाने हेतु एकजुट होने की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। सौरभ ने आगे कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का मतलब सिर्फ़ सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहना नहीं है—यह कंज्पशन,वेस्ट और नेचर के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी के साथ हमारे संपूर्ण संबंधों पर पुनर्विचार करने के बारे में है।

## महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में नया ब्लॉक और साइंस लैब शुरू, विद्यार्थियों को मिलेगा प्रायोगिक शिक्षा का लाभ



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, दरिया में महर्षि दयानंद ब्लॉक और साइंस-मैथमेटिक्स लैब का विधिवत उद्घाटन किया गया। एरिया पार्षद बिमला दुबे ने ब्लॉक का अनावरण किया, जबकि इनर व्हील क्लब सिटी ब्यूटीफुल की प्रेसिडेंट सरवानी दत्ता और एनए कल्चरल सोसायटी की ओर से अनीता मिड्ढा ने साइंस और गणित प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ और विद्यार्थियों को स्कूल बैग व लड्डू वितरित किए गए। स्कूल प्रबंधन समिति ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी विद्यार्थियों को शहर जैसी सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। नई प्रयोगशाला और ब्लॉक से विद्यार्थियों को प्रायोगिक शिक्षा का लाभ मिलेगा और शिक्षा की गुणवत्ता और ऊँचे स्तर तक पहुँचेगी। इस अवसर पर विभिन्न क्लब और सोसायटी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## नयागांव में अवैध इमारत पर पहली बार गिरेगी गाज, 4 सितम्बर को होगी सीलिंग

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**खरड़/न्यू चंडीगढ़।** नयागांव के दशमेश नगर में बने अवैध बहुमंज़िला ईमारत को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नगर काउंसिल नयागांव की भूमिका पर कड़ा रुख अपनाया है। याचिकाकर्ता सतिंदर कुमार शर्मा की रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नयागांव के नगर काउंसिल अधिकारी से पूछा कि क्या वे केवल उच्च न्यायालय के आदेशों का इंतजार कर रहे हैं।

03 जुलाई 2025 को हुई सुनवाई में नगर काउंसिल नयागांव के वकील ने स्वीकार किया था कि विवादित भवन अवैध है। अदालत ने उसी दिन निर्देश दिया था कि 28 अगस्त को स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। लेकिन नगर काउंसिल नयागांव ने रिपोर्ट की बजाय सिर्फ हलफ़नामा दाखिल कर दिया और यह तर्क दिया कि सीलिंग इसलिए नहीं हो सकी क्योंकि उपायुक्त (शहरी विकास), मोहाली की ओर से पुलिस सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई है।



रिकॉर्ड से पता चलता है कि नगर काउंसिल नयागांव ने 05 फरवरी 2025 और 13 मई 2025 को पंजाब म्यूनिसिपल एक्ट 1911 (संशोधित 1994) की धाराओं 195, 195 और 220 के तहत नोटिस तो जारी किए, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उलटे इसी दौरान भवन मालिक ने एक अनधिकृत रैम्प भी बना लिया गया है। नगर काउंसिल नयागांव के कार्यकारी अधिकारी रवनीत सिंह ने 04 जुलाई, 07 अगस्त और 22 अगस्त को उपायुक्त को पत्र लिखकर पुलिस सुरक्षा मांगी थी , लेकिन फिर भी उस ईमारत की वास्तविक सीलिंग नहीं की गई।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राकेश भाटिया ने दलील दी है कि नगर काउंसिल नयागांव के अधिकारियों ने केवल कागज़ों पर कार्यवाही दिखाई, जबकि पूरा भवन खुलेआम अधिकारियों की नज़रों के सामने खड़ा हो गया। सतिंदर शर्मा ने कहा कि यह निर्माण एक दिन या महीने में नहीं बल्कि डेढ़ साल में तैयार हुआ है और नगर काउंसिल नयागांव के कार्यालय से महज़ 500 मीटर की दूरी से भी कम पर है। ऐसे में नगर काउंसिल नयागांव के अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं था। पृष्ठभूमि और असर – भवन मालिक गुरप्रीत सिंह ने वर्ष 2023 में यह प्लॉट नम्बर 307, दशमेश नगर, ढिल्लों फ़ार्म रोड पर खरीदा था और देखते ही देखते पाँच मंजिला इमारत खड़ी कर दी।

## एसडी कॉलेज में आइडियाथॉन 3.0 का आयोजन स्टूडेंट्स ने प्रस्तुत किए अपने इनोवेटिव आइडियाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने अपने इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के बैनर तले वीरवार को आइडियाथॉन 3.0 का आयोजन किया - जो छात्रों के बीच नवीन सोच और उद्यमशीलता के उत्साह को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक गतिशील मंच है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के उद्योग विभाग में कार्यरत कंसलटेंट (रेगुलेटरी एंड पॉलिसी) विजयता के स्वागत के साथ हुई। इस क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता और अनुभव ने इस कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया, तथा युवा उद्यमियों के भविष्य को आकार देने में पॉलिसी और इनोवेशन के महत्व को सुदृढ़ किया।

उद्घाटन कार्यक्रम के बाद, स्टूडेंट्स ने उपस्थित दर्शकों के सामने अपने इनोवेटिव आइडियाज प्रस्तुत करके उत्साहपूर्वक भाग लिया। आइडियाथॉन 3.0 में 50 से अधिक युवा छात्रों ने समकालीन चुनौतियों के रचनात्मक समाधान प्रस्तुत किए और अपनी विश्लेषणात्मक सोच, समस्या-समाधान क्षमताओं और उद्यमशीलता की भावना का प्रदर्शन किया। इसके बाद एक इंटरैक्टिव डिस्कशन और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल और इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के प्रेसिडेंट डॉ. अजय शर्मा के निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

आईआईसी के संयोजक डॉ. विक्रम सागर और इस आयोजन की इनोवेशन अंबेसडर डॉ. मीनू गुप्ता ने छात्रों को मार्गदर्शन देने और पूरी प्रतियोगिता के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एसडीटीबीआई के प्रभारी डॉ. जे.के. शर्मा ने प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका निभाई और युवा छात्रों को नवीन विचारों के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि विजयता और उनकी टीम को उनके व्यावहारिक योगदान और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। आइडियाथॉन 3.0 इनोवेशन और एंट्रेप्रेन्योरशिप का एक समृद्ध इकोसिस्टम बनाने के लिए कॉलेज के चल रहे प्रयासों में एक और सफल कदम साबित हुआ।

# जीएसटी में सुधार.....अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करेगा

## रेंटिग एजेंसी की सहायक कंपनी का अनुमान

**मुंबई ।** रेंटिग एजेंसी फिच सॉल्यूशंस की सहायक कंपनी बीएमआई ने कहा कि आगामी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार, जिनका उद्देश्य दरों में कटौती और निजी खपत को बढ़ावा देना है, अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करेगा। साथ ही, कंपनी ने कहा कि भारत इस दशक में एशिया में सबसे तेजी से बढ़ती उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। बीएमआई के अनुसार, भारत की जीडीपी 6 प्रतिशत से ऊपर बने रहने का अनुमान है, भले ही अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ कुछ उद्योगों को प्रभावित कर रहे हों। बीएमआई ने कहा, हमारा अनुमान है कि दशक के अंत तक भारतीय आर्थिक वृद्धि दर धीरे-धीरे धीमी होकर 6.0 प्रतिशत से थोड़ी अधिक होगी, जो 2010-2019 के महामारी-पूर्व औसत 6.5 प्रतिशत से थोड़ा कम है, फिर भी भारत एशिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहेगा। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि आने वाले दशक में उत्पादकता में करीब 5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जिससे जीडीपी वृद्धि को पर्याप्त गति मिलेगी। रिपोर्ट के अनुसार हमने अपने पहले अनुमान में बताया था कि रेसिप्रोकल टैरिफ में 25 प्रतिशत की वृद्धि वित्त वर्ष 2025/26 (अप्रैल-मार्च) और वित्त वर्ष 2026/27 में रियल जीडीपी वृद्धि को 0.2 प्रतिशत और धीमा कर देगी। इसलिए, हमने अपने पूर्वानुमानों को तदनुसार संशोधित किया है और अब उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025/26 में अर्थव्यवस्था 5.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026/27 में 5.4 प्रतिशत बढ़ेगी। मोदी सरकार के द्वारा किए जा रहे जीएसटी सुधारों पर बीएमआई ने कहा, जीएसटी सुधार टैरिफ से विकास पर पड़ने वाले दबाव को कम कर सकता है। क्योंकि डिटेल्स की अभी पुष्टि नहीं हुई है, इसलिए हम जीएसटी सुधार को फिलहाल हमारे विकास पूर्वानुमान के लिए एक मामूली वृद्धि जोखिम के रूप में देखते हैं। दो-स्लैब टैक्स स्ट्रक्चर के आगामी जीएसटी स्लैब रेशनलाइजेशन से ऑटोमोबाइल, वित्तीय सर्विस, सीमेंट और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में खपत बढ़ने और लाभप्रदता में सुधार होने की उम्मीद है। वहीं एसबीआई रिसर्च की नई रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी सुधारों और हाल ही में आयकर में की गई कटौती से उपभोग में 5.31 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हो सकती है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के करीब 1.6 प्रतिशत के बराबर है।

# प्रधानमंत्री मोदी जापान जाएंगे, सेमीकंडक्टर, निवेश और मेक इन इंडिया पर होगा फोकस



### मोदी जापान के शीर्ष अधिकारियों से भारत में निवेश के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे

**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम जापान की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। 29-30 अगस्त को होने वाली इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल को बढ़ावा देना और जापान के साथ आर्थिक-तकनीकी साझेदारी को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान पीएम मोदी सोनी, हिताची, निप्पॉन और नोमूरा जैसी प्रमुख जापानी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगे और भारत में निवेश के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा मिलकर बुलेट ट्रेन से सेंडाई तक यात्रा करेंगे, जहां वे सेमीकंडक्टर निर्माता टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड के प्लांट का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी जापान के कुछ प्रांतों के गवर्नरों से भी मिलेंगे ताकि भारतीय राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच साझेदारी को और मजबूती मिल सके। भारत में जापानी कंपनियों की संख्या फिलहाल 1,400 है, जिनमें से आधी विनिर्माण क्षेत्र में सक्रिय हैं। विदेश सचिव के अनुसार हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच तकनीकी, आर्थिक और राजनयिक संबंध और गहरे हुए हैं। 2018 के बाद यह मोदी की पहली द्विपक्षीय जापान यात्रा है और कुल मिलाकर यह उनकी आठवीं जापान यात्रा है।

अब तक 170 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जिनमें करीब 13 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। यह यात्रा भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

# रघुराम राजन ने अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ को बताया गंभीर

## - आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा, व्यापार में विविधता और आत्मनिर्भरता जरूरी

**नई दिल्ली ।**



भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और जाने-माने अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ को गंभीर चिंता बताया है। अमेरिका ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जिससे भारत से अमेरिका निर्यातित वस्तुओं पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो गया है। राजन ने इसे वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में व्यापार और निवेश के हथियार बन जाने की दिशा में एक गंभीर संकेत माना है। राजन ने कहा कि भारत को किसी एक देश पर निर्भरता कम करनी होगी। उन्होंने पूर्वी देशों, यूरोप और अफ्रीका जैसे अन्य बाजारों की ओर देखने और व्यापार के विकल्प बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें आत्मनिर्भरता के साथ-साथ विकल्पों की व्यवस्था भी करनी चाहिए ताकि संकट के समय निर्भरता कम रहे। रघुराम राजन ने रूस से तेल आयात नीति की समीक्षा करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह देखना होगा कि इससे किसे लाभ और किसे नुकसान हो रहा है। रिफाइनर इस मामले में भारी मुनाफा कमा रहे हैं, जबकि निर्यातक टैरिफ के बोझ तले दब रहे हैं। अगर लाभ कम है तो भारत को इस नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापार में आसानी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ बेहतर एकीकरण और घरेलू कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए संरचनात्मक सुधार आवश्यक हैं। इस टैरिफ का खास असर झींगा किसानों और कपड़ा निर्माताओं जैसे छोटे निर्यातकों की आजीविका पर पड़ सकता है। राजन ने कहा कि भारत को इस संकट को अवसर के रूप में देखना चाहिए। वैश्विक रिश्तों में विविधता और संतुलन बनाकर ही देश आर्थिक चुनौतियों का सामना बेहतर तरीके से कर पाएगा।

# सरकार ने कपास के शुल्क मुक्त आयात की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने कपास के आयात पर शुल्क मुक्त अवधि तीन महीने बढ़ाकर 31 दिसंबर 2025 तक कर दी है। इससे पहले यह अवधि 30 सितंबर तक थी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को इस फैसले की घोषणा की है।

इसका उद्देश्य अमेरिकी बाजार में 50 प्रतिशत उच्च टैरिफ का सामना कर रहे कपड़ा निर्यातकों को राहत प्रदान करना है। सरकार ने 5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क, 5 प्रतिशत कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर, और 10 प्रतिशत सामाजिक कल्याण अधिभार समेत कुल 11 प्रतिशत आयात शुल्क से छूट दी है। इस निर्णय से कपड़ा क्षेत्र में कच्चे माल की लागत में कमी आएगी, जिससे उत्पादन सस्ता होगा।

कपड़ा, धागा, परिधान और सिले हुए उत्पादों सहित पूरे कपड़ा वैल्यू चेन को इसका लाभ मिलेगा। घरेलू बाजार में कपास की उपलब्धता बढ़ने से कपास की कीमतों में स्थिरता आएगी और तैयार वस्त्रों की महंगाई पर दबाव कम होगा।

अमेरिका द्वारा भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण और चमड़ा उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद यह कदम निर्यातकों के लिए राहत साबित होगा। इससे लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) को संरक्षण मिलेगा और भारतीय कपड़ा उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में मजबूती आएगी। सरकार का यह निर्णय कपड़ा उद्योग को वैश्विक बाजार में टिकाऊ बनाए रखने और निर्यात को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उद्योग जगत ने इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे उत्पादन लागत कम होकर व्यवसाय बढ़ेगा।

# कच्चा तेल सस्ता, कंपनियों का मुनाफा बंपर, लेकिन उपभोक्ताओं को राहत नहीं

## - मार्च से तेल कीमतों में गिरावट, फिर भी पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली ।** बीते कुछ महीनों से कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली है, लेकिन इसका फायदा अब तक आम जनता को नहीं मिल पाया है। मार्च 2025 से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बना हुआ है। वहीं भारत को रूस से और 5 फीसदी अतिरिक्त छूट भी मिल रही है, जिससे आयातित तेल की कीमत में और गिरावट आ गई है। इसके बावजूद देश की तीन प्रमुख सरकारी तेल कंपनियां–इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें घटाने से बच रही हैं। इन कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कुल 16,184 करोड़ का मुनाफा कमाया, जो बीते वर्ष की तुलना में ढाई गुना ज्यादा है।



इस अवधि में बीपीसीएल को सबसे अधिक 6,124 करोड़ का लाभ हुआ, जबकि आईओसी ने 5,689 करोड़ और एचपीसीएल ने 4,371 करोड़ कमाए। मौजूदा समय में कंपनियां पेट्रोल पर प्रति लीटर 11.20 रुपए और डीजल पर 8.10 रुपए का विपणन मार्जिन कमा रही हैं, जो विश्लेषकों के अनुसार सामान्य से कहीं अधिक है। हालांकि सरकार ने अप्रैल में उत्पाद शुल्क 2 प्रति लीटर बढ़ाया था, पर खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ क्योंकि यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय गिरावट से समायोजित कर दी गई थी। वहीं एलपीजी पर भारी सब्सिडी के बावजूद कंपनियों का लाभ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

# रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिक डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 9 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.60 पर बंद हुआ। वह गत कारोबारी दिवस मंगलवार को रुपया 87.69 पर बंद हूआ था। वहीं बुधवार को गणेश चतुर्थी के कारण बाजार बंद था। इससे पहले आज सुबह के कारोबारी दिन डॉलर के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 87.59 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से स्थानीय मुद्रा को मजबूती मिली। भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को सर्वकालिक निचले स्तर से नीचे गिरने से बचाने के लिए बाजार में हस्तक्षेप किया, जिससे रुपया और समर्थन पाया। हालांकि, अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू करने और कमजोर घरेलू शेयर बाजार की वजह से रुपये की तेजी सीमित रही। गुरुवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.56 पर खुला और बाद में 87.59 पर पहुंच गया। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि आरबीआई का कदम रुपये को स्थिर रखने में महत्वपूर्ण रहा।



## 1 साल में 8 फ़ीसदी बढी सीमेंट की कीमतें

मुंबई । पिछले 1 साल में सीमेंट की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। अभी तक लगभग 8 फ़ीसदी दाम सीमेंट के बढ़ चुके हैं। मई 2025 में सीमेंट की औसत कीमत 360 रुपए प्रति बोरी थी। ईंधन और जिप्सम के दाम लगातार बढ़ने से सीमेंट के दामों में लगातार वृद्धि होती रही है। पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा सीमेंट के रेट बढे हैं। भारत में सीमेंट की मांग लगातार बढ़ रही है। पिछले 1 वर्ष में 9 फ़ीसदी सीमेंट की मांग बढ़ी है। मांग बढने के कारण सीमेंट की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है।

## पावर मेक प्रोजेक्ट को महान इनर्जी से बड़ा ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली ।** पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड को महान इनर्जी लिमिटेड से 370.84 करोड़ रुपए का ठेका प्राप्त हुआ है। यह कार्य सिंगरौली, मध्य प्रदेश स्थित महान फेस- (2×800 एमडब्ल्यू) थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए है। ऑर्डर में बीटीजी यूनिट 1 और 2 के लिए सिविल कार्य और प्रीफैब्रिकेटेड स्ट्रक्चरल स्टील निर्माण शामिल है। महान इनर्जी लिमिटेड जो पहले एस्सार पावर एमपी के नाम से जानी जाती थी, अब अडानी पावर की एक सहायक कंपनी है। इस परियोजना में मुख्य पावरहाउस, सेंट्रल कंट्रोल बिल्डिंग, ईएसपी, एफजीडी लाइमस्टोन हैंडलिंग सिस्टम, स्विच यार्ड आदि का निर्माण किया जाएगा। यह ऑर्डर घरेलू परियोजना के तहत आता है और पावर मेक प्रोजेक्ट के लिए यह एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक उपलब्धि मानी जा रही है। इससे कंपनी की ऑर्डर बुक मजबूत होगी और भविष्य की परियोजनाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे।

## लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने पर एनएफआरए का जोर

**नई दिल्ली ।** एनएफआरए के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा है कि कंपनियों की लेखापरीक्षा समितियों को लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करनी चाहिए। यह कदम सुदृढ़ वित्तीय रिपोर्टिंग और पारदर्शिता के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बाहरी लेखा परीक्षकों की भूमिका वित्तीय विश्वास और सटीकता बनाए रखने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने आंतरिक नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणाली को भी मजबूत बनाने पर ज़ोर दिया, जो कॉर्पोरेट कामकाज के अच्छे तरीकों का हिस्सा होनी चाहिए। यह बातें उन्होंने फिक्की द्वारा आयोजित सम्मेलन 'चुस्त प्रशासन~ पारदर्शिता को बढ़ावा देना एवं विश्वास का निर्माण' में कही। उनका मानना है कि लेखा परीक्षा समितियों की सक्रिय भूमिका से वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और निवेशकों का भरोसा मजबूत होगा।

## सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी की कीमतें बढ़ीं

**10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,01,398, चांदी 1,16,450 पर प्रति किलो**

**नई दिल्ली ।** सोने की कीमतों में गुरुवार को 0.14 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,398 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। साल की शुरुआत से लेकर अब तक सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। 1 जनवरी 2025 को सोने का भाव 76,162 था, जो अब बढ़कर लगभग 1,00,884 तक पहुंच चुका है। इस साल सोने की कीमतों में कुल मिलाकर लगभग 24,722 की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल भी सोने की कीमतों में लगभग 12,810 की वृद्धि दर्ज हुई थी। वहीं वहीं चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। आज 1 किलो चांदी का भाव 1,16,450 पर पहुंच गया है। इस साल 1 जनवरी से अब तक चांदी की कीमतों में 29,853 की बढ़ोतरी हुई है। चांदी का भाव 1 जनवरी को 86,017 प्रति किलो था, जो अब 1,15,870 के करीब पहुंच चुका है। गोल्ड ज्वेलरी खरीदते समय हमेशा यह ध्यान रखें कि वह बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड) का प्रमाणित हो। बीआईएस हॉलमार्क वाला सोना ही खरीदा जाना चाहिए, जिसमें 6 अंकों का यूनिक हॉलमार्क कोड मौजूद होता है। यह कोड अल्फान्यूमेरिक होता है और यह सोने की शुद्धता और कैरेट की पुष्टि करता है। हॉलमार्किंग से उपभोक्ता को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि खरीदा गया सोना असली और उच्च गुणवत्ता वाला है।

## राकेश गंगवाल ने ब्रिकी किए शेयर.....इंटरग्लोब एविएशन के शेयर 4 प्रतिशत तक गिरा

**मुंबई ।** इंडिगो की पेरेंट कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयर गुरुवार को 4 प्रतिशत से अधिक गिरे। इसका कारण प्रमोटर राकेश गंगवाल की ओर से ब्लॉक डील के द्वारा 7,000 करोड़ से अधिक के शेयर बेचना है। इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 4.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,757.50 रुपए पर कारोबार कर रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रमोटर की ओर से 7,085 करोड़ रुपए मूल्य के 1.2 लाख शेयर 5,830 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर ब्रिकी किए गए हैं। इसके पहले रिपोर्ट्स में दावा किया था कि गंगवाल परिवार ब्लॉक डील के द्वारा से इंटरग्लोब एविएशन में 3.1 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने की योजना पर विचार कर रहा है, जिसकी वैल्यू करीब 7,020 करोड़ रुपए है। इस ब्लॉक डील के लिए फ्लोर प्राइस 5,808 रुपए प्रति शेयर रहा, जो पिछले सत्र के बंद भाव से करीब 4 प्रतिशत कम है। फरवरी 2022 में गंगवाल के बोर्ड छोड़ने के बाद से वे एयरलाइन में अपनी हिस्सेदारी कम कर रहे हैं। उन्होंने अब तक कंपनी में करीब 9 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेच दी है। इंटरग्लोब एविएशन में अपनी हिस्सेदारी कम करके, गंगवाल और उनके परिवार ने 2022 से अब तक 45,300 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसके पहले, गंगवाल परिवार ने सितंबर 2022 में 2,005 करोड़ रुपए में 2.74 प्रतिशत हिस्सेदारी, फरवरी 2023 में उनकी पत्नी शोभा गंगवाल ने 2,944 करोड़ रुपए में 4 प्रतिशत और अगस्त 2023 में 2,800 करोड़ रुपए में 2.9 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। इंडिगो ने हाल ही में वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में आय में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद में मुनाफा में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की थी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 706 , निफ्टी 211अंक गिरा

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार का टैरिफ लागू करना गिरावट का सबसे बड़ा कारण रहा क्योंकि इससे बाजार पर दबाव पड़ा है। उससे भी बाजार गिरा है। दिन भर के कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 705.97 अंक टूटकर 80,080.57 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 211.15 अंक फिसलकर 24,500.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 718.70 अंक की गिरावट के साथ ही 56,047.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 254.25 अंक की कमी के के साथ ही 17,294.35 पर आ गया । बाजार में आई गिरावट का कारण आईटी और रियल्टी शेयरों में आई कमजोरी रही। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.59 फीसदी और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 1.50 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा पीएसयू बैंक, एफएमसीजी,



प्राइवेट बैंक और सर्विसेज इंडेक्स एक फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स पैक में टाइटन, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं एचसीएल टेक, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, टाटा स्टील और ट्रेंट के शेयर सबसे अधिक गिरे। बीएसई पर 1,458 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान जबकि 2,651 शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए जबकि 149 शेयरों में कोई बदलाव नहीं आया। जानकारों के अनुसार भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के टैरिफ लगाने के बाद निवेशकों के उससे दूर होने से बाजार में गिराट आई। वहीं कुछ उत्पादों पर टैरिफ नहीं लगने से बाजार में कुछ हद तक रिकवरी भी हुई।

इससे पहले आज सुबह शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 620 अंक टूटकर 80,162 पर और निफ्टी 180.85 अंक नीचे आकर 24,528 पर खुला था। इस गिरावट से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकर भी करीब 4.14 लाख करोड़ रुपए घटकर 445.80 लाख करोड़ रुपए रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक के शेयर सबसे ज्यादा फिसले। दुनिया भर के बाजारों में भी मिला-जुला रुख रहा। जहां अमेरिका के एसएंडपी 500 और डाउ जोंस बढ़त के साथ बंद हुए, वहीं एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हुआ।

# सीमलेस पाइप उद्योग ने चीनी पाइप आयात पर अंकुश लगाने सरकार से की मांग

**नई दिल्ली ।**

सीमलेस ट्यूब मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसटीएमएआई) ने सरकार से घरेलू सीमलेस पाइप उद्योग की सुरक्षा के लिए चीन से आने वाले कम लागत वाले पाइपों के आयात पर सख्त रोक लगाने का आग्रह किया है। एसटीएमएआई का कहना है कि देश में सीमलेस पाइप और ट्यूब की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से कहीं अधिक है, इसलिए आयात को नियंत्रित करना जरूरी है ताकि स्थानीय उद्योगों को बचाया जा सके। एसटीएमएआई के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि भारत में सीमलेस पाइप एवं ट्यूब की स्थापित उत्पादन क्षमता लगभग 19.5 लाख मीट्रिक टन है, जबकि देश की कुल मांग लगभग 13.2 लाख मीट्रिक टन है।

यह स्पष्ट करता है कि घरेलू उत्पादन मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। हालांकि सरकार की सुरक्षा नीतियों के बावजूद पिछले 3-4 वर्षों में चीन से सीमलेस पाइप के आयात में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि चीन से आयात करने वाले आयातक सीमा शुल्क निकासी के समय अधिक मूल्य दिखाते हैं, लेकिन बाद में वे भारतीय बाजार में इन उत्पादों को



घरेलू निर्माताओं की तुलना में काफी कम कीमत पर बेच रहे हैं। इससे घरेलू उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है।

घरेलू पाइप उद्योग ने ऑक्सीजन सिलेंडर पाइप, ड्रिल पाइप सहित कई महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए भारी निवेश किया है। इसके बावजूद घरेलू उद्योग ठेके प्राप्त करने में संघर्ष कर रहा है और उत्पादन क्षमता पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो पा रही है। एसटीएमएआई सरकार से आग्रह करता है कि चीन से सस्ते पाइप के आयात पर रोक लगाकर घरेलू उद्योग को प्रोत्साहित किया जाए।

## विल्मर ने अदाणी समूह से एडब्ल्यूएल में हिस्सेदारी बढ़ाने सीसीआई से मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली ।**

सिंगापुर की कृषि कंपनी विल्मर इंटरनेशनल ने अपनी इकाई लेंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी अडानी समूह से एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। यह प्रस्ताव पिछले महीने 7,150 करोड़ रुपये में हुआ अधिग्रहण करने की घोषणा के बाद आया है।वर्तमान में, विल्मर के पास लेंस प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस में लगभग 43.94 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रस्तावित अधिग्रहण के बाद यह हिस्सेदारी बढ़कर 54.94 से 63.94 प्रतिशत के बीच हो जाएगी। इससे विल्मर इस कंपनी का बहुमत मालिक बन जाएगा। सीसीआई में दाखिल किए गए नोटिस के अनुसार अधिग्रहणकर्ता लेंस प्राइवेट लिमिटेड ने लक्ष्य कंपनी की चुकता शेयर पूंजी का न्यूनतम 11 प्रतिशत और अधिकतम 20 प्रतिशत अधिग्रहित करने का प्रस्ताव रखा है। इस अधिग्रहण के लिए सीसीआई की मंजूरी जरूरी है ताकि प्रतिस्पर्धा पर इसका प्रभाव आकलित किया जा सके।

अमन अरोड़ा द्वारा केंद्रीय मंत्री से हुनरमंद विकास पहलों के लिए एकल संपर्क बिंदु मनोनीत करने की अपील

# मुख्यमंत्री मान की अध्यक्षता वाली सरकार पंजाब में भविष्यमुखी, समग्र और अवसरों से भरपूर कौशल विकास ईको-सिस्टम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध: अमन अरोड़ा

अरोड़ा ने कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय योजनाओं में 3 से 5 वर्षों की निरंतरता लाने का सुझाव दिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** पंजाब के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री और आम आदमी पार्टी के राज्य अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने आज केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी से कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सभी कौशल विकास पहलों के लिए एकल संपर्क बिंदु के रूप में मनोनीत करने की अपील की, ताकि केंद्रीय सरकार की कौशल विकास योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन में एकरूपता लाई जा सके।

यहां एक होटल में आयोजित कौशल विकास मंत्रियों के क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री अमन अरोड़ा ने कौशल विकास में वृद्धि से संबंधित दो प्रमुख उपायों का सुझाव दिया कि कौशल योजनाओं में 3-5 वर्षों की निरंतरता सुनिश्चित की जाए, ताकि युवाओं को बेहतर योजनाबंदी और विकल्प प्रदान किए जा सकें और प्रदेशीय कौशल मिशनों के माध्यम से केंद्रीय कौशल प्रशिक्षण योजनाओं को लागू किया जा सके, जिससे अधिक प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के लिए क्रियान्वयन और निगरानी में उनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके।

कौशल विकास में राज्य की महत्वपूर्ण प्रगतियों को उजागर करते हुए, अमन अरोड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता वाली पंजाब सरकार ने 2024 में 'पंजाब कौशल विकास योजना' की शुरुआत की थी, जिसमें 10,654 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कौशलों में मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आइबीएम, माइक्रोसाफ्ट और नैस्कॉम जैसी प्रमुख कंपनियों से भागीदारी की गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य आइटीआइज़ को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाना, उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और कौशल प्रशिक्षण के लिए डिजिटल एकीकरण का लाभ उठाना है, ताकि पंजाब के युवाओं को कुशल बनाया जा सके और उनकी रोजगारयोग्यता में वृद्धि की जा सके।

उन्होंने आगे बताया कि 2 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न प्रमुख पहलों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है, जिनमें दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयूजीकेवाइ) और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसी योजनाओं के तहत महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल हैं।

अमन अरोड़ा ने कहा कि कौशल विकास सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए है, केवल नौकरियों के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता वाली पंजाब सरकार भविष्यमुखी, समग्र और अवसरों से भरपूर कौशल विकास ईको-सिस्टम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पंजाब रोजगार उत्पादन, कौशल विकास और प्रशिक्षण विभाग विभिन्न पहलों के माध्यम से रोजगार योग्यता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध**

उन्होंने कहा कि पंजाब रोजगार उत्पादन, कौशल विकास और प्रशिक्षण विभाग विभिन्न पहलों के माध्यम से रोजगारयोग्यता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग द्वारा राज्य के युवाओं के प्रशिक्षण और रोजगार के लिए 14 केंद्र और लड़कों एवं लड़कियों के लिए दो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टिट्यूट चलाए जा रहे हैं और एक नया इंस्टिट्यूट स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब कौशल मिशन युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और रोज़ी-रोटी के स्थायी कौशल से लैस करता है। इसके अलावा, विभाग द्वारा 5 बहु-कौशल विकास केंद्र, 3 स्वास्थ्य कौशल विकास केंद्र और 198 ग्रामीण कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो जिला-स्तरीय कार्यालयों के माध्यम से जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हैं।

# पंजाब सरकार की ई-गवर्नेंस में बड़ी पहल: शहरी नागरिकों के लिए शुरू होंगी 8 नई सेवाएं

इस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सुचारू, पारदर्शी बनाना और कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाना है: डॉ. रवजोत सिंह



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** ई-गवर्नेंस को मजबूत करने और नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने स्थानीय निकाय विभाग के अंतर्गत 8 नई सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सुचारू बनाना, पारदर्शिता को बढ़ाना और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को बढ़ाना है। पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने नई सेवाओं के मुख्य बिंदु साझा करते हुए बताया कि शहरी निवासियों के लिए पालतू जानवरों के लाइसेंसों की ऑनलाइन आवेदन और जारी करने की सुविधा, किराये और लीज़ समझौतों के प्रबंधन के लिए डिजिटल प्लेटफार्म, विज्ञापनों और होर्डिंग्स के लिए ऑनलाइन अनुमतियां, यातायात और अन्य उल्लंघनों के लिए ई-चालान प्रणाली, और नागरिकों के लिए कूड़ा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान जैसी प्रमुख सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा, 'पंजाब पहले से ही ई-गवर्नेंस सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी राज्य है और इन नई पहलकदमियों का उद्देश्य शहरी सेवाओं को अगले स्तर पर ले जाना है।' उन्होंने बताया कि 'ये 8 नई सेवाएं न केवल हमारी स्थानीय निकायों की कार्यकुशलता में सुधार लाएंगी बल्कि नागरिकों को आवश्यक सेवाओं तक सुविधाजनक और पारदर्शी पहुँच भी प्रदान करेंगी।'

डॉ. रवजोत सिंह ने इन सेवाओं के प्रभाव के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि इन विभिन्न सेवाओं के स्वचालन से प्रक्रियाओं का समय घटेगा और दक्षता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि ये सेवाएं पारदर्शी और ऑनलाइन तरीके से नागरिकों को वास्तविक समय अपडेट और ट्रैकिंग क्षमताओं के साथ उपलब्ध कराई जाएंगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इन सेवाओं से कर्मचारियों की कार्यकुशलता में सुधार आएगा और डिजिटल प्लेटफार्म कर्मचारियों को उच्च-प्राथमिकता वाले कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने और समग्र उत्पादकता में सुधार करने में सक्षम बनाएंगे।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि पंजाब सरकार की ई-गवर्नेंस के प्रति प्रतिबद्धता बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के निरंतर प्रयासों में स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये नई सेवाएं नागरिकों के अनुभव को महत्वपूर्ण रूप से बेहतर बनाएंगी और अन्य राज्यों के लिए एक मानक स्थापित करेंगी।

# अवैध कब्जों पर नगर कौंसिल की सख्ती, डेराबस्सी में सड़कें हुईं साफ-सुथरी

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 28 अगस्त।** शहर की सड़कों पर अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे रेडी-फड़ी वालों और दुकानों के आगे फैले सामान पर आखिरकार नगर कौंसिल ने सख्ती दिखा दी है। पिछले कई समय से शहरवासी लगातार शिकायत कर रहे थे कि फुटपाथ और सड़क पर लगने वाली इन रेडियों और दुकानों के आगे रखा सामान लोगों के चलने-फिरने में बाधा बन रहा था। न सिर्फ पैदल चलने वालों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी बल्कि वाहनों की आवाजाही भी अवरुद्ध हो रही थी।

नगर कौंसिल की टीम ने कार्रवाई करते हुए करीब 15 अवैध रेहड़ी और फड़ियों को हटाया। साथ ही दुकानों के आगे फैले सामान को भी उठाया गया। इस कार्रवाई के बाद शहर की मुख्य सड़कों और बाज़ारों का दृश्य साफ-सुथरा नजर आने लगा है।

नगर कौंसिल प्रधान आशु उपनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध कब्जों के खिलाफ यह कार्रवाई पूरी योजना और पूर्व सूचना के तहत की गई है। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले पूरे शहर में मुनादी करवा दी गई थी, ताकि जिन लोगों ने सड़क या फुटपाथ पर कब्जा किया है, वे स्वयं अपना सामान हटा लें। इसके बावजूद जिन लोगों ने चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए गए।

प्रधान ने कहा कि यह कार्रवाई किसी व्यक्ति या वर्ग को परेशान करने के लिए नहीं बल्कि आम जनता के हित में की गई है। शहर की बढ़ती आबादी और यातायात को देखते हुए यह बेहद ज़रूरी था कि रास्तों को कब्जामुक्त किया जाए। उन्होंने बताया कि कई बार राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती थी। वहीं दूसरी ओर, सड़क पर पैदल चलने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भी बार-बार दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था।

इस कार्रवाई से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय निवासियों ने नगर कौंसिल के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम शहर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने की दिशा में अहम है। उनका मानना है कि अगर ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएं तो डेराबस्सी की तस्वीर बदल सकती है।

नगर कौंसिल ने यह भी साफ किया है कि भविष्य में अगर कोई दोबारा अवैध कब्जा करता पाया गया तो उसके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कौंसिल का उद्देश्य शहर को साफ-सुथरा और सुचारू यातायात वाला बनाना है ताकि आम लोग चैन की सांस ले सकें।

हरजोत सिंह बैंस ने लुधियाना में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्किल्ज़ और पंजाब में 5 आई.टी.आई. हब स्थापित करने की मांग की

# तकनीकी शिक्षा मंत्री ने स्किल मंत्रियों की क्षेत्रीय कांफ्रेंस के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री के समक्ष रखी मांगें

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** राज्य के युवाओं को उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करके उनके कौशल स्तर को पूर्ण करने और पंजाब को कौशल विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए पंजाब के तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि लुधियाना में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्किल्ज़ और पूरे राज्य में पांच आई.टी.आई. हब स्थापित किए जाएं।

श्री बैंस ने यह मांगें केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित स्किल मंत्रियों की क्षेत्रीय कांफ्रेंस के दौरान रखीं।

कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए, श्री हरजोत सिंह बैंस ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्किल्ज़ के लिए लुधियाना उपयुक्त स्थान होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए इस औद्योगिक शहर में 20 एकड़ जमीन उपलब्ध है। श्री बैंस ने तकनीकी शिक्षा में पंजाब की उत्कृष्ट प्रगति को उजागर करते हुए कहा कि वर्ष 2022 से राज्य ने अपनी आई.टी.आई. में सीटों की संख्या 25,000 से बढ़ाकर 52,000 कर दी है, जो दोगुनी से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रवेश दर पिछले समय की 60 प्रतिशत से बढ़कर 98 प्रतिशत होने का अनुमान है, जबकि बुनियादी ढांचे के सर्वोत्तम उपयोग को सुनिश्चित किया जा रहा है और युवाओं को अधिक कौशलमंद बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने तकनीकी शिक्षा में व्यापक प्रगति की है। उन्होंने बताया कि पुराने कोर्सों की जगह उद्योग की जरूरतों को पूरा करने और बाजार की मांग के अनुसार 814 नए ट्रेड शुरू किए गए हैं। इन ट्रेडों को उद्योग भागीदारों और औद्योगिक प्रबंधन समितियों (आई.एम.सी.) के साथ व्यापक सलाह-मशवरे के बाद विकसित किया गया है ताकि विद्यार्थियों को मांग के अनुसार कौशल प्रदान किए जा सकें और उनकी रोजगारयोग्यता और नौकरी प्राप्त करने की तैयारी बढ़ाई जा सके।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार ने कौशल की दरार को भरने के लिए सोनालिका, हीरो आदि सहित उद्योगिक दिग्गजों के साथ महत्वपूर्ण भागीदारी की है। उन्होंने आगे कहा कि ये भागीदारी आई.टी.आई. ग्रेजुएट दोनों को मान्यता प्राप्त योग्यताएँ और व्यावहारिक औद्योगिक कौशल प्राप्त करने में मदद करती हैं।

श्री बैंस ने बताया कि पंजाब ने महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एम.आर.एस.पी.टी.यू.), बठिंडा में फरीदाबाद की विक्टुरा टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (वी.टी.पी.एल.) की मदद से अपना पहला बी.टेक. इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग (इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड) प्रोग्राम शुरू किया। यह देश भर में पहला कोर्स है, जिसके तहत पहले सेमेस्टर से ही विद्यार्थी उद्योग का हिस्सा बनेंगे और इंडस्ट्री कैंपस को यूनिवर्सिटी का एक डिमांडेड कैंपस माना जाएगा।

हरजोत सिंह बैंस ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी को सरकारी आई.टी.आई. लुधियाना का दौरा करने का निमंत्रण दिया और अपने उन्नत उपकरणों और आधुनिक लैबों के कारण इसे पूरे देश में तकनीकी शिक्षा के लिए एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। श्री बैंस ने इस मौके पर पिछले तीन वर्षों में विभिन्न तकनीकी शिक्षा संबंधी पहलों में उनके द्वारा किए गए सहयोग के लिए विशेष रूप से धन्यवाद भी किया।

जसवीर सिंह गढ़ी ने दिए अधिकारियों को सख्त निर्देश; एस.सी./एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम को प्रभावशाली ढंग से लागू करना सुनिश्चित किया जाए

# एस.सी. समुदाय की शिकायतों के लिए नोडल अधिकारी और हेल्पलाइन बनाने के आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन स जसवीर सिंह गढ़ी ने आज पंजाब सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों की शिकायतों और कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। स गढ़ी यहां पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग की 26वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग राज्य की अनुसूचित जातियों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए वचनबद्ध है। आज पंजाब भवन में हुई समीक्षा बैठक में चेयरमैन स गढ़ी ने पुलिस, स्थानीय सरकारों, सामाजिक न्याय और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से एस.सी./एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत दर्ज मामलों की स्थिति संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि इन मामलों का जल्द निपटारा किया जाए ताकि शिकायतकर्ताओं को समय पर न्याय मिल सके।

बैठक के दौरान स गढ़ी ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक ज़िले में एस.सी./एस.टी. अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत दर्ज मामलों के निपटारे के लिए एस.पी. स्तर के नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएँ, ताकि अत्याचार संबंधी शिकायतों का तुरंत समाधान हो सके। साथ ही विशेष हेल्पलाइन नंबर स्थापित करने की भी सिफ़ारिश की गई, ताकि अनुसूचित जाति वर्ग के लोग अपनी शिकायतें पुलिस विभाग को फ़ोन कॉल के माध्यम से भी दर्ज करा सकें। इस अवसर पर भूरीवाले गुरगद्दी (गरीब दास) संप्रदाय के प्रमुख धाम श्री रकबा साहिब (लुधियाना) और श्री झांडियां धाम (रोपड़) पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु तथा श्री गुरु रविदास महाराज जी की चरणछोह प्राप्त भूमि श्री खुरालगढ़ साहिब पर तप-अस्थान और चरण छोह गंगा में सुरक्षा हेतु गार्ड नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए, जहाँ पर बड़ी संख्या में संगत अनुसूचित जाति वर्गों/पिछड़ी श्रेणियों से जुड़ी हुई है।

इस अवसर पर उन्होंने सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरनाला, फाजिल्का, मलेर कोटला, पठानकोट, साहिबजादा अजीत सिंह नगर में अंबेडकर भवन अभी नहीं बने हैं, उनका निर्माण किया जाए। ज़िला बरनाला में अंबेडकर भवन के निर्माण के लिए दी गई ज़मीन के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए अंबेडकर भवन बनाया जाए। ज़िला तरन तारन में अधूरे अंबेडकर भवन का निर्माण कार्य तेज़ किया जाए। वर्ष 2017 से 2019 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के राज्य के 40 प्रतिशत हिस्से के हिसाब से लंबित फंड संबंधित कॉलेजों व शैक्षणिक संस्थानों को तुरंत जारी किए जाएँ। चेयरमैन स गढ़ी ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के 60 प्रतिशत केंद्र के बकाए फंड को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माध्यम से विचारते हुए केंद्र सरकार तक इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जाएँगे।

# 24वें वार्षिक भंडारे के लिए राशन से भरे ट्रक रवाना हुए

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 28 अगस्त।** श्री नव दुर्गा सेवा मंडल जगराओं द्वारा आयोजित 24वें वार्षिक भंडारे के लिए राशन से भरे ट्रक रवाना हुए। रवाना करते हुए डॉ. सतीश शर्मा, बाबा नूरदीन दरगाह बाबा मोहकमदीन, आढ़ती एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राज भल्ला और गऊ भगत नवीन गोयल ने पिछले 24 वर्षों से माता के भक्तों की सेवा के लिए श्री नव दरगाह सेवा मंडल द्वारा आयोजित भंडारे की प्रशंसा की और कहा कि महामाई जी की असीम कृपा से मंडल हर वर्ष भंडारे का आयोजन करता है। इस अवसर पर बोर्ड के वरिष्ठ चेयरमैन बलविंदर अरोड़ा, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन परमिंदर आनंद व सुरिंदर कुमार अरोड़ा, चेयरमैन जतिंदर कुमार मिट्ठू, अध्यक्ष लाल चंद सोनू, कैशियर राहुल मखीजा, सचिव मनीष कुमार मखीजा, उपाध्यक्ष हिमांशु गोयल, मैनेजर विक्की चेयरमैन, किशन कुमार, राजा वर्मा आदि सदस्यों ने बताया कि महामाई जी की असीम कृपा से बोर्ड द्वारा यह 24वां भंडारा गांव मंगोवाल में माता चिंतपूर्णी के दरबार को जाने वाले रास्ते पर शुक्रवार, शनिवार व रविवार को लगातार तीन दिन तक लगाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने श्री नव दरगाह सेवा मंडल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर राजिंदर जैन चाचा, एमसी सतीश पप्पू, राजेश कत्याल, धर्मवीर गोयल, कृष्ण गोयल, आशीष गुप्ता, अनिल कुमार संटी चोपड़ा, सुखदेव गर्ग, विनय शर्मा, सुरजीत बंसल, सतीश गर्ग, प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी, डॉ. सुभाष नागपाल, सुरिंदर मित्तल, विजय गर्ग, विशाल गोयल, सुशील गोयल पप्पू, मोहित जैन, राकेश बंसल, सुखदेव बंसल, सोमनाथ गोयल, सुमित शास्त्री, मनीष मखीजा, विक्की, कपिल बंसल, गौरव बंसल, राहुल शर्मा, राज कुमार अरोड़ा, जसपाल अरोड़ा, ओजस्वी। जय सूरिया, जतन सिंगला, प्रतिशाक कत्याल, पुनीत गर्ग, विष्णु शर्मा, टोनी वर्मा, हिमांशी आनंद, साहिल गुप्ता, मनीष बंसल, शम्मी मेहता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जीरकपुर में दर्दनाक हादसा, ज़ोमैटो डिलीवरी बॉय की ट्रक की चपेट में आने से मौत

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 28 अगस्त।** शहर में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा उस समय घटित हुआ जब तेज़ रफ़्तार ट्रक की चपेट में आकर ज़ोमैटो में काम करने वाले युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट के सामने पेश आया, जहां बंटी राम नामक व्यक्ति अपने छोटे भाई धर्मेंद्र कुमार (उम्र 28 वर्ष) के साथ घुमने आया हुआ था।

जानकारी के अनुसार, धर्मेंद्र ज़ोमैटो कंपनी में काम करता था। बुधवार को दोनों भाई ज़ीरकपुर पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे जब धर्मेंद्र अपने भाई को ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट के सामने उतारकर काम पर जाने लगा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक (नंबर एचपी-12-G-5951) ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि धर्मेंद्र ट्रक के पिछले टायर के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

बंटी राम ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि ट्रक चालक तेज़ रफ़्तार और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था तथा उसने हॉर्न तक नहीं दिया। अचानक हुई इस दुर्घटना से धर्मेंद्र सड़क पर गिर गया और ट्रक के पिछले टायर के नीचे आने से उसका सिर कुचल गया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

धर्मेंद्र मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बिजनौर ज़िले का रहने वाला था, जो इस समय चंडीगढ़ के मनीमाजरा में रहता था और वहीं से काम करता था। परिवार को घटना की सूचना दे दी गई है।

# रिवॉल्वर से रील बनाने के चक्कर में नाबालिग की जान गई

मृतक माता-पिता का इकलौता बेटा था





अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 28 अगस्त।** निकटवर्ती गांव जंगपुरा में लाइसेंसी रिवॉल्वर लेकर इकट्ठा हुए दोस्तों को रील बनाना उस समय महंगा पड़ गया, जब रिवॉल्वर से चली गोली ने उनके दोस्त की जान ले ली।

जानकारी के अनुसार लवजोत सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह निवासी गांव जंगपुरा घर पर अकेला था। स्कूल की छुट्टी होने के कारण दोपहर में राजपुरा निवासी कुछ दोस्त उसके पास आए। इस दौरान वे एक-दूसरे के सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए रील बनाने लगे। रील बनाने के चक्कर में उन्होंने घर की अलमारी से अपने पिता का रिवॉल्वर निकाला और उससे रील बनाने लगे। जब प्रिंस पाल सिंह रिवॉल्वर से रील बनाने लगा, तो अचानक रिवॉल्वर का बटन दब गया और गोली प्रिंस पाल सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी नलाश रोड, राजपुरा के सिर में जा लगी। वह वहीं खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। इकट्ठे हुए दोस्तों ने शोर मचाया और आसपास के लोग लड़के को उठाकर पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान पड़ोसी ने लवजोत के पिता सुखविंदर सिंह को घटना की जानकारी दी। वह अदालत से सीधा अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलते ही थाना प्रमुख इंस्पेक्टर अर्शदीप शर्मा पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे।

नाबालिग लवजोत सिंह के पिता सुखविंदर सिंह ने कहा कि वह निजी तौर पर सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं और आज अदालत में एक घरेलू मामले की तारीख थी और वह रिवॉल्वर को ताला लगाकर अलमारी में रखकर अदालत गया था। उन्हें नहीं पता कि उन्होंने रिवॉल्वर कैसे निकाली और कैसे खोली। उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ अपनी सहानुभूति व्यक्त की है।

दूसरी ओर, मृतक प्रिंस पाल सिंह के पिता दर्शन सिंह और माता ने रोते हुए कहा कि प्रिंस पाल उनका इकलौता बेटा था और राजपुरा के महेंद्रगंज स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ता था। उन्हें नहीं पता कि वह जंगपुरा गांव में कैसे पहुंच गया। उसने प्रशासन से न्याय की मांग की है। जब इस मामले में थाना प्रमुख अर्शदीप शर्मा से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है और घटना की पूरी जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

# लोगों के राशन अधिकारों में किसी भी कीमत पर कटौती नहीं होगी: विधायक रंधावा



अर्थ प्रकाश/चौहान

**लालड़ू, 28 अगस्त।** डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लालड़ू हलके में केंद्र सरकार के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पंजाब में आटा-दाल योजना के तहत लाखों राशन कार्ड काट रही है, जो जनता के अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

रंधावा ने कहा कि बिना किसी कारण किसी भी पंजाबी का राशन कार्ड काटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि हम मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ खड़े हैं और इस अन्यायपूर्ण फैसले का पूरी तरह विरोध करेंगे।

उन्होंने केंद्र सरकार से तुरंत कार्रवाई करने और प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने की अपील की। साथ ही कहा कि जब एक ओर पंजाब बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार पंजाबियों के अधिकार छीनने पर तुली है।

रंधावा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शुरू से ही पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करती आई है। पंजाबियों के हितैषी होने का दावा करना केवल उसका पाखंड है और हर पंजाबी इस दोहरे रवैये को पहचान चुका है।

## अकादमिक और उद्योग जगत की हस्तियों ने किया मंथन

# एसवीएसयू में इंडस्ट्री अकादमिक कनेक्ट: स्किल स्फेयर राउंड टेबल मीट में शामिल हुई उद्योग जगत की 50 से भी ज्यादा हस्तियां

कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने किया मल्टी स्किल इंजीनियरिंग की अवधारणा पर काम करने का ऐलान

उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने इंडस्ट्री व अकादमिक को और करीब लाने की पैरवी की, ट्रेनिंग और स्किलिंग का जिम्मा एसवीएसयू को देने की हिमायत

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में बुधवार को इंडस्ट्रीङ्कअकादमिक कनेक्ट~ स्किल स्फेयर राउंड टेबल मीट का आयोजन किया गया। इसमें उद्योग जगत की 50 से ज्यादा हस्तियों ने हिस्सा लिया। कुलगुरु प्रोफ़ेसर दिनेश कुमार की उपस्थिति में उद्योग जगत की हस्तियों और अकादमिक विशेषज्ञों ने इंडस्ट्री और अकादमिक को और अधिक नज़दीक लाने व इंडस्ट्री की जरूरतों को पूरा करने पर मंथन किया। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने इस मौके पर इंडस्ट्री को आश्वस्त किया कि उनकी ट्रेनिंग की आवश्यकताओं को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पूरी करेगा। उन्होंने मल्टी स्किल इंजीनियरिंग की अवधारणा पर काम करने का भी ऐलान किया। इसके साथ ही उन्होंने उद्योग जगत की हस्तियों को इंडस्ट्री की समस्याओं के समाधान के लिए पीएचडी में पंजीकरण करवाने की पेशकश की। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री के लोग शोध करेंगे तो नए पेटेंट और नवाचार आमने आएंगे, इससे इंडस्ट्री, मार्केट और समाज, सबको फायदा होगा। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि इंडस्ट्री को स्किल्ड मैन पावर देने में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। साथ ही उन्होंने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इंडस्ट्री से जुडी समस्याएं युवाओं के साथ साझा करें। विद्यार्थियों का दिमाग बहुत सी समस्याओं का समाधान खोजने में सक्षम है।

कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने उद्योग जगत से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सर्वाधिक अनुभवी कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार के नेतृत्व में स्किल इकोसिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। उद्योग जगत के सहयोग से हमने कई महत्वपूर्ण प्रोग्राम शुरू किए हैं। शार्ट टर्म कोर्स से लेकर पीएचडी तक के प्रोग्राम इंडस्ट्री के साथ समन्वित हैं।

प्रोफेसर ज्योति राणा ने स्किल इकोसिस्टम और उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर प्रतिबद्धता जताई।

अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर विक्रम सिंह ने कहा कि इंडस्ट्री परिवर्तन के दौर से गुजर रही है और यह परिवर्तन बहुत तेजी से हो रहे हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इंडस्ट्री और अकादमिक के बीच के अंतर को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस खाई को पाटना हमारी प्रतिबद्धता है। प्रोफेसर विक्रम सिंह ने कहा कि स्किल्ड मैन पावर के लिए हमारा मॉडल सबसे कारगर है। उन्होंने रिस्किलिंग और अप स्किलिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। डीन सीआरई प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

वी.जी. इंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक नवीन सूद ने कहा कि प्रत्येक इंडस्ट्री को अपना स्किल सेंटर विकसित करना पड़ रहा है, लेकिन यह काम श्री विश्वकर्मा कौशल विशवविद्यालय बेहतर तरीके से कर सकता है। इंडस्ट्री को और स्किल लोगों की आवश्यकता है। नवीन सूद ने नए और इंडस्ट्री आधारित स्किल विकसित करने का सुझाव दिया।

अरविन्द ग्रुप के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि इंडस्ट्री को ऑटोमेशन से जोड़ना बहुत जरूरी है। एआई, मशीन लर्निंग और स्मार्ट मैनुफैक्चरिंग इंडस्ट्री की आवश्यकता है। एचडीएफसी गुरुग्राम शाखा के प्रबंधक शरद काचरु ने सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट को पाठ्यक्रम में समन्वित करने पर बल दिया। जेसीबी की ओर से आए अंकुश शर्मा और फरहान ने स्किल मैन पावर की आवश्यकताओं और उपयोगिता पर अपने विचार व्यक्त किए। जेएसडब्ल्यू स्टील के हेड एचआर शशांक मिश्रा ने कौशल विकास के साथ कार्य संस्कृति को विकसित करने के सुझाव दिए। फ्लोवेल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अमित यादव ने कहा कि ट्रेनिंग में इंडस्ट्री का समय हुए संसाधन खपते हैं, यह जिम्मा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय बेहतर तरीके से निभा सकता है।

इस मीट में जिला रोजगार अधिकारी डॉ. शक्तिपाल, एसीई के प्रतिनिधि सुभाष गुप्ता, ट्रिनिटी टच के हेड एचआर गजेंद्र सिंह, उद्योगपति राजेंद्र कालरा, तिवोली गार्डन के जीएम ललित कुमार, हाईटेक गियर के अंकित शर्मा, मिताभी लैब्स के संजीव शर्मा, फीनिक्स कॉटॅक्ट के योगेश कुमार व उन्नत वर्मी कम्पोस्ट के सुनील गर्ग सहित काफी संख्या में उद्योग जगत की हस्तियां उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय की ओर से डीन प्रोफेसर आर एस राठौड़, परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर सुरेश कुमार, ग्रीन टेक्नोलॉजी के चेयरपर्सन डॉ. सुनील गर्ग, डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर कुलवंत सिंह, प्रोफेसर ऊषा बत्रा, उप कुलसचिव चंचल भारद्वाज, उप कुलसचिव डॉ. ललित कुमार शर्मा, डॉ. ओएसडी संजीव तायल, उप निदेशक अमीष अमेय, डिप्टी प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. विकास भदौरिया, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. संजय राठौड़, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. मनी कंवर सिंह, डॉ. प्रीति और प्रशांत चौधरी सहित काफी संख्या में अकादमिक क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। उप निदेशक डॉ. वैशाली महेश्वरी ने मंच संचालन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला ( रवि पाहुजा ) । अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामले में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना साहा में दर्ज सोना चाँदी जेवरात चोरी करने के मामले में 27 अगस्त 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी रामचन्द्र निवासी गाँव बीहटा थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशनुसार 01 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता दिलबाग सिहँ निवासी गाँव समलेहड़ी जिला अम्बाला ने 25 मई 2025 को थाना साहा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 मई 2025 से 24 मई 2025 के दौरान अज्ञात आरोपी ने उसकी महिला सम्बन्धी के घर से सोना–चाँदी जेवरात व नकदी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

### थाना अम्बाला शहर में दर्ज सोना चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अम्बाला ( रवि पाहुजा )।** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामले में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना अम्बाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में 27 अगस्त 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राजीव कुमार निवासी इन्द्रपुरी कालोनी रेलवे रोड अम्बाला शहर वर्तमान पता नया बांस रेलवे रोड अम्बाला शहर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। मामले की जानकारी देते हुए उप निरीक्षक कुलदीप सिहँ ने बतलाया कि शिकायतकर्ता प्रवीण साहनी निवासी सैक्टर–10 हाऊसिंग बोर्ड अम्बाला शहर जिला अम्बाला ने 22 अगस्त 2025 को थाना अम्बाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 अगस्त 2025 को घरेलू नौकरानियों ने नया बांस रेलवे रोड अम्बाला शहर में स्थित उसके घर से लगभग 20 तौला सोना चोरी कर लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जाँच करते हुए मामले में संलिप्त शिकायतकर्ता के पड़ौसी राजीव कुमार को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### चुनावों में बड़े पैमाने पर वोट चोरी लोकतांत्रिक मूल्यों पर गहरी चोट: सुल्तान जडौला

**कैथल (अप्रस)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने आरोप लगाया कि हाल ही में हुए चुनावों में बड़े पैमाने पर वोट चोरी की गई है, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरी चोट पहुंची है। जिसके खिलाफ हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हड्डा एवं हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान की अगुवाई में कांग्रेस चंडीगढ़ में विरोध मार्च कर रोष भी जता चुकी है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं, बल्कि हर उस नागरिक की है जो लोकतंत्र में विश्वास रखता है। कांग्रेस किसी भी कीमत पर लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए कांग्रेसी नेता सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि वोट चोरी मामले में चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए और यदि जरूरी हुआ तो कांग्रेस देशव्यापी आंदोलन भी छेड़ सकती हैं। पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं।

## भाजपा सरकार सरकारी स्कूल व कॉलेजों को कर रही है बंद: विकास सहारण

**बोले-कलायत में कॉलेज व जाखौली में आईटीआई खोलने को लेकर सरकार की ना, विधानसभा सत्र में खुली पोल**

अर्थ प्रकाश/ ओमप्रकाश



कैथल, 28 अगस्त। कलायत से कांग्रेस विधायक विकास सहारण ने कलायत हलके में कॉलेज व जाखौली गांव में आईटीआई न आने पर रोष जताया। विधानसभा सत्र में भाग लेकर लौटे विधायक विकास सहारण में कैथल सेक्टर 18 में अपने आवास में मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने विधानसभा में अपने हलके के मुख्य दो मुद्दे उठाए। जिसमें पहला मुद्दा वर्ष 2017 में गृह मंत्री राजनाथ सिंह की कलायत रैली में की गई कलायत में महाराणा प्रताप के नाम से कॉलेज की घोषणा बारे पूछा। जो अब तक पूरी नहीं हुई। साथ ही उन्होंने गांव जाखौली में आईटीआई खोलने का भी सवाल लगाया हुआ था तथा कहा कि गांव जाखौली में जमीन भी उपलब्ध करवाने के लिए वे तैयार हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई पॉजीटिव जवाब उनको नहीं मिला। उनके दोंनों सवालों के जवाब संबंधित मंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि दोनों ही संस्थान खोलने बारे अभी कोई विचार नहीं है। विधायक विकास सहारण ने कहा कि भाजपा सरकार सरकारी स्कूल, कॉलेज बंद कर रही हैं। जिससे इनकी मंशा साफ दिखाई देती है। एक तरफ सरकार का नारा है कि टेक्निकल को बढ़ावा दो, वहीं दूसरी ओर संस्थान खोलने की बजाय बंद करने की बात कही जा रही है। विधायक विकास सहारण ने कहा कि युवाओं से संबंधित उन्होंने विधानसभा में दो प्रश्न लगाए थे। दोनों प्रश्नों को सरकार की ओर से इंकार कर दिया गया। जिससे साफ जाहिर होता है कि सरकार युवा को लेकर कितनी चिंतित है। लभराव की समस्या को लेकर भी विकास सहारण ने सरकार से स्पेशल गिरदावरी की मांग की है।

## चोरी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरीशुदा सामान बरामद

अर्थ प्रक्श/ रवि पाहुजा

**अम्बाला।** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामले में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज सोना-चाँदी जेवरात, मोबाइल व नकदी चोरी करने के मामले में 26 अगस्त 2025 को प्रबन्धक थाना पंजोखरा साहिब उप निरीक्षक जय सिहँ के नेतृत्व में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी गुरप्रीत सिहँ निवासी गाँव टुण्डला थाना पंजोखरा साहिब जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 01 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया था। दौराने रिमाण्ड आरोपी ने बतलाया कि आरोपी रोहन कुमार उर्फ नोनी निवासी गाँव टुण्डला थाना पंजोखरा साहिब जिला अम्बाला व आदित्य प्रकाश उर्फ लवण निवासी गाँव साल्वा थाना छप्पर जिला यमुनानगर वर्तमान पता तोपखाना अम्बाला छावनी जिला अम्बाला भी मामले में संलिप्त है। 27 अगस्त 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहन व आदित्य को गिरफ्तार कर आरोपियों से चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया है। सभी आरोपियों को आज माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

इस मामले के सम्बन्ध में हर्षदीप सिहँ निवासी नजदीक राजकीय उच्च विद्यालय गाँव टुण्डला थाना पंजोखरा साहिब जिला अम्बाला ने 23 अगस्त 2025 को थाना पंजोखरा साहिब में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22/23 अगस्त 2025 की रात्रि अज्ञात आरोपी ने गाँव टुण्डला में स्थित उसके घर का ताला तोड़कर सोना-चाँदी जेवरात, मोबाइल व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया है।

# शहर का अतिक्रमण हटाने को निगम के ठेका देने के प्रस्ताव की फोरा ने की आलोचना

## फोरा के अध्यक्ष ने कहा अवैध अतिक्रमण पर अपनी नाकामी के बाद निजी हाथों में काम सौंपना चाहता है नगर निगम

महासचिव बोले सरकारी विभाग नाकाम, निजी एजेंसी को पावर देना खतरनाक कदम

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला।** फेडरेशन ऑफ़ रेजिडेंट्स एसोसिएशनस (फोरा) ने नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने का काम ठेकेदारों को सौंपने की प्रस्तावित योजना पर कड़ी आपत्ति जताई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि नगर निगम के इस प्रस्ताव ने शहरवासियों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। रेजिडेंट संगठनों का मानना है कि जब तक सरकारी विभाग अपनी भूमिका निभाने में गंभीर नहीं होंगे, तब तक किसी भी निजी एजेंसी के जरिए अतिक्रमण हटाना केवल औपचारिकता और भ्रष्टाचार का नया रास्ता साबित होगा।

फेडरेशन के प्रधान आर.पी. मल्होत्रा ने साफ कहा कि यह निर्णय न केवल प्रशासनिक तंत्र की नाकामी को उजागर करता है बल्कि भविष्य में भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को और बढ़ावा देगा। फोरा महासचिव भारत हितैषी ने कहा कि नगर निगम, पुलिस और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच एसवीपी) तीनों विभागों के पास अतिक्रमण हटाने, सामान जब्त करने, चालान करने और केस दर्ज करने की पूरी पावर है। इसके बावजूद यह तीनों विभाग अपने कर्तव्यों में विफल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब ठेकेदारों को यह ठेका देना सीधे तौर पर सरकारी विभागों की नाकामी को छिपाने और जिम्मेदारी से भागने जैसा है।

फोरा पदाधिकारियों ने कहा कि किसी निजी एजेंसी को चालान करने और अतिक्रमण हटाने की शक्ति देना, एक तरह से सरकार की पावर किसी प्राइवेट संस्था को ट्रांसफर करने जैसा है। इससे सत्ता का दुरुपयोग होना तय है। ठेकेदारों की जवाबदेही कैसे तय होगी। निगम द्वारा प्राइवेट ठेकेदारों के जरिए प्रॉपर्टी टैक्स और डोर टू डोर कुड़ा प्रबंधन इत्यादि के बारे में ठेकेदारी सिस्टम पहले ही अनेकों विवादों और प्रश्नों के घेरे में है और इसके नतीजे शहर भुक्त रहा है।

फोरा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अक्सर सिर्फ दिखावा बनकर रह जाती है, क्योंकि नगर निगम और एचएसवीपी के कर्मचारी ही अतिक्रमणकारियों को पहले से सूचना दे देते हैं। ऐसे में टीम पहुंचने से पहले रेहड़ी-फड़ी वाले और दुकानदार अपना सामान अंदर कर लेते हैं और अभियान विफल हो जाता है। फोरा पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि यदि अतिक्रमण हटाने का ठेका भी निजी एजेंसी को दे दिया गया तो शहर में एक और बड़ा घोटाला खड़ा हो सकता है।

उन्होंने कहा कि अवैध कब्जे हटाने के नाम पर निजी एजेंसी दुकानदारों और रेहड़ी-फड़ी वालों से मंथली वसूली शुरू कर देगी। इससे न तो अतिक्रमण खत्म होगा और न ही शहर में व्यवस्था सुधरेगी, बल्कि आम नागरिक और अधिक परेशान होंगे।

### नगर निगम को फोरा से करना चाहिए विचार

फोरा ने मांग की कि नगर निगम को इस तरह का कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले शहर की फेडरेशन ऑफ़ रेजिडेंटस एसोसिएशन और जनप्रतिनिधियों से सलाह मशवरा करना चाहिए। फोरा का कहना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही के बिना लिए गए ऐसे फैसले शहर के लिए भारी नुकसानदायक साबित होंगे। फेडरेशन ने जोर देकर कहा कि अतिक्रमण पर काबू पाने के लिए निजी एजेंसी पर पैसा खर्च करने के बजाय नगर निगम, एचएसवीपी और पुलिस को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए और निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जाए।

# करनाल मे हुआ राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, देश भर से आए कवियों ने किया काव्य पाठ

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 28 अगस्त।** कान्हा सांस्कृतिक मंच द्वारा करनाल मानव सेवा संघ में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ । सम्मेलन मैं आए मुख्य अतिथिओ सुरेश फौजी मैंम्बर ब्लॉक समिति, मंच की संस्थापक व डॉ वनीता चोपड़ा, राम प्रकाश शर्मा व आए कविओ ने दीप प्रचलित किया माँ सरस्वती वंदना उपरांत कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम कीआयोजक प्रो डॉ वनीता चोपड़ा ने बताया की कार्यक्रम में देश के कोने कोने से सुप्रसिद्ध कवियों ने भाग लिया जिन्हे मुख्य अतिथि एसपी चौहान व सुरेश भारद्वाज द्वारा फूल मलाए डाल स्वागत किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर धर्मपाल साहिल जी , डॉ अक्षय राज शर्मा जी ने। मुख्य अतिथिओ व कविओ ने प्रो डॉ वनीता चोपड़ा जी की चौथी पुस्तक शहर में जंगल का का विमोचन किया और इनके लांच हुए गीत सैनिक दी चिट्ठी ÷ का भी विमोचन किया जो कुछ दिन पहले ही सॉन्ग लॉन्च हुआ था ।सैनिक दी चिट्ठी जिसमें डॉ वनीता चोपड़ा जी ने सैनिक की पत्नी का किरदार निभाया है. सभी कवियों और मौजूद लोगों ने उनको बधाई दी। और कान्हा मंच के सभी पदाधिकारियों ने उनको बधाई देते हुए स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया । .कार्यक्रम में मौजूद रहे एडवोकेट सीमा भारद्वाज, नमना अहलावत, ईशा जी, सीमा, सोनम कटारिया कवियों में राजिंदर रैना जी , इक़बाल अकरम वारसी जी , बशर हरगामी , डॉ जतिंदर परवाज , एडवोकेट तमन्ना , डॉ इंदु , डॉ मोहित, अरुण जी, मनोज मधुरभाषी, जय भरद्वाज जी, निर्माण, धर्मेंद्र अरोड़ा मौजूद रहे। कवियों ने समय बांध दिया था. राजिंदर रैना जी ने कान्हा राधा के भजन की प्रस्तुति दी । जिस पर श्रोतागण झूम उठे हास्य अंतराष्ट्रीय गायक ईश्वर शर्मा ने अपनी कला से सभी को लोटपोट कर दिया. मंच की संस्थापिका ने अपने इष्टदेव कान्हा राधा जी का कार्यक्रम सफलता पर धन्यवाद किया.उन्होंने बताया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के मुख्य पदाधिकारी राम प्रकाश शर्मा जी का विशेष योगदान रहा। मंच की संस्थापिका डॉ वनीता चोपड़ा , एसपी चौहान, सुरेश भारद्वाज व राम प्रकाश शर्मा जी ने सभी कवियों व अतिथिओ को अंगबस्तर पहना और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ! मुख्य अतिथि सुरेश भारद्वाज, व एस पी चौहान ने आपने सम्बोधन मैं कवियों की रचनाओं के साथ साथ कान्हा मंच की ऐसे सफल कार्यक्रम करवाने की सलाह दी जिस से व्यक्ति, समाज व देशहित का आपने अंदाज से ज्ञान मिलता हैं। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम अध्यक्ष अक्षय राज शर्मा ने आए हुए कवियों, व आए हुए सभी का धन्यवाद किया।

# बच्चों के विरुद्ध यौन अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता: एसीएस

## सुधीर राजपाल ने कहा बाल कुपोषण में कमी विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 28 अगस्त।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष सभागार में मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन पोषण हेतु क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का सुदृढ़ीकरण शीर्षक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। राज्यभर के महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने पर कार्यशाला में ध्यान केंद्रित किया गया। जमीनी स्तर पर प्रत्येक महिला तक पहुंचने में क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, विभाग ने क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के सुदृ?ीकरण पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीडीपीओ, पर्यवेक्षक और जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सुधीर राजपाल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र टीमों, वन स्टॉप सेंटर कर्मचारियों, पर्यवेक्षकों और अन्य जमीनी स्तर के हितधारकों सहित अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की क्षमता, दक्षता और जवाबदेही को ब?ाने के लिए है। ये कार्यकर्ता मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन पोषण 2.0 कार्यक्रम की रीढ़ हैं, जो चुनौतियों का सीधे समाधान करते हैं और उन्हें आवश्यक सरकारी सेवाओं से जोड़ते हैं।

उन्होंने कहा कि लक्षित प्रशिक्षण, ज्ञान साझाकरण और संबद्ध विभागों के साथ अभिसरण के माध्यम से, इस कार्यक्रम का ध्यान महिलाओं के लिए कानूनी प्रावधानों, कल्याणकारी योजनाओं और सुरक्षा तंत्रों के बारे में जागरूकता पैदा करने, प्रभावी कार्यान्वयन के लिए क्षेत्रीय कर्मचारियों को उपकरणों से लैस करने, जिला-स्तरीय अधिकारियों, स्थानीय शासन संस्थानों और समुदाय-आधारित संगठनों के बीच समन्वय को मजबूत करने और कमजोर परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों के साथ व्यवहार करते समय जवाबदेही और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने पर बल दिया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला पदाधिकारियों से बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिला स्तर के कर्मचारियों को बाल यौन शोषण से संबंधित घटनाओं की रिपोर्टिंग के बारे में जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है क्योंकि यह कानून अनिवार्य पर जोर देता है।

उन्होंने सभी जिलों में देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले कमजोर बच्चों की पहचान करने में पुलिस विभाग, श्रम विभाग सहित विभिन्न विभागों की भूमिका का भी उल्लेख किया ताकि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बच्चों को आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सभी हितधारकों से सामूहिक रूप से काम करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा पर्याप्त पोषण से वंचित न रहे, और हरियाणा के बच्चों के स्वस्थ भविष्य के निर्माण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।







## चंडीगढ़ प्रशासन ने जारी की न्यूनतम मजदूरी दरों की अधिसूचना

# संशोधित डीसी रेट्स की अधिसूचना जारी

# कर्मचारियों की सैलरी में 5 फीसदी की बढ़ोतरी

डिप्टी कमिश्नर कार्यालय ने जारी किया आदेश, 1 अप्रैल 2025 से बढ़ेगी न्यूनतम मजदूरी

कोऑर्डिनेशन कमेटी ने जताया डिप्टी कमिश्नर का आभार

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से वीरवार शाम एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव ने वर्ष 2025-2026 के लिए संशोधित डीसी रेट्स की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना शाम 6.45 बजे जारी की गई, जिससे शहर के लगभग 18,000 आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। नए संशोधित रेट्स के तहत कुल 537 कैटेगरीज की सैलरी में 5 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। डिप्टी कमिश्नर कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा वीरवार को यह महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया जिसमें जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए संशोधित न्यूनतम मासिक वेतन दरें घोषित की गई हैं। यह आदेश वित्त विभाग के पत्र संख्या 7004/एफ 41/80571 (एफआईएन. जीईएन) दिनांक 21 नवम्बर 1941 के तहत जारी किया गया है। यह संशोधित दरें 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक लागू रहेंगी। उपायुक्त निशांत कुमार यादव द्वारा हस्ताक्षरित इस अधिसूचना में विभिन्न सरकारी और स्वायत्त निकायों के लिए वेतन और भत्तों से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

लंबे समय से डीसी रेट्स में वृद्धि की मांग कर रही कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी इंप्लाईज एंड वर्कर्स, यूटी चंडीगढ़ ने इस निर्णय का स्वागत किया है। डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में कमेटी के प्रतिनिधिमंडल को अधिसूचना की प्रति सौंपी गई। इस अवसर पर कमेटी ने निशांत कुमार यादव को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद प्रकट किया। महासचिव राकेश कुमार ने बताया कि यह अधिसूचना कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। गौरतलब है कि 25 अगस्त को प्रशासन और कमेटी के बीच हुई वार्ता के बाद भूख हड़ताल को स्थगित कर दिया गया था। उस समय माननीय एडीसी द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही रेट्स की अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसे आज पूर्ण कर दिया गया। डिप्टी कमिश्नर ने यह भी भरोसा दिलाया कि यदि अधिसूचना में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो उसमें आवश्यक संशोधन भी किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर कार्यालय का यह कदम चंडीगढ़ में काम कर रहे हजारों मजदूरों और सहायकों के लिए एक राहत की खबर है। इस निर्णय से उनकी जीवनशैली में सुधार आने की उम्मीद है।

### मासिक वेतन और छुट्टियां




अधिसूचना के अनुसार, मासिक आधार पर नियोजित कर्मचारियों को छुट्टियों के बावजूद उनके निर्धारित मासिक वेतन का भुगतान किया जाएगा। यह नियम कर्मचारियों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अधिसूचना चंडीगढ़ प्रशासन के सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों पर लागू होगी। हालाँकि, ये निकाय अपने कर्मचारियों के लिए इन दरों को अपनाने का निर्णय स्वयं लेंगे। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार, पंजाब सरकार, हरियाणा सरकार या चंडीगढ़ में स्थित अन्य सरकारों के स्वायत्त निकाय भी इन दरों को अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। अधिसूचना में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दरें नियमित कर्मचारियों के वेतन पर आधारित हैं और ड्यूटी के घंटों तथा कार्य की प्रकृति पर निर्भर करती हैं। विभाग और संस्थाएँ अपने स्तर पर अतिरिक्त वेतन, भत्ते या सुविधाएँ तय कर सकते हैं। यह दरें 8 घंटे की ड्यूटी के लिए निर्धारित की गई हैं, और अंशकालिक कर्मचारियों की प्रति घंटा दर की गणना तदनुसार की जाएगी। अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ कर्मचारी (संशोधित वेतन) नियम 2023 के तहत जारी अधिसूचनाओं (संख्या 7000/15/8-एफ एंड पीओ(7)/2023/4354, दिनांक 29 मार्च 2023 और संख्या 8315, दिनांक 14 जून 2023) में शामिल न होने वाले पदों को फीज किया गया है। यदि कोई नया पद पाया जाता है या संबंधित विभाग से कोई प्रतिनिधित्व प्राप्त होता है, तो उनकी समीक्षा की जाएगी।

### न्यूनतम मजदूरी दरें (चंडीगढ़ जिला, 2024-25 और 2025-26)

कुछ प्रमुख पदों के मासिक वेतन (2024-25 की तुलना में 2025-26)

| पद का नाम | 2024-25 का वेतन | 2025-26 का संशोधित वेतन |
|---|---|---|
| पशु परिचारक/कलेक्टर | 21,600 | 22,680 |
| सहायक मिस्त्री | 21,600 | 22,680 |
| अटेंडेंट | 21,600 | 22,880 |
| नाविक | 21,600 | 22,880 |
| धोबी | 21,600 | 22,680 |
| डायलिसिस मशीन ऑपरेटर | 22,080 | 22,680 |
| चपरासी/होम चपरासी | 21,600 | 22,680 |
| हेमर मैन | 21,500 | 22,680 |
| बस क्लीनर | 21,600 | 22,660 |
| ड्रेसर | 21,600 | 22,680 |
| सहायक बेयरर | 21,600 | 22,680 |
| आया | 21,600 | 22,680 |
| बेलदार | 21,600 | 22,680 |
| चौकीदार | 21,600 | 22,680 |
| रसोइया-सह-सहायक | 21,600 | 22,680 |
| धोबी (वाशरमैन) | 21,600 | 22,680 |
| अस्पताल कुली | 21,600 | 22,680 |
| माली | 21,600 | 22,680 |
| सफाई कर्मचारी | 21,600 | 22,680 |
| एयरो मॉडलिंग प्रशिक्षक | 24,222 | 25,433 |
| आयुष्मान मित्र | 24,222 | 30,850 |
| क्लर्क | 29,663 | 30,850 |
| डेटा एंट्री ऑपरेटर | 29,663 | 30,850 |
| इलेक्ट्रीशियन | 25,791 | 26,823 |
| ड्राइवर हेवी | 28,203 | 30,850 |
| मेडिकल रिकॉर्ड क्लर्क | 28,203 | 30,850 |
| फार्मासिस्ट | 29,884 | 31,378 |
| स्टाफ नर्स/नर्स | 40,494 | 42,519 |
| चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथी) | 47,186 | 53,806 |

## दुकान में चोरी करने वाले नौकर को गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर चोरी किया हुआ सामान और नकदी बरामद कर ली है। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन तथा डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में पिंजौर थाना टीम ने यह कार्रवाई की।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पीर मुच्छला (पंजाब) निवासी अजय अग्रवाल पुत्र जगमहेन्द्र अग्रवाल की पिंजौर में बालाजी इलेक्ट्रिकल्स नाम से शॉप है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी शॉप में काम करने वाला नौकर ने चोरी की है। उसने बिजली का काफी सामान चोरी कर उसे पिंजौर क्षेत्र की दूसरी इलेक्ट्रिकल दुकान में बेच दिया। शिकायत मिलने पर थाना पिंजौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पिंजौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अमन कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी गांव कैथल, जिला संभल (उत्तर प्रदेश), हाल किरायेदार बिटना रोड, पिंजौर, उम्र 25 वर्ष को 25 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। 26 अगस्त को आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी से चोरी की गई 6 तारों की बंडल तथा बाकी बंडल बेचकर प्राप्त 7000 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




## पिंजौर में मां-बेटी पर आवारा कुत्ते का हमला

मल साफ करने लगी तो कुत्ता सूंघ कर झपटा, दो जगह से काटा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पिंजौर में आवारा कुत्तों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। गुरुवार को अपनी बेटी को गोद में उठाए जा रही एक महिला पर आवारा कुत्ता झपट पड़ा और शरीर पर दो जगह काट लिया। इस हमले में कुत्ता नन्ही बच्ची पर भी झपटा लेकिन महिला ने उसे सीने में दबोचे रखा और मदद के लिए चिल्लाती रही। यह देखकर लोगों ने किसी तरह आवारा कुत्ते को वहां से दौड़ाया और घायल महिला को सिविल डिस्पेंसरी में इलाज के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रतपुर कालोनी की रहने वाली महिला रश्मी सुबह अपनी नन्ही बेटी को अस्पताल में टीका लगवाने के लिए जा रही थी। रश्मी के मुताबिक वह अपने घर से कुछ दूर जाकर मेन रोड पर पहुंची तो उसकी बेटी ने पॉटी कर दी। इतने में कार के नीचे से कुत्ते ने सूंघ कर बच्ची पर हमला किया तभी उसने बेटी को गोद में दबोच कर कुत्ते दूर भगाती रही, लेकिन कुत्ते ने उसकी बाजू पर काट लिया। कुत्ते ने तब भी उसे नहीं छोड़ा। इतने में वह नीचे झुकी तब कुत्ते ने उसे एक और जगह काट लिया। कुत्ते के हमले में बच्ची बाल बाल बच गई।

**इलाके में बढ़ रहा कुत्तों का आतंक:** पिंजौर में आवारा कुत्तों से लोग दहशत में है। रोजाना दर्जनों शिकायतें नगर परिषद के पास पहुंच रही हैं लेकिन आवारा कुत्तों को पकडने की जहमत नहीं उठाई। लोगों का कहना था कि कुत्तों के हमले के कई लोग शिकार हो रहे हैं। ऐसे में कुत्तों को तुरंत पकड़ कर इन्हें इलाके से दूर भेजा जाना चाहिए।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)




वक्त से लड़कर जो अपनी तकदीर बदल दे, इन्सान वही जो हाथों की लकीर बदल दे, कल क्या होगा कभी न सोचें, क्या पता कल वक्त खुद अपनी तस्वीर बदल दे।

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

**सुबल वाणी**



तन को शुद्ध करने की मेहनत मत करो, मन को शुद्ध करो, अपने आप सब शुद्ध हो जायेगा।

वर्ष 01 | दिल्ली, शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष: षष्ठी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 11 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 8


## न्यूज़ ब्रीफ

### 40 बच्चों से भरी स्कूल की बस खाई में गिरी, 12 छात्र घायल



**देहरादून (अप्रस)।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में वीरवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ है जहां सुबह करीब 40 बच्चों को ले जा रही एक स्कूल बस चालक के नियंत्रण खो देने के कारण खाई में गिर गई, जिससे एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। बता दें कि यह हादसा लालकुआं कोतवाली क्षेत्र के बरेली रोड स्थित जयपुर बीसा गांव में उस समय हुआ जब चालक एक अन्य स्कूल बस को रास्ता देने की कोशिश कर रहा था, जिससे बस फिसलकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। जैसे ही बस पलटी, बच्चों में दहशत फैल गई और क्षेत्र में मदद के लिए चीख-पुकार मच गई। स्कूल बस के खाई में गिरने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, बस के शीशे तोड़े और सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हादसे में एक दर्जन से ज़्यादा बच्चे घायल हो गए, जिन्हें तुरंत हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है और बस चालक और कंडक्टर को भी गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही चिंतित अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में पूछताछ करने के लिए स्कूल पहुंचे। बता दें कि घटनास्थल स्कूल के नजदीक था, इसलिए घायल बच्चों और कर्मचारियों को निजी वाहनों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

# आफत

# पंजाब हिमाचल समेत कई राज्यों में बाढ़ का प्रकोप, हरियाणा के सीएम ने मान को पत्र लिखकर दिया मदद का भरोसा

सात जिले बाढ़ की चपेट में

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**दिल्ली/चंडीगढ़।** पंजाब, हिमाचल समेत कई राज्यों में बाढ़ का प्रकोप बना हुआ है, वहीं पर हिमाचल भी बारिश से भारी नुकसान हुआ है। कुल्लू के डोभी में अचानक आई बाढ़ के कारण फंसे लगभग 130 लोगों को पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। ऊना की मणिमहेश यात्रा पर गई दो महिलाएं लापता हो गई हैं, चंबा में लैंडस्लाइड के बाद बेस कैंप न लौटने पर परिजनों ने सरकार से मदद की मांग की है। इसी प्रकार उतराखंड, जम्मू-कश्मीर से भी नुकसान के समाचार मिल रह है, जबकि पंजाब में 7 जिले बाढ़ की मार झेल रहे हैं, जबकि तीन लोगों की मौत हो चुकी है। सीएम भगवंत सिंह मान खुद बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा ले रहे हैं। राज्य के अजनाला में रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। इस दौरान एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। गुरुवार को दोपहर ढाई बजे पौंग डैम के फ्लड गेट खोल दिए गए। सुबह पौंग डैम में पानी डेंजर लेवल 1390 फीट को क्रॉस कर 1396 फीट तक पहुंच गया था। प्रशासन ने लोगों को दरिया से दूर रहने के लिए कहा है। इस बीच सीएम भगवंत मान ने ब्यास में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित एरिया का जायजा लिया। वहीं, बाढ़ में मदद के हाथ आगे बढ़ाते हुए हरियाणा सीएम नायब सैनी ने पंजाब सीएम भगवंत मान को मदद के लिए लेटर लिखा है।





### मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री और सभी 'आप' विधायक बाढ़ राहत के लिए एक महीने का वेतन देंगे

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पूरी कैबिनेट और आम आदमी पार्टी (आप) के सभी विधायकों के साथ मिलकर प्रदेश में बाढ़ राहत कार्यों के लिए अपना एक महीने का वेतन देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के कहर के कारण पंजाब को काफी नुकसान हुआ है और यह ऐसा समय है, जब सभी पंजाबियों को एक-दूसरे का हाथ थामने के लिए आगे आना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे अपने मंत्रियों और 'आप' विधायकों के साथ मिलकर बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए एक महीने के वेतन का योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार और प्रशासन इस संकट की घड़ी में लोगों को बचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पंजाब सरकार इस संकट की घड़ी से लोगों को बाहर निकालने के लिए वचनबद्ध: सीएम मान

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्यों में और तेजी लाएं अधिकारी: सीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ब्यास (अमृतसर), 28 अगस्त।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बाढ़ प्रभावित जिलों के डिप्टी कमिश्नरों को राहत और बचाव कार्यों में और तेजी लाने के साथ-साथ बाढ़ के कारण डूबे हुए गांवों में फंसे परिवारों को सभी जरूरी सामग्री उपलब्ध कराने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने वीरवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का आकस्मिक दौरा किया, जिसके दौरान स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें बाढ़ के कारण खड़ी फसलों, मकानों, सार्वजनिक इमारतों और पशुधन को हुए नुकसान की जानकारी दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने अपनी सरकार की ओर से लोगों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए कहा कि राज्य सरकार पहले ही बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य शुरू कर चुकी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में लोगों को बाहर निकालने के लिए वचनबद्ध है और इसमें कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डिप्टी कमिश्नरों को पंजाब के बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत और निकासी कार्य युद्धस्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बाढ़ प्रभावित जिलों में लोगों की निकासी के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि डिप्टी कमिश्नरों को प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को निकालने और उन्हें तुरंत राहत प्रदान करने के लिए अपने सभी संसाधन जुटाने के लिए कहा गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि जिलों के सभी विभागों को इस संकट की घड़ी में लोगों को अधिकतम राहत देने के लिए मिल-जुलकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी डिप्टी कमिश्नरों को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल, दवाइयां और अन्य सामान की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए चारा और आवश्यक दवाइयां प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित जिलों को राहत के लिए पहले ही फंड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि जरूरत पड़ने पर जिलों को और फंड भी आवंटित किए जाएंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस नेक कार्य के लिए राज्य सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है क्योंकि सरकार लोगों को राहत प्रदान करने के लिए पूरे जोश से काम कर रही है।

राज्य में बाढ़ के कारण पैदा हुई स्थिति से निपटने के लिए परिवारों को हरसंभव सहायता देने की अपनी वचनबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राहत, बचाव और निकासी कार्यों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तटबंधों की दरारों को दुरुस्त करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए जा रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों से पानी की निकासी जल्द से जल्द सुनिश्चित की जा रही है ताकि लोगों को राहत मिल सके। भगवंत सिंह मान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ प्रभावित जिलों में पानी से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए दवाइयों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**हरियाणा कैबिनेट का महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा**

## दिवाली से पहले हर महीने मिलेंगे 2100 रुपए

25 सितंबर से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का होगा शुभारम्भ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में गुरुवार यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा सरकार ने अपने संकल्प पत्र के एक ओर वादे को पूरा करते हुए महिलाओं के सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का निर्णय लिया है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की आगामी जयंती अर्थात 25 सितंबर, 2025 से इस योजना का शुभारम्भ होगा। इस योजना के तहत पात्र सभी महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना के तहत 25 सितंबर 2025 को 23 वर्ष या उससे अधिक आयु की सभी महिलाओं (विवाहित और अविवाहित) को लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत पहले चरण में, उन परिवारों को शामिल किया गया है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से कम है। आने वाले समय में, चरणबद्ध तरीके से अन्य आय समूहों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।



### पहले चरण में लगभग 20 लाख महिलाओं को मिलेगा लाभ

मंत्रिमंडल में निर्णय लिया गया कि स्टेज 3 और 4 कैंसर पीड़ित मरीजों, सूचीबद्ध 54 दुर्लभ बीमारियों और हीमोफिलिया, थैलेसिमिया और सिकल सेल से पीड़ित जिन आवेदिकाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्हें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का अतिरिक्त लाभ भी मिलेगा। जिस दिन कोई अविवाहित लाभार्थी 45 वर्ष की आयु पूरी करेगी उस दिन वे ऑटोमैटिक विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता योजना के लिए पात्र हो जाएंगी। इसी प्रकार, लाभार्थी महिला जैसे ही 60 वर्ष आयु की होगी, वे ऑटोमैटिक वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन योजना के लिए पात्र हो जाएगी। इस योजना के पहले चरण में लगभग 20 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। आगामी दिनों में योजना की गजट नोटिफिकेशन करने के साथ-साथ एक ऐप भी लॉन्च किया जाएगा, जिस पर पात्र महिला अपना पंजीकरण करेगी। हर संभावित पात्र महिला को एसएमएस भी जाएगा कि इस योजना के लिए आप पात्र हैं, ऐप पर आवेदन करें। सभी पात्र महिलाओं की सूची सभी पंचायत और वार्डों में प्रकाशित की जाएगी।

योजना का लाभ लेने के लिए अविवाहित आवेदिका का या विवाहित आवेदिका के पति का हरियाणा में पिछले 15 साल से निवासी होना आवश्यक होगा। योजना के तहत एक परिवार में महिलाओं की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। यदि एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं, तो उन तीनों महिलाओं को लाभ मिलेगा। सरकार द्वारा पहले से चलाई जा रही ऐसी 9 योजनाओं वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, विधवा और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता, हरियाणा दिव्यांग पेंशन योजना, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, कश्मीरी विस्थापित परिवारों को वित्तीय सहायता, बौने के लिए भत्ता योजना, एसिड अटैक पीड़ित महिला और लड़कियों के लिए वित्तीय सहायता, विधवा और अविवाहित महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता, पदम पुरस्कार सम्मानित के लिए हरियाणा गौरव सम्मान सहायता, जिनमें आवेदिकाओं को पहले से ही अधिक राशि की पेंशन का लाभ मिल रहा है, उन्हें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।






## छात्रों के लिए सीएम रेखा गुप्ता ने शुरू की यू स्पेशल बसें




अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्षों से बंद पड़ीं छात्रों के लिए यू-स्पेशल बसों को गुरुवार से शुरू किया। रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने डीयू कैंपस से हरी झंडी दिखाकर इस बस सेवा को शुरू किया। उन्होंने कहा, 'आज दिल्ली विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से यू -स्पेशल ईवी बस सेवा का लोकार्पण किया। सालों से बंद पड़ी यह सेवा अब फिर से दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए शुरू की गई है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मैंने विश्विद्यालय छोड़ी थी, तब यह यू -स्पेशल मेरे कॉलेज दिनों की सबसे मीठी यादें अपने साथ ले गई थी। आज, आपके बीच वापस लौटी हूँ तो आपके लिए एसी, एफएम रेडियो, पैनिक बटन और अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यू -स्पेशल भी साथ ले आई हूँ। सिर्फ़ छह महीने में सरकार ने आपके एक-एक वोट की ताक़त को आपके लिए सुविधा और बदलाव में बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि यह केवल एक बस नहीं, बल्कि दोस्ती, गपशप और हंसी-ठिठोली का चलता-फिरता संसार है। जहाँ हम कभी सीढ़ियों पर बैठकर अंताक्षरी खेला करते थे, आप आज एफएम सुनेंगे पर भावनाएँ वही रहेंगी। उन्होंने कहा कि अब यह यू -स्पेशल आपको कॉलेज गेट से सुरक्षित और सुविधाजनक ढंग से आपके घर तक पहुँचाएगी। छात्र-छात्राओं के लिए मेट्रो पास पर भी हमारी सरकार काम कर रही है, ताकि शिक्षा और यात्रा दोनों ही सहज बनें।


# 'यू-विशेष' बस से डीयू के दौलतराम कॉलेज पहुंची पूर्व छात्रा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दौलतराम कॉलेज की पूर्व छात्रा और अब दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बृहस्पतिवार को 'यू-विशेष' बस में डीयू के अन्य छात्रों के साथ देशभक्ति के गीत गाते हुए अपने पूर्व कॉलेज पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों की यादें भी साझा कीं। गुप्ता ने बृहस्पतिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए 'यू-विशेष' बस सेवा को पुनः शुरू किया, जो छात्र-अनुकूल यात्रा विकल्प प्रदान करने के प्रयासों का हिस्सा है। यह सेवा 25 इलेक्ट्रिक बसों के साथ शुरू की गई, जो इतने ही मार्गों पर चलेंगी तथा डीयू के 67 कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचेंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिसर से दौलत राम कॉलेज तक 'यू-विशेष' बस में सवार होकर, गुप्ता ने 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया जिसमें वह छात्रों के साथ गिटार और कोंगा बजाते हुए 'ऐ वतन वतन मेरे आबाद रहे तू' गाती नजर आ रही हैं। वीडियो को कैप्शन देते हुए गुप्ता ने लिखा, 'कॉलेज, दोस्ती और गिटारज लौट आई है 'यू-विशेष'।' बस में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह और




परिवहन मंत्री पंकज सिंह भी मौजूद थे। अपने कॉलेज में, गुप्ता ने प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों के साथ एक सेल्फी ली। सेल्फी पोस्ट करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें अपने कॉलेज के दिनों की याद आ गई। गुप्ता ने इस कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'आज दौलत राम कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों के साथ एक सेल्फीज्ऐसा लगा जैसे समय की किसी पुरानी किताब का एक पन्ना अचानक खुल गया हो।' उन्होंने अपने कॉलेज को राजनीति में कदम रखने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दिया। छात्रा रहते हुए गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की अध्यक्ष चुनी गई थीं। मुख्यमंत्री ने लिखा 'यहीं पर मैंने उड़ान भरना सीखा, यहीं पर मैंने संघर्ष का रास्ता चुना और यहीं पर मुझे वह आत्मविश्वास मिला जिसने मुझे डूसू अध्यक्ष बनने और स्वयं को जनसेवा के लिए समर्पित करने के लिए प्रेरित किया।' उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'दौलत राम मेरे लिए सिर्फ दीवारों और कक्षाओं से कहीं बढ़कर है। यह एक ऐसा एहसास है जिसने मेरी सोच को आकार दिया, मेरे सपनों को दिशा दी और मेरे जीवन को एक उद्देश्य दिया।' यह सेवा मूल रूप से 1971 में शुरू की गई थी लेकिन 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान इसे बंद कर दिया गया था।

## झारखंड विधानसभा में शिबू सोरेन को भारत रत्न देने को लेकर प्रस्ताव पारित



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड विधानसभा में दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन को भारत रत्न से सम्मानित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। यह प्रस्ताव गुरुवार को मानसून सत्र के आखिरी दिन रखा गया था। प्रस्ताव में, सामाजिक कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ ने शिबू सोरेन के झारखंड आंदोलन में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके संघर्ष ने झारखंड को एक नया राज्य और नई पहचान दी। इस प्रस्ताव के साथ, झारखंड के नेता प्रतिपक्ष, बाबूलाल मरांडी ने जयपाल सिंह मुंडा और विनोद बिहारी महतो को भी भारत रत्न देने की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने भी प्रस्ताव में एक महत्वपूर्ण बात जोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में आदिवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है, लेकिन अभी तक किसी भी आदिवासी आंदोलनकारी, राजनीतिज्ञ, या बुद्धिजीवी को भारत रत्न नहीं मिला है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शिबू सोरेन को भारत रत्न दिया जाना चाहिए, और यह बात भी प्रस्ताव में जोड़ी जाए। बता दें कि लंबी बीमारी के बाद 4 अगस्त को शिबू सोरेन का निधन हो गया था। उनके निधन के बाद से ही उन्हें भारत रत्न देने की मांग जोर पकड़ रही थी, और अब इस प्रस्ताव को विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया है।

## निजी स्कूल की बस खाई में गिरी...12 से ज्यादा बच्चे घायल

हल्द्वानी (एजेंसी)। उत्तराखंड के हल्द्वानी के बरेली रोड पर जयपुर बीसा गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। निजी स्कूल की बस, जिसमें बच्चे सवार थे, दूसरी बस को साइड देने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत कार्रवाई कर सभी बच्चों को बाहर निकाला, जिसमें 12 से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बस चालक और परिचालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा हैं कि हादसा पदमपुर देवलिया गांव के पास हुआ, जहां बस बच्चों को स्कूल ले जा रही थी। घटनास्थल स्कूल के करीब होने की वजह से स्थानीय लोगों ने निजी वाहनों से घायलों को हल्द्वानी के निजी अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दो स्कूल बसें चौराहे के पास साइड ले रही थीं। इस दौरान एक बस ज्यादा किनारे चली गई और खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि बस में करीब 40 बच्चे सवार थे, जिनमें से 12 से ज्यादा घायल हुए। प्रधान ने कहा, इस क्षेत्र के बस चालक अक्सर नशे की हालत में गाड़ी चलाते हैं। पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि हादसे वाली जगह पर नाला है, लेकिन शुक्र है कि नाले में पानी नहीं था, वरना कई बच्चों की जान जा सकती थी।

## भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे बंद... कंगना ने प्रभावित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की

मंडी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन के कारण चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे फिर से बंद हुआ है। इस भूस्खलन में पंडोह डैम के करीब, कैंची मोड़ पर, हाईवे का एक बड़ा हिस्सा ढह गया है। इस घटना ने यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी बढ़ा दी है। बात दें कि वर्तमान में हाईवे पूरी तरह बंद है। वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए कोई रास्ता नहीं। इस घटनाक्रम पर मंडी से सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने दुख जाहिर कर प्रभावित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि वह प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं और राहत कार्य जारी है। फिलहाल, मंडी से कुल्लू-मनाली के लिए कटौला मार्ग को वैकल्पिक रास्ते के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां छोटे वाहनों को हर एक घंटे में जाने की अनुमति है। 2023 में भी इसी क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था, जिससे हाईवे को ठीक करने में 8 महीने लगे थे। स्थानीय प्रशासन और एनएचएआई की टीमें मौके पर मौजूद हैं और मरम्मत कार्य में लगी हैं, लेकिन लगातार बारिश और भूस्खलन का खतरा काम को मुश्किल बना रहा है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे जरूरी होने पर ही यात्रा करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

## वैष्णो देवी मंदिर के पास हुए भीषण भूस्खलन में अब तक 35 शव बरामद

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर के पास भीषण भूस्खलन के बाद बचाव दल ने गुरुवार सुबह तक मलबे से 35 शव बरामद कर लिए हैं। जम्मू के कई इलाकों में बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में कुल 39 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कटरा भूस्खलन में मारे गए लोग भी शामिल हैं। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि अर्धकुंवारी के पास मलबे से अभी तक 35 शव बरामद किए गए हैं। अब तक 22 शवों की पहचान हो चुकी है। इसमें ज्यादातर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के रहने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कई के परिवार कटरा पहुंच चुके हैं और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव उनके परिजनों को सौंपे जा रहे हैं। भूस्खलन की घटना के बाद माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित की थी, लेकिन बुधवार शाम को पुराने मार्ग से बहाल कर दी गई।

## दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता, एनकाउंटर के बाद बिश्नोई गैंग के दो शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में अपराध पर लगाम कसते हुए दिल्ली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े दो अपराधियों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में हुई, जहां पुलिस ने दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखकर दोनों बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दोनों के पैरों में गोली मारी और उन्हें घायल कर दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कार्तिक जाखड़ और कविश के रूप में हुई है। दोनों लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं और इन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किए हैं। इस बीच झारखंड एटीएस ने भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। इसी महीने की शुरुआत में झारखंड पुलिस ने गैंगस्टर मयंक सिंह को अजरबैजान की राजधानी बाकू से प्रत्यर्पित कर भारत लाया। एटीएस के एसपी ऋषव कुमार झा ने इसे झारखंड पुलिस के इतिहास में पहला सफल प्रत्यर्पण बताया है। बताया जा रहा है कि मयंक सिंह, अमन साहू और लॉरेंस बिश्नोई के बीच संपर्क का माध्यम था। उसके खिलाफ झारखंड, राजस्थान समेत कई राज्यों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस अब उससे गिरोह के नेटवर्क और गतिविधियों की विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

## अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग में भूकंप के झटके से सहमे लोग

पूर्वी कामेंग (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी कामेंग जिले में गुरुवार की सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस हुए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप सुबह 8.05 बजे आया और इसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में एनसीएस ने बताय कि भूकंप की तीव्रता 3 I6 मैग्निट्यूड आंकी गई है। भूकंप के बाद किसी जानमाल की हानी की बात सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, इससे पहले 23 अगस्त को असम के कार्बी आंगलोंग में 2.7 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था।

## ट्रंप के टैरिफ विवाद के बीच शिवराज की अपील... स्वदेशी अपनाना, भारत को अपनाने जैसा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्रंप के टैरिफ विवाद के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वदेशी अपनाओ का नारा देकर कहा है कि अगर हमें आगे बढ़ना है, तब हम सभी को स्वदेशी को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना, भारत को अपनाने जैसा है। केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने पोस्ट कर लिखा, स्वदेशी ही भारत की असली शक्ति है। अगर हमें आगे बढ़ना है, तब स्वदेशी को अपनाना होगा। स्वदेशी सिर्फ वस्त्र या वस्तु नहीं, यह आत्मनिर्भरता का मंत्र है। यह हमारे किसानों की मेहनत का सम्मान है, हमारे कारीगरों के हुनर की पहचान है और हमारे उद्योग व युवाओं की ताकत है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने लिखा, स्वदेशी यानी अपनी माटी की खुशबू है। स्वदेशी यानी वह समान, जिस सामान को बनाने में हमारे देशवासियों का पसीना बहाया है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं, तब हम सिर्फ एक वस्तु नहीं चुनते, बल्कि भारत के भविष्य को चुनते हैं।

चौहान ने लिखा है, हमारे स्वदेशी सामान अपनाने से गांव मजबूत, किसान संपन्न, उद्योग बढ़ने और भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इससे पहले चौहान ने एक कार्यक्रम कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने अपील की है और हम सभी को अपील पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा है कि हम अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करें। उन्होंने अनुरोध कर कहा, आप सबसे अपील है कि अपने दैनिक जीवन में काम आने वाली चीजों में स्वदेश में बने उत्पादों का ही उपयोग करें। यह हमारे देश के लोगों को रोजगार देगा और हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा।

# हिमाचल में बारिश का तांडव, तीन दिन में जाम में फंसे ट्रक... सब्जी और खाने की चीजों की किल्लत

**कुल्लू (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में बारिश का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा। भारी बारिश के चलते बानला में हुए भूस्खलन ने चंडीगढ़-मनाली हाईवे को पूरी तरह ठप किया है। यहां कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। हिमाचल में कई सड़कें टूट गई हैं और नदियां उफान पर हैं। इसके बाद यात्रियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

कुल्लू जिले के बानला में भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, इससे चंडीगढ़-मनाली हाईवे अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि सड़क की मरम्मत का काम जोर-शोर से चल रहा है, लेकिन प्रकृति के इस प्रकोप के आगे अभी राहत की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। ब्यास नदी के उफान ने हाईवे का एक हिस्सा बहा दिया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है।



बीते तीन दिनों से मंडी जिले के पंडोह से ऑट तक हाईवे बंद है। सैकड़ों ट्रक और कारें सड़क पर फंसी हैं और ड्राइवरों का सब्र भी जवाब दे रहा है। सब्जियां और सामान खराब हो रहे हैं, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। अमृतसर से कुल्लू-मनाली जा रहे ड्राइवर ने बताया, चार दिन हो गए, हम यहीं फंसे हैं। सड़क की हालत खराब है और टोल टैक्स के 260 रुपये भी वसूल रहे हैं। प्रशासन से कोई जवाब नहीं मिल रहा।

वहीं, ड्राइवर ने कहा, घर पहुंचना मुश्किल हो गया है। सड़कें टूटी हैं, नदियां उफान पर हैं। प्रशासन ने खाने-पीने या ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं की। कुछ ढाबे वाले और लंगर वालों की मदद से जैसे-तैसे गुजारा हो रहा है।

कुल्लू की उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने बताया कि जिले के कई हिस्सों को खाली कराया जा रहा है। लगातार बारिश से नेशनल हाईवे कई जगह क्षतिग्रस्त है। ब्यास नदी का जलस्तर बहुत ऊंचा है। लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील है। उन्होंने बताया कि बिंदु ढांक में हाईवे को भारी नुकसान पहुंचा है और बहंग में कुछ दुकानें और रेस्तरां पानी की चपेट में हैं।

## हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना लागू....पात्र महिला के खाते में 2100 रुपए आएंगे

चंडीगढ़ । हरियाणा में नायाब सैनी सरकार की कैबिनेट की गुरुवार को हुई बैठक में बीजेपी के चुनावी संकल्प पत्र के वादे को पूरा कर लाडो लक्ष्मी योजना पर मुहर लगाकर महिलाओं को बड़ी सौगात दी गई। हरियाणा सीएम ने कैबिनेट की बैठक के बाद बताया कि 25 सितंबर से हरियाणा में लाडो लक्ष्मी योजना लागू की जाएगी। हर महीने पात्र महिला को 2100 रुपए मिलने है। सीएम सैनी ने बताया कि कुछ ही दिनों में लाडो लक्ष्मी योजना को लागू करने का नोटिफिकेशन भी सरकार जारी करेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए एक एप तैयार होगा। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस और पंजाब की मान सरकार पर निशाना साधकर कहा कि उन्होंने कभी अपने वादे पूरे नहीं किए लेकिन हरियाणा की बीजेपी सरकार ने जो भी वादे किए थे, सभी को पूरा किया जा रहा है। हरियाणा सीएम ने गुरुवार को बड़ा सरप्राइज देकर हरियाणा की महिलाओं को ये सौगात दी। इससे पहले उन्होंने कहा था कि पहले बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है और दूसरे बजट आने के साथ ही योजना को लागू कर दिया जाएगा।

# कहीं शशि थरूर सीएम तो नहीं बनना चाह रहे..? केरल कांग्रेस में बढ़ी हलचल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने कहा है कि वह केरल की अर्थव्यवस्था को सुधारने और राज्य को निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने पर काम करना चाहते हैं। थरूर ने साफ किया कि यदि वह इस दिशा में योगदान दे सके तो यह उनके लिए किसी भी पद से ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। उनके हालिया बयान ने सियासी हलचल तेज कर दी है और पार्टी के भीतर चर्चाएं होने लगी हैं कि क्या थरूर आने वाले समय में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने जा रहे हैं।



यहां ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बोलते हुए थरूर ने कहा, कि केरल को एक 'इन्वेस्टर प्रोटेक्शन एक्ट' की सख्त जरूरत है। उनके मुताबिक, निवेशकों को भरोसा होना चाहिए कि उनका पैसा सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा, कि कारोबार में नुकसान अलग बात है, लेकिन राजनेताओं, अधिकारियों या यूनियनों की वजह से कोई निवेशक प्रभावित नहीं होना चाहिए। थरूर ने यह भी कहा कि राज्य में हड़तालों पर रोक लगाई जानी चाहिए और अनावश्यक नियमों को 90 प्रतिशत तक कम करना होगा।

### अर्थव्यवस्था को सुधारने पर फोकस

सांसद थरूर ने राज्य की आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि केरल कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है और उसे बदलाव की सख्त जरूरत है। उनका कहना है कि सही नीतियों के जरिये राज्य को निवेश और विकास का केंद्र बनाया जा सकता है। इसी बीच जब उनसे पूछा गया कि क्या वह मुख्यमंत्री पद की ओर देख रहे हैं, तो थरूर ने कहा, कि मैंने कभी किसी पद की चाह नहीं रखी। मुझे हमेशा लोगों ने बुलाया और मैंने सेवा की। कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में भी मैंने केवल इसलिए हिस्सा लिया क्योंकि कई लोगों ने मुझसे ऐसा करने को कहा था।

यहां बताते चलें कि अगले साल केरल विधानसभा चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अगुवाई में एलडीएफ तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव करो या मरो की स्थिति जैसा है। पार्टी के भीतर इस बात पर मंथन जारी है कि आगामी चुनाव में किसे नेतृत्व की जिम्मेदारी दी जाए।

थरूर के अलावा वीडी सतीसन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्नीथला के नाम भी संभावित चेहरों में गिने जा रहे हैं। कुल मिलाकर, थरूर के बयानों ने कांग्रेस खेमे में नए समीकरणों की चर्चा को हवा दे दी है। अब देखना यह होगा कि पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने पर विचार करती है या नहीं।

# जब तक मैं जीवित हूं, लोगों का मताधिकार किसी को भी छीनने नहीं दूंगी... बीजेपी पर बरसीं ममता बनर्जी

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पार्टी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि बांग्लादेश के विभाजन के दौरान, लोगों की भाषा बांग्ला थी, इसीलिए वे बांग्ला में बात करते हैं। भाजपा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए 500 सदस्यीय टीम लाकर सर्वेक्षण कर रही है। अपने दस्तावेज़ उनके साथ साझा न करें। क्योंकि वे आपके दस्तावेज़ एकत्र करने और मतदाता सूची से आपके नाम हटाने की योजना बना रहे हैं। बस आधार कार्ड ले जाएं क्योंकि यह एक अनिवार्य आईडी प्रूफ है।



बनर्जी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग हमारे अधिकारियों को धमका रहा है। इसका (आयोग का) अधिकार क्षेत्र केवल चुनाव के दौरान के तीन महीनों तक है, पूरे साल नहीं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभायी गयी भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''अगर बांग्ला ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस में लिखे गए हैं? वे चाहते हैं कि लोग स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों द्वारा निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका को भुला दें। हम इस भाषाई आतंक को बर्दाश्त नहीं करेंगे।''

मता बनर्जी ने कहा कि वह किसी को भी लोगों का मताधिकार छीनने नहीं देंगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह बंगालियों पर भाषाई आतंक फैला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हम महिलाओं के लिए 'लक्ष्मी भंडार' योजना लेकर आए हैं, जबकि भाजपा के पास 'भ्रष्टाचार भंडार' और भाई-भतीजावाद है। वे देश को लूट रहे हैं, जबकि हम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा)-नीत वाम दल पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह (वाम दल) उनसे मुकाबला करने के लिए भाजपा से हाथ मिला रहा है।

पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि पहले हम देखते थे कि हर कोई वोट देकर अपने प्रतिनिधियों को चुनकर सत्ता में आता था। लेकिन आज हम देखते हैं कि मौजूदा सरकार अपने हितों की रक्षा के लिए अपने मतदाताओं को चुन रही है। पहले लोग सरकार चुनते थे, अब सरकार लोगों को चुन रही है (जिन्हें वोट देने की अनुमति होगी)। क्या बंगाल इसके खिलाफ लड़ेगा या नहीं?

# उत्तर भारत में सबसे ज्यादा सक्रिय रहा मानसून, सामान्य से 21 प्रतिशत ज्यादा हुई बारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते 12 सालों में इस साल सबसे ज्यादा बारिश उत्तर भारत में हुई है। यहां अब तक सामान्य से 21 प्रतिशत ज्यादा पानी गिरा है। पिछले साल अगस्त में भारी (64.4-115.5एमएम) से बहुत भारी वर्षा (115.5-204.4एमएम) की घटनाएं ज्यादा हुई थीं, लेकिन अत्यंत भारी वर्षा की घटनाएं इस साल के मुकाबले कम थीं। पिछले साल उत्तर भारत में अगस्त का महीना 1996 के बाद (28 वर्षों में) सबसे अधिक बरसात वाला रहा। पूरे क्षेत्र में 256.4एमएम बारिश दर्ज की गई थी। लेकिन, इस साल मौजूदा महीने में अभी तक (26 अगस्त तक) 209.4 एमएम वर्षा दर्ज हो चुकी है और पांच दिन बाकी हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी एक या दो दिन यही स्थिति बनी रह सकती है।

आईएमडी के अनुसार 25 अगस्त तक उत्तर भारत में अत्यंत भारी बारिश की 21 घटनाएं दर्ज की हैं, जो कि पिछले साल की ऐसी 14 घटनाओं से कहीं ज्यादा है। 2013 के मानसून में ही उत्तराखंड में केदारनाथ वाली तबाही आई थी। सबसे चिंताजनक बात ये है कि अगस्त में इस इलाके ने अबतक सबसे ज्यादा अत्यंत भारी वर्षा वाले दिन दर्ज किए हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 2021 से यह डेटा जुटाना शुरू किया है। आशंका है कि इस महीने के अंत तक अत्यंत भारीवर्षा वाली घटनाओं की संख्या और बढ़ेगी, जिससे हाल के वर्षों में यह सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाले मानसून में शामिल हो जाएगा। आईएमडी के मुताबिक अत्यंत भारी वर्षा का मतलब है, जब किसी जगह पर 24 घंटे में 204.5एमएम से अधिक बारिश होती है। यही नहीं, इस बार के मानसून में उत्तर भारत ने अबतक के तीनों महीनों (जून, जुलाई, अगस्त) में सरप्लस बरसात दर्ज की है, जो कि देश के चारों क्षेत्रों में सबसे अधिक है और यह भी 2013 के बाद पहली बार हो रहा है।

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही अत्यधिक बारिश

आईएमडी प्रमख मृत्युंजय महापात्रा के अनुसार, पिछले दो महीनों में उत्तर पश्चिम भारत (मौसम विभाग के हिसाब से उत्तरी भारत) में खूब बारिश हुई है। इसका मुख्य कारण है, पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आने वाली मॉनसूनी हवाओं का बार-बार टकराना। कभी-कभी अरब सागर से भी मानसूनी हवाएं आती हैं। आईएमडी उत्तर पश्चिम भारत में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को शामिल करता है। आईएमडी के अनुसार अत्यंत भारी वर्षा की ज्यादातर घटनाएं हिमाचल, उत्तराखंड और जम्मू और कश्मीर में हुई हैं।



# औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी

अब आसान होगा व्यापार तथा श्रमिक हित होगा सुरक्षित

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म व ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक व श्रम सुधारों की दिशा में बड़े कदम बढ़ा दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में उद्योग और व्यापार से जुड़े 13 राज्य अधिनियमों में लगभग 99 प्रतिशत आपराधिक प्रावधान समाप्त करने की तैयारी हो रही है। शीघ्र ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जो व्यावहारिकता के दृष्टिकोण से इतने बड़े पैमाने पर आपराधिक प्रावधानों को गैर-आपराधिक श्रेणी में परिवर्तित करेगा।गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज़सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' जल्द होगा पेश, 13 राज्य अधिनियमों के 99 प्रतिशत आपराधिक कानून समाप्त होंगे। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य होगा , जहां इतनी बड़ी संख्या में आपराधिक कानूनों को गैर-आपराधिक श्रेणी में बदला जाएगा। फैक्ट्री लाइसेंस अवधि बढ़ाने और महिलाओं को अधिक अवसर देने का प्रस्ताव शीघ्र लांच होगा। 'निवेश मित्र 3.0', आवेदन-अनुमोदन प्रक्रिया होगी। पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी ऑफ डूइंग बिजनेस को और सशक्त बनाने के लिए नए कदम उठाना समय की मांग है। साथ ही यह भी उतना ही आवश्यक है कि औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों की सुरक्षा और सुविधा की गारंटी सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'श्रमेव जयते' के भाव को आत्मसात करते हुए हमें ऐसे सुधार करने होंगे, जो उद्यमियों और श्रमिकों; दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हों। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य सरकार शीघ्र ही 'सुगम्य व्यापार (प्राविधानों का संशोधन) विधेयक, 2025' लाने जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी अधिनियम, शीरा अधिनियम, वृक्ष संरक्षण अधिनियम, राजस्व संहिता, गन्ना अधिनियम, भूगर्भ जल अधिनियम, नगर निगम अधिनियम, प्लास्टिक कचरा अधिनियम, सिनेमा अधिनियम तथा क्षेत्र व जिला पंचायत अधिनियम सहित कई कानूनों को अधिक व्यावहारिक स्वरूप दिया जाएगा। इनमें जहाँ पहले कारावास की सज़ा का प्रावधान था, वहां अब अधिक आर्थिक दंड व प्रशासनिक कार्रवाई को वरीयता देने की योजना है। नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक दंडात्मक प्रावधानों को समाप्त कर, उनकी जगह पारदर्शी और न्यायसंगत व्यवस्था लागू करना समय की मांग है। बैठक में अवगत कराया गया कि इस विधेयक पर संबंधित 14 विभागों से राय ली गई है। अधिकांश विभाग सहमत हैं, जबकि कुछ ने आपत्तियाँ दर्ज कराई हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करते हुए विधेयक को ऐसा स्वरूप दिया जाए, जो उद्योग और श्रमिकों के हितों में संतुलित हो।

बैठक में श्रम कानूनों के सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रस्तावों में फैक्ट्री लाइसेंस की अवधि बढ़ाने, दुकानों व प्रतिष्ठानों के नियमों में व्यावहारिक बदलाव करने और महिलाओं को अधिक अवसर उपलब्ध कराने जैसे कदम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरीक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए स्व-सत्यापन और थर्ड पार्टी ऑडिट की प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से जहां उद्योगों का बोझ कम होगा, वहीं श्रमिकों का हित भी सुरक्षित होगा।

सुधारों की श्रृंखला में 'निवेश मित्र 3.0' पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके तहत निवेशकों की आवेदन व अनुमोदन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सुगम बनाया जाएगा। कॉमन एप्लिकेशन फॉर्म, पैन-आधारित पहचान, स्मार्ट डैशबोर्ड, बहुभाषी सहायता और एआई चैटबॉट जैसी सुविधाएँ जोड़ी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी और निवेशकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल का नया संस्करण शीघ्र ही लॉन्च किया जाए, जिससे ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस को नई मजबूती मिलेगी।

## कांग्रेस-आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री पर अभद्र भाषा का प्रयोग निंदनीयः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के दरभंगा के अतरबेल में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ प्रयोग की गई बेहद अभद्र भाषा की कड़ी निंदा की है। यह कार्यक्रम बिहार यूथ कांग्रेस के नौशाद द्वारा कराया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादा और भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इस्तेमाल की गई अपमानजनक भाषा न केवल प्रधानमंत्री का अपमान है, बल्कि 140बिहार के दरभंगा के अतरबेल में कांग्रेस–आरजेडी की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भद्दी–भद्दी गालियां दी गई । मातृ शक्ति का अपमान करने पर भड़के योगी, कहा– एक साधारण मां ने संघर्ष से गढ़ा राष्ट्रसेवक, आज मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स। पर लिखा, कांग्रेस और आरजेडी के मंच से आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए प्रयुक्त अभद्र भाषा अत्यंत निंदनीय एवं राजनीतिक मर्यादा का पतन है। यह कृत्य सिर्फ प्रधानमंत्री का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि एक साधारण मां ने अपने संघर्ष और संस्कारों से ऐसे पुत्र को गढ़ा, जिसने स्वयं को राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया और आज वह विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में करोड़ों भारतीयों के हृदय में बसते हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बिहार की जनता इस तरह की 'घृणित राजनीति' का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी और भारतीय संस्कृति तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेगी।

# पंचकूला पुलिस ने 1 माह में खोए हुए 11 मोबाइल ट्रेस कर मालिकों को लौटाए

गुम या चोरी हुए मोबाइल को ट्रैक और ब्लॉक करने के लिए सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत कैसे करे, समझिए आसान भाषा में

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। पंचकूला पुलिस ने अगस्त माह में सराहनीय कार्य करते हुए खोए हुए 11 मोबाइल फोन उनके असल मालिकों को सुरक्षित रूप से लौटाए हैं। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने सभी मोबाइल मालिकों से मुलाकात कर उनकी खुशी में शामिल हुईं और कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा व विश्वास को बनाए रखना है। मोबाइल वापसी पर लोगों ने पंचकूला पुलिस का धन्यवाद व्यक्त करते हुए इसे विश्वास बहाली की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। डीसीपी ने इस उपलब्धि का श्रेय साइबर सेल की टीम को दिया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, सब इंस्पेक्टर रामू स्वामी और सिपाही रजनीश ने टीमवर्क के साथ मेहनत कर मोबाइल फोन को ट्रेस किया और सही मालिकों तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका निभाई। मोबाइल धारकों में सुमनलता निवासी सेक्टर-26 पंचकूला, राजा निवासी मौली जांगरा चंडीगढ़, रविन्द्र निवासी खटौली, लड्डूलाल कुमार निवासी सेक्टर-16 पंचकूला, कासिम निवासी गांव कोट, आसिफ अली निवासी मौली जांगरा, कर्म सिंह निवासी बिल्ला, तरुण कुमार निवासी मौली जांगरा सहित अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस की तत्परता और प्रयासों से इन लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिलने पर खुशी साफ झलक रही थी।

**मोबाइल गुम हो जाए या चोरी तो ये करेंः** अगर आपका मोबाइल फोन चोरी हो गया है या गुम हो गया है, तो घबराएं नहीं। भारत सरकार द्वारा संचालित सेंट्रल इक्यूपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल आपकी मदद के लिए एक प्रभावशाली ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है। यह केंद्रीकृत प्रणाली गुम या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक करने और ट्रैक करने में सहायक है, जिससे उसका दुरुपयोग रोका जा सके। सबसे पहले, अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराएं और एफआईआर की कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें। इसके बाद आप सीईआईआर डॉट जीओवी डॉट इन पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर अपने खोए / चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक करें का विकल्प चुनें।

इसके बाद एक फॉर्म खुलेगा, जिसमें आपको अपना मोबाइल नंबर, आईएमईआई नंबर, मोबाइल का ब्रांड और मॉडल, खोने की तारीख और स्थान, एफआईआर नंबर, और पहचान पत्र जैसी जानकारी भरनी होगी। इसके साथ ही मोबाइल की खरीद की रसीद (इनवॉइस) और एफआईआर की कॉपी जैसे दस्तावेज़ भी अपलोड करने होंगे। सभी जानकारी भरने और दस्तावेज़ अपलोड करने के बाद फॉर्म को सबमिट करें। सबमिट करने के बाद आपको एक रिक्वेस्ट आईडी प्राप्त होगी, जिसकी मदद से आप अपने आवेदन की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं।

## एडवोकेट संजय शर्मा लगातार तीसरी बार मोहाली जिला टैक्स बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष निर्वाचित



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**खरड़/न्यू चंडीगढ़।** कानूनी क्षेत्र में अपनी सक्रियता, ईमानदारी और समर्पण के लिए प्रसिद्ध एडवोकेट संजय शर्मा को एक बार फिर मोहाली जिला टैक्स बार एसोसिएशन का उपाध्यक्ष चुना गया है। यह उपलब्धि विशेष है क्योंकि श्री शर्मा को यह पद लगातार तीसरी बार संभालने का अवसर मिला है, जो उनके प्रति अधिवक्ताओं के गहरे विश्वास और सम्मान को दर्शाता है। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही बार के सदस्यों ने एडवोकेट संजय शर्मा को बधाई दी और उनके नेतृत्व में संघ के उज्ज्वल भविष्य की आशा जताई। इसी अवसर पर समाजसेवक अरविंद पुरी ने न्यू चंडीगढ़ में एडवोकेट संजय शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री पुरी ने कहा, संजय शर्मा जी ने अपने कर्म, निष्ठा और सेवाभाव से अधिवक्ताओं के साथ-साथ समाज में भी एक अलग पहचान बनाई है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बार एसोसिएशन नई ऊंचाइयों को छुएगी।÷ एडवोकेट संजय शर्मा ने सभी सहयोगियों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा अधिवक्ताओं की समस्याओं और हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे और संघ को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# करोड़ों के सालाना बजट वाली नगर परिषद अपनी ही बिल्डिंग की देखरेख करने में नाकाम

## सीलन, बिजली के खुले बॉक्स और झड़ते सीमेंट से हर रोज मंडरा रहा खतरा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर।** करोड़ों का सालाना बजट बनाने वाली नगर परिषद जीरकपुर अपनी ही बिल्डिंग की देखरेख तक नहीं कर पा रही है। हालत यह है कि परिषद की इमारत खस्ता हाल में पहुंच चुकी है। बारिश के बाद बिल्डिंग के कई हिस्सों में पानी टपकता है। दीवारों पर सीलन फैल चुकी है और सीमेंट झड़ना शुरू हो चुका है। वहीं, फॉल्स सीलिंग जगह-जगह से टूटी पड़ी है। सबसे खतरनाक स्थिति बिजली के खुले बॉक्स की है, जो किसी भी समय हादसे को न्योता दे सकते हैं।

**बजट अलग, हालत वहीः** नगर परिषद हर साल करोड़ों का बजट पास करती है। उसमें बिल्डिंग की मरम्मत और रखरखाव के लिए भी अलग से राशि निर्धारित की जाती है। बावजूद इसके, मौजूदा स्थिति बताती है कि यह पैसा आखिरकार खर्च कहां होता है, इसका किसी को जवाब नहीं मिलता। परिषद की बिल्डिंग की हालत जस की तस बनी हुई है। इस लापरवाही को लेकर कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों में सवाल उठ रहे हैं।

**सीलन और लीकेज बनी बड़ी समस्याः** परिषद की इमारत में सबसे बड़ी दिक्कत बारिश के दिनों में सामने आती है। छत और दीवारों से पानी रिसना आम बात हो गई है। सीलन की वजह से कई जगहों पर प्लास्टर झड़ रहा है और सीमेंट निकलने लगा है। दफ्तरों में रखी फाइलें और दस्तावेज भी इस कारण खराब होने का खतरा झेल रहे हैं। कर्मचारी खुद मानते हैं कि सीलन और लीकेज से कामकाज प्रभावित हो रहा है।

**खुले बिजली बॉक्स से खतराः** बिजली व्यवस्था का हाल तो और भी भयावह है। परिषद की इमारत में



लगे कई बिजली के बॉक्स खुले पड़े हैं। इनमें न तो कवर है और न ही सुरक्षा इंतजाम। किसी भी वक्त शॉर्ट सर्किट या आगजनी का बड़ा हादसा हो सकता है। कई बार कर्मचारी खुद इनसे गुजरने में डरते हैं।

**सवालों के घेरे में नगर परिषदः** हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद अपनी बैठकों में हर साल मेंटेनेंस के लिए बजट रखती है। बावजूद इसके, इमारत का हाल लगातार बिगड़ता जा रहा है। अब बड़ा सवाल उठ रहा है कि जो पैसा हर साल रखरखाव के नाम पर तय होता है, वह आखिर खर्च कहां किया जा रहा है।

**पार्षदों और लोगों में रोषः** स्थानीय लोग और दुकानदार कहते हैं कि जब परिषद अपनी ही बिल्डिंग की देखरेख नहीं कर पा रही, तो बाकी शहर की हालत का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। पार्षदों ने भी कई बार बैठक में इस मुद्दे को उठाया, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला।

**हादसे का इंतजार?**

इमारत की बिगड़ती हालत को देखकर साफ है कि प्रशासन शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। सीलन, बिजली के खुले बॉक्स और झड़ते सीमेंट से हर रोज खतरा मंडरा रहा है। नगर परिषद की लापरवाही पर सवाल उठना लाजमी है।

**बिजली के बॉक्स हादसे को न्योताः** परिषद की इमारत में जगह-जगह बिजली के बॉक्स खुले पड़े हैं। किसी भी समय शॉर्ट सर्किट से बड़ा हादसा हो सकता है। सुरक्षा के इंतजाम पूरी तरह गायब हैं।

इस बारे में इंजीनियरिंग विभाग से पूरी जानकारी ली जाएगी और जहां-जहां कर भी खामियां हैं उन खामियों को दुरुस्त कर लिया जाएगा।
जगजीत सिंह जज
कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद
जीरकपुर

## मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में 14वां गणपति उत्सव 5 सितंबर को मनाया जाएगा : रवि शर्मा



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**खरड़/न्यू चंडीगढ़।** मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ कस्बे में हर साल की तरह इस साल भी चौदहवां श्री गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। खेल प्रमोटर एवं समाजसेवी रवि शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हर साल गणपति सेवा दल द्वारा नगर खेड़ा चौक मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में गणपति महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह कार्यक्रम लगातार दस दिनों तक चलता है और चौकी में प्रतिदिन विभिन्न कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन किया जाता है जिसमें सैकड़ों भक्तजन भाग लेते है । रवि शर्मा ने बताया कि इस बार भी यह कार्यक्रम 27 अगस्त से शुरू हुआ है तथा 5 सितंबर तक चलेगा। 30 अगस्त को पंजाब के मधुर गायक दक्ष मुल्लांपुरी चौकी में भजन कीर्तन करेंगे। 5 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध कलाकार सोनू सुरजीत भव्य चौकी में उपस्थित रहेंगे और 11वें दिन गणेश प्रतिमा का विसर्जन होगा। बातचीत के दौरान खेल प्रमोटर एवं समाजसेवी रवि शर्मा ने बताया कि गणपति सेवा दल द्वारा दशहरा कार्यक्रम भी बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में क्षेत्र की संगत बड़ी संख्या में भाग लेती है। इस अवसर पर गुरु का लंगर निरंतर चलता रहता है। इस अवसर पर खेल प्रमोटर एवं समाजसेवी रवि शर्मा, गणपति सेवा दल के सदस्य प्रिंस वर्मा, नरेंद्र, आशू, हरीश, संदीप, जतिंदर, पाली, टिंकू आदि सहित य सदस्य भी मौजूद रहे।

# यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए पू. सी. रेलवे चलाएगी पांच जोड़ी फेस्टिव स्पेशल ट्रेन

चर्लपल्ली और नाहरलगुन के बीच जारी रहेगी स्पेशल ट्रेन सेवा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने आगामी त्योहारी सीजन के दौरान पांच जोड़ी फेस्टिव स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इन फेस्टिव स्पेशल ट्रेनों में- ट्रेन संख्या 06559/ 06560 (एसएमवीटी बेंगलुरु-नारंगी- एसएमवीटी बेंगलुरु) 2 सितंबर से 29 नवंबर, 2025 तक दोनों दिशाओं से 13-13 ट्रिप; ट्रेन संख्या 05744/ 05743 (कटिहार - सोनपुर - कटिहार) 18 सितंबर से 14 नवंबर, 2025 तक दोनों दिशाओं से 25-25 ट्रिप; ट्रेन संख्या 07541/ 07542 (कटिहार - दौरम मधेपुरा - कटिहार) 21 सितंबर से 5 नवंबर, 2025 तक दोनों दिशाओं से 46-46 ट्रिप; ट्रेन संख्या 07540/ 07539 (कटिहार-मनिहारी-कटिहार) 21 सितंबर से 6 नवंबर, 2025 तक दोनों दिशाओं से 46-46 ट्रिप और ट्रेन संख्या 07640/07639 (अगरतला-धर्मनगर-अगरतला) 18 सितंबर से 30 अक्टूबर, 2025 तक दोनों दिशाओं से 33-33 ट्रिपों के लिए चलेगी। तदनुसार, ट्रेन संख्या 06559 (एसएमवीटी बेंगलुरु - नारंगी) स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को एसएमवीटी बेंगलुरु से 23:40 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को नारंगी 05:00 बजे पहुँचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 06560 (नारंगी - एसएमवीटी बेंगलुरु) स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को नारंगी से 05:30 बजे प्रस्थान कर सोमवार को एसएमवीटी बेंगलुरु 09:45 बजे पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 05744 (कटिहार-सोनपुर) स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार, रविवार और सोमवार को कटिहार से 18:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सोनपुर 01:00 बजे पहुँचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 05743 (सोनपुर-कटिहार) स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार और मंगलवार को सोनपुर से 03:00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन कटिहार 12:00 बजे पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 07541 (कटिहार - दौरम मधेपुरा) स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन कटिहार से 19.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दौरम मधेपुरा 22.00 बजे पहुँचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 07542 (दौरम मधेपुर - कटिहार) स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन 22.45 बजे दौरम मधेपुर से प्रस्थान कर अगले दिन कटिहार 2.30 बजे पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 07540 (कटिहार-मनिहारी) स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन कटिहार से 20.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन मनिहारी 21.30 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 07539 (मनिहारी-कटिहार) स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन मनिहारी से 05.00 बजे प्रस्थान कर उसी दिन कटिहार 06.00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 07640 (अगरतला - धर्मनगर) स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन अगरतला से 05.15 बजे प्रस्थान कर उसी दिन धर्मनगर 08.45 बजे पहुँचेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 07639 (धर्मनगर - अगरतला) स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन धर्मनगर से 09.30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन अगरतला 13.20 बजे पहुँचेगी। 30 अगस्त से 2 दिसंबर, 2025 तक मौजूदा ठहराव, समय-सारणी और सेवा दिवसों के अनुसार 14 अतिरिक्त फेरों के लिए जारी रहेंगी।

# दार्जिलिंग में एनएचपीसी-जीटीए की पहल पर खुला पहला तकनीकी डिग्री कॉलेज, युवाओं को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फरीदाबाद।** गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनित थापा और एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) उत्तम लाल की उपस्थिति में 27 को तकदा में दार्जिलिंग हिल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट का शुभारंभ किया गया। एनएचपीसी की टीएलडी-III और IV पावर स्टेशनों की सीएसआर पहल तथा जीटीए के सहयोग से स्थापित यह संस्थान पश्चिम बंगाल का पहला तकनीकी डिग्री कॉलेज है, जो सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में संचालित होगा। इस ऐतिहासिक कदम से क्षेत्र के युवाओं के लिए उच्चस्तरीय तकनीकी शिक्षा के द्वार खुले हैं।

कॉलेज की शुरुआत सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, एआई और मशीन लर्निंग में बी.टेक कार्यक्रमों के साथ की गई है। इसके अलावा होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी में स्नातक पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। भविष्य में उद्योग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अन्य उभरते विषयों में भी विस्तार की योजना बनाई गई है। एनएचपीसी ने इस संस्थान के लिए बुनियादी ढांचा विकसित किया है, जबकि संचालन और रखरखाव का कार्य कॉलेज प्रबंधन द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उत्तम लाल ने कहा कि एनएचपीसी न केवल हरित ऊर्जा बल्कि क्षेत्रीय विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कॉलेज पहाड़ के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर एनएचपीसी, जीटीए और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, संकाय सदस्य, छात्र एवं स्थानीय समुदाय बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विकास नगर नयागांव शराब के हाते से बर्तन, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**खरड़/न्यू चंडीगढ़।** नयागांव के विकास नगर के गेट नम्बर-2 में कल रात धवा बोल दिया । यह हाता मेन रोड पटियाला की राउ नदी पर शाराब के ठेके के बाहर बना हुआ है । इस हाते के ठेकेदार तिवारी ने बताया कि सुबह जब मेरे नोकर हाता खोलने लगे तो देखा कि दरवाजे की कुंडी टूटी हुई है तथा उसके अंदर से सारा समान गायब है । जिसमें गैस के सिलेंडर,बर्तन जिसमें पतीले, प्लेटे, गैस के चुल्हे,मिक्सी,जग आदी सारा समान तो ले ही गये



जाते-जाते बल्ब भी उतार ले गये । कुल मिला कर भारी नुकसान हो गया । जिसकी पुलिस में शिकायत भी दी गई है ।

# हिन्दू समाज के सामने चुनौती, सनातन धर्म की जड़ों की ओर लौटें : प्रेम गर्ग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** आज हिन्दू समाज एक बहुत ही नाजुक दौर से गुजर रहा है। गुरु-परंपरा, जिसे मूल रूप से ज्ञान, अध्यात्म और सत्य की ओर ले जाने का साधन माना गया था, आज कई जगह भ्रष्ट हो चुकी है। अनेक तथाकथित 'गुरु' और बाबाओं ने इस परंपरा को व्यवसाय और शोषण का माध्यम बना लिया है। मार्गदर्शन देने के बजाय वे समाज को बाँटते हैं, गुमराह करते हैं और हिन्दू एकता की नींव को कमजोर करते हैं।

इस गुमराह करने का परिणाम दुखद है। अनेक हिन्दू मंदिरों में जाना छोड़ देते हैं, अपनी जड़ों से दूर हो जाते हैं और धीरे-धीरे अपने ही धर्म के प्रति नकारात्मक सोच विकसित करने लगते हैं। जब लोग ऐसे प्रभावों में आकर सनातन धर्म को छोड़ते हैं तो यह केवल उनकी आध्यात्मिक हानि नहीं होती, बल्कि पूरे समाज में विरोधी-हिन्दू विचार पनपने लगते हैं।

हमें यह याद रखना चाहिए कि हिन्दू धर्म की विशेषता उसकी सहनशीलता, करुणा और उदारता है। परन्तु इन गुणों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। धर्म के नाम पर समाज को कमजोर करने वालों से सतर्क रहना हर सच्चे हिन्दू का पवित्र कर्तव्य है। हमें स्वयं भी दृढ़ रहना है और अपने मित्रों व परिजनों को पुनः मंदिरों और सनातन धर्म की सच्ची साधना से जोड़ना है।

यदि हम इस कर्तव्य में असफल



रहे तो भविष्य में हमें बिखराव, दुर्बलता और यहाँ तक कि अस्तित्व-संकट का सामना करना पड़ सकता है। अन्य धर्मों के लोग अपने विश्वासों में एकजुट रहते हैं। मुसलमान, ईसाई, सिख आदि लोग झूठे गुरुओं और पाखंडी सम्प्रदायों के चक्कर में नहीं पड़ते। परन्तु हिन्दू, अपनी सहज उदारता के कारण, अनेक बार बँट जाते हैं और इसका परिणाम पूरे समाज की कमजोरी के रूप में सामने आता है।

लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हिन्दू धर्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि सनातन धर्म है–वह शाश्वत जीवन पद्धति है जिसने सम्पूर्ण मानवता को महान दार्शनिक विचार, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और मानवीय मूल्य दिए हैं। सनातन धर्म ही सभी धर्मों की जननी है। कोई भी संप्रदाय, कोई भी तथाकथित गुरु, सनातन धर्म की गहराई और महानता से ऊपर नहीं हो सकता। हिन्दू धर्म का सार सत्य, अध्यात्म और आनंद में है। इन मूल्यों को जीकर ही हम सनातन धर्म के

## बीबीएमबी जलाशयों का जलस्तर रिकॉर्ड ऊँचाई पर, पारदर्शी तरीके से हो रहा है जल निकासी संचालन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के जलाशयों भाखड़ा और पौंग का जलस्तर 28 को क्रमशः लगभग 1672 फीट और 1393 फीट दर्ज किया गया। इस वर्ष मानसून के दौरान पौंग जलाशय में जुलाई-अगस्त के बीच 9.68 बीसीएम जल प्रवाह हुआ है, जो परियोजना की शुरुआत से अब तक का सबसे अधिक स्तर है और 1988 व 2023 के बाढ़ वर्षों को भी पार कर गया है। बीबीएमबी ने इस वर्ष केंद्रीय जल आयोग द्वारा विकसित नए नियम वक्र को लागू किया है। जल छोड़ने संबंधी सभी निर्णय बीबीएमबी की तकनीकी समिति द्वारा लिए जा रहे हैं, जिसमें बीबीएमबी के वरिष्ठ अधिकारी, भागीदार राज्यों के मुख्य अभियंता, केंद्रीय जल आयोग और भारतीय मौसम विभाग के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति ने अगस्त माह में सात बैठकें आयोजित कीं और रिलीज की मात्रा व समय-सारणी पर आम सहमति से निर्णय लिए। लगातार अधिक जल प्रवाह को देखते हुए धीरे-धीरे और पारदर्शी तरीके से जल निकासी की गई, ताकि बांध और डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

सम्पादकीय

# बाढ़, बादल फटने से पंजाब समेत तमाम राज्यों के हालात बदतर

पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-श्रीनगर और उत्तराखंड आज जैसी प्राकृतिक आपदा झेल रहे हैं, वह हालिया समय में पहली बार है। पहाड़ों पर हो रही निरंतर बारिश का कहर कुछ ऐसा है कि उससे पंजाब में फ्लड गेट्स ही बह जा रहे हैं। इससे भाखड़ा का पानी सीधे रोपड़, नवांशहर, लुधियाना, फिरोजपुर और दूसरे जिलों में फैल गया है। संगरूर में घग्गर का जलस्तर बढ़ चुका है। हालात ऐसे हैं कि पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब भी जलमग्न हो गया है। इस बाढ़ से पाकिस्तान में भी हालात बेकाबू हैं और यहां भारी तबाही हो रही है। भारत की ओर से बांधों के गेट खोले जाने के बाद तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई है। मालूम हो, प्राकृतिक आपदा ने जम्मू-कश्मीर में भी कोहराम मचाया हुआ है और यहां अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है। इन लोगों में करीब 34 माता वैष्णो देवी के दर्शनों को जा रहे थे। यात्रा मार्ग पर हुए भूस्खलन की वजह से इनकी जानें चली गईं।

**यह मौसम विज्ञानियों और पर्यावरणविदों के लिए चिंता और जिज्ञासा का विषय है कि आखिर पहाड़ों पर इतने बड़े पैमाने पर बादल क्यों फट रहे हैं। बीते दिनों में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से भारी हानि हुई थी। बादल फटने की घटना के वक्त आसमान से इतना पानी एक साथ बरसता है, जिसका अनुमान कोई नहीं लगा सकता। आसमान से बरसने वाली यह आफत अपने रास्ते में कुछ नहीं छोड़ती। अब बेशक नदियों के किनारों पर आबादी बढ़ रही है, और यह भी कहा जाएगा कि जमीन का अतिक्रमण हो रहा है। हालांकि बादल फटने के बाद नदियों में जो उफान आता है, वह दूर-दूर के किनारों तक की जमीन बहा ले जाता है। इन्हीं किनारों पर जो घर-मकान बने होते हैं, सड़कें, रोड और दुकानें आदि होती हैं, वे सब भी चपेट में आ जाती है।**

अगर पंजाब के हाल पर गौर करें तो राज्य में बाढ़ का संकट पैदा हो चुका है। यहां जम्मू-कश्मीर से लगते इलाकों में बाढ़ का पानी भर चुका है। गुरदासपुर में पानी के तेज बहाव में सीआरपीएफ के कैंप का प्रवेशद्वार और उसके साथ लगती बिल्डिंग ध्वस्त हो गए। यहां 22 जवानों समेत 25 लोगों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। पंजाब में सेना को राहत और बचाव के कार्य के लिए बुलाया गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर में बारिश से अनंतनाग और श्रीनगर में झेलम का जलस्तर चेतावनी के निशान को पार कर गया। यहां रिहायशी इलाकों में पानी भर चुका है। किश्तवाड़ में तो बाढ़ में एक पहाड़ी ही बह गई। इस प्रकार से प्राकृतिक आपदा जहां जनहानि का सबब बन रही है, वहीं भौगोलिक हालात भी बदल रही है। गौरतलब है कि इससे पहले उत्तराखंड के धराली में नदी में बहकर आए कीचड़ और पानी की वजह से एक पूरा गांव ही उसमें समा गया था। यहां अभी तक इसकी पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है कि आखिर कितने लोग हताहत हुए हैं। इसके बाद 15 अगस्त को श्रीनगर में भी ऐसा ही कुछ हुआ था। वह मंजर बेहद भयानक था, जिसमें गाड़ियां बह कर सैकड़ों टन रेत और पत्थरों के नीचे दब गई। जम्मू में इस समय नदियों में उफान है और भूस्खलन जारी है।

यह मौसम विज्ञानियों और पर्यावरणविदों के लिए चिंता और जिज्ञासा का विषय है कि आखिर पहाड़ों पर इतने बड़े पैमाने पर बादल क्यों फट रहे हैं। बीते दिनों में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने से भारी हानि हुई थी। बादल फटने की घटना के वक्त आसमान से इतना पानी एक साथ बरसता है, जिसका अनुमान कोई नहीं लगा सकता। आसमान से बरसने वाली यह आफत अपने रास्ते में कुछ नहीं छोड़ती। अब बेशक नदियों के किनारों पर आबादी बढ़ रही है, और यह भी कहा जाएगा कि जमीन का अतिक्रमण हो रहा है। हालांकि बादल फटने के बाद नदियों में जो उफान आता है, वह दूर-दूर के किनारों तक की जमीन बहा ले जाता है। इन्हीं किनारों पर जो घर-मकान बने होते हैं, सड़कें, रोड और दुकानें आदि होती हैं, वे सब भी चपेट में आ जाती है। इस बार मानसून सीजन में बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से 20 जून से 1 जुलाई तक सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी हैं।

पहाड़ों के हालत यह हैं, वहीं मैदानी इलाकों के हाल भी सही नहीं हैं। पंजाब के 14 जिलों में भारी बारिश हुई है, हरियाणा के विभिन्न जिलों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य में अनेक स्थानों पर बिजली के खंभे गिर गए हैं, सड़कों पर कटाव हुआ है। यहां नदी-नालों में डूबने से भी जानें जा रही हैं। दरअसल, हर बार मौसम की यह मार झेलना अब सामान्य हो गया है। हालांकि जलवायु परिवर्तन का असर हमारे पहाड़ों, नदियों-नालों पर बखूबी पड़ रहा है। पहाड़ों में भारी कटाव हो रहा है, वे कमजोर होते जा रहे हैं। आबादी लगातार बढ़ रही है, जबकि संसाधन उतने ही हैं। ऐसे में प्रकृति की नाराजगी सामने आ रही है। आजकल पश्चिमी देशों में भारी गर्मी पड़ रही है, जबकि भारत जैसे देशों में बाढ़ के हालात हैं। मौसम चक्र बिगड़ चुका है और हम दुश्वारियां झेलने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। यह यकीनी बात है कि भविष्य में यह सभी समस्याएं और ज्यादा बढने वाली हैं। हैरान इसकी होती है कि रेगिस्तान में अब बाढ़ आने लगी है। क्या यह किसी बड़े बदलाव की आहट नहीं है। हमें प्रकृति के प्रति सचेत होना चाहिए, उसकी आवाज सुननी चाहिए।

# संसद संवाद और बहस का मंच है, हंगामे का नहीं



लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान उसकी संसद होती है। संसद वह संस्था है जहां जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि राष्ट्र की नीतियों, योजनाओं और कानूनों पर विचार-विमर्श करते हैं। यह वह सर्वोच्च मंच है जहां विभिन्न विचारधाराएं और दृष्टिकोण टकराते हैं और देशहित में समाधान निकलता है। लेकिन दुर्भाग्यवश आज भारतीय संसद की छवि हंगामे, तोड़फोड़, शोर-शराबे और गतिरोध का पर्याय बनती जा रही है। हाल ही में संपन्न मानसून सत्र इसकी बानगी था, जो आरंभ से अंत तक त्रासद हंगामे की भेंट चढ़ गया। यह सत्र बेहद निराशा एवं अफसोसजनक रहा, क्योंकि सरकार और विपक्ष में टकराव उग्र से उग्रत्तर हुआ। राज्यसभा में केवल 41.15 घंटे और लोकसभा में 37 घंटे काम हुआ। संवाद एवं सौहाई की कमी दिखी, कई सवाल अधूरे रहे, जिनका जवाब देश जानना चाहता था। यहां दोनों पक्षों से ज्यादा समझदारी, सौहार्द और संतुलित नजरिये की अपेक्षा थी, लेकिन देशहित को दोनों पक्षों ने नेस्तनाबूद किया। यह स्थिति केवल दुखद ही नहीं बल्कि लोकतंत्र के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय भी है।

लोकसभा के मानसून सत्र के लिए कुल 120 घंटे चर्चा के लिये निर्धारित थे, लेकिन कार्यवाही मात्र 37 घंटे ही चल पाई। यानी 70 प्रतिशत से अधिक समय लोकसभा में और 61 प्रतिशत से ज्यादा समय राज्यसभा में हंगामे और शोर-शराबे की भेंट चढ़ गया। संसद में बिताया गया प्रत्येक घंटा जनता के करोड़ों रुपये की कमाई से संचालित होता है। जब वही समय व्यर्थ हो जाए तो यह सीधे-सीधे जनता के साथ अन्याय है। गुजरात के एक निर्दलीय सांसद ने यह प्रश्न उठाया भी कि जो सांसद हंगामा कर सदन को ठप कर देते हैं, क्या वे जनता के धन की बरबादी की भरपाई करेंगे? यह प्रश्न केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हमारी गंभीरता की कसौटी भी है। काम कम, हंगामा अधिक-आखिर हमारे राजनीतिक दल एवं जनप्रतिनिधि लोकतंत्र की मर्यादा एवं आदर्श को तार-तार करने पर क्यों तुले हैं? कैसी विडम्बना है कि लोकसभा की कार्यवाही के लिए 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे और इनमें से महज 55 का मौखिक उत्तर मिल सका।

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है और आवश्यक भी। विपक्ष का काम ही है सवाल उठाना, सत्ता को जवाबदेह बनाना। लेकिन यह काम हंगामे, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करने से नहीं हो सकता। संसद संवाद का मंच है, न कि संघर्ष का अखाड़ा। दुर्भाग्य यह है कि आज बहस और तर्क की जगह हंगामे और टकराव ने ले ली है। इससे न तो जनता की समस्याओं पर गंभीर विमर्श हो पाता है और न ही संसद की गरिमा सुरक्षित रह पाती है। सत्र शुरू होने के पहले कार्य मंत्रणा समिति में सरकार और विपक्ष के बीच कुछ मुद्दों पर चर्चा की सहमति बनी थी। लेकिन, सत्र शुरू होने के साथ ही उसे भुला दिया गया। संसदीय परंपरा में विरोध भी अधिकार है, लेकिन इसकी वजह से सदन की गरिमा और उसके कामकाज पर असर पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिन्ताजनक है।

भारत का हर नागरिक संसद से अपेक्षा करता है कि वहां उसकी समस्याओं पर चर्चा होगी- बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे मुद्दे प्राथमिकता पाएंगे। लेकिन जब टीवी स्क्रीन पर वह अपने प्रतिनिधियों को मेज थपथपाते, नारे लगाते और वेल में जाकर हंगामा करते देखता है तो उसका विश्वास टूटता है और मन आहत होता है। उसे लगता है कि जिन नेताओं को उसने वोट देकर भेजा था, वे उसके हितों की बजाय केवल राजनीति का खेल खेल रहे हैं। यही कारण है कि आज लोकतंत्र के प्रति आम नागरिक का मोहभंग बढ़ रहा है। वैसे भी यह मानसून सत्र ऐसे वक्त हो रहा था, जब भारत नई चुनौतियों से गुजर रहा है। विदेश और आर्थिक, दोनों मोर्चों पर हालात तेजी से करवट ले रहे हैं। ऐसे में और भी अहम हो जाता है कि संसद में इस पर सार्थक चर्चा होती और वाद-विवाद से रास्ता निकाला जाता। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन-एसआईआर और ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल बचे रह गए। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों के सजा की स्थिति- यानी जेल में होने पर पद से हटाने वाले संविधान संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखी।

संसद में हंगामे की प्रवृत्ति में केवल विपक्ष ही नहीं बल्कि सत्ता पक्ष भी अक्सर इसमें बराबर का भागीदार होता है। जब कोई दल विपक्ष में होता है तो वह विरोध के लिए हरसंभव कदम उठाता है, और जब वही दल सत्ता में आता है तो संसद की गरिमा की दुहाई देने लगता है। यह दोहरा रवैया लोकतंत्र को कमजोर करता है। संसद को सुचारुरूप से चलाना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि विपक्ष की भी जिम्मेदारी है। दोनों पक्षों को यह समझना होगा कि वे जनता के सेवक हैं, और जनता उनके कामकाज पर पैनी नजर रखती है। संसद में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने के लिए कठोर नियमों की आवश्यकता है। यदि कोई सांसद बार-बार हंगामा करता है, सदन की कार्यवाही बाधित करता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। आर्थिक दंड एक प्रभावी उपाय हो सकता है। जिस प्रकार एक कर्मचारी को कार्यालय में अनुशासन भंग करने पर वेतन काटा जाता है, उसी प्रकार सांसद का भत्ता और सुविधाएं भी रोकी जानी चाहिए। तभी उन्हें यह समझ आएगा कि संसद खेल का मैदान नहीं बल्कि देशहित का पवित्र मंच है।

कई बार सांसद यह तर्क देते हैं कि यदि उनकी आवाज संसद में नहीं सुनी जाती तो वे मजबूर होकर हंगामा करते हैं। लेकिन यह तर्क स्वीकार्य नहीं है। संसद में बोलने के लिए पर्याप्त अवसर मिलते हैं, शून्यकाल, प्रश्नकाल, विशेष उल्लेख, स्थायी समितियाँ-ये सभी मंच सांसदों को मुद्दे उठाने का अवसर देते हैं। यदि इन मंचों का सही उपयोग हो तो हंगामे की कोई आवश्यकता नहीं रहती। स?क की राजनीति और संसद की राजनीति में अंतर होना चाहिए। यदि संसद भी सड़क जैसी दिखने लगे तो लोकतंत्र की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। अब समय आ गया है कि जनता अपने सांसदों से सवाल पूछे। मतदाता केवल जाति, धर्म या दल देखकर वोट न दें, बल्कि यह भी देखें कि उनका प्रतिनिधि संसद में कितना समय उपस्थित रहता है, कितनी बार बोलता है, कितने प्रश्न पूछता है और कितनी गंभीरता से बहस में भाग लेता है। चुनाव आयोग और मीडिया को भी यह आँकड़े मतदाताओं तक पहुंचाने चाहिए। जब मतदाता यह तय करने लगेंगे कि उनका वोट केवल उन नेताओं को जाएगा जो संसद में गंभीरता से काम करते हैं, तभी यह प्रवृत्ति बदलेगी।

लोकतंत्र की सफलता केवल संविधान या संस्थाओं से नहीं, बल्कि उन लोगों से होती है जो उन्हें संचालित करते हैं। यदि सांसद ही अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे तो लोकतंत्र खोखला हो जाएगा। आज आवश्यकता है कि सभी राजनीतिक दल एक साथ बैठकर यह संकल्प लें कि चाहे सत्ता में हों या विपक्ष में, वे संसद की गरिमा को आंच नहीं आने देंगे। असहमति और संघर्ष लोकतंत्र का हिस्सा हैं, परंतु वह असहमति तर्क और संवाद से होनी चाहिए, हंगामे और अव्यवस्था से नहीं। संसद में हंगामे की प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार है।

यह जनता की गाड़ी कमाई की बरबादी है और उनकी उम्मीदों का अपमान भी। यह संसाधनों की बर्बादी एवं जनविश्वास का हनन है। चिंताजनक बात यह है कि संसदीय कार्यवाही का ऐसा अंजाम अब आम हो चुका है। पिछले शीत सत्र में ही लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हुए थे। संसद सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन जब काम नहीं करता, तो जनता की गाड़ी कमाई के इन रुपयों के साथ देश का बेहद कीमती समय भी जाया हो जाता है। संसद में केवल वही बहसें होनी चाहिए जो देश के भविष्य को दिशा दें, समस्याओं का समाधान निकालें और नीतियों को प्रभावी बनाएँ। यदि संसद ही शोरगुल और हंगामे का अखाड़ा बन जाए तो लोकतंत्र का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। विरोध भी जरूरी है, पर मुद्दों पर और सकारात्मक उद्देश्य के साथ।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### अजित गुट ने अलग संसदीय पार्टी के रूप में मान्यता मांगी

नई दिल्ली। अजित सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल के अलग हुए 20 असंतुष्ट सांसदों के गुट ने लोकसभा अध्यक्ष से मांग की है कि उन्हें अलग संसदीय पार्टी के रूप में मान्यता दी जाए। अजित गुट ने यह मांग लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल को कल शाम लिखे पत्र में की। जिसकी पत्रकारों को सरकारी तौर पर आज जानकारी दी गई। असंतुष्टों ने यह पत्र लोकसभा अध्यक्ष के पत्र के जवाब में लिखा है। पत्र में तर्क है कि जद संसदीय पार्टी में इस माह 7 तारीख को उस समय विभाजन हुआ, जब अध्यक्ष को पार्टी के 14 सांसदों से नोटिस प्राप्त हुआ। गुट का दावा है कि उसे लोकसभा में जद की संसदीय पार्टी के एक तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त है।

### आत्महत्या की दो घटनाओं में युवक मरा, महिला गंभीर

चंडीगढ़। दो विभिन्न घटनाओं में एक युवक व एक प्रौढ़ महिला द्वारा जहर खाने का समाचार ज्ञात हुआ है। युवक तो दम तोड़ गया जबकि प्रौढ़ा की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रामदरबार फेज-एक निवासी हरिओम नामक युवक ने गत रात जहर खा लिया। सूत्रों के मुताबिक घर के सदस्यों को इस बात का उस समय पता चला, जब रात 12 बजे के करीब उसकी तबियत बिगड़ने लगी। उसे तुरन्त स्थानीय अस्पताल में ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां आज सुबह उसकी मृत्यु हो गई। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1833 - | ब्रिटिश दास उन्मूलन अधिनियम ने कानून का रूप लिया। |
| 1842 - | ग्रेट ब्रिटेन और चीन ने नानकिंग की संधि पर हस्ताक्षर किये। |
| 1914 - | न्यूजीलैंड सैनिकों ने जर्मन समोआ पर कब्जा किया। |
| 1916 - | अमेरिकी कांग्रेस ने जोन्स अधिनियम को स्वीकृति प्रदान की- फिलीपींस को मिली स्वतंत्रता। |
| 1932 - | नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में अंतर्राष्ट्रीय युद्ध-विरोधी समिति का गठन। |
| 1941 - | रूस में जर्मन इंस्तजकमांडो ने 1469 यहूदी बच्चों की हत्या की। |
| 1945 - | ब्रिटिश ने हांगकांग को जापान से मुक्त कराया। |
| 1957 - | कांग्रेस ने नागरिक अधिकार अधिनियम, 1957 पारित किया। |
| 1974 - | चौधरी चरण सिंह की अध्यक्षता में लोकदल पार्टी स्थापना। |
| 1987 - | कर्नल राबुका ने फिजी को गणराज्य घोषित किया। |
| 1996 - | आर्कटिक द्वीप के स्पिट्सबर्गेन की पहाड़ी में वनुकोवो एयरलाइंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 141 लोगों की मौत। |
| 1998 - | पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित। |
| 1999 - | बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान टाइगर सिद्दीकी के नाम से मशहूर सांसद कादिर सिद्दीकी ने संसद की सदस्यता से इस्तीफ़ा दिया। |
| 2000 - | न्यूयार्क में चार दिवसीय विश्व शांति शिखर सम्मेलन शुरू। |
| 2001 - | पश्चिम एशिया में पुन- हिंसा भड़की, तीन फिलिस्तीनी मरे; जापान के 'एच-2 ए' रॉकेट का सफल प्रक्षेपण। |
| 2002 - | पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ का नामांकन पत्र स्वीकार किया। |
| 2003 - | कोलंबिया अंतरिक्ष यान हादसे के लिए नासा की त्रुटिपूर्ण कार्य-संस्कृति को जिम्मेदार ठहराया गया। |
| 2004 - | एथेंस ओलम्पिक का समापन। |
| 2008 - | तृणमूल कांग्रस के कार्यकर्ताओं के बवाल से क्षुब्ध होकर टाटा मोटर्स ने सिंगुर में नैनो परियोजना स्थल से अपने कर्मचारी हटाए। |
| 2012 - | चीन में सिचुआन प्रांत के शियाओजियावान कोयला खदान में हुए विस्फोट से कम से कम 26 चीनी श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि 21 लापता हो गये। |

## बोल ब्यूटीफुल



**पल्लवी घोषः** किसी से अपका कड़ा राजनीतिक विरोध हो सकता है, लेकिन तीन बार प्रधानमंत्री चुने गए व्यक्ति को गुब्बारा कहते हुए खारिज करने से कांग्रेस का कोई भला नहीं होने वाला।

**यशवंत देखमुखः** बिहार में 20 लाख मतदाताओं को मौत हो गई, जबकि 30 लाख लोग स्थायी रूप से कही और जाकर बस गए। इसमें अगर उन लोगों को भी जोड़ लिया जाए, जिनका नाम एक से अधिक स्थान पर मतदाता के रूप में दर्ज है तो इस तरह समग्र मतदाता सूची में करीब 10 प्रतिशत की कमी दर्ज हो सकती है।

**अशोक श्रीवास्तवः** जिन अटल जी ने झारखंड राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाई, उसी राज्य में अटल मोहल्ला क्लीनिक का नामकरण मदर टेरेसा के नाम कर दिया।

# मोदी सरकार की जनहित की शानदार पहल ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर सख्त कानून

देश में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मैट्रो रेल स्टेशन, एयरपोर्ट, हाइवे, सड़क, हवाई जहाज, रेल, मैट्रो रेल, बस आदि में 'पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं' जैसी टैग लाइन के साथ भ्रमित करने वाले ऑनलाइन गेमिंग ऐप का प्रचार चर्चित चहरों के साथ बड़े पैमाने पर होता नज़र आता है। इन चर्चित चेहरों के प्रमोशन करने के चलते देश में करोड़ों लोग ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही सट्टेबाजी, ठगी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर के अपने जीवन भर की कमाई गंवाकर मानसिक तनाव में आकर के अनमोल जीवन तक को समाप्त करने का कार्य कर रहे थे, लेकिन मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की नकेल कसने का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि ऑनलाइन गेम की मुख्य रूप से दो कैटेगरी मानी जाती है, पहली कैटेगरी में ई-स्पोर्ट्स जिसमें गेम खेलने के लिए किसी भी प्रकार से पैसों का आदान-प्रदान नहीं किया जाता है व दूसरी कैटेगरी में रियल मनी गेम्स में पैसों का लेन-देन होता है, दूसरी कैटेगरी पर ही मोदी सरकार ने अंकुश लगाया है। देश में इंटरनेट की सुलभता से पहुंच होने के चलते ऑनलाइन गेमिंग ऐप का आलम यह हो गया था कि देश के दूरदराज के गांवों से लेकर कस्बों शहरों तक में भी यह लोगों को घर बैठे-बैठे हुए ही सट्टेबाजी करने के लिए प्रेरित करने लगा है, घर की चौपाल से लेकर के गली, मोहल्ले, नुक्कड़ हर तरफ ऑनलाइन गेमिंग ऐप की चर्चा सुनना अब आम बात हो गयी थी।

लेकिन नरेन्द्र मोदी की सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग की इस गंभीर चुनौती को समय रहते समझने का कार्य करते हुए, 19 अगस्त 2025 को देश के घर-घर में छोटे व बड़े-बूढ़े तक के बीच में भी अपनी पैठ बना चुके ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर नियंत्रण लगाने के लिए एक कानून 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025' को कैबिनेट में पारित करवाने का कार्य करते हुए, 20 अगस्त 2025 को चंद मिनटों में ही ध्वनि मत से देश दोनों सर्वोच्च सदनों से पास करवाया। हालांकि देश के कुछ लोगों को इस कानून से कोई भी फर्क नहीं पड़ता है, लेकिन जिन लोगों के घर ऑनलाइन गेमिंग ऐप के माध्यम से चल रही पैसों की सट्टेबाजी के चलते बर्बादी के कगार पर आकर खड़े हो गये हैं, इस सख्त कानून से उन लोगों के बिखरते घर-बार व कारोबार बच जायेंगे। साथ ही जो परिवार इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के नाम पर चल रही सट्टेबाजी व साइबर फ्राड आदि का शिकार होकर धन-दौलत यहां तक की परिजनों को भी खो चुकें हैं, उन परिजनों को भी संतोष मिलेगा की अब भविष्य में उनकी तरह किसी का घर-परिवार तबाह नहीं होगा।



वैसे तो देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप का बहुत बड़ा कारोबार है, देश में इसके ग्राहक छोटे-छोटे बच्चों से लेकर के बड़े-बुजुर्ग तक भी हैं, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले अपने मोबाइल फोन में इन ऑनलाइन गेमिंग के विभिन्न ऐप डाउनलोड करके ऑनलाइन गेम खेलते हुए इनकी भयंकर लत व मानसिक अवसाद के शिकार हो रहे हैं। वहीं इन गेम के प्लेटफार्मो पर खुल्लमखुल्ला 'पैसे लगाओं, टीम बनाओं, करोड़ों कमाओं' जैसी आकृषित करने वाली टैग लाइन के साथ सट्टेबाजी चल रही है, इन प्लेटफार्मो पर लोग कमाई के झांसें में आकर के जीवन भर की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवाने का काम कर रहे थे। साथ ही देश में जिस तरह से साइबर फ्राड की घटनाएं ऑनलाइन गेमिंग ऐप के सहारे आये-दिन घटित हो रही हैं, वह चिंतित करने वाली स्थिति है। जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी सरकार की ऑनलाइन गेमिंग के इस कारोबार पर पैनी नज़र बनी हुई थी। उसी कड़ी में वर्षो पहले ही मोदी सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों की किसी भी प्रकार की ट्रांजेक्शन पर 1 अक्टूबर 2023 में 28 प्रतिशत और वर्ष 2024-2025 में जीती गयी धनराशि पर 30 प्रतिशत जीएसटी लागू कर दिया था, जिससे सरकार को लगभग 20 हज़ार करोड़ रुपए सालाना की भारी-भरकम धनराशि जीएसटी के रूप में मिल रही थी। ऑनलाइन गेमिंग के पिछ्ले कुछ वर्षों में लगभग 400 स्टार्टअप भारत में शुरू हुए हैं, वहीं लगभग 25 हजार करोड़ निवेश हुए हैं। लेकिन मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने खुलासा किया था कि भारतीय हर वर्ष लगभग 1 लाख 20 हज़ार करोड़ रुपए भारी-भरकम धनराशि इन ऑनलाइन गेमिंग ऐप के चक्कर में खर्च कर रहे हैं, जो बेहद ही चौंकाने वाली व चिंताजनक स्थिति है। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया था कि ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में हर वर्ष 45 करोड़ भारतीय 20 हज़ार करोड़ रुपए गंवा देते हैं। वहीं देश में साइबर सुरक्षा पर पैनी नज़र रखने वाली एजेंसियों ने भी इन ऑनलाइन गेमिंग के प्लेटफॉर्मो पर सख्ती कर रखी थी, इन एजेंसियों ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप की आड़ में साइबर फ्राड करने वाले हजारों ऐप को बैन तक करके लोगों को ठगी से बचाने का कार्य किया है, अकेले वर्ष 2022 में ही सरकार ने 1400 से ज्यादा वेबसाइट को ब्लॉक किया था। लेकिन सरकार की लाख सख्ती के बावजूद भी ऑनलाइन गेमिंग ऐप वाले लोगों की जेब से पैसा निकालने की कुछ ना कुछ नयी तिकड़म बैठाकर के लोगों को चूना लगाने में कामयाब हो ही जाते थे।

जिसके चलते ही नरेन्द्र मोदी की सरकार ने लोगों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले ऑनलाइन मनी गेमिंग ऐप की लूट-खसोट पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाने की शुरुआत की, नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 19 अगस्त 2025 को 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025' को मंजूरी देते हुए अगले दिन ही 20 अगस्त 2025 को लोकसभा व राज्यसभा में पास करवा कर के, इस विधेयक को महामहिम राष्ट्रपति से हरी झंडी मिलने की मंजूरी के लिए भेज दिया, जहां पर इस विधेयक को 22 अगस्त 2025 को राष्ट्रपति की मंजूरी की मोहर लगने का बाद यह कानून देश में लागू हो गया है। इस नये कानून के अनुसार ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर रुपए-पैसों के लेन-देन वाली ट्रांजैक्शन देश में पूरी तरह से प्रतिबंधित है। अब देश में ऑनलाइन गेमिंग ऐप में रुपए-पैसों का लेन-देन उपलब्ध करने वाले लोगों को तीन वर्ष तक की कड़ी सजा और एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना भुगतान होगा। वहीं जिस तरह से ऑनलाइन गेमिंग ऐप भोले-भाले लोगों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए आये-दिन खेल जगत के चर्चित चहरों व विभिन्न सेलिब्रिटी का सहारा लेने का कार्य करते थे, उस पर भी दो वर्ष की सजा और 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान होने से ऑनलाइन गेमिंग के प्रोमोशन पर अंकुश लगेगा। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर बनाये प्रावधानों में यह साफ कर दिया है कि यह एक सामाजिक बुराई है, जिस पर केंद्र सरकार पूरी तरह से अंकुश लगाना चाहती है। वैसे ऑनलाइन गेमिंग ऐप के मुद्दे पर पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी यह मानता था कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई बन चुकी है, तब ही यह विधेयक लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों में महज 26 मिनट में पास हो गया।

हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विधेयक का समर्थन करते हुए कहा था कि यह कानून देश में ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देगा, लेकिन उन ऑनलाइन गेमिंग ऐप को रोक देगा, जिनका सीधा असर लोगों की आर्थिक स्थिति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कानून को समाज को हानिकारक प्रवृत्तियों से बचाने की दिशा में बड़ा कदम बताया।

हालांकि नये कानून के बाद देश में ऑनलाइन गेमिंग का कार्य करने वाले बहुत सारे प्लेटफार्मो ने रुपए-पैसे के लेन-देन बंद करने की घोषणा कर दी है, जो ऑनलाइन गेमिंग ऐप की दुनिया में व आम जनमानस के हित में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है।

# कुल्लू में अधिकांश क्षेत्रों में बहाल हुई सुविधाएँ: तोरुल एस.रवीश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा।







**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस.रवीश ने बताया कि हाल ही में भारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन ने राहत और पुनर्वास कार्य को युद्धस्तर पर जारी है।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रभावित लोगों के पुर्नवास एवं सहायता के आलावा जिले में सड़कें, पेयजल योजनाएँ और मोबाइल नेटवर्क प्रणाली को शीघ्र सामान्य किया जाएँ, ताकि आम जनता को किसी प्रकार कि असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री व्यक्तिगत रूप से स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं और राहत व पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ज़िलावासियों की मूलभूत आवश्यकताओं को बहाल करने के लिए पुरा प्रशासन दिन-रात कार्यरत हैं और इन्हें बहाल करने के युद्धस्तर पर कार्य जारी है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिला में मुख्यता सडकों की बहाली के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ 12 पोकलेन मशीनें और 52 जेसीबी मशीनें लगातार कार्य कर रही हैं। इसके अतिरिक्त 11 लोडर, 19 टिप्पर भी सड़कों को खोलने के कार्य में लगे हैं।

उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी 4-लेन सड़क बहाली के लिये झिड़ी से रामशिला तक 2 जेसीबी, 2 पोकलेन, 6 डम्पर, जबकि कुल्लू से मनाली तक 5 जेसीबी, 1 ग्रेडर और 12 पोकलेन मशीन लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की मशीनरी भी 4-लेन सड़क को खोलने और यातायात बहाल करने के कार्य में जुटी हुई है।

उन्होंने कहा कि भारी वर्षा से जगह-जगह भूस्खलन और व्यास नदी के उफान ने सड़क मार्ग को काफी क्षति पहुँचाई है, परंतु स्थिति को शीघ्र सामान्य करने का पूरा प्रयास जारी है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अधिकांश क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क और मोबाइल नेटवर्क सेवाएँ बहाल कर दी गई हैं। हालांकि, बार-बार हो रहे भूस्खलन से अस्थायी रूप से इन सेवाओं में बाधा आ रही है, लेकिन त्वरित कार्रवाई कर इन्हें फिर से सुचारू किया जा रहा है।

उपायुक्त ने कहा कि जिला के संवेदनशील स्थानों/सड़कों में लगभग 200 होमगार्ड और पुलिस जवान दिन-रात ड्यूटी पर तैनात हैं ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में जिला में सेब सीजन को देखते हुए प्रशासन की प्राथमिकता है कि सेब से लदी गाड़ियाँ सुरक्षित रूप से मंडियों तक पहुँच सकें। साथ ही, जिले में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई की नियमित निगरानी की जा रही है और प्रतिदिन समीक्षा कर इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

उपायुक्त ने बताया कि भारी वर्षा से कुल्लू और मनाली शहरों को पेयजल उपलब्ध करवाने वाली दो प्रमुख पेयजल योजनाओं को भारी क्षति पहुँची है। और इन दोनों योजनाओं की बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर चल जारी है। विभाग द्वारा पेयजल योजनाओं की बहाली के लिए दो जेसीबी मशीनें, 10 वेल्डिंग मशीनें, जनरेटर सेट और करीब 60 लोगों को मौके पर लगाया है। उन्होंने बताया कि पुरे जिला में पेयजल योजनाओं की बहाली के भी जलशक्ति विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात कार्य में जुटे हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला में प्रभावित बिजली आपूर्ति की बहाली के भी कर्मचारी अधिकारी दिन रात कार्य कर रहे हैं और अधिकतर क्षेत्र विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

# विश्वविद्यालय विधेयक को लेकर भाजपा विधायकों ने झारखंड विधानसभा में किया हंगामा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बृहस्पतिवार को प्रश्नकाल की कार्यवाही बाधित रही तथा राज्य विश्वविद्यालय विधेयक और अन्य मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के हंगामे के बीच अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन मात्र 10 मिनट बाद ही अध्यक्ष ने कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी, क्योंकि विपक्षी और सत्ता पक्ष के सदस्य अपने-अपने मुद्दों को लेकर विरोध जताते हुए आसन के समीप आ गए। दोपहर को कार्यवाही फिर शुरू हुई जो दोपहर एक बजे भोजनावकाश तक सुचारू रूप से चली। मानसून सत्र के चौथे दिन, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को 'भारत रत्न' देने और विधानसभा परिसर में भीमराव आंबेडकर, सिदो-कान्हू एवं दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग की। प्रश्नकाल शुरू होते ही हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 पारित करके शिक्षा का राजनीतिकरण कर रही है। जायसवाल ने कहा, ''यह विधेयक राज्यपाल के अधिकारों को छीनने और छात्रों के चुनाव को रोकने का एक प्रयास है। छात्र सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। यह छात्रों और शिक्षा का मुद्दा है।'' झारखंड सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में राज्य विश्वविद्यालय विधेयक पारित कर दिया। जायसवाल ने सूर्या हंसदा की 'मुठभेड़' में हुई मौत का मुद्दा भी उठाया और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की। राज्य विश्वविद्यालय विधेयक पर जायसवाल के सवाल का जवाब देते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्ष विश्वविद्यालयों में छात्र चुनाव को लेकर भ्रम फैला रहा है। उन्होंने कहा, ''विधेयक में छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन नहीं किया गया है।'' इसके बाद भाजपा विधायक आसन के समीप आ गए, जिसके बाद सत्ता पक्ष के सदस्य भी आसन के निकट आ गए। विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से अपनी-अपनी सीट पर वापस जाने और प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। महतो ने कहा, ''अगर सदस्य इसी तरह प्रश्नकाल में बाधा डालते रहे, तो वे अगली बार प्रश्न नहीं पूछें। हंगामे से प्रश्नकाल का महत्व कम हो जाएगा और इसकी जिम्मेदारी सदस्यों पर आएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने युद्ध स्तर पर दिए मार्ग बहाली के निर्देश



अर्थ प्रकाश/अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा/ मनाली (कुल्लू) । विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड़ ने जल शक्ति विभाग, वन विभाग एवं बिजली विभाग के अधिकारिओं के साथ बाहणू, चचोगा, मनाली बाजार एवं ओल्ड मनाली में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया एवं बाढ़ प्रभावितों के साथ अपनी संवेदनाए व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल सरकार आपके साथ है, बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आवश्यक सुविधाओं कि बहाली करने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में उ बाढ़ संरक्षण के लिए और अधिक मज़बूत दीवार कि आवशयकता है जिसे आने वाले समय में अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2023 कि बाढ़ के पश्चात 70 करोड़ व्यय करके बाशिंग से आलू ग्राउंड तक बाढ़ संरक्षण का कार्य किया गया है जिसके कारण आज कोई बड़ा नुकसान कलाथ, 16 मील, 17 मील, पतलिकुहल, रायसन बाशिंग में न होकर इन स्थानों का बचाव हुआ है।

### चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की

अर्थ प्रकाश/ चंडीगढ़/ वीरेन्द्र सिंह। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने आज मांग की कि नगर निगम चंडीगढ़ तत्काल पिछले 10 वर्षों की अपनी वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत श्वेत पत्र जारी करे। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में नगर निगम के पास 500 करोड़ रुपये से अधिक की फिक्स्ड डिपॉजिट थी, जिससे वित्तीय स्थिरता बनी रहती थी और विकासात्मक परियोजनाओं को पूरा करने में मदद मिलती थी। इसके विपरीत, आज निगम की वित्तीय स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि उसे जीवित रहने के लिए अपने मुख्य संसाधन चंडीगढ़ प्रशासन को हस्तांतरित करने पड़ रहे हैं। हालिया घटनाओं को रेखांकित करते हुए लक्की ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन ने हाल ही में नगर निगम को 125 करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह राशि मूल रूप से बिजली खरीद के लिए रखी गई थी, लेकिन चंडीगढ़ में बिजली क्षेत्र के निजीकरण के बाद यह राशि अप्रयुक्त रह गई थी। केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद अब यह धन केवल विकास कार्यों के लिए पुनः आवंटित किया गया है। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह 125 करोड़ रुपये केवल वास्तविक विकास कार्यों में ही खर्च किए जाने चाहिए, न कि निगम के बकाये या देनदारियों को चुकाने में। पार्टी ने विशेष रूप से प्रस्ताव रखा है कि – यह धन वी3 सड़कों के विकास में लगाया जाए, जिन्हें प्रशासन को अवैध तरीके से हस्तांतरित किया गया था। इन धनराशियों की उपलब्धता के साथ, वी3 सड़कें अब नगर निगम के अधीन रहनी चाहिए। यदि बाद में प्रशासन द्वारा वी3 सड़कों के लिए अलग से धन जारी किया जाता है, तो यह 125 करोड़ रुपये वी4, वी5 और वी6 सेक्टर की सड़कों की री–कारपेटिंग पर लगाए जाने चाहिए, जिनका सीधा प्रभाव चंडीगढ़ निवासियों के दैनिक जीवन पर पड़ता है।

अपना रुख दोहराते हुए लक्की ने कहा – 'यह पैसा चंडीगढ़ की जनता का है और इसे केवल उन्हीं वास्तविक विकास कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिए जो उनकी जिंदगी को बेहतर बनाते हैं। किसी भी हालत में इसे नगर निगम की देनदारियां चुकाने में नहीं लगाया जाना चाहिए।'

### राजस्थान उच्च न्यायालय ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 रद्द की

अर्थ प्रकाश/ जयपुर। राजस्थान उच्च न्यायालय ने पेपर लीक के मद्देनजर विवादास्पद 'पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा–2021' रद्द कर दी है। न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने बृहस्पतिवार को एक विस्तृत फैसला सुनाते हुए 2021 की यह भर्ती परीक्षा रद्द कर दी। अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मेजर आर.पी. सिंह ने कहा, ''भर्ती प्रक्रिया में धोखाधड़ी स्पष्ट रूप से दिख रही थी। आश्चर्य है कि राज्य सरकार ने इस विषय पर न तो कोई कार्रवाई की, न ही कोई निर्णय लिया। उम्मीद है कि अदालत का यह फैसला युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले गिरोहों के लिए एक सबक के रूप में काम करेगा।'' भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने इस परीक्षा को रद्द नहीं करने का रुख अदालत के समक्ष अपनाया था, जबकि 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान यह उसके लिए बड़ा राजनीतिक मुद्दा था। इसके साथ ही एकल पीठ ने भर्ती परीक्षा घोटाले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के सदस्यों के आचरण, उनकी संलिप्तता और इसे आरपीएससी के कामकाज के खिलाफ जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करने सहित सभी बिंदुओं को खंडपीठ को भेज दिया है। आरपीएससी ने 2021 में पुलिस उपनिरीक्षक और प्लाटून कमांडर के 859 पदों के लिए विज्ञापन निकाला था। भर्ती परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के आरोप सामने आए, जिसके बाद सरकार ने मामले की जांच राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) को सौंप दी। पेपर लीक में शामिल अन्य लोगों के अलावा 50 से ज्यादा प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य मंत्रिमंडल की एक उप–समिति ने उच्च न्यायालय में अपनी रिपोर्ट में एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द न करने की सिफारिश की थी। वहीं कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, ''यह संघर्ष की जीत है, यह सच की जीत है। अदालत के फैसले से मैं खुश हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरी नजर में 50 प्रतिशत से ज्यादा फर्जी थानेदार चुने गए। ऐसे लोग अगर सेवा में आते तो कानून व्यवस्था की क्या स्थिति होती यह आप अंदाजा लगा सकते हैं।''

# चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़/ वीरेन्द्र सिंह। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने आज मांग की कि नगर निगम चंडीगढ़ तत्काल पिछले 10 वर्षों की अपनी वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत श्वेत पत्र जारी करे।

उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में नगर निगम के पास 500 करोड़ रुपये से अधिक की फिक्स्ड डिपॉजिट थी, जिससे वित्तीय स्थिरता बनी रहती थी और विकासात्मक परियोजनाओं को पूरा करने में मदद मिलती थी। इसके विपरीत, आज निगम की वित्तीय स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि उसे जीवित रहने के लिए अपने मुख्य संसाधन चंडीगढ़ प्रशासन को हस्तांतरित करने पड़ रहे हैं।

हालिया घटनाओं को रेखांकित करते हुए लक्की ने कहा कि चंडीगढ़ प्रशासन ने हाल ही में नगर निगम को 125 करोड़ रुपये जारी किए हैं। यह राशि मूल रूप से बिजली खरीद के लिए रखी गई थी, लेकिन चंडीगढ़ में बिजली क्षेत्र के निजीकरण के बाद यह राशि अप्रयुक्त रह गई थी। केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद अब यह धन केवल विकास कार्यों के लिए पुनः आवंटित किया गया है।

कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह 125 करोड़ रुपये केवल वास्तविक विकास कार्यों में ही खर्च किए जाने चाहिए, न कि निगम के बकाये या देनदारियों को चुकाने में। पार्टी ने विशेष रूप से प्रस्ताव रखा है कि -

यह धन वी3 सड़कों के विकास में लगाया जाए, जिन्हें प्रशासन को अवैध तरीके से हस्तांतरित किया गया था। इन धनराशियों की उपलब्धता के साथ, वी3 सड़कें अब नगर निगम के अधीन रहनी चाहिए।

यदि बाद में प्रशासन द्वारा वी3 सड़कों के लिए अलग से धन जारी किया जाता है, तो यह 125 करोड़ रुपये वी4, वी5 और वी6 सेक्टर की सड़कों की री-कारपेटिंग पर लगाए जाने चाहिए, जिनका सीधा प्रभाव चंडीगढ़ निवासियों के दैनिक जीवन पर पड़ता है।

अपना रुख दोहराते हुए लक्की ने कहा- 'यह पैसा चंडीगढ़ की जनता का है और इसे केवल उन्हीं वास्तविक विकास कार्यों पर खर्च किया जाना चाहिए जो उनकी जिंदगी को बेहतर बनाते हैं। किसी भी हालत में इसे नगर निगम की देनदारियां चुकाने में नहीं लगाया जाना चाहिए।'

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर राज्यभर में आयोजित होगा स्वास्थ्य पखवाड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में 'स्वास्थ्य पखवाड़ा' मनाया जायेगा। इसके लिए राज्य के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को विधानसभा परिसर में स्थित सभाकक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में स्वास्थ्य पखवाड़ा मनाने की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री डॉ रावत ने बताया कि स्वास्थ्य पखवाड़े में विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में 4604 स्वास्थ्य शिविर लगाये जायेंगे। जिसमें अल्मोड़ा जनपद में 522, बागेश्वर 109, चमोली 206, चम्पावत 120, देहरादून 425, हरिद्वार व नैनीताल में 367-367, पिथौरागढ़ 679, पौड़ी 573, रूद्रप्रयाग 239 टिहरी 533, ऊधमसिंह नगर 256 तथा उत्तरकाशी में 208 स्वास्थ्य शिविर लगेंगे। इसके लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्त कर दी गई है।

मंत्री रावत ने कहा कि आरोग्य मंदिरों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप जिला एवं जिला चिकित्सालयों में आयोजित इन शिविरों में आम लोगों को निःशुल्क उपचार, परीक्षण व दवा वितरित की जाएगी। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं, टीबी मरीजों को भी निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य शिविरों में केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित सभी स्वास्थ्य योजनाओं की भी जानकारी आम लोगों को दी जाएगी।

मंत्री ने स्वास्थ्य पखवाड़े के सफल आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य पखवाड़े का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी अधिकारियों दिए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सके। इसके अलावा इन अभियानों में स्थानीय सांसदों, निगर निगम के महापौरों, क्षेत्रीय विधायकों, दर्जा राज्य मंत्रियों, नगर निकायों के पार्षदों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रदेशभर में वृहद रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें आम लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जायेगा, साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान के लिए विभिन्न विद्यालयों, स्कूलों व महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को भी जागरूक किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखंड के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, मिशन निदेशक एनएचएम मनुज गोयल, अनुराधा पाल, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक डॉ. शिखा जंगपांगीअपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर. एस. बिष्ट, डॉ. तुहिन कुमार, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु भारत के औद्योगिक कार्यबल का केंद्र है: स्टालिन

अर्थ प्रकाश/ चेन्नई, 28 अगस्त (वेब वार्ता)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य, भारत के औद्योगिक कार्यबल के केंद्र के रूप में उभरा है और यह उपलब्धि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के प्रयासों के कारण संभव हुई है। स्टालिन ने उनके नेतृत्व वाली सरकार के प्रदर्शन की आलोचना करने वाले अपने राजनीतिक विरोधियों को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण 2023–24 के परिणामों से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी को चुप हो जाना चाहिए था, जो उनकी सरकार की आलोचना कर रहे थे। स्टालिन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सर्वेक्षण (परिणाम) केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा अमित शाह और पलानीस्वामी को दिया गया एक उचित जवाब है, जो द्रमुक शासन की आलोचना करते हैं।'' राज्य के उद्योग मंत्री टी आर बी राजा द्वारा इस विषय पर पहले की गई पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि द्रमुक सरकार ने यह उपलब्धि शुरू की गई परियोजनाओं, बेहतर कानून–व्यवस्था, व्यापार करने के लिए माहौल में सुधार, निर्बाध बिजली और परिवहन सुविधाओं जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण और युवा पीढ़ी को काम के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के कारण हासिल की है। स्टालिन ने कहा, ''हम द्रविड़वाद के अनुसार जीते हैं! द्रविड़वाद हमें ऊपर उठाता है और सभी को जीने में मदद करता है।'' उन्होंने कहा कि द्रविड़ मॉडल शासन की उपलब्धियों का इतिहास बनना जारी रहेगा।

# पाकिस्तान से तीन आतंकवादियों के बिहार में घुसने की सूचना के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई

अर्थ प्रकाश/पटना। बिहार में नेपाल के रास्ते तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के घुसने की सूचना मिलने के बाद पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बिहार पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला पुलिस को अलर्ट जारी किया है और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद से जुड़े इन आतंकवादियों के नाम और तस्वीरें भी जारी की हैं। आशंका है कि ये सभी नेपाल के रास्ते अररिया होते हुए बिहार पहुंचे हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा, ''हां, पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सभी जिला पुलिस और बिहार पुलिस की कई अन्य शाखाओं को क्षेत्र में गश्त और तलाशी अभियान तेज करके राष्ट्र–विरोधी तत्वों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए कड़ी निगरानी और सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य में सुरक्षा पहले ही बढ़ा दी गई है।'' पाकिस्तान से तीन आतंकवादियों के नेपाल के रास्ते राज्य में घुसने की सूचना के बारे में पूछे जाने पर, डीजीपी ने कहा, ''मैं केवल इतना कह सकता हूं कि पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है।'' उन्होंने अलर्ट के बारे में और जानकारी देने से इनकार कर दिया। हालांकि सूत्रों के अनुसार, खुफिया जानकारी से पता चला है कि तीनों आतंकवादी बिहार में घुस आए हैं। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी आतंकवादियों हसनैन, आदिल और उस्मान की तस्वीरें भी जारी कर सभी जिला पुलिस को भेज दी गई हैं। हसनैन रावलपिंडी का रहने वाला है, आदिल उमरकोट का और उस्मान पाकिस्तान के बहावलपुर का रहने वाला है। एहतियात के तौर पर राजगीर, बोधगया, पटना और कई अन्य स्थानों पर महत्वपूर्ण संस्थानों और पर्यटन स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। महाबोधि मंदिर परिसर (बोधगया), विश्व शांति स्तूप (राजगीर), महावीर मंदिर और तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब (पटना) जैसे उन सभी स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

# हिन्दुस्तान ज़िंक ने माइनिंग में डिजिटल सुरक्षा तकनीक को बढ़ावा देने के लिए एपिरोक के साथ की पार्टनरशीप

**विश्व की शीर्ष शीर्ष पाँच चांदी उत्पादक में से एक, सिंदेसर खुर्द माइन में ऑपरेशनल सुरक्षा बढ़ाने के लिए इनोवेटिव कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**उदयपुर।** भारत की एकमात्र और दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत ज़िंक उत्पादक कंपनी, हिन्दुस्तान ज़िंक ने एमओयू के माध्यम से एपिरोक के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत, एपिरोक का कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, जिसकी शुरुआत राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित सिंदेसर खुर्द माइन से होगी, जो दुनिया की शीर्ष पांच चांदी उत्पादक खानों में से एक है। बाद में इस पहल को हिंदुस्तान जिंक की सभी भूमिगत माइंस में बढ़ाया जाएगा।

पायलट चरण में, कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम को 30 एलपीडीटी, लो प्रोफाइल डंप ट्रकों पर लागू किया जाएगा। ये ट्रक्स कुशल अयस्क प्रबंधन के लिए आवश्यक विशेष भूमिगत वाहन हैं। यह प्रणाली सतह और भूमिगत दोनों तरह की माइनिंग के लिए डिजाइन की गई है, जो एक व्यापक डिजिटल सुरक्षा समाधान प्रदान करती है। यह सिस्टम लगातार वाहनों के आसपास के वातावरण की निगरानी करता है, आस-पास के उपकरण और कर्मियों का पता लगाता है, और ऑपरेटर की जागरूकता बढ़ाने और जोखिम प्रबंधन को मजबूत करने के लिए रियल-टाइम दृश्य और श्रव्य अलर्ट देता है।

यह परियोजना अत्याधुनिक डिजिटलीकरण का लाभ उठाती है, जिसमें प्रॉक्सिमिटी सेंसर, ऑपरेटर डिस्प्ले यूनिट और एक केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से जुड़े पहनने योग्य व्यक्तिगत टैग को एकीकृत किया जाता है। यह तकनीक डेटा को लगातार कैप्चर करने और विश्लेषण करने में सक्षम बनाती है, जिससे सुरक्षा ऑडिट, नियामक अनुपालन और रणनीतिक निर्णय लेने में सहायता मिलती है। उच्चतम सुरक्षा मानकों के अनुरूप डिजाइन किया गया, कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम मॉड्यूलर स्केलेबिलिटी और मौजूदा मशीनरी के साथ सहज एकीकरण प्रदान करता है। इसका बहु-स्तरीय सुरक्षा दृष्टिकोण टकराव के जोखिमों को सक्रिय रूप से कम करने, परिचालन दक्षता को अनुकूलित करने और कार्यबल की सुरक्षा को उच्चतम मानकों तक बनाए रखने के लिए शुरुआती चेतावनियां, ऑपरेटर सलाह और स्वायत्त हस्तक्षेप शामिल करता है।

इस अवसर पर हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के मुख्यकार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि, ज़िंक, लेड और चांदी जैसी रणनीतिक धातुएं क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन और आधुनिक तकनीकों के लिए आवश्यक हैं। दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत जिंक उत्पादक के रूप में, हिन्दुस्तान जिंक उन डिजिटल नवाचारों को अपनाता है जो उत्पादकता बढ़ाते हुए सुरक्षा को बेहतर करते हैं। माइंस में एपिरोक के कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम का एकीकरण परिचालन उत्कृष्टता और तकनीकी नेतृत्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा। यह पहल हमारे संचालन में इंटेलिजेंट सुरक्षा समाधानों को और बढ़ाएगी, जिससे सुरक्षित, स्मार्ट और सस्टेनेबल माइनिंग सुनिश्चित होगी।

एपिरोक रॉक ड्रिल्स एबी की प्रेसिडेंट एवं सीईओ हेलेना हेडब्लॉम ने कहा कि, हिन्दुस्तान जिंक के साथ हमारा सहयोग माइनिंग सुरक्षा तकनीक में एक ऐतिहासिक प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम दर्शाता है कि कैसे डिजिटल नवाचार इंटेलिजेंट सेंसिंग, रियल-टाइम अलर्ट और स्वायत्त वाहन नियंत्रण के माध्यम से सक्रिय जोखिम में कमी लाता है। हमें इस अनुकूलनीय, स्केलेबल समाधान को लागू करने में हिन्दुस्तान ज़िंक के साथ साझेदारी करने पर गर्व है जो कर्मियों की सुरक्षा करता है और परिचालन मजबूती को बढ़ाता है। साथ मिलकर, हम सुरक्षित, अधिक कुशल भूमिगत माइनिंग परिचालन के लिए वैश्विक बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं।



यह पहल दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में सिंदेसर खुर्द माइन में 30 लो प्रोफाइल डंप ट्रकों पर सिस्टम की स्थापना, अंशांकन, व्यापक ऑपरेटर प्रशिक्षण और निरंतर रखरखाव शामिल है। दूसरा चरण राजस्थान के भूमिगत संचालन में कंपनी-व्यापी सुरक्षा प्रोटोकॉल को एकीकृत करते हुए, हिन्दुस्तान ज़िंक के वाहनों में कोलिजन अवॉइडेंस सिस्टम के कार्यान्वयन का विस्तार करेगा।

यह पहल हिंदुस्तान जिंक के मजबूत ईएसजी प्रमाण-पत्रों पर आधारित है। एस एंड पी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 द्वारा हिन्दुस्तान ज़िंक को लगातार दूसरे वर्ष मेटल और माइनिंग क्षेत्र में दुनिया की सबसे सस्टेनेबल कंपनी के रूप में स्थान दिया गया है। 2025 में, यह प्रतिष्ठित इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स में शामिल होने वाली पहली भारतीय कंपनी भी बन गई।

मेटल और माइनिंग उद्योग में पांच दशकों से अधिक की विशेषज्ञता के साथ, हिन्दुस्तान ज़िंक ऑटोमेशन, रिमोट संचालन और सटीक निगरानी जैसे उन्नत समाधानों को एकीकृत करना जारी रखता है। एपिरोक के साथ यह सहयोग सुरक्षित, स्मार्ट और सस्टेनेबल माइनिंग वातावरण बनाने की दिशा में इसकी यात्रा को और मजबूत करता है।

# गिल, जुरेल, ईश्वरन दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर, इन प्लेयर्स को मिला कप्तानी का मौका

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 2025-26 सीजन के पहले दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ नहीं खेल पाए, जो गुरुवार को BCCI के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में शुरू हुई। उत्तर क्षेत्र की टीम के कप्तान बनाए गए गिल से पहले मैच में कप्तानी करने की उम्मीद थी, लेकिन बीमारी के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा। 9 सितंबर से अबू धाबी में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले उनके इस सप्ताह के अंत में बेंगलुरु पहुंचने की संभावना है।

गिल की अनुपस्थिति में हरियाणा के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अंकित कुमार ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली, जबकि सर्विसेज के बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला ने उनकी जगह अंतिम एकादश में जगह बनाई। उत्तर क्षेत्र की टीम में एशिया कप के लिए जाने वाले दो अन्य खिलाड़ी हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं, जो मैच में बाद में गेंदबाजी करेंगे।

सेंट्रल जोन के खेमे को एक और झटका लगा, जहां उनके नियुक्त कप्तान, विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल कमर में दर्द की शिकायत के बाद नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए। रजत पाटीदार, जिन्हें पहले उप-कप्तान बनाया गया था, अब टीम की कमान संभाल रहे हैं। सेंट्रल जोन की प्लेइंग इलेवन में तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के साथ-साथ बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भी शामिल हैं।

ईस्ट जोन को भी झटका लगा जब नियमित कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार के कारण मैच से बाहर हो गए। उनकी जगह, ऑलराउंडर रियान पराग टूर्नामेंट के पहले मैच में टीम की कप्तानी कर रहे हैं। गिल घरेलू सीजन में शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में भारत का नेतृत्व किया था, जहां उन्होंने 5 मैचों में 75.40 की औसत से 754 रन बनाए थे। उन्हें आगामी एशिया कप के लिए भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान भी बनाया गया है। दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल 4 सितंबर से और फाइनल 11 सितंबर से एक ही स्थान पर होगा।



## भारत को एशिया कप में पाकिस्तान से खेलना चाहिए? मोहम्मद शमी ने दिया सीधा जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट एशिया कप 2025 के अब कुछ ही दिन बचे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर बोर्ड की स्थिति स्पष्ट है लेकिन बड़ा वर्ग चाहता है कि ये मैच ना हो खासकर कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद। टीम का हिस्सा नहीं होने के बावजूद मोहम्मद शमी अपने घर से सूर्यकुमार यादव की टीम पर नजर रखेंगे और उन्होंने भारत-पाक मैच को लेकर अपने भाव व्यक्त किए हैं।

एक मीडिया हाउस से बातचीत में शमी ने कहा, 'मैं विवादों से दूर रहता हूं। सरकार और बोर्ड फैसला करते हैं और हम उसका पालन करते हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या अन्य टीमों की तुलना में पाकिस्तान के खिलाफ खेलना अलग है, या इसे किसी अन्य खेल की तरह ही माना जाता है, शमी ने कहा कि यह वास्तव में अलग है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के खिलाफ खेलना प्रशंसकों के जुनून के कारण अलग है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह प्रदर्शन करने के बारे में है।'

शमी से पाकिस्तान के खिलाफ खेलते समय स्लेजिंग की संभावित घटनाओं के बारे में भी पूछा गया, उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसी किसी घटना का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'किसी ने नहीं। मैं सिर्फ एक बार टेस्ट मैच में नाराज हुआ था जब कोई समय बर्बाद कर रहा था। मैंने उन्हें अपना खेल खेलने के लिए कहा। यही मेरी आक्रामकता है।'

## दलीप ट्रॉफी ः दानिश मालेवार और रजत पाटीदार के शतक, मध्य क्षेत्र की मजबूत शुरुआत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** विदर्भ के रणजी ट्रॉफी नायक दानिश मालेवार और अनुभवी रजत पाटीदार ने शतक जमाकर गुरुवार को यहां उत्तर पूर्व क्षेत्र के कमजोर आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी जिससे मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन बारिश के कारण खेल रोके जाने से पहले 77 ओवर में दो विकेट पर 432 रन बना लिए।



पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी फाइनल में शतक लगाने वाले 21 वर्षीय मालेवार ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दिन का खेल समाप्त होने के समय वह 198 रन बनाकर खेल रहे थे। RCB के IPL विजेता कप्तान पाटीदार ने 96 गेंदों पर 125 रन की पारी खेली।

मालेवार ने अब तक अपनी पारी में एक छक्का और 35 चौके लगाए हैं, जबकि पाटीदार ने 21 चौके और तीन छक्के लगाए। मालेवार और पाटीदार ने तब मोर्चा संभाला जब सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (नाबाद 60) को पेट में गेंद लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। मालेवार ने चौका लगाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना तीसरा शतक पूरा किया।

दूसरी तरफ पाटीदार ने शानदार कवर ड्राइव से अपना 14वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। वह तेज गेंदबाज फीरोइजम जोतिन की गेंद पर स्वीप करने के प्रयास में डीप स्क्वायर लेग बाउंड्री पर अंकुर मलिक को कैच देकर पवेलियन लौटे। पाटीदार के आउट होने के बाद मालेवार और उनके रणजी साथी यश राठौड़ ने तीसरे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। जब बारिश के कारण खेल रुका तब राठौड़ 32 रन बनाकर खेल रहे थे।

## ऑलराउंडर विजय शंकर अब तमिलनाडु से नहीं खेलेंगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** ऑलराउंडर विजय शंकर अब आने वाले घरेलू सत्र 2025-26 में तमिलनाडु की ओर से नहीं खेलेंगे। विजय शंकर ने राज्य की टीम छोड़ने की जानकारी तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) को देते हुए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (अनापत्ति प्रमाण पत्र) मांगा था जो उन्हें दे दिया गया है। इस क्रिकेटर ने बुची बाबू टूर्नामेंट में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मैच में खेला था पर महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे मैच में शामिल नहीं किये जाने से नाराज होकर इस क्रिकेटर ने टीम छोड़ने का फैसला कर लिया हालांकि इस क्रिकेटर का कहना है कि उसने बेहतर अवसरों के लिए ये टीम छोड़ी है। अब माना जा रहा है कि ये ऑलराउंडर किसी और राज्य से खेलेगा।



विजय शंकर ने ये फैसला अचानक ही नहीं लिया है। 2024-25 के घरेलू सत्र में भी उसे रणजी ट्रॉफी में पहले दो मैच ही खेलने को मिले थे। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अधिकतर मुकाबलों में उसे अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली थी। जिसके बाद से ही वह दूसरी टीम से खेलने की सोचने लगे थे। इस फैसले के साथ तमिलनाडु के साथ शंकर का एक दशक से अधिक समय का साथ समाप्त हो गया। उनकी कप्तानी में टीम ने विजय हजारे, देवधर और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

दिसंबर 2012 में रणजी ट्रॉफी डेब्यू के बाद उन्हें मध्य क्रम में एस बद्रीनाथ की जगह मिली थी। इस खिलाड़ी ने तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी की 81 पारियों में 44.25 की औसत से 3142 रन बनाए जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने अपनी मध्यम गति की तेज गेंदबाजी से 53.93 की औसत से 43 विकेट भी हासिल किए। उनके लिए 2014-15 में रणजी सीजन बेहतरीन बीता जब उन्होंने 11 पारियों में 57.70 की औसत से 577 रन बनाए।

इसके बाद उन्हें इंडिया ए में जगह मिली ओर फिर 2019 के एकदिवसीय विश्वकप में शामिल किया गया। साल 2024-25 के रणजी सत्र में उन्होंने सेलम में चंडीगढ़ के खिलाफ 171 गेंदों पर 150 रनों की नाबाद पारी खेली जो कि उनके रणजी करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी भी रही है। शंकर से पहले कप्तान बी अपराजित भी तमिलनाडु का साथ छोड़कर केरल चले गये थे।

शंकर के जाने से अब टीम के पास आर एस अम्ब्रिश के तौर पर एक विकल्प है। इस खिलाड़ी ने इंग्लैंड में अंडर-19 में शानदार प्रदर्शन किया था। शंकर का जाना नए सत्र से पहले तमिलनाडु के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि आर साई किशोर हाथ की चोट से उबर रहे हैं।

## पीवी सिंधु ने वर्ल्ड नंबर 2 खिलाड़ी वांग झीयी को हराया, बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



स्पोर्ट्स डेस्क ः दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने गुरुवार को BWF विश्व चैंपियनशिप में विश्व की नम्बर 2 खिलाड़ी वांग झीयी को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। सिंधु ने झीयी सीधे सेटों में हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर 15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता। दूसरे गेम में भी सिंधु ने 12-6 के अंतर से बढ़त बनाने के बाद इसे कायम रखा। अंत में सिंधु ने दूसरा सेट 21-15 के अंतर से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अब क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना विश्व की नम्बर 1 बैडमिंटन खिलाड़ी साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है।

## संजू सैमसन ने फिर किया कमाल, शतक के बाद ठोकी 2 फिफ्टी

स्पोर्ट्स डेस्क । केरल क्रिकेट लीग में संजू सैमसन आए दिन अपने बल्ले से धमाल मचा रहे हैं। वह लगातार एक से बढ़कर एक पारियां खेल रहे हैं। संजू ने अपने प्रदर्शन से एशिया कप 2025 से पहले ही संजू सैमसन ने भारतीय टीम मैनेजमेंट और टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की मुश्किल बढ़ा दी है। फिलहाल, एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में ओपनिंग के लिए 3 खिलाड़ियों में जंग देखने को मिल रही है। उपकप्तान शुभमन गिल के साथ अभिषेक शर्मा या फिर संजू सैमसन पारी का आगाज कर सकते हैं। कयास लगाए जा रहे थे कि हेड कोच गंभीर लेफ्ट राइट कॉम्बिनेशनल को तरजीह दे सकते हैं। ऐसे में संजू को बाहर बैठना पड़ता। अब संजू ने केरल क्रिकेट लीग में खुद को साबित कर गंभीर और सूर्या को विचार करने पर मजबूर कर दिया है। इस लीग में संजू ने अब तक तूफानी अंदाज में 1 शतक के साथ दो अर्धशतक भी ठोके। लीग के 15वें मुकाबले में कोच्चि ब्लू टाइगर्स का सामना अदानी त्रिवेंद्रम रॉयल्स से हुआ। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोच्चि ब्लू टाइगर्स को संजू सैमसन और विनूप मनोहरन ने तेज शुरुआत दिलाई। संजू ने 167.57 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 37 गेंदों पर 62 रन कूट दिए। इस दौरान संजू ने 4 चौके और 5 सिक्स लगाए। संजू के इस अर्धशतक की बदौलत कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाए।

## भारतीय टीम के टी20 विश्वकप जीतने की संभावना नहीं : श्रीकांत

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रहे के श्रीकांत ने कहा है कि भारत की जो वर्तमान टीम है उससे अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप को जीता नहीं जा सकता है। श्रीकांत ने कहा कि एशिया कप में ही ये टीम जीत सकती है। श्रीकांत ने कहा, हम इस टीम के साथ एशिया कप तो जीत सकते हैं पर टी20 विश्व कप जीतने की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि छह माह बाद होने वाले विश्व कप की तैयारी इस टीम के साथ करने से कोई लाभ नहीं होने वाला। माना जा रहा है कि श्रीकांत एशिया कप क लिए चयनित टीम से नाराज हैं। अक्षर पटेल को हटाकर शुभमन गिल को टीम में उपकप्तान बनाने पर भी सवाल उठाये हैं। साथ ही कहा कि रिंकू सिंह, शिवम दुबे और हर्षित राणा को टीम में शामिल करने का फैसला भी गलत है। उन्होंने कहा, । अक्षर पटेल को उप-कप्तानी से हटा दिया गया है। मुझे नहीं पता कि रिंकू, शिवम और हर्षित कैसे टीम में आ गए। आईपीएल को चयन का मुख्य मानदंड माना जाता है पर लगता है कि चयनकर्ताओं ने उससे पहले के प्रदर्शन पर विचार किया है। श्रीकांत ने कहा कि 5वें नंबर के लिए भी टीम के पास बल्लेबाज नहीं है। उन्होंने कहा, पांचवें नंबर पर कौन बल्लेबाजी करेगा? पांचवें नंबर पर संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से किसी एक को रखा जाएगा। हार्दिक पांड्या आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, इसलिए अब अक्षर छठे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं कर सकते।


## हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ने पाकिस्तान के हॉकी एशिया कप से बाहर होने की वजह बताई

**भुवनेश्वर (ओडिशा) (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप कुमार तिर्की ने हॉकी पुरुष एशिया कप 2025 में पाकिस्तान और ओमान पुरुष हॉकी टीमों के भाग न लेने के कारणों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है, जबकि ओमान के निजी कारणों से प्रतियोगिता से हटने का फैसला किया गया है। बिहार के राजगीर में होने वाले आगामी एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में कुछ बदलाव हुए हैं जिसमें पाकिस्तान और ओमान ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। 29 अगस्त से 7 सितंबर तक होने वाले इस आयोजन में अब बांग्लादेश और कजाकिस्तान की टीमें भाग लेंगी। पाकिस्तान, जो पारंपरिक रूप से एशियाई हॉकी के सबसे बड़े नामों में से एक है, भाग नहीं लेगा जिससे बांग्लादेश के लिए जगह बनाने का रास्ता साफ हो गया है। ओमान ने भी भाग न लेने का फैसला किया है और कजाकिस्तान ने उनकी जगह ले ली है।



हॉकी पुरुष एशिया कप 2025 से बाहर रहने वाली टीमों के बारे में दिलीप तिर्की ने बताया, 'हॉकी पुरुष एशिया कप 29 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग लेंगी... इस टूर्नामेंट के बेहद सफल होने की उम्मीद है... बिहार सरकार इस टूर्नामेंट के लिए भरपूर सहयोग दे रही है... पाकिस्तान सुरक्षा कारणों से और ओमान अपने निजी कारणों से इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहा है।' पुरुष एशिया कप बिहार के राजगीर में आठ शीर्ष एशियाई देश भारत, जापान, चीन, कजाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे हिस्सा लेंगे। यह आयोजन 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में भी काम करता है जिससे हर खेल में अतिरिक्त तीव्रता और महत्व जुड़ जाता है। मेजबान भारत को जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। वे 29 अगस्त को चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे उसके बाद 31 अगस्त को जापान से भिड़ेंगे और 1 सितंबर को कजाकिस्तान के खिलाफ उनका अंतिम पूल मैच होगा।

## दानिल मेदवेदेव कोर्ट पर फोटोग्राफर के आने से गुस्साए, रैकेट भी तोड़ा, लगा 42500 डॉलर का भारी जुर्माना



न्यूयॉर्क । अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार के बीच कोर्ट पर एक फोटोग्राफर के आने पर अपना गुस्सा उतारने वाले रूस के मेदवेदेव पर उनकी मैच फीस 110000 डॉलर का एक तिहाई से भी अधिक 42500 डॉलर जुर्माना लगाया गया है। टूर्नामेंट रैफरी जैक गार्नर ने खेल भावना के विपरीत आचरण पर मेदवेदेव पर 30000 डॉलर और रैकेट तोड़ने पर 12500 डॉलर जुर्माना लगाया। मैच खत्म होने के बाद मेदवेदेव ने अपना रैकेट तोड़ दिया था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रह चुके मेदवेदेव उस समय नाराज हो गए जब चेयर अंपायर ग्रेग एलेंसवर्थ ने फोटोग्राफर द्वारा बाधा पहुंचाये जाने के बाद विरोधी खिलाड़ी बेंजामिन बोंजी को पहले सर्विस की अनुमति दे दी। बोंजी उस समय तीसरे सेट में 5.4 से आगे थे जब एक फोटोग्राफर कोर्ट के साइड में चलने लगा। बाद में उसकी मान्यता रद्द कर दी गई। चेयर अंपायर ने फोटोग्राफर को बाहर जाने के लिए कहा और उसके बाद बोंजी को फिर सर्विस दे दी।

# आज से राजगीर में शुरू होगा एशिया कप 2025, आठ प्रमुख टीमें इस टूर्नामेंट में लेंगी भाग

**पटना (एजेंसी)।** इंतज़ार खत्म हुआ क्योंकि 10 दिवसीय हीरो पुरुष एशिया हॉकी कप 2025 कल से बिहार के राजगीर में हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर शुरू होने वाला है। यह हॉकी एशिया कप का 12वाँ संस्करण है जिसमें आठ शीर्ष एशियाई देश - भारत, जापान, चीन, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे - हिस्सा लेंगे। सभी टीमें राजगीर पहुँच चुकी हैं जहाँ वे एशिया कप 2025 के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। राजगीर के विभिन्न होटलों में खिलाड़ियों के ठहरने के लिए पर्याप्त सुविधाएँ और सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जबकि भारतीय हॉकी टीम के सदस्य खेल परिसर में ठहरेंगे।

सभी मैच कल यानी 29 अगस्त से राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर में खेले जाएँगे और 7 सितंबर, 2025 को समाप्त होंगे। यह आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह 2026 एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफायर के रूप में कार्य करता है, जिसने प्रत्येक खेल को और अधिक गहन और महत्वपूर्ण बना दिया है।

### 11 संस्करणों में से, गत विजेता कोरिया ने 5 बार एशिया कप जीता

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक-सह-सीईओ रवींद्रन शंकरन ने कहा, 'यह पहली बार है कि पुरुष एशिया हॉकी कप बिहार के राजगीर में आयोजित किया जा रहा है। यह एशिया कप का 12वाँ संस्करण है जिसमें आठ टीमें भाग ले रही हैं।'

उन्होंने बताया कि अब तक आयोजित 11 संस्करणों में से, गत विजेता दक्षिण कोरिया पुरुष एशिया कप में भाग लेने वाली सबसे सफल टीम है, क्योंकि उसने 1994, 1999, 2009, 2013 और 2022 में पाँच बार खिताब जीता है, जबकि मेज़बान भारत ने 2003, 2007 और 2017 में कप जीता है और पाकिस्तान ने भी 1982, 1985 और 1989 में तीन बार यह खिताब जीता है। हॉकी प्रशंसकों को स्टेडियम में मैच देखने के लिए आकर्षित करने हेतु, हॉकी इंडिया ने पहले ही घोषणा कर दी है कि राजगीर में होने वाले एशिया कप के सभी मैचों में प्रवेश निःशुल्क होगा।

### हॉकी मैच देखने के लिए निःशुल्क टिकट

प्रशंसक www.ticketgenie.in या हॉकी इंडिया ऐप पर जाकर अपने निःशुल्क टिकट के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, जहाँ प्रक्रिया पूरी होने पर उन्हें एक वर्चुअल टिकट प्राप्त होगा। आयोजन स्थल पर किसी भी तरह की भीड़भाड़ से बचने और प्रशंसकों को बिना किसी खर्च के विश्वस्तरीय हॉकी के रोमांच का आनंद लेने के लिए ये व्यवस्थाएँ की गई हैं, जिससे यह खेल पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गया है।

### कुल 24 मैच खेले जाएँगे; चार मैच 29 अगस्त को पहले दिन खेले जाएँगे।

मेजबान भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है। वे अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेंगे, उसके बाद 31 अगस्त को जापान से और 1 सितंबर को कज़ाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम पूल मैच खेलेंगे। पूल ए में, भारत-चीन मैच के अलावा, जापान और कज़ाकिस्तान भी पहले दिन भिड़ेंगे। जबकि, पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपे शामिल हैं। उद्घाटन मैच मलेशिया और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा, जबकि पहले दिन का दूसरा मैच कोरिया और चीनी ताइपे के बीच खेला जाएगा।

हॉकी के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से बिहार के विभिन्न जिलों और देश के विभिन्न राज्यों में 'ट्रॉफी गौरव यात्रा' निकाली गई है। यह यात्रा 29 अगस्त को राजगीर पहुँचकर समाप्त होगी। 7 सितंबर, 2025 को होने वाले फाइनल मैच तक कुल 24 मैच खेले जाएँगे।

### बिहार में पुरुष हॉकी एशिया कप की



### मेजबानी, गर्व की बात

हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी को बिहार के लिए गर्व की बात बताते हुए, शंकरन ने कहा कि 'यह (एशिया कप की मेजबानी) न केवल राज्य की अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने की क्षमता को प्रदर्शित करेगा, बल्कि पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में बिहार की वैश्विक छवि को भी मज़बूत करेगा।' शंकरन ने कहा, 'राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का विश्व स्तरीय हॉकी स्टेडियम इस आयोजन को और भी भव्य बना देगा। हीरो एशिया कप 2025 का आयोजन बिहार के लिए ऐतिहासिक है, जो राज्य को खेल, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मंच पर स्थापित करेगा।'

### बिहार द्वारा आयोजित प्रमुख खेल आयोजन

राजगीर स्थित खेल परिसर ने बिहार को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है क्योंकि राज्य पहले ही कई टूर्नामेंट/चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक आयोजन कर चुका है, जैसे नवंबर 2024 में महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, जिसमें छह टीमों - भारत, मलेशिया, जापान, चीन, थाईलैंड और कोरिया - ने भाग लिया था। इस वर्ष मई (2025) में खेलो इंडिया यूथ गेम्स राजगीर सहित पाँच शहरों में आयोजित किए गए, जहाँ प्रमुख आयोजन हुए। सेपक टकराव विश्व कप 2025 पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित किया गया था।

## बदले हुए प्रारुप में आज से शुरु होगा प्रो कबड्डी लीग का 12 वां सत्र

विशाखापत्तनम । प्रो कबड्डी लीग का 12 वां सत्र शुक्रवार से शुरु होने जा रहा है। ये सत्र विशाखा स्पोर्ट्स क्लब, विशाखापत्तनम में शुरू होगा। इसका पहला मुकाबला तेलुगु टाइटंस और तमिल थलाइवाज के बीच होगा। इस सत्र के लिए इसी प्रकार टाई-ब्रेकर के नियमों को भी बदला गया है। जिससे भी इस लीग का रोमांच बढ़ेगा। लीग को लेकर इसमें शामिल सभी टीमों के कोच उत्साह से भरे हैं और सभी ने अपनी-अपनी टीमों की जीत का दावा किया है। बेंगलुरु बुल्स में शामि बीसी रमेश ने कहा, 'मेरे ऊपर बेहतर प्रदर्शन का दबाव है। प्रशंसकों को उम्मीद है कि टीम अच्छा करेगी।' बेंगलुरु बुल्स का पिछले साल प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था इसके बाद पूरी टीम बदल दी गई है।' तमिल थलाइवाज़ के कोच संजीव बालयन ने कहा कि उनकी टीम जीत के लिए बिना किसी दबाव के उतरेगी। उन्होंने कहा, 'हर कोच जीतना चाहता है. हम भी वहीं चाहते हैं पर वही टीम जीतेगी जो दबाव से उबरकर बेहतर खेलेगी।' मौजूदा चैंपियंस हरियाणा स्टीलर्स के मुख्य कोच मनप्रीत सिंह ने कहा, 'लीग बड़ी हो रही है और प्रारुप में बदलाव से कबड्डी को लाभ होगा। ये प्रारुप बहुत अच्छा है क्योंकि इसमें जो टीमें पीछे भी रह जाती हैं, उनके पास वापसी का अवसर रहता है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि अपनी ट्रॉफी का बचाव कर सकें। टीम भी पिछली बार से बेहतर हुई है।' वहीं पटना पाइरेट्स के कोच अनूप कुमार ने कहा, 'हमारी टीम काफी अच्छी रही है पर इससे यह एक तरह का दबाव भी है। खिलाड़ी बदलते रहते हैं। जब पटना ने लगातार तीन सत्र जीते, तब टीम अलग थी, कोच अलग थे जब दो बार फाइनल में पहुंचे, तब भी टीम अलग थी। ये सीजन एक नया सीजन है. कुछ खिलाड़ी बदले हैं तो कुछ पिछले सीजन से हैं. कोच भी बदला है. यही प्रयास यह है कि इस बार अच्छी शुरुआत हो और जो टीम पिछले सीजन में नहीं कर पाई, वो इस बार कर दिखाए।.' बंगाल वॉरियर्स के कोच नवीन कुमार ने कहा कि उनकी युवा टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने एक युवा टीम बनायी है जो अपने को साबित करेगी।' पुनेरी पलटन के कोच अजय ठाकुर ने कहा, 'मैं फिटनेस पर बहुत काम कर रहा हूं. मुझे लगता है जो टीम कम डिफेंसिव गलतियां करती है, वही जीतती है। मैं कोशिश कर रहा हूं कि हमारी डिफेंस मजबूत हो।'

# ट्रांसफार्मर खराब, बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में गहराया बिजली संकट, दर्जनों फैक्ट्रियों में तीन दिन से उत्पादन ठप

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र इन दिनों बिजली संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में लगे 630 केवीए के ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने से पिछले तीन दिनों से आपूर्ति बंद है। इससे करीब 20 फैक्ट्रियों में ब्लैकआउट की स्थिति बन गई है और उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। अचानक आई इस दिक्कत से उद्योगपति लाखों रुपये का नुकसान झेलने को मजबूर हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि मंगलवार की शाम ट्रांसफार्मर में आई खराबी के बाद से ही निगम के अधिकारी लापरवाह रवैया अपनाए हुए हैं। बुधवार को ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन तीन दिन गुजर जाने के बावजूद अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। फैक्ट्री संचालकों का कहना है उनके पास पास केवल डिजीसेट का सहारा है, लेकिन लगातार डीजल पर उत्पादन चलाना संभव नहीं है। लागत बढ़ने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं, कई छोटे उद्योग पूरी तरह से बंद पड़े हैं। मजदूर भी खाली बैठे हैं। उद्योगपतियों के अनुसार लगातार बिजली बंद रहने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। बाजार में आर्डर समय पर नहीं जा पा रहे हैं। हमें रोजाना लाखों का घाटा उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बिजली निगम से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है।

**कम संसाधन से कैसे चलेंगे उद्योग**

एमएसएमई औद्योगिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि तीन दिन से लगातार अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेताया कि यदि शुक्रवार तक आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो बिजली मंत्री को शिकायत देंगे।

# अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण(एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को एसएमडीए की टीम ने गांव सोहटी की राजस्व संपदा पर 12.50 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान कच्चे रास्तों और निशानदेही के लिए लगाए गए पिलरों को उखाड़ा गया। एसएमडीए डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं।

# धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरें समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं: बड़ौली



दीपलपुर गाँव में दादी सती मंदिर का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** गांव दीपलपुर स्थित दादी सती मंदिर का भव्य उद्घाटन आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, पंचायत प्रतिनिधि और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मोहन लाल बड़ौली ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरें समाज को जोड़ने का कार्य करती हैं। दादी सती मंदिर श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, जहाँ से समाज में एकता, सेवा और संस्कारों का संदेश प्रसारित होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।मंदिर उद्घाटन समारोह के दौरान ग्रामीणों उत्साहपूर्वक स्वागत किया और मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना भी की गई।

# भाविप वीर सावरकर शाखा द्वारा विभिन्न स्कूलों के बीच राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा द्वारा बी आर ग्लोबल स्कूल, में विभिन्न स्कूलों के बीच राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें विभिन्न स्कूल से आये 35 बच्चों ने भाग लिया। स्कूल संचालक राकेश यादव एवं संगीता यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में सम्पन्न हुई । बच्चों ने हिंदी एवम संस्कृत में गीत गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। शाखा अध्यक्ष मंजू शर्मा ने मंच संचालन किया। डॉ शशिकांता शर्मा एवम विपिन कुमार ने निर्णायक के रूप में भूमिका निभाई। वाद्य सहित गायन वर्ग में चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी आर ग्लोबल स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही जबकि देवकुल शिक्षा सदन की टीम को तृतीय स्थान मिला। वाद्य के बिना गायन में प्रथम स्थान चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल खिजरपुर अहीर की टीम को मिला। गीता विद्या मंदिर पुरखास की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रीतम आहूजा, पूनम सिंघल, अजय यादव, भारत भूषण भूटानी, न्यूविश, मंजू, रचना व अन्य सदस्य उपस्थित थे। शाखा सचिव प्रीतम आहूजा ने सभी बच्चों, अध्यापिकाओं, स्कूल संचालकों व स्कूल स्टाफ

# वार्ड नंबर 8 में चल रहे विकास कार्यों का पार्षद पुनीत ने किया निरीक्षण

सड़क पर हुए गड्ढों को तुरंत प्रभाव से भरवाने के ठेकेदार को दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** नगर निगम पार्षद पुनीत राई ने आज वार्ड नंबर 8 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और बरसात के बाद की स्थिति का मुआयना किया। इस दौरान, उन्होंने ठेकेदारों को यह निर्देश दिए कि जहां बरसात के कारण रॉड का काम नहीं हो सकता है, वहां पर जो गड्ढे हो गए हैं, उन्हें तुरंत प्रभाव से भरवाने का कार्य शुरू किया जाए।

पार्षद पुनीत राई ने कहा कि इलाके की सड़कें नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुगम होनी चाहिए। उन्होंने ठेकेदारों से सुनिश्चित करने को कहा कि गड्ढों को जल्द से जल्द भरकर सड़क की स्थिति को बेहतर बनाया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पार्षद ने यह भी कहा कि नगर निगम की तरफ से लगातार विकास कार्यों की निगरानी की जाएगी और जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।इस अवसर पर ठेकेदार मनीष, राकेश कौशिक, प्रतीक त्यागी, सुरेश त्यागी, राकेश कुकू, कृष्ण कौशिक, छोटे लाल, भारत, मास्टर परमिंदर समेत गणमान्य जन भी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर महिला व नाबालिग से छेड़खानी के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

गन्नौर (सुरेन्द्र कुमार)। थाना गन्नौर पुलिस ने महिला व उसकी नाबालिग लड़की से छेड़खानी और मारपीट करने की घटना में संलिप्त तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सौरभ निवासी जिला पलवल हाल शेखपुरा, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल 2025 को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपित सौरभ व उसके दो साथी घर में घुस आए और उसके साथ व उसकी मां से छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपितों ने पीड़िता के पिता पर डंडों से हमला कर दिया। इस मामले में पोक्सो अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच में पहले ही दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया था। अब तीसरे आरोपित सौरभ को गिरफ्तार कर अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# हमारी सनातन संस्कृतिक में गाय का विशेष महत्व, सभी मिलकर करें गौ माता की सेवा: माईराम कौशिक

विधायक ने गांव सिसाना स्थित गौशाला को सौंपा 59 लाख 99 हजार अनुदान राशि का चैक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



खरखौदा। विधायक पवन खरखौदा व भाजपा नेता माईराम कौशिक ने गुरूवार को गांव सिसाना में स्थित गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर खरखौदा क्षेत्र की चार गौशाला संचालकों को 90 लाख 69 हजार रूपये की अनुदान राशि के चैक सौंपे। इस दौरान उन्होंने सिसाना गौशाला को 59 लाख 99 हजार अनुदान राशि का चैक सौंपा। इस दौरान सभी गौशाला संचालकों ने मुख्यमंत्री व विधायक का आभार जताया और कहा कि इस राशि से गौशालाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी और गायों को समय पर उचित चारा मिल सकेगा। विधायक ने कहा कि उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष प्रदेश की 605 गौशालाओं के लिए कुल 88 करोड़ 50 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की जा रही है।भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में डबल इंजन सरकार गाय, गीता और गंगा के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में गौशालाओं को चारे के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मांग अनुसार मशीनरी खरीद के लिए मदद दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि साढ़े 10 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की गौशालाओं को चारे के लिए 358 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि अनुदान के रूप में दी जा चुकी है। प्रदेश की 330 गौशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देसी नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक प्रदेश में केवल 215 पंजीकृत गौशालाओं में एक लाख 75 हजार गौवंश था। प्रदेश सरकार ने पिछले दस वर्षों में इसमें ईजाफा किया है और इस समय प्रदेश में 686 पंजीकृत गौशालाएं हैं। इनमें 4 लाख बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। वर्ष 2014-15 में गौ सेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपये का बजट था, जिसे वर्तमान सरकार ने बढ़ाकर 595 करोड़ रुपये किया है।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज,चेयरमैन राजबीर दहिया, खरखौदा ब्लॉक समिति के चेयरमैन सितेन्द्र दहिया, दहिया खाप के प्रधान कृष्ण सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS** | आज ही बुक करें | PH. : 0172-2638515, 98883-03520 | Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** नेहा शर्मा पत्नी वरुण संदल निवासी मकान नंबर 3471, साईं एन्क्लेव, सेक्टर 49-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम नेहा शर्मा से बदलकर नित्या संदल रख लिया है।
एपी-4374

**मैं,** अंजु अरोड़ा, पत्नी श्री ईश कुमार अरोड़ा, निवासी सरला भवन, ओल्ड बस स्टैंड के समीप, द मॉल रोड, सोलन, हिमाचल प्रदेश- 173212, यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम अंजु रानी अरोड़ा से बदलकर अंजु अरोड़ा कर लिया है। संबंधित सभी व्यक्तियों से निवेदन है कि कृपया इसे नोट करें।

**मैं,** ईश कुमार अरोड़ा, पुत्र स्वर्गीय श्री फकीर चंद, निवासी सरला भवन, ओल्ड बस स्टैंड के समीप, द मॉल रोड, सोलन, हिमाचल प्रदेश- 173212, यह घोषित करता हूँ कि मैंने अपना नाम ईश अरोड़ा से बदलकर ईश कुमार अरोड़ा कर लिया है। संबंधित सभी व्यक्तियों से निवेदन है कि कृपया इसे नोट करें।
एपी-4375

**मैं,** वीना भारद्वाज पुत्री श्री दूनी चंद, निवासी मकान संख्या C-139, पी.यू. कैंपस, सेक्टर-14, चंडीगढ़ (यू.टी.), यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम वीना से बदलकर वीना भारद्वाज कर लिया है। कृपया नोट करें।
एपी-4376

**मैं,** रीता सहगल पत्नी विनोद कुमार सहगल, निवासी मकान नंबर 3138, सेक्टर 27-डी, चंडीगढ़ घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रीता सहगल से बदलकर रीता कुमारी सहगल कर लिया है।
एपी-4377

**मैं,** विवेक पुत्र वेद प्रकाश गगनेजा वासी 1592 सैक्टर 20 पार्ट-2 हुडा सिरसा ने अपना नाम बदलकर विवेक गगनेजा रखा है।

**मैं,** अंजलि दहिया पुत्री देवेंदर वासी गांव व् डाक गढ़ी सांपला, रोहतक, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर अंजलि रखा है।

**मैं,** Barmati पत्नी दलीप सिंह वासी गांव अग्रोहा जिला हिसार ने अपना नाम बदलकर Birmati देवी रखा है।

**मैं,** Gushan कुमार पुत्र हेम राज वासी मकान नं.1245, सैक्टर-4, तहसील पंचकूला ने अपना नाम बदलकर Gulshan कुमार रखा है।

**मैं,** Rajender सिंह पुत्र जय सिंह वासी गांव सबरी सरांवा जिला यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Rajinder रखा है।

**मैं,** गौरव पुत्र ओम प्रकाश मित्तल निवासी मकान न0. 37-A, राजिन्द्रा कॉलोनी, करनाल -132001 हरियाणा ने अपना नाम गौरव से बदलकर गौरव मित्तल रख लिया है।

**मैं,** ओम प्रकाश पुत्र साधू राम मित्तल निवासी मकान न0.37-A, राजिन्द्रा कॉलोनी, करनाल -132001 हरियाणा ने अपना नाम ओम प्रकाश से बदलकर ओम प्रकाश मित्तल रख लिया है।
एपी-7378

**मैं,** मननदीप सिंह पुत्र राम भगत मलिक, निवासी मकान नंबर 2069, सेक्टर 21-सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम मननदीप सिंह से बदलकर मननदीप सिंह मलिक रख लिया है।

**मैं,** आरती भूमक, पत्नी श्री हरदीप सिंह, निवासी मकान नंबर 3358/1, सेक्टर-40-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम आरती भूमक से बदलकर आरती रख लिया है।

**मैं,** श्वेता उप्पल पत्नी उदय नारंग निवासी मकान नंबर 167, सेक्टर 33-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम श्वेता उप्पल से बदलकर श्वेता नारंग रख लिया है।

**मैं,** Tarun Sareen पुत्र अशोक कुमार निवासी एफ-103, जलवायु टावर सेक्टर 125, सनी एनक्लेव तहसील खरड़, जिला मोहाली पंजाब ने अपना नाम Tarun Sareen से बदलकर Tarun Kumar Sarien रख लिया है।
एपी-4374

**मैं,** पायला पापाराव, सेना क्रमांक 15183268P, रैंक - नायक, नाम- पायला मोहनराव, निवासी ग्राम- लक्कमडिड्डी, डाकखाना- गंगराम, तहसील - कोटबोम्मली, जिला- श्रीकाकुलम, राज्य - आंध्र प्रदेश, पिन कोड - 532195 बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के इंडियन आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम पैला पापा राव जो कि गलत दर्ज है, उसे बदलकर मेरा सही नाम पायला पापाराव दर्ज की जाए। कृपया सभी संबंधित नोट करें। 871 तोपखाना रेजीमेंट C/O 56 एपीओ
एपी-7379

**मैं,** संदीप शर्मा पुत्र श्री पूर्ण चंद, हाउस नंबर 152, गांव चंदलाना जिला कैथल ने अपना नाम संदीप कुमार से बदलकर संदीप शर्मा रख लिया हैं। कृपया सभी सम्बन्धित नोट करें।
एपी-7380

I, Ritu Guglani W/o Anuj Guglani, R/o #4, BBMB, Colony, Sector 36-A, Chandigarh have changed my name to Ritu Guglani to Ritu Diwan.
एपी-4381

**मैं,** प्रेम चंद पुत्र शिव लाल निवासी 156 वीपीओ बहलाना चंडीगढ़ ने अपना नाम प्रेमचंद्र से बदलकर प्रेम चंद रख लिया है।

**मैं** अमरजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी गांव भट्ट माजरा, सरस्वती खेड़ा (34), उरनाय, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपनी नाबालिक बेटी का नाम लवलीन से बदलकर लवलीन कौर रख दिया है।

**मैं,** अमरजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह निवासी गांव भट्ट माजरा, सरस्वती खेड़ा (34), उरनाय, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपनी नाबालिक बेटी का नाम जसलीन से बदलकर जसलीन कौर रख दिया है।

**मैं,** दीपक कुमार दहिया पुत्र श्री करण सिंह दहिया निवासी विकास नगर, जिला सोनीपत मैंने अपनी पुत्री का नाम यशस्वी से यशस्वी दहिया संशोधित करवा लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना जाए।

**मैं,** पंकज मोर पुत्र श्री राजेंद्र सिंह मोर निवासी आदर्श नगर, गोहाना जिला सोनीपत मैंने अपने पुत्र का नाम रक्षित से रक्षित मोर संशोधित करवा लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना जाए।

**मैं,** पंकज मोर पुत्र श्री राजेंद्र सिंह मोर निवासी आदर्श नगर, गोहाना जिला सोनीपत मैंने अपनी पुत्री का नाम नंदनी से नंदनी मोर संशोधित करवा लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना जाए।

**मैं,** मनोज पुत्र दरिया सिंह, गांव देवीगढ तहसील व जिला कैथल का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम मनोज से बदलकर मनोज कुमार रख लिया है।

**मैं,** खुशी पुत्री मनोज कुमार, गांव देवीगढ तहसील व जिला कैथल की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम खुशी से बदलकर खुशी ढुल रख लिया है।
एपी-4383

**मैं,** एम सीता सैन्य संख्या- 15677070एच रैंक सीएचएम, नाम- एम स्टालिन बाबू की मां हूं, जो वर्तमान में गांव, पेथुपराई, विलपट्टी, जिला डिंडीगुल, कोडईकनाल, तमिलनाडु 624101 में रहती हूं, घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम और जन्मतिथि एम सीता और जन्मतिथि 01-जुलाई-1957 के रूप में गलत दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार, मेरा वास्तविक नाम और जन्मतिथि सीता एम और जन्मतिथि 15/11/1960 है। शपथ पत्र संख्या- एफबी 793430, एफबी 793429, दिनांक- 30/07/2025

**मैं,** एम मणि संख्या- 15677070एच रैंक- सीएचएम नाम- एम स्टालिन बाबू का पिता हूं, जो वर्तमान में गांव- पेथुपराई, विलपट्टी, जिला डिंडीगुल, तह- कोडईकनाल, तमिलनाडु, पिन- 624101 घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के सैन्य रिकॉर्ड में मेरा नाम गलती से एम मणि और जन्म तिथि 01-जुलाई-1953 के रूप में उल्लेखित है, जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार, मेरा वास्तविक नाम और जन्मतिथि मणि एम है और जन्मतिथि 16/08/1954 है। शपथ पत्र संख्या- FB 793428, FB 793427, Dated: 30/07/25

**मैं,** सैन्य संख्या- 15581651एच, रैंक- लास/नायक नाम- जाधव जगन्नाथ पांडुरंग वर्तमान में यूनिट- 118 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात हू स्थायी पता- गांव- नादरपुर, पोस्ट- पिंपरखेड़ा, तहसील- कन्नड़, जिला- छत्रपति संभाजीनगर, महाराष्ट्र पिन 431104 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम संचिता से बदलकर संचिता जगन्नाथ जाधव कर दिया है।

I, PS CHANDRA SEKARAN is Father of Service No: 15327660M Rank: Hav Name: C R ANISH presently residing at 161 Bridge Company, 16 Engr Br Regt (PMS), Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that I have changed my name from PS CHANDRA SEKARAN to POOBALACHANDRASEKARAN SREETHARANNADAR and Also Correct my Date of birth from 01/07/1954 to 20/10/1950.

**मैं,** जिंदर कौर पत्नी श्री हरदीप सिंह, निवासी मकान नंबर 49/11, कमांड अस्पताल, कॉम्प्लेक्स चंडीमंदिर कैंट, जिला- पंचकूला घोषणा करती हूं कि मैंने अपने बेटे का नाम खुशप्रीत से बदलकर खुशप्रीत सिंह रख लिया है।

**मैं,** नारायणा सैन्य संख्या- 16122730एच रैंक- नायक नाम- पी रामू का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येलकिचार्ला, पोस्ट- येलकिचेरला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम नारायणा से बदलकर पित्तला चिन्ना नारायणा रख लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 216803, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** पित्तला चिन्ना नारायणा सैन्य संख्या- 16122730H रैंक- नायक नाम- पी रामू का पिता हूँ वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येल्किचर्ला, पोस्ट- येल्किचर्ला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406घोषणा करता हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 23/01/1974 से 06/09/1965 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 11AA216703, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** लक्ष्माम्मा सैन्य संख्या- 16122730एच रैंक- नायक नाम- पी रामू की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र- 411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येलकिचार्ला, पोस्ट- येलकिचेरला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लक्ष्मम्मा से बदलकर पित्तला लक्ष्मम्मा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए216705, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** पित्तला लक्ष्मम्मा सैन्य संख्या- 16122730H रैंक- नायक नाम- पी रामू की माँ हूँ वर्तमान में यूनिट- सीएमई, पुणे, महाराष्ट्र-411031 में तैनात है स्थायी पता- 1-55, भूतपुर (एम), येल्किचेरला, डाकघर- येल्किचेरला, जिला- महबूबनगर, तेलंगाना - 509406 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 01/01/1976 से 21/10/1971 में सही कर ली है। शपथ पत्र क्रमांक- 11AA 216704, दिनांक- 28/08/2025

**मैं,** सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री कर्ण सिंह निवासी, गाँव मनाना, तहसील समालखा, जिला पानीपत, वर्तमान में मकान नंबर- 54/2, सुभाष नगर, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में रहता हूँ घोषणा करता हूँ कि कुछ दस्तावेजों में मेरे भाई का नाम जितेंद्र (Jitander) और कुछ दस्तावेजों में जितेंद्र सिंह ( Jitander Singh ) लिखा है तथा हरियाणा पुलिस होमगार्ड पहचान पत्र में जितेंद्र ( Jitender) लिखा है। जितेंद्र, जितेंद्र सिंह और जितेंद्र एक ही व्यक्ति हैं।
एपी-4382

I, Kamal Juneja S/o Bhim Sain R/o H. No. 686 Near Ekta Park, Sector 15A Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Kamal Juneja to Kamal for all future purpose.
एपी-4384

It is for general information that I, NAVRATAN SINGH S/O BIR SINGH Residence House No 63, Village Kirmich, Kirmach (6), Kirmuch, Thanesar, Kurukshetra , Haryana - 136119 declare that name of mine has been wrongly written as NAVRATAN in my minor daughter namely VANDANA aged 17 years in his 10th class CBSE mark sheet . My actual name is NAVRATAN SINGH respectively. Which may be amended accordingly.
एपी-4385

I, Balwan S/o Ude Singh R/o Kharal, Tehsil Narwana Distt Jind 126116 Haryana, have change my name Balwan to Balwan Singh.

I, Indro W/o Balwan R/o Kharal Tehsil Narwana Distt Jind 126116, Haryana have change my name Indro to Indira.

I, Vishavjeet Singh Khera S/o Harjeet Singh Khehra R/o VPO Nathwan (161) Distt Fatehabad 125051 Hry, have change my name Vishavjeet Singh Khera to Vishavjeet Singh Khehra.

I, Rupinder Kaur W/o Harjeet Singh Khehra R/o VPO Nathwan (161) Distt Fatehabad 125051 Hry, have change my name Rupinder Kaur to Rupinder Kaur Khehra.

I, Harjeet Singh Khera S/o Niranjan Singh R/o 78/B VPO Nathwan (161) Distt Fatehabad 125051 Hry have change my name Harjeet Singh Khera to Harjeet Singh Khehra
एपी-4386

**मैं,** जुही उर्फ अलिशा पुत्री सन्तोष सिंह निवासी फेकू बिगहा, पिपरा, बगाही, औरंगाबाद विहार ब्यान करती हूं कि मैं हिन्दू धर्म में जन्मी हूं। जबकि मुस्लिम धर्म में मेरी गहरी आस्था है और मुझे मुस्लिम रीति रिवाज व मुस्लिम धर्म बहुत पसंद हैं। इसलिए मैने बिना किसी के बहकाव व दबाव, और अपनी पूर्ण स्वतंत्रमती से अपना हिन्दू धर्म को छोड़कर मुस्लिम धर्म को स्वीकार कर लिया है। और साथ ही मैने अपना नाम जूही से बदलकर अलीशा रख लिया है। अब भविष्य में मुझे अलीशा के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एपी-4387

**मैं,** नीरज सैनी पुत्र सुभाष चंद गाँव जलबहरा ,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर नीरज कुमार रख लिया है।
एपी-4389

## बेदखली सूचना

**मैं,** रमेश मुंजाल पुत्र स्व. लच्छम दास निवासी # 279 MIG, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, कालका (पंचकूला) ने अपने पुत्र समीर मुंजाल को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, क्योंकि वह मेरे कहने से बाहर है। भविष्य में समीर मुंजाल के साथ किसी प्रकार का लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-4373

**मैं,** बलदेव प्रकाश पुत्र श्री रंगी राम, निवासी मकान नंबर 3358/1, सेक्टर 40-डी, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र अमृत पाल और उसकी पत्नी ईशा पाल और उनके बच्चे जय आदित्या पाल, लक्ष पाल मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-4374

## खोया-पाया

**मैं,** सरोज बाला पत्नी सोम प्रकाश गुप्ता निवासी 618//10, स्टेट बैंक क्लोनी पीछे कोयल काम्प्लेक्स कैथल, सूचित करती हूं कि मेरी असल Conveyance डीड नं. - 9394/1 दिनाँक 16.7.2013 एंड सोसाइटी मेम्बरशिप सर्टिफिकेट of Flat B-406, The Tarun Cooperative Group Housing Society Ltd., GH-2, Sector 47, Gurugram, कैथल में दिनाँक 24.5.2025 को गुम हो गए हैं। इस संदर्भ. में DDR NO. 132280252500897 दिनाँक 24.5.2025 पुलिस स्टेशन सिटी, कैथल में दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को मिले तो कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें। या मोबाइल न. 8950068570, पर सम्पर्क करें।

**मैं,** सुरेश कुमारी पत्नी सत्यवान, निवासी चंदाना सूचित करती हूं कि मेरी असल पुरानी सेल डीड नं. - 4303/1 दिनाँक 25.10.2013 नजदीक नया बस अड्डा, कैथल पर दिनाँक 6.7.2025 को गुम हो गई हैं। इस संदर्भ. में DDR NO. 132280272500998 दिनाँक 28.8.2005 पुलिस स्टेशन सदर , कैथल में दर्ज करवा दी गई है। यदि किसी को मिले तो बैंक ऑफ इंडिया, कैथल या वकील कबीर ढल, कैथल में 7 दिन के अंदर संपर्क करे। या मोबाइल न. 9992456666, पर सम्पर्क करें।
एपी-4372

It is hereby notified that the Severage connection of plot no 946 Phase 4, Mohali vide No. 5361 dt 31.12.1996 in favour of Simranjeet Kaur and Sewerage connection of Plot no 947 Phase 4 Mohali vide No. 5468 dt 2.4.1997 in favour of Simranjeet Kaur and Re Allotment Letter of Plot no 946-947 measuring 1000 sq. yds in phase 4 mohali bearing no 20227 dt 18.4.2000 in favour of Kulwant Singh and Gurpreet Singh has been lost at Phase 4 Mohali on dated 25.07.2025. DDR No. 622146/2025 dated 26.08.2025 has been registered at PS Sadar Rupnagar. If any found please inform Gurpreet Singh s/o Avtar Singh vill Thali Khurd Ghanauli, Rupnagar 92165-26022
एपी-4388

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।







## चंडीगढ़ प्रशासन ने जारी की न्यूनतम मजदूरी दरों की अधिसूचना

# संशोधित डीसी रेट्स की अधिसूचना जारी कर्मचारियों की सैलरी में 5 फीसदी की बढ़ोतरी

डिप्टी कमिश्नर कार्यालय ने जारी किया आदेश, 1 अप्रैल 2025 से बढ़ेगी न्यूनतम मजदूरी

कोऑर्डिनेशन कमेटी ने जताया डिप्टी कमिश्नर का आभार

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 28 अगस्त।** चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से वीरवार शाम एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव ने वर्ष 2025-2026 के लिए संशोधित डीसी रेट्स की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना शाम 6.45 बजे जारी की गई, जिससे शहर के लगभग 18,000 आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। नए संशोधित रेट्स के तहत कुल 537 कैटेगरीज की सैलरी में 5 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। डिप्टी कमिश्नर कार्यालय, चंडीगढ़ द्वारा वीरवार को यह महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया जिसमें जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए संशोधित न्यूनतम मासिक वेतन दरें घोषित की गई हैं। यह आदेश वित्त विभाग के पत्र संख्या 7004/एफ 41/80571 (एफआईएन. जीईएन) दिनांक 21 नवम्बर 1941 के तहत जारी किया गया है। यह संशोधित दरें 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक लागू रहेंगी। उपायुक्त निशांत कुमार यादव द्वारा हस्ताक्षरित इस अधिसूचना में विभिन्न सरकारी और स्वायत्त निकायों के लिए वेतन और भत्तों से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

लंबे समय से डीसी रेट्स में वृद्धि की मांग कर रही कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी इंप्लाईज एंड वर्कर्स, यूटी चंडीगढ़ ने इस निर्णय का स्वागत किया है। डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में कमेटी के प्रतिनिधिमंडल को अधिसूचना की प्रति सौंपी गई। इस अवसर पर कमेटी ने निशांत कुमार यादव को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर धन्यवाद प्रकट किया। महासचिव राकेश कुमार ने बताया कि यह अधिसूचना कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। गौरतलब है कि 25 अगस्त को प्रशासन और कमेटी के बीच हुई वार्ता के बाद भूख हड़ताल को स्थगित कर दिया गया था। उस समय माननीय एडीसी द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही रेट्स की अधिसूचना जारी की जाएगी, जिसे आज पूर्ण कर दिया गया। डिप्टी कमिश्नर ने यह भी भरोसा दिलाया कि यदि अधिसूचना में कोई त्रुटि पाई जाती है, तो उसमें आवश्यक संशोधन भी किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर कार्यालय का यह कदम चंडीगढ़ में काम कर रहे हजारों मजदूरों और सहायकों के लिए एक राहत की खबर है। इस निर्णय से उनकी जीवनशैली में सुधार आने की उम्मीद है।

### मासिक वेतन और छुट्टियां

अधिसूचना के अनुसार, मासिक आधार पर नियोजित कर्मचारियों को छुट्टियों के बावजूद उनके निर्धारित मासिक वेतन का भुगतान किया जाएगा। यह नियम कर्मचारियों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अधिसूचना चंडीगढ़ प्रशासन के सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और स्वायत्त निकायों पर लागू होगी। हालाँकि, ये निकाय अपने कर्मचारियों के लिए इन दरों को अपनाने का निर्णय स्वयं लेंगे। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार, पंजाब सरकार, हरियाणा सरकार या चंडीगढ़ में स्थित अन्य सरकारों के स्वायत्त निकाय भी इन दरों को अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। अधिसूचना में निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दरें नियमित कर्मचारियों के वेतन पर आधारित हैं और ड्यूटी के घंटों तथा कार्य की प्रकृति पर निर्भर करती हैं। विभाग और संस्थाएँ अपने स्तर पर अतिरिक्त वेतन, भत्ते या सुविधाएँ तय कर सकते हैं। यह दरें 8 घंटे की ड्यूटी के लिए निर्धारित की गई हैं, और अंशकालिक कर्मचारियों की प्रति घंटा दर की गणना तदनुसार की जाएगी। अधिसूचना में यह भी उल्लेख किया गया है कि केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ कर्मचारी (संशोधित वेतन) नियम 2023 के तहत जारी अधिसूचनाओं (संख्या 7000/15/8–एफ एंड पीओ(7)/2023/4354, दिनांक 29 मार्च 2023 और संख्या 8315, दिनांक 14 जून 2023) में शामिल न होने वाले पदों को फीज किया गया है। यदि कोई नया पद पाया जाता है या संबंधित विभाग से कोई प्रतिनिधित्व प्राप्त होता है, तो उनकी समीक्षा की जाएगी।

### न्यूनतम मजदूरी दरें (चंडीगढ़ जिला, 2024-25 और 2025-26)

कुछ प्रमुख पदों के मासिक वेतन (2024–25 की तुलना में 2025–26)

| पद का नाम | 2024–25 का वेतन | 2025–26 का संशोधित वेतन |
|---|---|---|
| पशु परिचारक/कलेक्टर | 21,600 | 22,680 |
| सहायक मिस्त्री | 21,600 | 22,680 |
| अटेंडेंट | 21,600 | 22,880 |
| नाविक | 21,600 | 22,880 |
| धोबी | 21,600 | 22,680 |
| डायलिसिस मशीन ऑपरेटर | 22,080 | 22,680 |
| चपरासी/होम चपरासी | 21,600 | 22,680 |
| हेमर मैन | 21,500 | 22,680 |
| बस क्लीनर | 21,600 | 22,660 |
| ड्रेसर | 21,600 | 22,680 |
| सहायक बेयरर | 21,600 | 22,680 |
| आया | 21,600 | 22,680 |
| बेलदार | 21,600 | 22,680 |
| चौकीदार | 21,600 | 22,680 |
| रसोइया–सह–सहायक | 21,600 | 22,680 |
| धोबी (वाशरमैन) | 21,600 | 22,680 |
| अस्पताल कुली | 21,600 | 22,680 |
| माली | 21,600 | 22,680 |
| सफाई कर्मचारी | 21,600 | 22,680 |
| एयरो मॉडलिंग प्रशिक्षक | 24,222 | 25,433 |
| आयुष्मान मित्र | 24,222 | 30,850 |
| क्लर्क | 29,663 | 30,850 |
| डेटा एंट्री ऑपरेटर | 29,663 | 30,850 |
| इलेक्ट्रीशियन | 25,791 | 26,823 |
| ड्राइवर हेवी | 28,203 | 30,850 |
| मेडिकल रिकॉर्ड क्लर्क | 28,203 | 30,850 |
| फार्मासिस्ट | 29,884 | 31,378 |
| स्टाफ नर्स/नर्स | 40,494 | 42,519 |
| चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथी) | 47,186 | 53,806 |

## दुकान में चोरी करने वाले नौकर को गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर चोरी किया हुआ सामान और नकदी बरामद कर ली है। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन तथा डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में पिंजौर थाना टीम ने यह कार्रवाई की।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पीर मुच्छला (पंजाब) निवासी अजय अग्रवाल पुत्र जगमहेन्द्र अग्रवाल की पिंजौर में बालाजी इलेक्ट्रिकल्स नाम से शॉप है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी शॉप में काम करने वाला नौकर ने चोरी की है। उसने बिजली का काफी सामान चोरी कर उसे पिंजौर क्षेत्र की दूसरी इलेक्ट्रिकल दुकान में बेच दिया। शिकायत मिलने पर थाना पिंजौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पिंजौर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अमन कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार, निवासी गांव कैथल, जिला संभल (उत्तर प्रदेश), हाल किरायेदार बिटना रोड, पिंजौर, उम्र 25 वर्ष को 25 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। 26 अगस्त को आरोपी को अदालत में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी से चोरी की गई 6 तारों की बंडल तथा बाकी बंडल बेचकर प्राप्त 7000 रुपये नकद बरामद किए गए। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।




## पिंजौर में मां-बेटी पर आवारा कुत्ते का हमला

मल साफ करने लगी तो कुत्ता सूंघ कर झपटा, दो जगह से काटा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पिंजौर में आवारा कुत्तों ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। गुरुवार को अपनी बेटी को गोद में उठाए जा रही एक महिला पर आवारा कुत्ता झपट पड़ा और शरीर पर दो जगह काट लिया। इस हमले में कुत्ता नन्ही बच्ची पर भी झपटा लेकिन महिला ने उसे सीने में दबोचे रखा और मदद के लिए चिल्लाती रही। यह देखकर लोगों ने किसी तरह आवारा कुत्ते को वहां से दौड़ाया और घायल महिला को सिविल डिस्पेंसरी में इलाज के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रतपुर कालोनी की रहने वाली महिला रश्मी सुबह अपनी नन्ही बेटी को अस्पताल में टीका लगवाने के लिए जा रही थी। रश्मी के मुताबिक वह अपने घर से कुछ दूर जाकर मेन रोड पर पहुंची तो उसकी बेटी ने पॉटी कर दी। इतने में कार के नीचे से कुत्ते ने सूंघ कर बच्ची पर हमला किया तभी उसने बेटी को गोद में दबोच कर कुत्ते दूर भगाती रही, लेकिन कुत्ते ने उसकी बाजू पर काट लिया। कुत्ते ने तब भी उसे नहीं छोड़ा। इतने में वह नीचे झुकी तब कुत्ते ने उसे एक और जगह काट लिया। कुत्ते के हमले में बच्ची बाल बाल बच गई।

**इलाके में बढ़ रहा कुत्तों का आतंक:** पिंजौर में आवारा कुत्तों से लोग दहशत में है। रोजाना दर्जनों शिकायतें नगर परिषद के पास पहुंच रही हैं लेकिन आवारा कुत्तों को पकड़ने की जहमत नहीं उठाई। लोगों का कहना था कि कुत्तों के हमले के कई लोग शिकार हो रहे हैं। ऐसे में कुत्तों को तुरंत पकड़ कर इन्हें इलाके से दूर भेजा जाना चाहिए।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित B-244, Ground Floor lane no-3, Majlis Park New Delhi, 110033 से जारी। प्रधान संपादक : **महावीर जैन,** प्रबंध संपादकः **अक्षित जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : DLHIN/25/A2165 फोनः 0172-2638515, 9815033624 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकारः हरीश चंद्र जैन, एचसीएस (सेवानिवृत्त)